चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 2, वर्ष 12, अंक 43, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



वाराणसी, गुरुवार, 23 मार्च, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : डा. लोहिया की दृष्टि में नारी



अन्दर : भगत सिंह की शहादत के सवाल

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# यूपी में घर के पास मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

## आयुष्मान वेलनेस सेंटर में 18000 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर तैनात

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए अहम कदम उठाया है। प्रदेश में स्वास्थ्य उपकेंद्रों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत वेलनेस सेंटर में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन वेलनेस सेंटरों को टेली मेडिसिन से जोड़ा जाएगा ताकि रोगियों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मिल सके। इससे लाखों लोगों को घर के नजदीक इलाज मिल सकेगा।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्वास्थ्य उपकेंद्रों को अपग्रेड कर वेलनेस सेंटर में तब्दील करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये। प्रदेश के 21675 उपकेंद्रों को प्रधानमंत्री

**पहल**

### टेली मेडिसिन से जुड़ेंगे 21 हजार वेलनेस सेंटर, योगी सरकार की तैयारी

आयुष्मान वेलनेस सेंटर में तब्दील किया जाएगा। इन्हें टेलीमेडिसिन से जोड़ा जायेगा। यहां रोगियों को उपचार संबंधी सलाह मिलेगी।

जिन बीमारियों का इलाज उपकेंद्र पर संभव नहीं होगा। उन मरीजों को टेलीमेडिसिन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मुहैया कराई जाएगी। रोगियों को डॉक्टर की सलाह पर निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुफ्त जॉर्च भी होंगी। उपकेंद्रों



के अपग्रेड होने से ग्रामीणों को सर्दी-जुकाम, बुखार जैसी सामान्य बीमारियों के लिए बड़े अस्पतालों तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। घर के नजदीक रोगियों को उपचार की सुविधा मिल सकेगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि पिछले चार साल के दौरान प्रधानमंत्री आयुष्मान वेलनेस सेंटर में लगभग 18000 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) की तैनाती की जा चुकी है। बाकी बचे सेंटरों में भी जल्द ही सीएचओ नियुक्त किये जायेंगे।

# भारत में भूकंप से फिर कांपी धरती

## 2.7 रही तीव्रता, मंगलवार रात भी आया था भूकंप

**आपदा**

### भारत, अफगानिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और चीन में भी भूकंप के झटके



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में 19 घंटे बाद बुधवार को फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.7 मापी गई। शाम करीब 5 बजकर 20 मिनट पर झटके महसूस किए गए। इससे पहले भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में मंगलवार देर रात 10.20 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.6 मापी गई। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के फैजाबाद से 133 किमी दक्षिण पूर्व में जमीन से 156 किमी की गहराई में था। पाकिस्तान में 13 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 302 लोग घायल हुए। अफगानिस्तान में भी तीन लोगों की जान चली गई। भारत में इसका असर दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और जम्मू कश्मीर में देखने को मिला। इससे लोगों में अफरा-तफरी देखी गई। लोग घबराकर जान बचाने के लिए घरों से बाहर आ गए। दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद के कई इलाकों में लोगों ने पूरी रात घर के बाहर गुजारी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रांत में छत, दीवार और घर गिरने की घटनाओं से कम से कम दो लोगों की मौत हुई है और छह लोग घायल हुए हैं। यहां भूकंप के कारण आठ घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान का हिंदू कुश क्षेत्र था। इसकी गहराई 180 किलोमीटर थी। दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार रात 10 बजकर 19 मिनट पर तेज भूकंप महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.6 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान का फायजाबाद रहा। झटके इतने तेज थे कि लोग घबराकर अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटके दिल्ली समेत उत्तराखंड, पंजाब में भी महसूस किए। हर जगह अफरा-तफरी का माहौल रहा। दो से तीन बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

### उत्तर भारत के शहरों में लोग घरों से निकले

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.6 रही। दिल्ली-एनसीआर, यूपी, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान मध्यप्रदेश में झटके महसूस किए गए। लोग घबराहट में घरों से बाहर निकल गए। भूकंप से जानमाल के नुकसान की खबर नहीं मिली।




# शिक्षक भर्ती घोटाले का सरगना गिरफ्तार

**शिकंजे में**

### मायापति को दबोचने में सफल हुई पुलिस, 69 हजार शिक्षक भर्ती घोटाले में है आरोपी



**भदोही।** सूबे के बहुचर्चित 69 हजार शिक्षक भर्ती घोटाले के एक आरोपी को बुधवार की सुबह कोइरौना पुलिस ने फुलवरिया से गिरफ्तार कर लिया। प्रयागराज के सोरांव थाने में दर्ज मुकदमे में वह वांछित था। प्रकरण में मास्टरमाइंड सहित 12 को पहले ही एसटीएफ गिरफ्तार कर चुकी है। जिसमें मायापति का भाई रुद्रपति भी शामिल है।शिक्षक सहित अन्य भर्तियों में अक्सर धांधली के मामले सामने आते हैं। जून 2020 में 69 हजार शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रयागराज के सोरांव थाने में मास्टरमाइंड केएल पटेल सहित 14 के खिलाफ धोखाधड़ी, जालस-ाजी, गैंगस्टर सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उस दौरान मामला हाईप्रोफाइल होने पर शासन ने जांच एसटीएफ को सौंप दी। प्रयागराज एसटीएफ ने मास्टरमाइंड सहित अन्य को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन एक आरोपी मायापति पुलिस और एसटीएफ को लगातार चकमा दे रहा था। बुधवार को सुबह कोइरौना पुलिस ने फुलवरिया ईंट-भट्ठे से उसे नाटकीय ढंग से गिरफ्तार कर लिया। मायापति के हाथ थी पूर्वांचल की कमान

पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सोरांव थाने में दर्ज मुकदमे में मायापति वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी कर ली गई है। प्रयागराज की सोरांव पुलिस और एसटीएफ को जानकारी दे दी गई है। मायापति का पूर्वांचल के बड़े-बड़े शिक्षण संस्थानों से संपर्क रहा। वह शिक्षा माफिया से सीधे संपर्क कर प्रतियोगी परीक्षाओं में पास कराने का ठेका लेता था। वह एसटीएफ के रडार पर रहा। जिले में भी कई अभ्यर्थी उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे। इसमें से करीब 30 ऐसे अभ्यर्थी हैं जिनके तार सीधे मायापति दुबे से जुड़े हैं। बता दें कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पकड़ी गई थी। यह बात भी सामने आई है कि भदोही जिले में भी ऐसे अभ्यर्थियों की लंबी लाइन है, जिन्होंने पैसे के बल पर अनुचित साधनों के जरिए शिक्षक भर्ती में सफलता हासिल की है। ऐसे लोग एसटीएफ के रडार भी पर हैं। आम लोगों में चर्चा है कि एसटीएफ अगर दूध का दूध और पानी का पानी करने में सफल हुई तो तमाम अयोग्य अभ्यर्थियों का गला फंस सकता है।




## नीतीश कुमार को धमकी देने वाला सूरत से गिरफ्तार

**सूरत।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले शख्स को सूरत से गिरफ्तार किया गया है। बिहार पुलिस ने सूरत क्राइम ब्रांच की मदद ली और धमकी देने वाले युवक को लसकाना से पकड़कर बिहार पुलिस को सौंप दिया। पता चला है कि आरोपी युवक मूल रूप से बिहार का ही रहने वाला है। दो दिन पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस संबंध में बिहार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। तकनीकी सर्विलांस के आधार पर फोन करने वाले की पहचान अंकित मिश्रा के रूप में हुई है। उसके मोबाइल की लोकेशन सूरत में मिलने पर बिहार पुलिस ने सूरत पुलिस को सूचना दी और मदद मांगी। क्राइम ब्रांच को इसकी सूचना देने के बाद क्राइम ब्रांच ने टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर अंकित मिश्रा को आज लसकाना से गिरफ्तार कर बिहार पुलिस को सौंप दिया।

# भारत के जवाब के बाद हरकत में यूके

**हुआ सतर्क**

### जब दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमीशन से बैरिकेड्स हटे, तब लंदन में बढ़ी भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमीशन और ब्रिटिश उच्चायुक्त की सुरक्षा घटा दी। ब्रिटिश उच्चायोग और 2 राजाजी मार्ग स्थित ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस के आवास के बाहर से बैरिकेड्स हटा लिए गए। मामले में जब ब्रिटिश हाई कमीशन की प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, तो उनके प्रवक्ता ने कहा कि हम सुरक्षा मसलों पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे।

हालांकि, इसके तुरंत बाद ही लंदन में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ा दी गई। वहां तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या में भी इजाफा कर दिया गया।

इससे पहले भारत ने सुरक्षा को कम करने का फैसला ऐसे वक्त पर लिया, जब लंदन में भारतीय उच्चायोग पर खालिस्तानी समर्थकों ने प्रदर्शन किया था और तिरंगे का अपमान किया था। दावा किया जा रहा है कि लंदन में भारतीय उच्चायोग पर सुरक्षा व्यवस्था की खामियों की वजह से प्रदर्शनकारी परिसर में घुसने में कामयाब रहे। भारत ने इस घटना को लेकर कड़ा एतराज जताया था। हालांकि, दिल्ली में ब्रिटिश हाईकमिशन से बैरिकेड्स हटाने के पीछे की सही वजह पर आधिकारिक बयान नहीं आया है। भारत ने घटना पर आपत्ति जताते हुए मांग की थी कि इसमें शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाए और अन पर सख्त कार्रवाई की जाए। भारत ने इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग भी की थी। हालांकि, ब्रिटिश अधिकारियों ने भी घटना की निंदा की थी। उन्होंने इसे अपमानजनक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया था।

### वासंतिक नवरात्र में कल



वासंतिक नवरात्र में दर्शन-पूजन के क्रम में तीसरे दिन शुक्रवार को नव दुर्गा के दर्शन पूजन के क्रम में ब्रह्मचारिणी देवी का दर्शन-पूजन किया जायेगा। ब्रह्मचारिणी देवी का मंदिर दुर्गाघाट के समीप स्थित है। जबकि नव गौरी के क्रम में सौभाग्यगौरी का दर्शन होगा। इनका मंदिर आदिविशेश्वर बांसफाटक में स्थित है।

## नवरात्र के पहले दिन देवीपाटन मंदिर में सीएम योगी ने की पूजा

**बलरामपुर।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने नवरात्र के प्रथम दिवस पर मां शैलपुत्री से सुखी, स्वस्थ व प्रसन्नचित्त उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री गोशाला गए, जहां उन्होंने गायों को गुड़ खिलाया। मंदिर परिसर में मिले बच्चों से सीएम ने बात की और चॉकलेट बांटी। मुख्यमंत्री योगी ने पांच दिन के भीतर प्रदेश के कई जनपदों का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लिया। यहां उन्होंने ईश्वर के चरणों में शीश भी झुकाया। शनिवार को



मुख्यमंत्री ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ व बाबा काल भैरव के दर्शन किए। रविवार को अयोध्या दौरे पर गए योगी ने रामलला और हनुमानगढ़ी में पूजन-अर्चन किया और बुधवार को तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी के दरबार में हाजिरी लगाई।

### बीजेपी पर अखिलेश यादव का कटाक्ष

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यूपी की भाजपा सरकार सपा का साथ देने वालों को प्रताड़ित कर रही है। आजम खां का परिवार इसलिए तकलीफ में है क्योंकि वो समाजवादी हैं। मुख्यमंत्री योगी बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को नहीं मानते हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था पर वो पूरा नहीं हुआ। नौजवानों को नौकरी नहीं दी। झूठ बोलने वालों से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। सरकार पर्यावरण और वृक्षारोपण को लेकर झूठ बोल रहे है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि बारिश से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाए।

# 106 हस्तियों को दिए गए पद्म पुरस्कार

**सम्मान**

### पंडवानी गायिका उषा ने घुटनों के बल बैठकर पीएम को प्रणाम किया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को 106 लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने पहला सम्मान आर्किटेक्ट बालकृष्ण दोषी को दिया। उनकी बेटी ने पिता को मिला पद्म विभूषण सम्मान ग्रहण किया। इसके बाद बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिड़ला को व्यापार और उद्योग क्षेत्र में योगदान के लिए 22 मार्च को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। बिड़ला परिवार में पद्म पुरस्कार पाने वाले कुमार मंगलम चौथे व्यक्ति बन गए हैं। पंडवानी गायिका उषा को पद्म श्री से नवाजा गया। उन्होंने सम्मान लेने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति के पैर छूकर सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, विदश मंत्री एस. जयशंकर, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला,



डॉ. प्रभाकर भानुदास मांडे को साहित्य एवं शिक्षा में योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

**पद्म विभूषण से सम्मानित की जाने वाली हस्तियां:** बालकृष्ण दोषी, आर्किटेक्ट,श्री सोमनहल्ली लोक कार्य, कुमार मंगलम,व्यापार और उद्योग, सुमन कल्याणपुर कला, कपिल कपूर, साहित्य एवं शिक्षा, कमलेश पटेल अध्यात्म, उषा बरले कला, मंगला कांत कला, भानुभाई चितारा कला, हिराबाईबेन इब्राइमभाई समाज सेवा, डॉ. प्रभाकर भानुदास मांडे साहित्य एवं शिक्षा, नाडोजा पिंडिपापनहल्ली कला, प्रोफ़ेसर महेंद्र पाल विज्ञान एवं इंजीनियरी, नलिनी पार्थसारथी चिकित्सा, डॉ. हनुमंत राव चिकित्सा, रमेश रघुनाथ साहित्य एवं शिक्षा, वीपी अप्पूकुट्टन समाज सेवा, एस.आर.डी प्रसाद खेल, चिंतलपाटि कला, डॉ. बंडी रामकृष्ण रेड्डी साहित्य एवं शिक्षा, मनोरंजन साहू चिकित्सा, कोटा सच्चिदानंद कला, गुरुचरण सिंह खेल, लक्ष्मण सिंह समाज सेवा, प्रकाश चंद्र सूद साहित्य एवं शिक्षा, श्रीमती नैहुनओ कला, एस. सुब्बरामन पुरातत्व विज्ञान, विश्वनाथ प्रसाद साहित्य एवं शिक्षा, धनीराम टोटो साहित्य एवं शिक्षा, जी. वेलूच्यामि चिकित्सा, करमा वांगचु समाज सेवा, गुलाम मुहम्मद कला, जोधइया बाई कला, डॉ. संकुरात्रि समाज सेवा, श्री रामन कृषि, नरेंद्र चंद्र लोक कार्य, वडीवेल गोपाल समाज सेवा, हेमचंद्र गोस्वामी कला, प्रीतिकना गोस्वामी कला, मोदादुगु विजय विज्ञान एवं इंजीनियरी, दिलशाद हुसैन कला, भिकू रामजी समाज सेवा, रतन सिंह जग्गी साहित्य एवं शिक्षा, बिक्रम बहादुर समाजसेवा।

# कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र अलर्ट

## पीएम मोदी ने कोरोना पर की उच्चस्तरीय बैठक, हालात-तैयारियों की हुई समीक्षा

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी बुधवार को अहम बैठक की। इस दौरान देश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी के मुताबहिक, कोरोना के मामलों में तेजी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालात और सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा के लिए यह उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी।

इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को अपडेट किए गए आंकड़ों से पता चला कि भारत में 1134 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए। मौजूदा वक्त में 7,026 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इस दौरान पांच लोगों की मौत भी हुई। छत्तीसगढ़, दिल्ली,

**बैठक**

### पांच राज्यों ने बढ़ाई सरकार की चिंता, केरल में हालात बिगड़ने की आशंका

### सतर्कता बरतने की दी सलाह बोले-मास्क जरूर पहनें, देश में 24 घंटे में 1134 नए केस मिले

गुजरात और महाराष्ट्र में एक-एक मौत की खबर है। इसके अलावा एक कोरोना संक्रमित की जान केरल में गई। देश में दैनिक सकारात्मकता 1.09 फीसदी दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक सकारात्मकता 0.98 प्रतिशत आंकी गई। इससे पहले 16



मार्च को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच राज्यों को चिट्ठी लिखी थी। मंत्रालय ने महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक को चिट्ठी लिखकर कोरोना के प्रति सतर्क रहने को कहा था। मंत्रालय ने परीक्षण, ट्रैक, उपचार, टीकाकरण और कोरोना से लड़ने के अनुरूप व्यवहार की रणनीति का पालन करने को कहा था। इन राज्यों में कोविड-19 मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में सरकार से फाइव फोल्ड स्ट्रैटेजी के तहत हालात पर नजर रखने और जरूरी उपाय करने को कहा है। केरल में कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। इसके बाद राज्य सरकार ने बुधवार को सभी जिलों में अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि राज्य में मंगलवार को 172 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। तिरुवनंतपुरम और एनार्कुलम जिलों में वायरस के मामले अधिक हैं। राज्य में फिलहाल 1,026 सक्रिय मामले हैं, इनमें 111 लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सभी जिलों को अलर्ट कर दिया गया है। जिलों को निगरानी मजबूत करने का भी निर्देश दिया गया है। भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।

# कच्चा तेल हुआ सस्ता तो क्यों नहीं मिल रहा

**कांग्रेस ने पूछे सवाल**

### बाजार में तेल की कीमत गिरना महज खबर ही रहेगी क्या

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पिछले 305 दिनों में कच्चे तेल की कीमत में 16.75 रुपये प्रति लीटर की कमी आई, लेकिन इसका फायदा देश के आम लोगों को क्यों नहीं दिया गया है? पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने यह सवाल भी किया कि रूस से कच्चा तेल निजी क्षेत्र के किन लोगों ने आयात किया और किस दर पर आयात किया? उन्होंने संवाददाताओं से कहा, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो पेट्रोल-डीजल महंगा हो जाता है। लेकिन जब कीमतें घटती हैं तो उसका फायदा देशवासियों को नहीं मिलता। यानी जब कच्चा तेल महंगा हो तो देशवासी भरें और जब कच्चा तेल सस्ता हो तो फायदा सरकार की जेब में जाए। प्रवक्ता ने कहा, मई, 2022 में कच्चे तेल की कीमत 109.5 डॉलर प्रति बैरल थी जो गत 20 मार्च को 70.69 डॉलर प्रति बैरल थी। अगर रुपये और प्रति लीटर की बात करें तो मई 2022 में कच्चा तेल 53.45 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था तो 20 मार्च 2023 में 36.68 रुपये प्रति लीटर हो गया। उन्होंने कहा, पिछले 305 दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में 16.75 रुपये की कमी आई है, उसका फायदा लोगों को क्यों नहीं मिल रहा है?

# यूपी कॉलेज के छात्रों व बाहरियों में मारपीट

## छात्रों ने दो एसयूवी वाहन को किया क्षतिग्रस्त

**माहौल खराब**

**वाहन पर चस्पा था विहिप का स्टिकर लिखा था जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद पुलिस जांच में जुटी**



मारपीट के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

**वाराणसी।** यूपी कॉलेज में बुधवार हॉस्टल के छात्रों ने दो एसयूवी से आये करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को घेरकर पीटा। इस दौरान छात्रों ने जमकर ईंट पत्थर भी चलाए। इतना ही दोनों वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहन पर जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद लिखा था और आरोप है कि वाहन सवार यहां हॉस्टल के किसी छात्र को मारने पीटने के लिए आये थे और असलहा निकालकर धमका रहे थे। मारपीट के दौरान वाहन छोड़ कर सभी भाग निकले। सूचना पर पहुंची शिवपुर पुलिस ने मामले को संभाला वहीं क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लिया। जबकि वाहन सवारों का कहना है कि उनके घर का लड़का यहां पढ़ता है और उसे मंगलवार को कुछ छात्रों ने मिलकर पीट दिया था। इस बात की शिकायत करने प्रधानाचार्य कार्यालय जा रहे थे कि छात्रों ने घेर लिया और मारपीट की।

हॉस्टल के छात्रों का कहना था कि दोनों वाहन में सवार लोग हॉस्टल के किसी छात्र मारने पीटने के लिए आये थे। यहां पहुंचने के बाद सभी ने ललकारा और देख लेने की धमकी दी। आरोप है कि वाहन सवार असलहा चमका रहे थे। हमलोगों ने विरोध किया कि हॉस्टल में ये कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जायेगा ऐसे में सभी उग्र हो गये और मारपीट पर उतर आये। जिसका हम सभी ने प्रतिउत्तर दिया।

वहीं, वाहन सवार लोगों ने बताया कि चंदेल कुमार दुबे के बेटे आदित्य दुबे से मिलने गए थे। आदित्य यूपी कॉलेज के हॉस्टल में ही रहता है। मंगलवार को उसके साथ कॉलेज में मारपीट की गई थी। हम लोग इसी की शिकायत करने प्रिंसिपल के पास जा रहे थे। बेटे को लेने हॉस्टल में आए, तो उसके साथ मारपीट करने वाले छात्र अचानक से सामने आ गए। बड़ी संख्या में जुटकर ईंट-पत्थर फेंकने लगे। उनकी वाहनों को छात्रों ने निशाना बनाया और तोड़फोड़ की। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के बाबतपुर बीरापट्टी रेलवे स्टेशन दल्लीपुर गांव नहर पुलिया के पास अज्ञात 26 वर्षीय युवक की पटरी पर कटी लाश मिली। सूचना पर पहुंची जीआरपी एवं स्थानीय पुलिस शिनाख्त का प्रयास किया। लेकिन सफलता न मिलने पर लाश को शिवपुर मर्चरी में रखवाया गया। मृतक के शरीर पर काले रंग का पैंट एवं मटमैले कलर का शर्ट था।

## दुष्कर्म के आरोपित को जमानत

**वाराणसी।** नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश द्वितीय (पॉक्सो एक्ट) अनुभव द्विवेदी की अदालत ने आरोपित अजीत सरोज उर्फ बंद सरोज को जमानत दे दी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के इंद्रखापुर निवासी अजीत सरोज 27 दिसंबर 2022 से जेल में बंद है। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कुंदन सिंह, प्रवीण चतुर्वेदी और प्रीतम सिंह ने पक्ष रखा।

# दुष्कर्मी की जमानत की अर्जी खारिज

जनसंदेश न्यूज

**कोर्ट सख्त**

**शादी का झांसा देकर किया था रेप**

**वाराणसी।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज हो गई। सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने नई बस्ती, थाना लालपुर-पाण्डेयपुर निवासी आरोपी सुमित गुप्ता के अपराध की गंभीरता को देखते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी। अदालत में जमानत अर्जी का विरोध जिला शासकीय अधिवक्ता आलोक चंद्र शुक्ला व वादी के अधिवक्ता इंद्रसेन सिंह गौतम और प्रतिश कुमार राय ने किया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनी /पीड़िता ने थाना लालपुर- पांडेयपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसका नई बस्ती पांडेयपुर निवासी सुमित गुप्ता से साल 2022 अप्रैल माह से प्रेम संबंध चल रहा था। इस दौरान उसने कई बार शादी की बात कह कर अनेकों बार शारीरिक संबंध स्थापित किया। ये बात उसकी मां को पता चला तब वह अपनी बात से मुकर गया। पीड़िता के परिवार के तरफ से कई बार शादी का प्रस्ताव दिया गया परंतु उसने स्वीकार नहीं किया और पंचायत में फैसला करवाया गया कि वह पीड़िता को चार लाख रुपये देगा, परंतु पीड़िता ने उसके पैसे उन्हें लौटा दिए, फिर लड़के के जन्मदिन पर उसे जन्मदिन की बधाई दी, परंतु उसके तरफ से कोई जवाब नहीं आया और पीड़िता ने भी मैसेज नहीं किया। 25 जुलाई को पीड़िता के जन्मदिन पर लड़के का मैसेज आया, फिर से प्रेम का सिलसिला आगे शुरू करने की बात की गई, फिर से शादी का झांसा दिया गया और अनेकों बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया गया और सारे विषय के बारे में जब उसकी मां को पता चला तब वह फिर मुकर गया।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**
बाबा रामचीज महिला महाविद्यालय ताजपुर डेहमा गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, प्राचीन इतिहास व उर्दू विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु, योग्यताएं यूजीसी /विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर प्रबंधक के पद नाम संस्थान/ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0 +91 96708 70176

**आवश्यकता है**
माँ स्वरूपा देवी महिला महाविद्यालय शाहबाजकुली गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, मध्यकालीन इतिहास व शिक्षा शास्त्र विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु, योग्यताएं यूजीसी /विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर प्रबंधक के पद नाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0-9450888502

**आवश्यकता है**
डा0 शिव प्रसाद राजपति महाविद्यालय दरीबा, जफराबाद, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान व भूगोल विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0 जी0 सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9451961105, 9450086042

**आवश्यकता है**
रामदेव बालिका महाविद्यालय गोपालपुर अमारी, सुइथाकलाँ, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर उपरोक्त महाविद्यालय में मान्यता प्राप्त विषयों कला संकाय हेतु हिन्दी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415168963

**आवश्यकता है**
श्रीराम महिला महाविद्यालय कटया लहंग कासिमाबाद, गाजीपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर हिन्दी, संस्कृत, राजनीतिशास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415860327

**आवश्यकता है**
बाबा कामदेव सिंह महाविद्यालय मढ़ी, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर हिन्दी, संस्कृत, भूगोल, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार /इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415653162

**आवश्यकता है**
संत कीनाराम पी0 जी0 कालेज, कनेरी, गाजीपुर (वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी एवं गृहविज्ञान (चाईल्ड डेवलपमेन्ट) एवं विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, गणित विषयों में दो-दो प्रवक्ता एवं वाणिज्य संकाय के एम0 काम0 पाठ्यक्रम में 03 प्रवक्ता पद हेतु योग्यताएं यू0 जी0 सी0 / विश्वविद्यालय परिनियमायमावलीनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक या दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9451953111, 9554808398

# छेड़खानी व मारपीट के मामले में मिली जमानत



**वाराणसी।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (पंचम) की अदालत ने मकान पर कब्जे को लेकर विवाहिता से मारपीट व छेड़खानी करने के मामले में पचरासी, बड़ागांव निवासी जयप्रकाश सिंह को 25-25 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया है। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता विकास सिंह व अमनदीप सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार बड़ागांव निवासिनी वादिनी ने बड़ागांव थाने में 14 फरवरी 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 13 फरवरी को सुबह साढ़े 9 बजे जमीन जायदाद पर कब्जा करने की नियत से जयप्रकाश सिंह, उनका पुत्र सौरभ सिंह व एक अन्य चंद्रमा सिंह जबरदस्ती करते हुए मेरे कमरे के बाहर व ऊपर कमरा बनवाने लगे। जब वादिनी ने विरोध किया तो वह लोग और जयप्रकाश सिंह की उसकी पुत्री मारने-पीटने लगे। इस दौरान जब उसकी पुत्री बीच-बचाव करने पहुंची तो उन लोगों ने उसे भी जान से मारने की धमकी दी। साथ ही जय प्रकाश सिंह ने उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। उनलोगों के डर से प्रार्थिनी अपने परिवार के साथ घर छोड़कर स्टेशन पर पूरे दिन बैठी रही और जब घर वापस आई तो देखा कि उसके कमरे का ताला तोड़कर उसमे रखा कीमती सामान वे लोग चुरा लिए थे और सोफा, बेड इत्यादि सामान निकाल कर घर से बाहर फेंक दिया था। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई की आरोपित ने कोई छेड़खानी नहीं की है। साथ ही न ही उसके साथ कोई मारपीट की गई है। उसे फर्जी गंभीर चोट भी नहीं आई है। उसे फर्जी कहानी बनाकर झूठा फंसाया गया है। अदालत ने पत्रावली के अवलोकन के बाद आरोपित को जमानत दे दी।

# दूसरे दिन भी चला सफाई अभियान

जनसंदेश न्यूज

**अभियान**

**जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्वच्छता अभियान में लिया भाग**



भाजपाइयों ने चलाई झाड़ू

**वाराणसी।** काशी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पीएम के आगमन से पूर्व महानगर की सभी वार्डों में बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं सहित जनप्रतिनिधि और निगम कर्मी शामिल रहे।

अभियान के लिए बनी व्यवस्था टोली के संयोजक वैभव कपूर ने बताया कि अभियान के दूसरे दिन बुधवार को भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया। रात में हुई भारी वर्षा के बावजूद कार्यकर्ता तय कार्यक्रम के अनुसार अपने अपने वार्ड में स्वच्छता का कार्यक्रम किया। नगर निगम के नए सम्मिलित क्षेत्रों में भी विशेष अभियान केशव यादव, श्याम सुंदर विश्वकर्मा 'बाबू' एवं कुलदीप सिंह के नेतृत्व में चला। मड़ौली, नाथुपुर में चौरा माता मंदिर, फुलवरिया, बाणासुर रोहनिया, मंडुआडीह बाजार, मंडुआडीह चौराहा, चांदपुर, मारूका माता मंदिर, हनुमान जी मंदिर, खाकी कुटी धाम कोटवा क्षेत्र में अभियान चलाया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, आरडी प्रधान, बाबू विश्वकर्मा, केशव यादव, कुलदीप सिंह, आनंद पटेल के साथ मंडल के कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। इसी प्रकार कैंट मंडल के वार्डों लोको छित्तुपुर, तुलसीपुर, सिगरा, काजीपुर खुर्द, लल्लापुरा में वैभव कपूर, अभिषेक वर्मा 'गोपाल' एवं सिन्धु सोनकर के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। महामना मंडल के सभी वार्डों में जगन्नाथ ओझा के साथ मंडल के सभी पार्षद, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अभियान को सफल बनाने में तन मन से जुटे रहे। स्वच्छता अभियान के संयोजक ने बताया कि अभियान तीसरे दिन भी चलाया जाएगा और प्रधानमंत्री के यात्रा मार्ग में पड़ने वाले चौराहे भी स्वच्छता के बाद सजाए जाएंगे।

# ट्रेन के सामने कूदकर युवक ने की खुदकुशी

**दुखद**

**लंबे समय से बीमारी से परेशान था पंकज**

**वाराणसी।** चौखंडी रेलवे स्टेशन से पूरब सिग्नल के पहले वंदे भारत एक्सप्रेस के आगे कूदकर युवक ने खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने की कोशिश शुरू की। इसी दौरान वहां पहुंचे एक व्यक्ति ने मृतक को अपना भाई पंकज कुमार पुत्र मोतीलाल (20) निवासी कुरसातो गांव बताया। मृतक के भाई की माने तो पंकज लंबे समय से बीमारी से परेशान था। बुधवार को घर के सभी लोग नवरात्रि पर दर्शन-पूजन करने के लिए सीटकहवा वीर बाबा कोरौता गए थे। दोपहर बाद पंकज किसी तरह से घर से निकल गया। चौखंडी रेलवे स्टेशन के पास पहुंच गया। वाराणसी की तरफ से दिल्ली जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली। पंकज तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटा था।

**न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी, गाजीपुर**
**मुकदमा नं0-0487 अन्तर्गत धारा 21/2/जो0च0अ0**
**मौजा-नूरपुर मुबारकपुर, परगना-सदर, जिला-गाजीपुर**
**उदयभान बनाम गांव सभा**
**तारीख पेशी-29.03.2023**
उपरोक्त वाद के निस्तारण हेतु बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी गाजीपुर के आदेश दिनांक 15.02.2023 के अनुपालन में निम्नलिखित प्रतिवादीगण की स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 29.03.2023 को उपस्थित होने के लिए समाचार पत्र में गजट हेतु प्रेषित-
1. अम्बरीश पुत्र ओमप्रकाश
2. मनीष पुत्र ओमप्रकाश
3. आंसू पुत्र ओमप्रकाश
4. सत्य प्रकाश पुत्र उदयनरायन
5. निर्मला पत्नी छैलबिहारी
6. अतुल पुत्र रामरतन
7. देवनरायन पुत्र बेनी
8. राजनरायन पुत्र बेनीमाधव
9. अखिलेश पुत्र शिवानन्द
10. सुजीत पुत्र बेचनलाल
11. अरूण पुत्र बेचनलाल
12. ज्ञानेन्द्र पुत्र बेचनलाल
निवासीगण ग्राम-रानीपुर कैथवलिया, परगना-सदर, जिला-गाजीपुर।
13. संजय पुत्र भोला
14. सुनील पुत्र भोला
15. मैनी पत्नी भोला
16. राजेश पुत्र मुसाफिर
17. राकेश पुत्र मुसाफिर
18. यादवेश पुत्र मुसाफिर
19. कलावती पत्नी मुसाफिर
निवासीगण ग्राम-नूरपुर मुबारकपुर, परगना-सदर, जिला-गाजीपुर।
**न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी, गाजीपुर**

## किशोरी से रेप के आरोपी को दस साल की सजा

वाराणसी। किशोरी से रेप के आरोपी पिशौर शिवपुर निवासी अभियुक्त रवि राजभर को विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) द्वितिय अनुभव द्विवेदी की अदालत ने दोषी पाया और दस साल की सजा सुनाई साथ ही 18 हजार अर्थदंड लगाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार लोहता थाना क्षेत्र निवासी वादी ने 29 अगस्त 2016 को लोटा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी आरोप था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री रोज की तरह 19 जुलाई 2016 को भरथरा में सिलाई सीखने गई थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन करने के बाद पता चला कि उसकी पुत्री को पिशौर शिवपुर निवासी रवि राजभर ने बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। मेडिकल में पीड़िता के साथ दुष्कर्म होने की पुष्टि हुई।

## दो पशु तस्कर तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार



**वाराणसी।** दो पशु तस्करों को राजातालाब पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। दोनों गोवध करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम ढोढवा चौराहा (मरुई) के पास से तीन गोवंश के साथ दो तस्कर मौजूद है जो गोकशी के लिए जा रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को दबोचा। अभियुक्तों की पहचान इशहाक निवासी शक्तिपुर भवानीपुर राजातालाब और आशिक उर्फ अंशिका निवासी नई बाजार सारनाथ पतेरवा के तौर पर हुई। जमा तलाश में पुलिस को एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिला। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी जक्खिनी विवेक कुमार त्रिपाठी, चौकी प्रभारी मातलदेई संदीप कुमार पांडेय, उपनिरीक्षक सत्यजीत सिंह,हे0का0 महेन्द्र पटेल और कांस्टेबल विद्याशंकर गोंड रहे। दूसरी तरफ रोहनिया पुलिस ने भी गोकशी के आरोपी प्रयागराज नवाबगंज पंचदेवरा का निवासी शिवाकांत सरोज को लठिया बाईपास गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# पीएम के आगमन को लेकर ट्रैफिक डायवर्जन जारी

**तैयारी**

**आधा घंटा पहले रोक दिया जायेगा ट्रैफिक**

**वाराणसी।** 24 मार्च को पीएम मोदी विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करने अपने संसदीय क्षेत्र काशी में आ रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के बाबत ट्रैफिक विभाग ने डायवर्जन जारी किया। पीएम के आगमन और प्रस्थान के दौरान आधे घंटे पहले ट्रैफिक रोक दी जायेगी। पीएम की सभा संपूर्णानंद संस्कृत विवि के मैदान में हैं ऐसे में बाबतपुर से ही डायवर्जन दिया गया है। आगमन के आधा घंटा पूर्व ना तो बाबतपुर की तरफ बड़े वाहन को जाने दिया जायेगा ना ही उधर से शहर में आने दिया जायेगा। बाबतपुर, हरहुआ, शिवपुर, गिलट बाजार, कचहरी, नदेसर, अंधरापुल मरी माई तिराहा तक आगमन के दौरान वाहनों को डायवर्ट कर दिया जायेगा। रूद्राक्ष कन्वेंसन में जाने के दौरान भी तेलियाबाग, मलदहिया, साजन तिराहा औ सिगरा में डायवर्जन जारी किया गया है। रूद्राक्ष कन्वेंसन सेंटर औ संपूर्णनंद विवि के मैदान में कार्यक्रम के दौरान पार्किंग व्यवस्था संभालने के लिए टीम गठित की गयी है। रूद्राक्ष कन्वेंसन सेंटर में टीआई मनोज कुमार और टीएसआई धनंजय सिंह मय हल्का मौजूद रहेंगे और पार्किग व्यवस्था देखेंगे वहीं संपूर्णानंद संस्कृत विवि में टीआई सौरभ सिंह और टीआई अरुण कुमार तिवारी वाहनों के लिए तय पार्किंग स्थल पर पार्क करायेंगे।

## वीडीए ने अवैध प्लाटिंग करायी ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम द्वारा बुधवार को अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की। सारनाथ वार्ड अंतर्गत अरविंद मौर्या एवं आनंद प्रकाश मौर्या कालोनाइजर द्वारा इंक्लेव कॉलोनी सारनाथ में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 10 बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम ने स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया। इस दौरान वीडीए अधिकारी देवचंद्र राम, जोनल अधिकारी चंद्रभान दीक्षित और अवर अभियंता आरके सिंह मौजूद रहा।

# राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल परिवाद खारिज

**वाराणसी।** विशेष (एमपी एमएलए कोर्ट) उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत ने कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी के खिलाफ पड़ी आवेदन की पोषणीयता के आधार पर खारिज कर दिया। पिछले तिथि पर कोर्ट ने अर्जी की पोषणीयता सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। भारतीय जनता पार्टी विधि संजोजक और अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने अपने अधिवक्ता राजकुमार तिवारी के जरिए कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया। आरोप लगाया था की कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कैंब्रिज बिजनेस स्कूल ब्रिटेन में कार्यक्रम के दौरान भारत की वर्तमान राजनीति परिधि पर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा था कि भारतीय लोकतंत्र खतरे में हैं, देश में अल्पसंख्यक, दलित सुरक्षित नहीं है। इस तरह के बयान दूसरे देश में देकर भारत को अपमानित किया गया। इस मामले अधिवक्ता ने थाने से लेकर आलाधिकारी से गुहार लगाई कोई करवाई नही होने पर कोर्ट में आवेदन दिया था। जिसे सुनवाई के बाद कोर्ट ने खारिज कर दिया।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा एकविषयक परीक्षा संस्कृत/ यू.पी.बोर्ड इण्टरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 4179406 का अंक पत्र खो गया है। गौरव पाण्डेय पुत्र मनन जी पाण्डेय, संजय गांधीनगर, काटनमिल, चौकाघाट, वाराणसी।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2001 अनुक्रमांक 1786757, इण्टर वर्ष 2003 अनुक्रमांक 0699868, बी. ए. वर्ष 2006 अनुक्रमांक 283635 एम. ए. वर्ष 2010 अनुक्रमांक 686402 व बी. एड. वर्ष 2012 अनुक्रमांक 74033 का मूल अंक प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। गुलशन पुत्र दीन मोहम्मद ग्राम-सुईथाखुर्द, थाना-खुटहन, जौनपुर।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**:-राम समुझ महाविद्यालय फत्तूपुर, भगवानपुर, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पू. वि. वि. जानपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर कला संकाय गृहविज्ञान व भूगोल विषयों में तीन-तीन प्रवक्ताओ की। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. मानकानुसार विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन करें।साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से दी जायगी।
प्रबंधक-मो0-9454046499

**आवश्यकता है**:-कूबा स्नातकोत्तर महाविद्यालय दरियापुर नेवादा, आजमगढ़ उ0 प्र0-276203 में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर रसायन विज्ञान व प्राणि विज्ञान विषयों में यू0 जी0 सी0 मानकानुसार योग्यताधारी प्रवक्ताओं की। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित करें।
प्राचार्य-सम्पर्क-9415449438

## करेंट की चपेट में आने से ट्रॉली चालक की मौत

दानगंज। चोलापुर थाना क्षेत्र के धरसौना बाजार में बुधवार की शाम बबियांव (कमना) निवासी ट्राली चालक हरिनाथ (60) करेंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। हरिनाथ अपनी ट्राली एक किराना होलसेल दुकान के सामने खड़ी करने पहुंचा था। पास में ही लगे ट्रांसफार्मर के नीचे पानी जमा था। जैसे ही ट्राली उधर से गुजरी उसे करेंट ने चपेट में ले लिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर चोलापुर थाना प्रभारी राजेश त्रिपाठी पहुंचे और परिजनों को सूचना देकर उनकी मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## निगम ने पीएम के आगमन वाले मार्ग से हटाए विज्ञापन

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुये नगर आयुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के नेतृत्व में बुधवार को निगम द्वारा प्रस्तावित मार्ग पर विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत मार्गो पर लगाए गए अवैध विज्ञापनों बैनर, पोस्टर, होर्डिग्स आदि को हटाया गया, साथ सभी मार्गों पर दर्जनों की संख्या में अवैध बेतरतीब फैलाये गये केबिल तारों को हटाया गया। अभियान में नगर निगम के प्रवर्तन दल और अतिक्रमण विभाग के साथ विज्ञापन विभाग की टीम मौजूद रही।

# दुकानदारों के लिए गड्ढा बना मुसीबत



**लोहता।** मोहनसराय से लहरतारा तक जीटी रोड का चौड़ीकरण हो रहा है। जिसके लिए सड़क के दोनों तरफ तीन फिट गहरा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। मंगलवार की रात बारिश के बाद चांदपुर से मुढ़ैला तक सड़क के दोनों तरफ गड्ढों में पानी भर गया। जिससे दुकानदारों और आस-पास के रहने वालों के चार पहिया वाहन पानी और कीचड़ में फंस गये। पानी भरने से लोग अपने घरों से सड़क तक नहीं आ पा रहे है। न ही कोई दुकानदार के पास ग्राहक ही पहुंच पा रहा है। क्षेत्र के बबलू मौर्य, दिलीप पटेल, आल्हा पटेल, कन्हैया मिस्त्री ने जिलाधिकारी से मांग की है कि खोदे गये गड्ढे में तत्काल मिट्टी भरा जाए। जिससे लोगों के समस्या का समाधान हो सके।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चंदापुर वि0 ख0 बदलापुर, जौनपुर**

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 23.03.2023 से 27.03.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.03.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) | क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | | 9 | भूसा, वृक्षारोपण, बांस रोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | | | | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | | 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | | 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट | | |
| | | | | 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | | 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | | | | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/ तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | | 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर/ फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप, | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | | | | | |


**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान (स्मिता सिंह) ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0 (संतोष दूबे)

**न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी, गाजीपुर**
**मुकदमा नं0-0567 अन्तर्गत धारा 21/2/जो0च0अ0**
**मौजा-नूरपुर मुबारकपुर, परगना-सदर, जिला-गाजीपुर**
**जगदेईया बनाम शिवशंकर**
**तारीख पेशी-29.03.2023**
उपरोक्त वाद के निस्तारण हेतु बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी गाजीपुर के आदेश दिनांक 15.02.2023 के अनुपालन में निम्नलिखित प्रतिवादीगण की स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 29.03.2023 को उपस्थित होने के लिए समाचार पत्र में गजट हेतु प्रेषित-
1. शिवशंकर पुत्र बंसी
2. सुरेन्द्र पुत्र बंशी
3. सुनील पुत्र भोला
4. संजय पुत्र भोला
5. मैनी पत्नी भोला
6. राजेश पुत्र मुसाफिर
7. राकेश पुत्र मुसाफिर
8. यादवेश पुत्र मुसाफिर
9. कलावती पत्नी मुसाफिर
निवासीगण ग्राम-नूरपुर मुबारकपुर, परगना-सदर, जनपद-गाजीपुर।
10. अतुल पुत्र रामरतन
11. देवनरायन पुत्र बेनी
12. अम्बरीश पुत्र ओमप्रकाश
13. मनीष पुत्र ओमप्रकाश
14. आंसू पुत्र प्रेमप्रकाश
15. सत्य प्रकाश पुत्र उदयनरायन
16. निर्मल पत्नी छैलबिहारी
17. राजनरायन पुत्र बेनीमाधव
18. सुजीत पुत्र बेचनलाल
19. अरुण पुत्र बेचनलाल
20. ज्ञानेन्द्र पुत्र बेचनलाल
21. अखिलेश पुत्र शिवानन्द
22. राजनाथ पुत्र देवनरायन
23. छैलबिहारी पुत्र छक्कन,
निवासीगण ग्राम-रानीपुर कैथवलियां, परगना-सदर, जिला-गाजीपुर।
**न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी, गाजीपुर**



# वाराणसी मार्ग



# शैलपुत्री का दर्शन करने उमड़े भक्त

## नारियल, चुनरी अड़हुल की माला अर्पित की, भोर से लेकर रात तक चलती रही आराधना



मां शैल पुत्री



दर्शन करने को उमड़ी महिलाएं



शाम को भी दर्शन करने को लगी कतार

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने अलईपुर स्थित मां शैलपुत्री का दर्शन-पूजन किया। मां भगवती का दर्शन-पूजन करने के लिए महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग लंबी कतारें लगी हुई थी। श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री को लाल चुनरी, अड़हुल की माला और नारियल अर्पित कर के अपने तथा अपने परिवार के मंगल की कामना की। इसके साथ ही लोगों ने व्रत व उपवास भी रखा। शैलपुत्री देवी के दर्शन के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं का अलईपुर जाने का क्रम शुरू हो गया था। भोर में मंगला आरती के पश्चात जैसे ही मंदिर का पट खुला जयकारे के साथ दर्शन-पूजन शुरू हो गया।

भोर से लेकर सुबह तक मंदिर में भीड़भाड़ बढ़ गई थी। इसके बाद भी मंदिर में महिलाओं और पुरुषों के आने का सिलसिला जारी था। मंदिर के बाहर नारियल-चुनरी व माला की अस्थायी दुकानें सजी थी। दुकानों पर पूजा सामग्रियों की खूब खरीदारी चल रही थी। अड़हुल का माला रोज की अपेक्षा महंगा बिक रहा था। मंदिर परिसर के अलावा आसपास के इलाकों में पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगायी थी। ऐसी मान्यता है कि माता शैलपुत्री भय नाशक हैं। देवी के दर्शन मात्र से ऊर्जा का संचार हो जाता है। उनकी अराधना से धन, वैभव, कीर्ति, यश सब कुछ मिल जाता है। माता शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय के घर में जन्मी थीं। बाद में ये ही पार्वती के नाम से भगवान शंकर की अर्धांगिनी हुईं।

### गायघाट मुखनिर्मालिका गौरी का किया दर्शन



वाराणसी। वासंतिक नवरात्र में नव गौरी के दर्शन-पूजन के क्रम में प्रथम दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने गायघाट स्थित मुखनिर्मालिका गौरी का दर्शन-पूजन करके मंगल की कामना की। सुबह से ही गायघाट में मुखनिर्मालिका गौरी का दर्शन-पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई थी। इनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। भक्तों ने मां गौरी को नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित की। इसी तरह गोलघर स्थित सिद्धमाता का भी दर्शन-पूजन करने के लिए लोगों की सुबह से ही भीड़ लगी रही।

### मां दुर्गा की आराधना में डूबी काशी

वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन पूरी काशी जगतजननी मां दुर्गा की आराधना में लीन रही। प्रथम दिन घर-घर में घट स्थापन किया गया। ज्योतिष मान्यता के अनुसार बुधवार को प्रात:काल सूर्योदय से लेकर पूर्वाह्न 10.03 मिनट तक कलश स्थापन की गई। इसके साथ ही मिट्टी में जौ भी बोये गये। देवी का विग्रह स्थापित करके पंचोपचार व षोडसोपचार पूजा-अर्चना करके दुर्गासप्तशती का पाठ व मां दुर्गा से संबंधित पाठ किया गया। कई जगहों पर वैदिक ब्राह्मणों ने भी घरों में आकर पूजा अर्चना व घट स्थापना की। ज्योतिषी पं. ऊ्रमल जैन के मुताबिक बुधवार होने के नाते अभिजीत मुहुर्त को विशेष नहीं माना गया है। सामान्यत जब कोई भी मुहुर्त न मिलने के कारण अभिजीत मुहुर्त में समस्त शुभ कार्य प्रारंभ करते हैं लेकिन बुधवार के कारण लोगों ने इस मुहुर्त को प्रयोग में नहीं लिया। महाअष्टमी व्रत का पारण 30 मार्च और नौ दिनों का व्रत रखने वाले 31 मार्च को पारण करेंगे।

## कुष्मांडा देवी का दर्शन करने को लगीं कतारें







**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन दुर्गाकुंड स्थित मां कुष्मांडा का श्रद्धालुओं का दर्शन-पूजन किया। मां भगवती का दर्शन-पूजन करने के लिए मंदिर से लेकर बाहर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी थी।

यह लाइन मंदिर से शुरू होकर दुर्गाकुंड के पीछे तक पहुंच गई थी। मंदिर में पुलिस कर्मियों की डुयूटी लगायी गई थी। इनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित की। मंदिर में दर्शन-पूजन भोर से प्रारंभ होकर रात्रि तक चलता रहा।

# सिगरा स्टेडियम सहित दो अन्य योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

जनसंदेश न्यूज

**पीएम कल आएंगे**

**स्मार्ट सिटी की ओर से दो सौ दस करोड़ की लागत से बन कर होगा तैयार**

**सड़कों के निर्माण, विद्यालयों के पुनर्विकास व कुंडों के सौंदर्यीकरण का करेंगे लोकार्पण**

**वाराणसी।** एक बार फिर से करोड़ों परियोजनओं की सौगात देने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को काशी आ रहे हैं। जहां पीएम द्वारा करीब 210 करोड़ की लागत से सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम सहित स्मार्ट सिटी की बैकलिट यूनिपोल और गंगा घाट पर चेंजिंग रूम युक्त फ्लोटिंग जेटी जैसी योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। काशी को स्मार्ट बनाने के लिए स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के तहत शहर में विकास का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में स्मार्ट सिटी की परियोजनओं में शामिल खेलो इंडिया योजना के तहत सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम के विकास एवं आधुनिकीकरण के फेज दो एवं तीन का कार्य, स्मार्ट सिटी वाराणसी की 30 डबल साईडेड एलईडी बैकलिट यूनिपोल का स्थापना कार्य और गंगा घाट पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम युक्त फ्लोटिंग जेटी का निर्माण कार्य किया जाना है। जिसका प्रधानमंत्री द्वारा शुक्रवार को शिलान्यास किया जाएगा। स्मार्ट सिटी की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। अधिकारियों का कहना है कि स्टेडियम का निर्माण होने से शहर के युवाओं को आधुनिक संसाधनों से युक्त सुविधा मिलेगी। जबकि महिलाओं को घाट किनारे स्नान आदि के दौरान कपड़े बदलने में सहूलियत मिलेगी। साथ ही शहर में एलईडी बैकलिट यूनिपोल की सुविधा मिलेगी। शलान्यास की तैयारी पूरी कर ली गई है। इन परियोजनाओं की लागत क्रमशः स्टेडियम का निर्माण 206.92 करोड़, एलईडी बैकलिट यूनिपोल का निर्माण 3.5 करोड़ और गंगा घाटों पर चेंजिंग रूम का निर्माण 99 लाख की लागत से पूरा किया जाना है।



सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम



राजघाट प्राथमिक विद्यालय

### पीएम इन चार योजनाओं का करेंगे लोकार्पण

पीएम द्वारा 13.32 करोड़ की लागत से स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सड़क सुधार एवं शहरी पुनरूद्धार के फेज-2 कार्य, 2.99 करोड़ की लागत से स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत राजघाट प्राथमिक विद्यालय और 1.84 करोड़ की लागत से महमूरगंज कंपोजिट विद्यालय के पुनर्विकास के कार्य के साथ 2.86 करोड़ की लागत से मिशन के तहत पार्कों एवं कुंड के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास के कार्य का लोकार्पण किया जाएगा।

# उगते सूर्य को अर्घ्य से नववर्ष का स्वागत

## नवसंवत्सर के अभिनंदन से सनातन परंपरा समृद्ध होगी

**स्वागतम**

**गंगा घाटों पर मनाया गया नवसंवत्सर**

**दशाश्वमेध व अस्सी घाट पर भगवान भाष्कर की हुई आरती**

**वाराणसी।** भारतीय नववर्ष नवसंवत्सर 2080 का अस्सी घाट पर भव्य समारोह के बीच स्वागत किया गया।इस मौके पर बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्धजनों ने भगवान भास्कर को गंगाजल से सामूहिक अर्घ्य अर्पण कर देश, समाज और सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की मंगल कामना की। नवसंवत्सर का सनातन पद्धति से स्वागत करने का कार्यक्रम पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले के आह्वान पर कुसुम मोहले स्मृति सनातन न्यास के संयोजन में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर हवन पूजन के साथ ही मां गंगा और भगवान भास्कर की भव्य आरती भी की गई। इस मौके भारतीय नववर्ष का अभिनंदन करते हुए पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले ने कहा कि धर्म और संस्कृति की राजधानी काशी में नवसंवत्सर के अभिनंदन कार्यक्रम से सनातन परंपरा समृद्ध होगी। एक ओर जहां हिन्दू समाज अपने गौरवशाली अतीत की जड़ों से और मजबूती जुड़ेगा वहीं नई पीढ़ी सनातनी सँस्कृति से परिचित होगी। कहा कि इस कार्यक्रम की प्रेरणा काशी के सांसद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना से प्राप्त हुई है। इसे निरन्तर आगे बढ़ाना है जिससे भारत पुनः विश्वगुरु के रूप प्रतिष्ठित हो सके। कार्यक्रम में बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रो जीसी त्रिपाठी, वरिष्ठ महिला चिकित्सक डा विभा मिश्रा, साहित्यकार डॉ नीरजा माधव, प्रो श्रद्धानंद, डॉ जितेंद्रनाथ मिश्र, चिकित्सक डा अश्वनी टण्डन, पद्मश्री डॉ सरोज चूड़ामणि, अशोक गुप्ता, सहायक निदेशक पर्यटन अमित गुप्ता, हरिमोहन शाह, महंत चेल्लासुब्बाराव, डॉ रत्नेश वर्मा, अजय गुप्ता, सुधीर मिश्रा डॉ वीरेंद्र सिंह, अशोक मिश्रा, विनोद भारद्वाज, प्रह्लाद तिवारी एडवोकेट समेत बड़ी संख्या में सामाजिक व राजनीतिक लोग मौजूद रहे।

हिंदू नववर्ष को मनाने के लिए केदार घाट पर बुधवार को सैकड़ों की संख्या में बटुक संत समाज और काशीवासी इकट्?ठे हुए। मां गंगा के तट पर सबसे पहले ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद सनातन पंचांग का विमोचन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान भास्कर को जल अर्पित किया गया और फिर मां गंगा की आरती उतारी गई। सूर्य को नमस्कार करते हुए 100 से अधिक बटुकों ने आरती उतारी। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान भास्कर को जल अर्पित किया।

ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि यह भारत की विशेषता है कि सृष्टि की शुरूआत से ही हम काल की गणना करते चले आ रहे हैं। हिन्दू विक्रम संवत 2080 नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पुण्य अवसर पर नमामि गंगे व 137 सीईटीएफ बटालियन (प्रादेशिक सेना) 39 गोरखा राइफल्स गंगा टास्क फोर्स ने ब्रह्ममुहूर्त में भगवान सूर्य की आरती उतारकर विधिविधानपूर्वक अर्घ्य देकर हिंदू नववर्ष का भव्य स्वागत किया। दशाश्वमेध घाट पर सूर्यदेव के उदय होते ही गंगा जल से अर्घ्य देकर प्रकृति संरक्षण, देश में अमन-चैन, साथ-साथ सनातन संस्कृति के समृद्धि की भी कामना की गई। नमामि गंगे के सदस्यों ने 22 मार्च विश्व जल दिवस के अवसर पर भारतीय संस्कृति के अनादि काल से अनंतकाल तक के प्रवाह की साक्षी गंगा को फिर से अविरल निर्मल और सतत प्रवाह का लक्ष्य निर्धारित कर गंगा तलहटी की सफाई की गई। आयोजन में प्रमुख रूप से संयोजक राजेश शुक्ला, गंगा टास्क फोर्स के कंपनी कमांडेंट सुशील गुहानी, सूबेदार शिवेंद सिंह, बीना गुप्ता, पुष्पलता वर्मा एवं गंगा टास्क फोर्स की टीम उपस्थित रही।



नव संवत्सर के स्वागत का दृश्य



नये वर्ष का किया गया भव्य स्वागत

### जनसभा के लिए कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

**वाराणसी।** जनपद के सांसद एवं देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 मार्च को संपूर्णानंद संस्कृत विवि में होने वाली जनसभा की व्यवस्था के लिए भाजपा ने कुछ कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायत्वि सौंपा है। बुधवार को गुलाब बाग स्थित पार्टी दफ्तर में बैठक कर यह जिम्मेदारी दी गयी। भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में चुनिंदा कार्यकताओं को जनसभा की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गयी। ताकि कार्यक्रम के दौरान सभा में आने वाली जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मीटिंग में क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने पूरी व्यवस्था को 18 विभागों में बांटा। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में लगाए गये पार्टी वर्कर प्रशासनिक अफसरों संग तालमेल कर जनसभा को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराएंगे। इस मौके पर अशोक चौरसिया, नवीन कपूर, सुशील त्रिपाठी, जगदीश त्रिपाठी, नवरतन राठी, डॉ. सुदामा पटेल, संतोष सोलापुरकर, किशोर सेठ एवं श्रीनिकेतन मिश्रा आदि भी रहे।


# अब काशी में ही उपकरणों की डिजाइन बनाना होगा संभव

जनसंदेश न्यूज

**सुविधा**

**मोदी आईआईटी बीएचयू में मशीन टूल्स डिजाइन उत्कृष्टता केंद्र का भी कर सकते हैं शिलान्यास**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 मार्च को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एकदिनी दौरे पर आकर करीब 18 सौ करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इसके लिए संबंधित प्रोजेक्ट्स को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है। वह जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगें उनमें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आईआईटी में करीब 45 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन मशीन टूल्स डिजाइन का भी शिलान्यास कर सकते हैं। इधर, संभावना व्यक्त की जा रही है कि फिलहाल चिरईगांव ब्लॉक के जाल्हूपुर में निर्मित विद्युतचालित पशु शवदाह गृह और रोहनिया थाने बनाए गये बैरक का लोकार्पण बाद में होगा। पीएम मोदी आगामी शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वन वर्ल्ड टीबी समिट को संबोधित करेंगे। उसके बाद दोपहर लगभग 12 बजे संपूर्णानंद संस्कृत विवि मैदान में आयोजित जनसभा में काशी की जनता को करीब 1780 करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं की सौगात देंगे। पिछले नौ वर्षों में उन्होंने वाराणसी की सूरत संवारने समेत शहर और आसपास के इलाकों के लोगों के जीवन को आसान बनाने पर खास ध्यान दिया है। इसी दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री कई और परियोजनाएं यहां के नागरिकों को उपहार स्वरूप देंगे। प्रधानमंत्री न सिर्फ रोप-वे फेज-1 आदि का शिलान्यास करेंगे बल्कि बीएचयू में मशीन टूल्स डिजाइन संबंधी उत्कृष्टता केंद्र की आधारशिला भी रखेंगे। इस प्रोजेक्ट के मूर्त रूप लेने पर कोई भी उद्यमी अपनी जरूरत के मुताबिक आवश्यक उपकरण आदि इस सेंटर में बनवा सकेगा। यह भी एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। पीएम मोदी के आगमन से पूर्व गुरुवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंच जाएंगे। राज्यपाल 23 मार्च को कुछ कार्यक्रमों में शामिल हो सकती हैं। इधर, पीएम मोदी के स्वागत के लिए ऐसे सभी मार्गों को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है जहां से होकर वह गुजरेंगे।

























# सरसों-चना के दाने पड़े काले, गेहूं की बालियां भी नहीं बचीं






**खेत लबालब**

### चक्रवाती तूफान और मूसलाधार बारिश से जमींदोज हुए किसानों के अरमान

### फसलों की हुई भारी बर्बादी, आम व केला के बाग भी इस कहर की चपेट में

**जनसंदेश टीम**

**वाराणसी।** बीते मंगलवार रात को भी बेमौसम की बारिश और चक्रवाती तूफान के साथ गिरे ओलों ने मानो किसानों को कहीं का नहीं छोड़ा। खेतों में गेहूं और सरसों तो बर्बाद हुई ही सब्जियां भी नष्ट हो गईं। खेत लबालब भर गये। बुधवार को हाल यह रहा कि गेहूं की उकठा कर बालियां काली होने लगी हैं। काटकर रखे सरसों व चाने के दाने काले पड़ गये हैं।

आम के बगीचों में टिकोरे जमीन सूंघते नजर आये। केले के पत्ते क्षत-विक्षत हो गये। मटर आदि धराशायी हो चुके हैं। गोभी के फूल बिखर गये हैं। जामुन, बड़हल के फूल व फल गिरकर नष्ट हो गये हैं। कृषकों को चिंता सताए जा रहे है कि उनकी फसलों को हुए इस नुकसान की भरपाई कैसे और कम होगी।

चांदमारी प्रतिनिधि के अनुसार महदेपुर के किसान बुझारत सिंह, चंपा देवी आदि बुधवार की सुबह अपने-अपने खेतों में फसलों को बचाने की असफल कोशिशों में लगे रहे। वहीं, पलहीपट्टी में केले के बाग को काफी नुकसान पहुंचा। पिंडरा प्रतिनिधि के मुताबिक आंधी-तूफान और बरसात से पोल्ट्री फार्मों को भी काफी नुकसान हुआ है। करखियांव में पोल्ट्री फार्म में रखे भारी संख्या में मुर्गे-मुर्गियों की मौत हो गयी। उधर, करखियांव, फूलपुर, परसरा, गजोखर, खालिसपुर, थाना रामपुर आदि गांवों में फसलें प्रभावित हुई हैं।

बड़ागांव प्रतिनिधि के अनुसार विधायक डॉ. अवधेश सिंह एवं एसडीएम पिंडरा ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। चिरईगांव प्रतिनिधि के मुताबिक एडीओ कृषि ने बताया कि विकास खंड में 1392 बीमित किसान हैं। हरहुआ प्रतिनिधि के अनुसार हरहुआ, चक्का, औसानपुर, करोमा, कोईराजपुर समेत तमाम गांवों में फसलें नष्ट हुई है। दानगंज, चौबेपुर तथा सिंधोरा प्रतिनिधियों के अनुसार क्षेत्र के जुड़े दर्जनों गांवों में फसलों पर बिगड़े मौसम का कहर टूटा है। दूसरी ओर, करखियांव में राष्ट्रीय पक्षी मोर समेत दर्जनों अन्य पक्षियों की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने मृत मोर वन विभाग

## गिरे विद्युत पोल, उखड़े पेड़



बिगड़े मौसम के चलते ग्रामीण इलाकों में कई जगह विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। कुछ इलाकों में बिजली के खंभे और पेड़ धराशायी हो गये। पिंडरा इलाके के कई गांवों की बत्ती गुल रही। फलस्वरूप पेयजलापूर्ति पर भी असर पड़ा। एसडीओ पिंडरा संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि बिजली के 40 खंभों पर पेड़ गिरने से ठप विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई। आयर स्थित फ्राइस्ट नगर बिजली उपकेंद्र की एलटी लाइन लाइन से औरा नहर पर सूखे पेड़ में आग लग गई।

## आंकलन को अफसर पहुंचे गांवों में



**चांदमारी।** जनपद में फसलों को हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए प्रत्येक तहसील में कृषि विभाग के एक अफसर, तहसीलदार, कृषि विज्ञान केंद्र का एक अफसर और बीमा कंपनी के एक प्रतिनिधि की टीम बनाकर सर्वे कराया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को हरहुआ ब्लॉक के आयर, औरा, कुरौली पहुंची टीम ने किसान जितेंद्र पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, विंध्यवासिनी चौबे, दयाराम यादव, विपिन पांडेय, प्रमोद पांडेय, रामजी यादव, रामप्रवेश, जगत, दुर्गा चौबे व बलिराम आदि से जानकारी ली। कृषकों ने हालात बताए। अफसरों ने उचित पहल का आश्वासन दिया। इस दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि केसीसी बनवाते समय बैंककर्मी बीमा का पैसा काटते हैं लेकिन इंश्योरेंस कंपनी में पैसा ट्रांसफर न होने से क्षति का क्लेम कैसे संभव है।

# रजनीगंधा, एलोवेरा व देशी नस्ल की गायों पर भी लोन की उम्मीद

**बैठक**

### आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 में 'स्केल ऑफ फाइनेंस' के लिए हुई आरंभिक मीटिंग

### किसान क्रेडिट कार्ड पर दिये जाने वाले ऋण की सीमा निर्धारित करने पर किया गया मंथन

**जनसंदेश न्यूज**



कृषि के जुड़े विभिन्न मदों में लोन देने संबंधी स्केल ऑफ फाइनेंस संबंधी बैठक बुधवार को विकास भवन में हुई

**वाराणसी।** किसान क्रेडिट कार्ड यानि केसीसी के माध्यम से आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि से जुड़े विभिन्न मदों में दिये जाने वाले ऋण की सीमा तय करने संबंधी आरंभिक बैठक बुधवार को विकास भवन स्थित जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्य के कार्यालय में हुई।

उप निदेशक कृषि अखिलेख कुमार सिंह की अध्यक्षता में इस मौके पर संबंधित विभागों के अफसर और कई किसान मौजूद थे। मीटिंग में सुझाव दिया गया कि केसीसी के माध्यम से दिये जाने वाले लोन में रजनीगंधा, ढैंचा, एलोवेरा, बतख पालन, देशी नस्ल की गंगातीरी गाय, गिर गाय और साहिवाल गायों को भी शामिल किया जाय। बैठक में विभिन्न फसलों की अलग-अलग खेती से लेकर उनके भंडारण तक में आने वाले कुल खर्च पर विचार-विमर्श कर वित्तमान यानि स्केल ऑफ फाइनेंस पर मंथन हुआ। मीटिंग में डीडीएम नाबार्ड अनुज कुमार, सहकारी बैंक के उप महाप्रबंधक उदरेज कुमार, एडी मत्स्य श्वेता सिंह, सीवीओ, डीएचओ, किसान फौजदार यादव, हरिशंकर सिंह, ओमप्रकाश पटेल, संतोष कुमार सोनकर एवं सौरभ रघुवंशी आदि रहे।

# टीबी मुक्त भारत को धर्मगुरु भी आएं आगे

**वाराणसी।** देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद से विभिन्न समुदाय के धर्मगुरुओं ने जनमानस से अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने का संदेश भी दिया है।

क्षयरोग से डरें लेकिन रोगियों से नहीं श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के वरिष्ठ अर्चक आचार्य टेक नारायण उपाध्याय का कहना है शरीर कई रोगों का घर है लेकिन इसकी सम्पूर्ण जांच व उपचार किया जाए तो इसका निदान हो सकता है। टीबी भी एक गंभीर रोग है जिसकी यथाशीघ्र जांच और उपचार न कराया गया तो यह उसके साथ किसी और को भी हो सकता है। इसलिए लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सा इकाइयों में जाकर जांच व उपचार कराएं। सम्पूर्ण उपचार से यह मूलतः ठीक हो सकता है। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि क्षयरोग से सतर्क रहें लेकिन इसके रोगियों से न डरें। मुफ़्तीझ्ए-बनारस व इमाम शाही जामा मस्जिद ज्ञानवापी के मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी का कहना है सेहत सभी के लिए जरूरी है। किसी भी प्रकार की बीमारी इंसान को कमजोर बना देती है। फादर मजू मैथ्यू का कहना है टीबी, एक गंभीर बीमारी है जो छिपाने से ही बढ़ती है। नीचीबाग स्थित गुरुद्वारा के ग्रंथी धरमवीर सिंह का कहना है समाज में टीबी मरीजों के प्रति भेदभाव, मिथक व भ्रांतियों को दूर करना भी जरूरी है। सीएमओ डॉ संदीप चौधरी का कहना है कि साल 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## काशी में 24 मार्च को होगा वन वर्ल्ड टीबी समिट


**वाराणसी।** विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वन वर्ल्ड टीबी समिट 2023 का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश को वर्ष 2025 तक क्षय मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने पर गहन मंथन होगा। सीएमओ ने बताया कि काशी में आयोजित हो रहे ह्यवन वर्ल्ड टीबी समिट 2023ह्ण का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय संगठन ह्यस्टॉप टीबी पार्टनरशिपह्ण और भारत सरकार की ओर से किया जा रहा है। इस आयोजन में विश्व के विभिन्न देशों के प्रतिनिधि, विशेषज्ञ, सहयोगी संस्थाएं तथा नीति नियंत्रक भाग लेंगे जो क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के संबंध में विभिन्न विषयों पर गुणवत्तापूर्ण चर्चा के दौरान निर्णय लेंगे। यह आयोजन देश को क्षय उन्मूलन करने में एक नई दिशा व आयाम प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में ब्राजील, नाइजीरिया, यूरोप के मंत्री, स्वास्थ्यमंत्री, डबल्यूएचओ के क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री सहित केंद्रीय राज्य स्वास्थ्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल व मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री सहित 20 अति विशिष्ट व्यक्ति शामिल होंगे। इसके अलावा स्टॉप टीबी पार्टनरशिप, महानिदेशक स्वास्थ्य, उप महानिदेशक (टीबी), सेंट्रल व स्टेट टीबी डिवीजन सहित विभिन्न प्रान्तों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उच्च अधिकारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), आईसीएमआर के अधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम मे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के क्षय रोग अधिकारी, सीएचओ व अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल होंगे।

## सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे से लोग परेशान



**वाराणसी।** मोहनसराय-लहरतारा मार्ग सड़क चौड़ीकरण में सड़कों के किनारे एक से डेढ़ फुट गड्ढे खोद कर छोड़ दिये गये हैं। बारिश की वजह से उन स्थानों पर पानी जमा हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के खिलाफ रोष व्याप्त है। रोहनिया थाने के समीप ली गई तस्वीर दुश्वारियां बयां करने के लिए काफी हैं। लोग किचड़ युक्त पानी में उतर कर जाने को मजबूर हैं, कुछ जगहों पर बोरे में बालू भरकर रास्ता बनाया गया है। जिससे स्थानीय लोग मार्ग को पार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि तीन महीने से ज्यादा हो गए है लेकिन अब तक सड़क किनारे खोदे गड्ढों को पाटने का कार्य नहीं किया जा सका है। जिससे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन संबंधित विभाग चुप्पी साधे है।

## जब तक पीड़ा रहेगी, लेखक व कवि बनते रहेंगे : प्रो.विकास



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के अंग्रेजी विभाग में बुधवार को 'इंटरेक्शन विद स्टूडेंट्स' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें उपन्यासकार एवं कवि प्रो. विकास शर्मा ने कहा कि जब तक पीड़ा रहेगी तब तक लेखक व कवि बनते रहेंगे। छात्र-छात्राओं ने प्रो. विकास से प्रश्न पूछे और उन्होंने बड़े ही स्पष्ट रूप से उनकी शंकाओं का समाधान किया। अपनी कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम का माहौल खुशनुमा बन गया। संचालन शोध छात्रा आकांक्षा सिंघम, स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. निशा सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. जीएस द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक प्रो. नलिनी श्याम कामिल, डॉ. नवरत्न सिंह, डॉ. नीरज धनकड़, डॉ. नीरज कुमार सोनकर, डॉ. कविता आर्य, डॉ. रीना चटर्जी, डॉ. आरती विश्वकर्मा, डॉ. किरन सिंह, प्रो. जीएस द्विवेदी और विभाग के शोध छात्र व स्नातक कक्षाओं के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्वच्छ वातावरण से स्वस्थ विचार पनपते हैं : डॉ. विजय शर्मा




**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय इकाई के राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन डुमरी गांव में चल रहे कैंप में 250 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजय कुमार शर्मा ने छात्रों को बताया कि स्वच्छ वातावरण से स्वस्थ विचार का जन्म होता है। आगे बताया कि कैंप के पास की मलिन बस्ती में साफ सफाई की गई, छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ कार्य को संपन्न किया और क्षेत्र के घरों में जाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। उसके बाद छात्रों के मध्य पाणिनि सूत्रों पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने अपनी स्मरण शक्ति कौशल का प्रदर्शन करते हुए वृत्ति के साथ-साथ सूत्र के अर्थों को भी बताया। कार्यक्रम में डॉ कुंज बिहारी द्विवेदी और डॉ. विजेंद्र कुमार आर्य ने पूरे टीम का सफल निर्देशन किया।

## डीटीसी के पुस्तक का विमोचन

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं मधुमेह विषयक तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन बुधवार को किया गया। प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने मंडल ट्रैफिक कंट्रोलर संजय गुप्ता द्वारा रचित पुस्तक संवेदनाएं फिर जी उठेंगी का विमोचन मंडलीय अधिकारियों के साथ किया। (संवेदनाएं फिर जी उठेंगी) एक ऐसा कविता संग्रह है जो संवेदनहीन होतीमानवता, व्यावसायिकहोते संबंधों को झकझोरने का काम करेगी। मधुमेह विषयक तकनीकी संगोष्ठी में सहायक मंडलचिकित्साधिकारी डा अमरनाथ ने मधुमेह के चार प्रकारों का वर्णन किया तथा मधुमेह केविभिन्न चरणों एवं उसके दुष्परिणाम को भी बताया। रामाश्रय पाण्डेय ने कहा कि वाराणसी मंडल अन्य क्षेत्रों के साथ ही राजभाषा के क्षेत्र में भी अग्रणी है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन मुख्य हित निरीक्षक राहुल भट्ट द्वारा किया गया।

# रामचरित मानस दुनिया का सबसे बड़ा ग्रंथ-आचार्य शान्तनु



**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र पर अर्दली बाजार स्थित विंध्यवासिनी नगर कालोनी में बुधवार नौ दिवसीय को श्रीराम कथा का शुभारम्भ हुआ। कथा में युग पुरुष श्रीराम के प्रसंग को सुनकर भक्त निहाल हुए।

श्रीराम कथा के प्रथम दिवस पर पूज्य आचार्य शांतनु महाराज ने कहा कि भगवान की असीम कृपा से ही हम सब सन्मार्ग की ओर प्रेरित होते है माता पार्वती के शंका समाधान करते हुए महादेव ने बताया कि देवी ईश्वर सगुण भी है और निर्गुण भी भक्त जिस रूप में चाहता है प्रभु उसी रूप में भक्तों को दर्शन देते है। मानस की महिमा बताते हुए पूज्यश्री ने कहा कि ये रामायण कल्पबृक्ष के समान है इसको गाने वाला जो चाहता है वो उसको मिलता है परंतु शर्त है कि इसे निर्मल मन से गाया जाय। भगवान शिव के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि शिव और पार्वती श्रद्धा और विश्वास के प्रतीक हैं। इस अवसर पर चेतन नारायण सिंह पूर्व एमएलसी, सुधीर मिश्रा, सुधीर सिंह, अजय सिंह बांबी ने सहयोग किया।

## नवरात्र में विंध्यवासिनी धाम को अतिरिक्त बसें

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र में विंध्यवासिनी दरबार जाने की राह आसान होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रोडवेज प्रशासन ने वाराणसी परिक्षेत्र में 50 अतिरिक्त बसे चलाने की योजना बनाई हैं। इसका संचालन मंगलवार से शुरू हो गया। जो 30 मार्च तक चलेंगी। क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि कैंट व काशी डिपो से 10-10, चंदौली से सात, जौनपुर से 10, गाजीपुर से आठ व सोनभद्र से पांच बसें चल रही हैं।

## तड़पता रहा रोगी चिकित्सक थे नदारद, घंटों बाद पहुंचे डॉक्टर ने जिला अस्पताल किया रेफर

**सेवापुरी।** सेवापुरी क्षेत्र के बेरूका गांव निवासी एक युवक झोलाछाप चिकित्सक के चक्कर में गलत दवा का सेवन कर लिया और उसकी हालत बिगड़ गयी। उसे एंबुलेंस से सेवापुरी के राजकीय अस्पताल लाया गया। लेकिन यहां मौके पर कोई भी चिकित्सक नहीं मिला जैसा की उसके परिजनों का आरोप है। काफी इंतजार के बाद वहां एक चिकित्सक पहुंचा लेकिन मरीज के जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस बात को लेकर लोगों में काफी आक्रोश दिखा। बेरूका गांव निवासी अक्षय कुमार गौतम (40) की तबीयत खराब थी और वह किसी झोलाछाप डॉक्टर से इलाज करा रहा था। आरोप है कि डॉक्टर की गलत दवा देने से उसकी तबियत बिगड़ गयी। आनन-फानन में उसे एंबुलेंस से सेवापुरी राजकीय अस्पताल लाया गया। लेकिन यहां कोई चिकित्सक नहीं मिला। काफी इंतजार के बाद एक आया भी तो उसने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## पेड़ से लटककर अज्ञात ने लगायी फांसी

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के अखरी चौकी अंतर्गत करसडा पोखरा के पास शीशम के पेड़ के सहारे गमछे का फंदा बनाकर अज्ञात ने फांसी लगा ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करायी लेकिन सफलता नहीं मिली। डेडबॉडी से थोड़ी दूर पर शराब की शीशी और पानी का बोतल मिला। पुलिस ने वहां मिली समाग्री को कब्जे में लिया।

## सीपी ने मातहतों को किया ब्रीफ

**वाराणसी।** पीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही हैं। बुधवार को सीपी मुथा अशोक जैन, जिलाधिकारी एस राजलिंगम और एडिशनल सीपी संतोष कुमार सिंह ने मातहतों को सुरक्षा के बाबत ब्रीफ किया। सीपी ने कहा कि जिनकी ड्यूटी लगी है वह तय समय पर उक्त स्थान पर पहुंचकर जिम्मेदारी संभाल लें। सुरक्षा के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया। सीपी ने मातहतों को सर्तकता बरतने और तन्मयता से ड्यूटी करने को कहा।

# नगर आयुक्त ने वरुणा किनारे की सफाई

**की अगुआई**

### विश्व जल दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान, बच्चों व उपस्थित अधिकारियों संग लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरि ने विश्व जल दिवस पर बुधवार की सुबह वरुणा नदी किनारे बिखरे कूड़ों को खुद से साफ कर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान निगम अधिकारियों के साथ स्वयंसेवी संस्था के स्वयंसेवक और स्कूली बच्चों ने भी साफ सफाई में हिस्सा लिया। नगर आयुक्त ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

नगर आयुक्त के द्वारा उपस्थित लोगों को विश्व जल दिवस पर जल संचयन के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि वरुणा नदी हम सब की लाइफ लाइन है और नगर के प्रवेश का सबसे महत्वपूर्ण स्थल है। नदी को इस दशा में लाने के लिये हम स्वयं जिम्मेदार है। हमे शपथ लेनी है कि हम नदी में किसी भी प्रकार का कोई कूड़ा कचरा न फेकें और पूजा सामग्रियों को पुल पर स्थित अर्पण कलश में ही डाले। इस मौके पर नगर आयुक्त के द्वारा जल संरक्षण और नदी को स्वच्छ बनाने में उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलायी गयी। स्वच्छता अभियान में कर्नल सुशील, कर्नल राघवेंद्र मौर्य, अपर नगर आयुक्त दुष्यंत कुमार मौर्य, राजीव कुमार राय, सुमित कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य अभियन्ता मोईनुद्दीन, अधिशासी अभियंता, जोनल अधिकारी वरूणापार प्रमिता सिंह, सुबेदार पीसी खेदार व उनकी टीम के साथ अन्य उपस्थित थे।

## होटल संचालकों को दी चेतावनी

वाराणसी। नगर आयुक्त ने वरुणा नदी के किनारे बने होटल व अन्य व्यवसायी संचालकों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी। कहा कि तत्काल अपने संस्थानों से निकलने वाले गंदे पानी के नाली को बंद कर दें अन्यथा निगम के तरफ से गंदगी फैलाने व जन जीवन में महत्वपूर्ण वरुणा नदी को गंदा करने पर कड़ा जुमार्ना और विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया।

## फरार अभियुक्तों के घर पुलिस की 82 की कार्रवाई

**सारनाथ।** सारनाथ थाने में विभिन्न धाराओं में पंजीकृत मुकदमे में फरार सात अभियुक्तों के घर सारनाथ पुलिस ने 82 की कार्रवाई की।
चौकी प्रभारी आशापुर उपनिरीक्षक अखिलेश वर्मा ने बताया कि मुकदमा संख्या 552/21 में पंजीकृत सात अभियुक्तों अकण कुमार सिंह निवासी पिपरिहा जौनपुर, इश नारायण, निवासीहौज थाना जफराबाद जौनपुर, राजकुमार निवासी भगवानपुर थाना लंका, अखिलेश कुमार निवासी जगन्नथपुर संत रविदास नगर, सुरेंद्र कुमार निवासी चित्रसेनपुर थाना मिर्जामुराद, जय कुमार पाल निवासी बेलवा शिवपुर, सुरेंश कुमार बिंद निवासी मेदनपुर थाना औराई भदोही के घर डुगडुगी बजाकर कुर्की की नोटिस चस्पा की गयी।

## धधकती चिताओं के बीच सजेगी नगरवधुओं की महफिल

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र की पंचमी से सप्तमी तक मणिकर्णिका घाट स्थित बाबा महाश्मशान नाथ का तीन दिवसीय श्रृंगार महोत्सव होगा। 28 मार्च को महोत्सव के अंतिम दिन धधकती चिताओं के बीच नगर वधुओं की महफिल सजेगी। चैत्र नवरात्र की सप्तमी पर काशी के मणिकर्णिका घाट धधकती चिताओं के बीच नगरवधुओं की महफिल सजेगी। बाबा मसाननाथ के सामने नगरवधुएं मुक्ति की कामना के लिए अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। चैत्र नवरात्रि की पंचमी से सप्तमी तक मणिकर्णिका घाट स्थित बाबा महाश्मशान नाथ का तीन दिवसीय श्रृंगार महोत्सव होगा। महोत्सव की शुरूआत 26 मार्च से होगी। 28 मार्च को महोत्सव के अंतिम दिन नगर वधुएं महाश्मशान नाथ को भावांजलि प्रस्तुत करेंगी। इस बार भी रुद्राभिषेक, भोग-आरती व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महाश्मशान सेवा समिति के अध्यक्ष चैनु प्रसाद गुप्ता ने बताया कि 26 मार्च को बाबा महाश्मशान नाथ का रुद्राभिषेक व भव्य पूजन होगा।

**संक्षेप**

## आर्य समाज की स्थापना पर विधिपूर्वक यज्ञ



**वाराणसी।** राष्ट्र के समृद्धि, सुख व शान्ति हेतु भारतीय नववर्ष,आर्य समाज स्थापना दिवस बुधवार को आर्य समाज भोजूबीर में मनाया गया। इस अवसर पर विधिपूर्वक यज्ञ का आयोजन किया गया, शिव नारायण सिंह गौतम ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही परमात्मा ने 1,96,08,53,123 वर्ष पूर्व यौवनावस्था प्राप्त मानव की प्रथम पीढ़ी को इस पृथ्वी माता के गर्भ से जन्म दिया था, इस कारण यह मानव सृष्टि संवत है। इस अवसर पर जिला आर्य प्रतिनिधि सभा वाराणसी-चन्दौली के प्रधान प्रमोदआर्य 'आर्षेय' ने कहा कि आज ही दिन विश्ववन्द्य अद्वितीय वेद द्रष्टा महर्षि दयानन्द सरस्वती ने संसार में सत्य वेद धर्म के माध्यम से सबके कल्याणार्थ आर्य समाज की स्थापना की थी। इस अवसर पर वेद प्रकाश आर्य, सुशील जायसवाल, रवि प्रकाश बरनवाल, चन्द्रमा आर्य, चन्द्रदीप आर्य, सुशील सोनी, सुमित आर्य, आशुतोष जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे ।

## शास्त्रीय स्पर्धा की भव्य शुरूआत



**वाराणसी।** भारतीय नव वर्ष चैत्र नवरात्र बुधवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी की अध्यक्षता में श्री काशी विश्वनाथ धाम मंदिर के न्यास प्रांगण में आरंभ हो गया है। कुलपति प्रो वरखेड़ी ने शास्त्र सपर्या के विद्वान आचार्य हरिदास भट्ट, आचार्य मणिद्रविड शास्त्री, आचार्य के .ई.देवनाथन तथा आचार्य देवदत्त पाटिल का स्वागत करते हुए कहा है कि वाराणसी नगरी शास्त्र ज्ञान के लिए वैश्विक नगरी के रुप में सुप्रसिद्ध है, और यह सौभाग्य की बात है कि गंगा के इस नगरी तथा पावन धाम में देश के विविध भागों के नदीष्ण विद्वानों से शास्त्र शिक्षा प्राप्त कर इस राष्ट्रीय शास्त्र प्रतियोगिता में भाग अनेक छात्र छात्राएं भाग ले रहें हैं । श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य प्रो ब्रज भूषण ओझा ने इस आयोजन के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते इस सपर्या के प्रसंगों में भारत के काशी तथा दाक्षिणात्य परंपरा के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि वस्तुतः यह आयोजन ज्ञानमयी पूजा ही है। आचार्य हरिदास भट्ट ने न्याय के संदर्भ में हस्तशरीरं के न्यायदर्शन के पक्षों को रखा। प्रो वरखेड़ी ने इस बात को विविध तर्कों से संपुष्ट करते कहा कि यदि यह संस्कारजन्य अनुभव मानस इन्द्री पर आधारित होता है तो उसे प्रमाण माना जा सकता है। न्यास वाराणसी के अध्यक्ष प्रो नागेन्द्र पाण्डेय ने अपने आशीष भाषण में इस बात को लेकर बहुत ही प्रसन्नता जताया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो ललित कुमार त्रिपाठी , निदेशक ,गंगानाथ झा सीएसयू परिसर, प्रयाग राज, मंच संचालन , आचार्य मधुकेश्वर भट्ट , निदेशक , प्रकाशन एवं कार्यक्रम, सीएसयू , दिल्ली ने किया ।आज के पूर्वाह्न सत्र के सपर्या कार्यक्रम का संचालन डा गणेश पंडित, सीएसयू, दिल्ली ने किया।

## भाजपाइयों ने की जनसभा को सफल बनाने की अपील

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 मार्च को वाराणसी में होने वाली जनसभा को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव एवं मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया के नेतृत्व में बुधवार को पैदल जुलूस निकालकर सघन जनसंपर्क किया। वह कैलगढ़ कॉलोनी, जगतगंज, लोहामंडी क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को जनसभा में शामिल होने का न्योता दिया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा कुसुम पटेल, अपराजिता सोनकर, पूजा पांडे, पूजा दीक्षित, यशा मौर्या, नेहा कक्कड़, पूनम, अनु, रिचा सिंह, सुनीता सिंह, लक्ष्मी, मंजु आदि रहीं। दूसरी ओर, पार्टी कार्यकर्ताओं ने हाजी अब्दुर्रहीम के नेतृत्व में बाइक जुलूस निकालकर आम जनता को मोदी की जनसभा को सफल बनाने की अपील की।

## वृद्धा को लगाया 40 हजार का चूना

सेवापुरी। बैंक से प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त लेकर जा रहे वृद्ध दंपत्ति को बाइक सवार उचक्का झांस देकर 40 हजार लेकर भाग गया। हरिभानपुर गांव निवासी जगपति देवी अपने पति राजा राम के साथ बैंक से धनराशि निकाल कर घर लौट रहे थे। पीड़ित ने कपसेठी थाने में अज्ञात ठगों के खिलाफ तहरीर दी।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/कर्षण वितरण/ वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं।
[illegible]

**न्यायालय सिविल जज सी0डी0 जिला-गाजीपुर**
**द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा**
**मुक0 नं0 प्रकीर्ण वाद सं0-52/2023**
**श्रीमती रईसा बानो**
**बनाम**
**अपसार अहमद व अन्य**

1-अपसार अहमद आयु लगभग 57 वर्ष, 2. मुख्तार अहमद आयु लगभग 48 वर्ष, 3. अवरार अहमद आयु लगभग 56 वर्ष पुत्रगण मो0 उस्मान निवासीगण खिजरी शहीद, जमानियाँ कस्बा जमानियाँ, जिला-गाजीपुर। अपने मृत..................की देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिए उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिए सन् 1889 ई0 की अधिनियम 7 के अधीन उत्तरराधिकारी प्रमाण पत्र के लिए मूल्य 1932373 रुपया मात्र।

चूंकि उक्त ने प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन किया है और तारीख 29.04.23 को आवेदक की सुनवाई के लिए नियत हुआ है। अतः यह उद्घोषणा की जाती है कि जिस किसी को आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति है वह स्वयं या किसी वकील द्वारा उक्त न्यायालय में नियत तारीख पर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करें अन्यथा दरखास्त के खिलाफ सम्बन्ध में उचित कार्यवाही की जायेगी। तारीख 21 माह 03 सन् 2023 ई0

**न्यायालय सिविल जज सी0डी0 जिला-गाजीपुर**

**न्यायालय सिविल जज सी0 डी0 गाजीपुर**
**मु0 नं0-प्रकीर्ण सं0-49/70/2023**
**इसरार अहमद खान वादी**
**बनाम**
**इसरत जहाँ आदि प्रतिवादी**

1. इसरत जहाँ पत्नी इसरार अहमद खान उम्र 63 वर्ष। 2. हारिस इसरार पुत्र इसरार अहमद खान उम्र 25 वर्ष। 3. मुसर्रत जहाँ पुत्री इसरार अहमद खान उम्र 35 वर्ष। 4. आमजनता निवासीगण-नत्थनपुर पर0 तह0-मुहम्मदाबाद, जिला-गाजीपुर (विपक्षीगण) मृतक दानिस इसरार पुत्र इसरार अहमद खान दिनांक मृत्यु मुवलिक कुल योग 25,90577/- रुपया के वाबत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र के लिये दाखिल हुआ है।

हरगाह ने इस न्यायालय में एक दावा दाखिल किया है। जिसमें आपको सूचित किया जाता है कि तारीख 29 माह 04 सन् 2023 ई0 पर 10 बजे दिन में खुद या मार्फत वकील के हाजिर अदालत होकर मुकदमा में जवाबदेही दावा दाखिल करें। वरना आपके अनुपस्थित में मुकदमें की कार्यवाही आपके खिलाफ एक तरफा समायत की जायेगी।
तारीख 22 माह 03 सन् 2023 ई0

**न्यायालय सिविल जज सी0 डी0 गाजीपुर**

**न्यायालय सिविल जज सी0 डी0 गाजीपुर**
**मु0 नं0-प्रकीर्ण सं0-533/70/2022**
**कुश कुमार वर्मा वादी**
**बनाम**
**सम्पूर्णनन्द पाण्डेय आदि प्रतिवादी**
**बनाम**

1. सम्पूर्णानन्द पाण्डेय उम्र लगभग 65 वर्ष पुत्रगण स्व0 कृष्णा पाण्डेय
2. सूर्य प्रकाश पाण्डेय उम्र लगभग 15 वर्ष
3. बच्ची पाण्डेय उम्र लगभग 12 वर्ष
(2–3) पुत्रगण स्व0 सतीश पाण्डेय

नाबालिगान संरक्षिका माता हकीकी श्रीमती रीता देवी, निवासीगण-गैंव टोला (तिवारी टोला) कस्बा-मुहम्मदाबाद, जिला-गाजीपुर।

प्रतिवादीगण

उपरोक्त वादीगण निम्नलिखित वाद प्रस्तुत करता है-
हरगाह ने इस न्यायालय में एक दावा दाखिल किया है। जिसमें आपको सूचित किया जाता है कि तारीख 21 माह 04 सन् 2023 ई0 पर 10 बजे दिन में खुद या मार्फत वकील के हाजिर अदालत होकर मुकदमा में जवाबदेही दावा दाखिल करें। वरना आपके अनुपस्थित में मुकदमें की कार्यवाही आपके खिलाफ एक तरफा समायत की जायेगी।
तारीख 22 माह 03 सन् 2023 ई0

**न्यायालय सिविल जज सी0 डी0 गाजीपुर**

# नवरात्रि के पहले दिन मां के जयकारे से गूंजे देवालय



नवरात्र के पहले दिन पूजा पाठ करते भक्त।



देवी मंदिर में मां का जयकारा लगाते भक्त।



देवी मां की पूजा करते श्रद्धालु।

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन नगर समेत ग्रामीणांचलों में मां के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता का दर्शन कर परिवार सहित देश की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। वैदिक मंत्रोचार सहित जय माता दी, जय मां दुर्गे आदि भक्तिमय उच्चारणों से वातावरण भक्तिमय रहा।

मन्दिरों में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के पूजन-अर्चन में लोग लीन हो गये। दुर्गा सप्तसती का पाठ करने वाले कुछ लोग सुबह ही कलश स्थापन में लग गये। तो कुछ साढे ग्यारह बजे के बाद अभिजीत मुहुर्त में कलश स्थापना किये। मां दुर्गा सप्तशती का पाठ करने वाले अधिसंख्य लोग ब्रम्ह बेला से ही गंगा स्नान करने के लिए निकल गये। बुधवार को जापलिनगंज स्थित दुर्गा

**श्रद्धा**

## परिवार सहित देश की सुख शांति की भक्तों ने की कामना

मंदिर, शंकरपुर स्थित शांकरी भवानी मंदिर, ब्रह्माइन स्थित मां ब्रह्माणी देवी मंदिर, कपूरी स्थित मां कपिलेश्वरी मंदिर, मंगला भवानी मंदिर, उजेड़ा के भवानी मंदिर व खरीद की भवानी मंदिर में मां के पूजन अर्चन को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ मां का पूजन अर्चन किया। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा इलाका गूंजता रहा। दूर-दराज से मां के दरबार पहुंचे श्रद्धालुओं ने नारियल व चुनरी चढ़ा कर मातारानी से कुशलता की कामना की। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न देवी मंदिरों पर काफी संख्या में पुलिस रही।



मां पचरूखा देवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु।

### मंदिरों पर रही भक्तों की भीड़

रेवती। नवरात्रि के पहले दिन बुधवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मन्दिरों में दर्शन पूजन के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। भोर की प्रथम किरण फूटने से पूर्व ही गायघाट स्थित मां पचरूखा देवी मन्दिर, पचदेवी मन्दिर, शोभनाथपुर स्थित मां भगवती मन्दिर, दुर्जनपुर स्थित मां काली मन्दिर, पचदेवी मन्दिर, नगर रेवती स्थित मां दुर्गा मन्दिर, काली माता मन्दिर, सहतवार स्थित मां दुर्गा मन्दिर सहित देवी मन्दिरों में भक्तों का रेला ब्रम्हबेला से शुरू हो गया। जो पूजन-अर्चन में तल्लीन रहा। इस दौरान विभिन्न मंदिरों पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।



मां ब्रह्माइन मंदिर में दर्शन पूजन करते डीएम रविंद्र कुमार।

### नवरात्रि के पहले दिन डीएम ने किया दर्शन-पूजन

**बलिया।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने ब्रह्माइन स्थित मां ब्राह्मणी मन्दिर में दर्शन-पूजन कर जनपद वासियों के कल्याण की मंगल कामना की। उन्होंने नवरात्रि पर श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन और सुरक्षा व्यवस्था के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी न हो। मन्दिर समिति के साथ भी विचार विमर्श कर दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन, ग्राम प्रधान मुरली सहित अन्य लोग साथ थे।



देवी मंदिरों में भजन कीर्तन करते श्रद्धालु।

### देवी मंदिरों में पूजा पाठ की रही धूम



**बेल्थरारोड।** बासंतिक नवरात्र पूजा के प्रथम दिन गुरुवार को मां दुर्गे की मंदिरों में प्रातः होते ही ब्रत रहकर श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन सामग्री, प्रसाद, नारियल, चुन्दरी आदि के साथ पूजन अर्चन किया। ग्राम सोनाडीह में मां दुर्गे की आठवी एवं नौवीं देवी के रूप में मां परमेसरी एवं भगेसरी अवतार के मंदिरों पर भी भारी भीड़-भाड़ दिखी। मौके पर मंदिर से बाहर पूजन सामग्री की दुकाने सजी मिली, जहां पूजन सामग्रियों के लिए भक्तो का तांता लगा रहा। विधायक हंसूराम ने जहां अपने समर्थकों संग सोनाडीह के देवी मंदिर में माथा टेका, और पूजा अर्चन भी किया, वहीं ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने भी अपने साथियों संग देवी दर्शन के बाद विधि विधान से पूजन अर्चन किया।

### भक्तों ने देवी मंदिरों में किया दर्शन पूजन

**नगरा।** चैत्र बासन्तिक नवरात्र वर्ष प्रतिपदा पर बुधवार को क्षेत्र के मन्दिर, देवालयों, घरों में पूजन अर्चन के बाद प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने देवी की अराधना के साथ देवताओं के दर्शन किए। चढ़ावा में पकवान के साथ नारियल, अक्षत, अगरबत्ती, कपूर, फल, फूल आदि लेकर पूरे दिन युवक, युवतियां, महिला, पुरुषों का रैला लगा रहा। नगर पंचायत नगरा के प्राचीन दुर्गा मन्दिर, बाजार, ब्लाक, हनुमान चौक, पंचफेड़वा हनुमान मंदिर सहित क्षेत्र के श्रीनाथ मन्दिर नरहीं, कामेश्वर नाथ मंदिर पाण्डेय, चण्डहार मठ ईसारी सलेमपुर, ढेकवारी भोलेनाथ मंदिर, कोठियां सधुवाइन शिव मन्दिर, मलप, ताड़ी बड़ागांव, देढिया, खरुआंव आदि जगहों पर भक्त दर्शन पूजन करते रहे।

# बाहर रहने वाले काश्तकार पावर ऑफ अटार्नी बना करायें बैनामा

**बोले आत्रेय मिश्र**

## भूमि बैनामा कराने को उपजिलाधिकारी ने काश्तकारों से की अपील

**जनसंदेश न्यूज**

**बैरिया (बलिया)।** उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र के नेतृत्व में बुधवार को प्राथमिक विद्यालय करण छपरा में जन चौपाल का आयोजन हुआ। उप जिलाधिकारी ने ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के काश्तकारों से जो भी अवशेष बचे भूमि का बैनामा कराने पर जोर दिया।

शेष काश्तकारो से आग्रह किया गया कि वे यथाशीघ्र ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के लिए बैनामा कराने तथा संपूर्ण बलिया क्षेत्र के विकास में भागीदार बने। बैरिया में अभी तक ग्रीन फील्ड के लिए 82 प्रतिशत से अधिक बैनामा कराया जा चुका है। तथा करण छपरा के जो भी काश्तकार जिनका की इब्राहिमाबाद ऊपरवार मौजा में भूमि क्रय की जानी है। उनसे अपील की गई कि शीघ्र बैनामा करा ले। तहसील प्रशासन द्वारा काश्तकारों की सुविधा के लिए ई रिक्शा, टेंपो तथा बोलेरो की भी निशुल्क व्यवस्था की गई है। तथा जिस काश्तकार को कोई भी परेशानी हो वे लेखपाल से संपर्क कर यातायात की सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। उनकी सारी समस्याएं सुनी गई, तथा उनका निराकरण किया गया। एक एक आम समस्या जो कई काश्तकारों की है वह है कि वह सब बाहर रह रहे हैं। इस संबंध में सभी ग्रामवासियों को अवगत कराया गया कि जो भी काश्तकार बाहर रह रहे हो। वह पावर ऑफ अटॉर्नी बनवाकर अपने निकटतम संबंधी को वहीं से दे दे, तथा उनका संबंधी यहां बैनामा कर देगा। उनके खाते में पैसा चला जाएगा। इससे वे अनावश्यक यात्रा से भी बच जाएंगे।



कर्ण छपरा मे चौपाल को सम्बोधित करते एसडीएम।

### एसडीएम ने विद्यालय का किया निरीक्षण

इसके बाद उप जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। साथ ही उस बाउंड्री वॉल का भी निरीक्षण किया गया जिसे राजस्व टीम द्वारा भूमि विवाद सुलझा कर बनाया जा रहा है। इस दौरान कानूनगो अक्षयबर पांडे, कानूनगो शिव प्रसाद गुप्ता, लेखपाल धीरज वर्मा, राम मनोज तिवारी ग्राम प्रधान हरि सिंह आदि उपस्थित रहे।

## न्यायिक अधिकारी ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

**बलिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, नरेन्द्र पाल राणा द्वारा वृद्धाश्रम गड़वार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नरेन्द्र पाल राणा द्वारा आवासीत वृद्धजनों से उनके रहन-सहन व खान-पान के बारे में जानकारी ली। वृद्धाश्रम में निवासित सभी वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही वृद्धाश्रम गड़वार, बलिया में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, नरेन्द्र पाल राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें वृद्धजनों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनो के अधिकारां, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन (विधवा पेंशन) के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और आयकर तक में छूट दी जा रही है। सचिव द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एक कल्याणकारी योजना है इसका लाभ उठायें। इस योजना के तहत कोविड-19 में अनाथ हुये बच्चों की शिक्षा, आवास, शादी व रोजगार प्रशिक्षण की व्यवस्था है। अधीक्षक घनश्याम सिंह, नन्दजी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**संक्षेप**

### सेवा व समर्पण रासेयो का मुख्य मंत्र : डॉ. अरविंद

**बैरिया (बलिया)।** द्वाबा संस्कृत प्रचार समिति महाविद्यालय बैरिया के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ बुधवार को राजमुनी राम पूजन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेंगरही के परिसर में बुधवार को हुआ। वैदिक मंत्रोचार के बीच महाविद्यालय के संस्थापक पूर्व प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर राय ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत के अलावा सफाई अभियान चलाया गया। 28 मार्च तक चलने वाले इस सात दिवसीय शिविर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं व कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार राय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य व कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि सेवा व समर्पण इस योजना का मुख्य मंत्र है। इसी के तहत इस शिविर में स्वयंसेवक वह स्वयं सेविकाओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर मनीष कुमार, शिवेस पांडे, प्रभारी प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश पांडे, आशुतोष राय, श्री भगवान यादव, मिथिलेश सिंह, मुकेश सिंह, शिवदयाल सोनी आदि ने विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता संस्थापक डॉ नरेंद्र बहादुर राय व संचालन प्रवक्ता रामबदन गोड़ ने किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रवक्ता रूपा केसरी ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## नवरात्रि में मांस मछली की दुकानों पर प्रतिबंध की मांग


**बैरिया (बलिया)।** हिन्दू के लिए पवित्र पर्व नवरात्र के समय मांस, मछली, अण्डा के दुकानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग के संदर्भ ग्रामीणों ने एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र को प्रतिवेदन देकर बताया है, कि नवरात्र में नौ दिन पूजा पाठ व अध्यात्म के लिए होता है। ऐसे में मांस मछली की दुकानों पर प्रतिबंध होना चाहिए। क्योंकि इससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचता है। लोगों का आरोप है कि सुरेमनपुर, रानीगंज, बैरिया, लालगंज, दलन छपरा, टोला शिवन राय व आसपास के ग्रामीण इलाकों में खुलेआम पशु पक्षियों का वध कर मांस बेचा जा रहा है। यह कतई उचित नहीं है। एसडीएम बैरिया ने इस संदर्भ में उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। पत्रक देने वालों में बीएन मिश्रा, सुशील, राजकुमार, अरुण, महेश, रमेश, महेश आदि लोग शामिल थे।

# आग से घर-गृहस्थी का सामान राख

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के नीरुपुर गांव में मंगलवार की देर रात मच्छर भगाने के लिए जलाये गये मार्टिन के कारण आग लग गई। जिसके चलते घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

नीरुपुर गांव निवासिनी सीमा देवी पत्नी स्व. अनंतलाल यादव घर पर ही दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करती थी। मंगलवार की देर रात मच्छर भगाने के लिए पेपर पर मार्टिन रखकर सो गई। धीरे धीरे पेपर सुलग गया और आस-पास रखे कपड़ों को आग ने अपने आगोश में ले लिया। जब तक उसकी नींद खुलती आग बेकाबू हो गई और आग से घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक उसका सिलाई मशीन, कपड़ों के साथ ही घर गृहस्थी का सारा सामान जल कर राख हो गया।



### भगत सिंह के शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर गोष्ठी

**बलिया।** संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा अंबेडकर संस्थान बलिया में भगत सिंह का शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शीर्षक भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव के विचारों की प्रासंगिकता रही। वक्ताओं ने कहा कि फांसी पर चढ़ने से पहले भगत सिंह ने कहा था कि जब गतिरोध की स्थिति लोगों को अपने शिकंजे में जकड़ लेती है तो किसी भी तब्दीली से वे हिचकिचाते है। इस जड़ता व निष्क्रियता को तोड़ने के लिये एक क्रांतिकारी भावना पैदा करने की जरूरत है। अन्यथा पतन व बबार्दी का वातावरण छा जाती है। वक्ताओं ने कहा कि भारत में आज पूंजीपतियों का लोकतंत्र है, शाषितों उत्पीड़ितों का लोकतंत्र नहीं है। सभा को केशव सिंह आजाद, तेजनारायण, रविंद्र सिंह, परमात्मा नंद राय, शैलेश कुमार सिंह, अशोक कुमार पांडेय, बलवंत यादव, संतोष सिंह, प्रो. संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जनार्दन सिंह ने किया।

# स्वर्णकार समाज के हितों के लिए नही हटूंगा पीछे

**बोले विधायक मोहन वर्मा**

## एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली मिलन की दी बधाई

**बेल्थरारोड।** कुशीनगर जिला के विधानसभा हाटा के भाजपा विधायक मोहन वर्मा ने बिल्थरारोड में एक मैरेज हाल में मंगलवार की शाम स्वर्णकार समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मोहन वर्मा ने बेल्थरारोड की धरती को प्रणाम करते हुए कहा कि स्वर्णकार समाज के एकता की देन है कि भाजपा ने उन्हे टिकट देकर पार्टी का विधायक बना दिया। इसके लिए उन्होने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई भी दिया।

उन्होने भरोसा देते हुए कहा कि स्वर्णकार समाज के हितों के लिए पार्टी से हटकर भी काम करना पड़ा तो पीछे नही हटूगां। उन्होने कहा कि अब तक हमारा समाज अपनी पूंजी लगाकर दूसरे के पीछे चलकर चुनाव जिताते थे लेकिन अब समय आ गया है कि विधान सभा में हमारे समाज के दो विधायक चुनकर आ चुके हैं। आश्वस्त करते हुए कहा कि स्वर्णकार समाज के हितों की रक्षा के लिए आवाज उठाने का काम करुंगा। लेकिन उसके लिए एक मंच पर आकर लखनऊ के अन्दर बड़ी संख्या में विशाल रैली निकाल कर अपनी ताकत का सरकार को अहसास कराना होगा। इसमें उन्होने समाज के नौजवानों को आगे आने का आह्वान कर उन्हें सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। आगे कहा कि होली मिलन समारोह में आज संकल्प लेकर आप सभी जायेगें कि आपसी मन मुटाव दूर कर होने वाले स्थानीय निकाय के चुनाव में हर क्षेत्र से चुनाव जिताने का काम करेगें। रसड़ा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सोनी ने समाज के लोगों से अपने बच्चों को संस्कारित कर उनके अंतिम सफलता पाने तक शिक्षा दिलाने का सुझाव दिया। स्वर्णकार समाज के राष्ट्रीय महासचिव सुनिल कुमार सर्राफ ने होली समारोह के बीच सभी को होली की बधाई देते हुए रंगों को जीवन से जोड़ते हुए कहा कि अभिन्न अंग की संज्ञा दी। मशहूर शायर अरशद हिन्दुस्तानी ने अपने नज्मों के माध्यम से स्वागत करते हुए सभी का दिल जीत लिया।

स्वर्णकार समाज के मनोज सर्राफ, दिनेश सर्राफ, यशबीर सिंह रिंकू तथा धर्मेन्द्र सोनी ने अपने सहयोगियों के बल पर होली मिलन समारोह का मनोहारी आयोजन किया था।



होली मिलन समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रहा जलवा

मौके पर विजय वर्मा जिलाध्यक्ष, बनारसी वर्मा रसड़ा, अशोक वर्मा पत्रकार, पूर्व ब्लाक प्रमुख नगरा निर्भय प्रकाश, हरेन्द्र वर्मा, डा. शुभनाथ सर्राफ, अंचल वर्मा, मनोज सर्राफ, दिनेश सर्राफ, मोहन सिंह वर्मा, कामाख्या वर्मा, पवन वर्मा, ओमप्रकाश सर्राफ, मुरलीधर वर्मा, मुरारी लाल वर्मा, बिनू वर्मा, प्रदीप वर्मा, सूरज, गौरव सर्राफ, सर्वजीत वर्मा, शिवजी वर्मा, राजेश वर्मा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पारसनाथ व संचालन धर्मेन्द्र ने किया।



# 421 करोड़ से सुधरेगी नगर की पेयजल व सीवरेज व्यवस्था

**पहल**

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास पर अमृत-2 योजना को शासन ने दी हरी झंडी

सीवरेज के लिए 271 करोड़ तो पानी सप्लाई के 150 करोड़ की मिली वित्तीय स्वीकृति



**बलिया।** प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास पर शासन ने बलिया नगर के पानी सप्लाई व सीवरेज व्यवस्था को सुधारने के लिए करीब 421 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी है। सब कुछ ठीक रहा तो इस पर जल्द कार्य शुरू भी हो जाएगा। अमृत-2 योजना के तहत होने वाले इस पूरे कार्य के लिए शासन ने वित्तीय स्वीकृति दे दी है।

योजना के तहत नगर में 247 पानी सप्लाई देने के साथ ही पूरे शहर की सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। ऐसे में इसके बनने के बाद पूरे नगर के लोगों को जहां जल निकासी आदि की समस्या से निजात मिलेगा तो 24 घंटे पानी की सप्लाई भी मिलने लगेगी। नगर में सीवरेज की व्यवस्था सुदृढ़ नहीं होने से लोगों को वर्षों से जल निकासी की समस्या झेलनी पड़ती है। बरसात के दिनों में तो और भी आफत की स्थिति हो जाती है। नगर में चारों ओर जलजमाव हो जाने से लगभग हर मोहल्ले में नारकीय स्थिति हो जाती है। हालात ऐसा होता है कि हफ्तों लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में इस पूरी समस्या को देख चुनाव के दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह ने इसे प्राथमिकता के तौर पर दुरुस्त कराने का वादा किया था। इसे लेकर नगर विधायक दयाशंकर सिंह चुनाव जीतने व मंत्री बनने के बाद से ही इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए थे। ऐसे में उनका प्रयास रंग लाया और शासन ने उनके प्रस्ताव को हरी झंडी देने के साथ ही इस पूरे परियोजना के लिए करीब 421 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी भी दे दी है। इसमें शासन ने सीवरेज कार्य के लिए 271 करोड़ रुपये तो 24 घंटे पानी सप्लाई की व्यवस्था को 150 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इसमें 271 करोड़ रुपये से नगर क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही एसटीपी व ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जाएगा। इसके अलावा 150 करोड़ रुपये से नगर क्षेत्र के लोगों को 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

### नगर क्षेत्र को हर हाल में बनाएंगे सुंदर: दयाशंकर

**बलिया।** नगर क्षेत्र को हरहाल में सुंदर बनाने का काम किया जाएगा। नगर में जलजमाव की समस्या काफी जटिल व आम जनता के लिए कष्टकारी है। इसके लिए सरकार बनने के बाद से ही प्रयास में लगा था जिसकी मंजूरी मिल गई है। इस पूरी परियोजना पर जल्द ही कार्य शुरू कराने के प्रयास में लगे हैं, जिससे लोगों को राहत मिल सके। कहा कि इसके अलावा भी शहर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए विकास संबंधित कई प्रस्ताव दिए गए हैं जो जल्द पूरे होंगे।

## एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** एसपी राज करन नय्यर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना फेफना पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली। थाना फेफना दुमदुमा के एक मकान में 01/02 मार्च 2023 की रात्रि को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी किए जाने की सूचना प्राप्त होते ही थाना स्थानीय द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण/चोरी हुए सामान की बरामदगी हेतु तत्परता पूर्वक सार्थक प्रयास करते हुए 22 मार्च 2023 को थाना स्थानीय के उनि सूर्यपाल मय फोर्स के देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन क्षेत्र में मौजूद थे, कि जरिए मुखबीर खास सूचना मिली कि ग्राम भीखमपुर के पास सड़क पर एक अज्ञात व्यक्ति खड़ा हुआ है। मुखबिर की इस सूचना के आधार पर फेफना पुलिस टीम द्वारा भीखमपुर रविदास मंदिर के पास से अभियुक्त रमेश पुत्र देवा निवासी संवरा थाना रसड़ा जनपद बलिया को हिरासत पुलिस में लिया गया। जामातलाशी के दौरान व्यक्ति के कब्जे से चोरी से सम्बन्धित कुछ समान तथा 01 अदद तमंचा 315 व 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. सूर्यपाल थाना फेफना, नन्दू पाल थाना फेफना, सोनू यादव थाना फेफना, अमरेन्द्र यादव थाना फेफना, राजेन्द्र पाल थाना फेफना जनपद बलिया शामिल रहे।

# नवरात्रि के प्रथम दिन हजारों भक्तों ने की मां दुर्गा की पूजा-अर्चना



**बांसडीह।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में मां का कपाट पूरे धार्मिक रीति-रिवाज से खुल गया। इस दौरान भक्तों का जमघट क्षेत्र के सभी मंदिरों में सुबह से जमघट लगने लगा। मां के आस्था के प्रति हर साल की भांति गेट के बाहर एक कतार में श्रद्धालु दिखाई दिये।

इस दौरान जय माता दी एवं मां के नाम का जयकारा लगता रहा। बुधवार को बांसडीह क्षेत्र के सभी मंदिरों की सजावट भव्य रूप में रही। मंदिरों के पास फूल, माला के साथ तरह-तरह की दुकानें सजकर तैयार थीं, ताकि भक्त सुविधानुसार पूजन सामग्री के साथ माता के दर्शन करें तो वहीं वैदिक मंत्रोचार सहित जय माता दी,जय मां दुर्गे आदि भक्तिमय उच्चारणों से वातावरण भक्तिमय रहा। मन्दिरों में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के पूजन-अर्चन में भक्त लीन रहे। दुर्गा सप्तसती का पाठ करने वाले कुछ लोग सुबह ही कलश स्थापन में लग गए। कुछ भक्त मंगलवार की देर रात से ही अभिजीत मुहूर्त में कलश स्थापना किये। मां दुर्गा सप्तशती का पाठ करने वाले अधिसंख्य लोग ब्रम्ह बेला में ही गंगा स्नान करने के लिए निकल गये। जहां गंगा स्नान के पश्चात लोग घटस्थापना के लिए गंगा जी का मिट्टी लेकर अपने-अपने घरों तथा स्थलों पर पहुंच कलश स्थापना में लग गये। भोर की प्रथम किरण फूटने से पूर्व ही बलिया जिले के बांसडीह स्थित मां चक्रवरधारणी दुर्गा मंदिर, मां जगदात्री भवानी दुर्गा मंदिर बड़ी बाजार, सैदनाथ स्थित देवी मंदिर, मां भगवती दुर्गा मंदिर देवरार, सहतवार स्थित मां दुर्गा मन्दिर सहित देवी मन्दिरों में भक्तों का रेला ब्रम्हबेला से शुरू हो गया, जो पूजन-अर्चन में तल्लीन रहा। इस दौरान सभी मंदिरो में सुरक्षा की दृष्टि स्थाई रूप से कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स लगी रही।

## संक्षेप

### आरएसएस का पथ संचलन कार्यक्रम 23 को

**बलिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया जिला द्वारा 23 मार्च गुरुवार को विराट पथ संचलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बंध में जिला कार्यवाह हरनाम जी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष आद्य सरसंघचालक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार की जयंती अर्थात चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (वर्ष प्रतिपदा) के अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा विराट पथ संचलन का आयोजन किया जाता है। चूंकि इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 22 मार्च को है। नवरात्र के व्रत को ध्यान रखते हुए यह संचलन 23 मार्च को अपरान्ह 3 बजे से प्रारम्भ होगा। इस निमित्त स्वयंसेवक कार्यक्रम स्थल पर अपरान्ह 2 बजे एकत्रीकरण होंगे। यह संचलन श्री मुरली मनोहर टाउन डिग्री कॉलेज के मैदान से प्रारम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ पुनः वापस श्री मुरली मनोहर टाउन डिग्री कॉलेज के मैदान में पहुंचेगा। जहां जन समारोह के साथ कार्यक्रम सम्पन्न होगा। ज्ञात हो कि इस संचलन हेतु बलिया जिले के लगभग एक हजार स्वयंसेवक दण्ड सहित पूर्ण गणवेश में घोष दल के साथ कदम से कदम मिलाकर संचलन करेंगे।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बलिया।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा गैर सरकारी संगठनों के फील्ड कार्यकताओं हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आर सेटी, बलिया में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि अग्रणी जिला विकास प्रबंधक राजकुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समूहों को बैंक से जुड़ी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखा जाएगा। नाबार्ड से जुड़ी हुई स्वयं संस्थाओं के प्रतिनिधियो को नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मोहित यादव के द्वारा जिले में स्वयं सहायता समूह के गठन से लेकर इसके बैंक लिकेज तक की कार्य योजना पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। साथ ही सभी कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़े तथा उनको बैंक से जोड़कर तथा ऋण प्रदान कर के उनको आर्थिक रूप से स्वालम्बी बनाने में मदद करे। इस अवसर पर डीके सिंह, अनिल कुमार शुक्ल, रंजन तिवारी, परवेज अंसारी, प्रवीण यादव, राजू राज, डॉ शशि सिंह, अरविंद राय, देवेंद्र प्रसाद, अश्विनी तिवारी,शिवजी प्रसाद, नीतीश उपाध्याय, हरिकिशन, पंकज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन सुधीर कुमार सिंह ने किया।

### टेम्पो पलटने से 5 महिलाएं घायल

**बेल्थरारोड।** बेल्थरारोड हनुमान गढ़ी मंदिर से शादी के लिए लड़की देखकर घर वापस जाते समय क्षेत्र के ग्राम हल्दिया लखौलिया में मंगलवार की शाम एक टेम्पो पलट जाने से 5 महिलाए चोटिल हो गयी। जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीयर में कराया गया। जानकारी के अनुसार मीना देवी (45), रिंकू देवी (45), सुनिता देवी (40), पूनम देवी (28) एवं ममता देवी (26) लड़की देखने के लिये हनुमान गढ़ी मंदिर गयी हुई थी। लड़की देखने के बाद व सभी एक टेंपो से जा रही थी। इसी बीच हल्दिया लखौलिया में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गयी। इससे सवार महिलाएं घायल हो गयी। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया।

### विवाहिता से छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता के साथ 5-6 युवकों द्वारा छेड़खानी किए जाने एवं उसका वीडियो बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता का वीडियो बनाकर पीड़िता को धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। लोक लाज के भय से विवाहिता इसकी सूचना किसी को नहीं दी। फोन द्वारा विवाहिता दिल्ली में प्राइवेट नौकरी कर रहे अपने पति को सूचना दी। जब गांव पति आया तो मनियर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। विवाहिता का आरोप है कि वह खेत में शौच करने के लिए गई थी तो गांव के ही 3 नामजद सहित चार पांच अज्ञात लोग उसे पकड़ लिए और अश्लील हरकत करने लगे। यही नहीं मोबाइल पर वीडियो भी बनाने लगे। जब विवाहिता द्वारा शोर मचाया गया तो सभी लोग भाग गए। इसकी सूचना विवाहिता ने दिल्ली में प्राइवेट नौकरी कर रहे अपने पति को दी। विवाहिता का आरोप है कि वे लोग धमकी देते रहे कि कोई केस की तो तुम्हारा वीडियो वायरल कर देंगे। विवाहिता ने एसएचओ मनियर से उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की मौत

**बलिया।** बलिया-बांसडीह मार्ग स्थित शंकरपुर चट्टी के समीप सोमवार की शाम ट्रैक्टर से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के भैदपुर निवासी शिवजी राजभर 55 टघरौली स्थित सीमेंट ईंट के प्लांट पर मजदूरी करता था। सोमवार की शाम वह प्लांट के ट्रैक्टर पर बैठकर टकरसन एक दुकान पर पहुंचा। वहां से वापस लौटते समय शिवजी ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पत्नी इंद्रासनी देवी की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष राजकपूर सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

### 25 मार्च को लगेगा रोजगार मेला

**बलिया।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उप्र के निर्देशानुसार-जिला सेवायोजन कार्यालय बलिया, राजकीय आईटीआई बलिया, कौशल विकास मिशन बलिया के संयुक्त तत्वाधान में 25 मार्च 2023 को राजकीय आईटीआई इब्राहिमाबाद बलिया के प्रांगण में, निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेला विभिन्न क्षेत्रों की टेक्निकल तथा नान टेक्निकल क्षेत्र की कैरियर विजार्ड, स्काई प्लेसमेंट सर्विस सुब्रोस इण्डिया लि. धुत ट्रांसमिशन प्रा.लि., लावा इण्टरनेशनल वोन इण्डिया लि. जीगा कारपोलस, लार्सन एण्ड टर्बो एलएनटी, जीफोरएस सिक्योरिटी, शिवशक्ति वायोटेक्नोलाजी सहित लगभग 10 कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं। इन कम्पनियो द्वारा लगभग 1500 पदों पर भर्ती किया जायेगा। इच्छुक वेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष हैं तथा 10वीं, 12वीं व स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा पास हैं इस रोजगार मेला में प्रतिभाग कर सकतें है।

### अगली पीढ़ी के जीवन के लिए जल संरक्षण जरूरी

**बलिया।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रूफ टॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने बाकायदा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चन और फावड़ा चलाकर इस कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आगामी पीढियों के जीवन सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण पर विचार करना ही होगा। हम सबका दायित्व है कि हम सब ऐसी धरोहर छोड़ कर जाएं, जिसमें आगामी पीढ़ी को कोई समस्या न हो। यह जल संरक्षण व प्रकृतिक स्त्रोतों को संरक्षित करके ही सम्भव है। इस कड़ी में वर्षा का जल संरक्षण सबसे आवश्यक है। हम सबको इसके लिए कृत संकल्पित होना होगा। उन्होंने आइटीआइ के छात्र-छात्राओं को भी जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। मौके पर आइटीआइ प्रधानाचार्य संजय भारती, आइटीआइ सीयर प्रधानाचार्य रवींद्र, रामनाथ, लल्लन सहित समस्त आइटीआइ स्टाफ मौजूद थे।

### अब व्यापारियों के हित की बात होगीः काका

**बलिया।** 48 वर्षों से समाज की सेवा में अपनी अलग पहचान बनाने वाल अवधेश कुमार काका को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें नवरात्र के पहले दिन ही इतनी बड़ी जिम्मेदारी बुद्धवार को प्रदेश उपाध्यक्ष अरविन्द गांधी ने दी। वहीं जिलाध्यक्ष प्रयाग चौहान ने भी उन्हें बधाई दी है। अवधेश कुमार काका 24 वर्ष की उम्र से ही समाज सेवा की क्षेत्र में अब तक जुड़े है। वह 37 वर्ष तक भारतीय जनता पार्टी से भी जुड़े रहे। श्री काका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े है। वह सेवा भावना से कार्य करते है। नागा जी वरिष्ठ विद्यालय माल्देपुर में कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य भी है। अवधेश काका अब नये वर्ष में मिली जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए अब नई शुरूआत व्यापार मण्डल की राजनीति से करने जा रहे है, जिसका श्री गणेशाय बुद्धवार से हुआ। उनके घर पहुंचे व्यापारी नेताओं के साथ बैठक में व्यापारियों के हित की बात कही गयी। बातचीत में उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हित में जो भी हो सकेगा वह करेंगे। यदि किसी व्यापारी के साथ किसी तरह का अन्याय हुआ तो वह लड़ाई भी लड़ेंगे। पहले वह व्यापारियों की समस्या समझेंगे उसके बाद उनकी समस्याओं को शासन व प्रशासन को अवगत करायेंगे। यदि बात नहीं बनी तो वे संघर्ष भी करेंगे। उन्होंने कहा कि बलिया जिले में व्यापारियों की संख्या सबसे अधिक है। छोटे-बड़े व्यापारियों की एक सूची तैयार है और उसके आधार पर उन व्यापारियों से सम्पर्क किया जायेगा और उनके समस्याओं का समाधान किया जायेगा। नवागत व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष अधेश कुमार काका को जनपद के व्यापारियों ने बधाई दी है। व्यापारियों के अंदर खुशी का माहौल बना हुआ है। उन्हें यह उम्मीद है कि अवधेश काका उनकी लड़ाई लड़ेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रयाग चैहान, युवा जिलाध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, अनिल रौनियार, राजेश कुमार कुशवाहा, संजय गुप्ता, विकास कुमार, रितेश कुमार, प्रीतम गुप्ता, सतीश कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह आदि लोगों ने बधाई दी।



## अज्ञात कारणों से दुकान में लगी आग, सामान जलकर खाक



**मझौवां।** हल्दी थाना क्षेत्र के रामगढ़ ढाले पर जनरल स्टोर की दुकान में मंगलवार की देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगी कि इस घटना में लाखों रुपए के समान के साथ 10 हजार नकदी भी जलकर राख में तब्दील हो गया। आग लगने की सूचना पर पहुंचे दुकानदार लल्लू प्रसाद गुप्ता व उनके परिवार का रोते-रोते बुरा हाल हो गया था। उनके परिवार के जीविका का एकमात्र साधन यह दुकान था, जो आग की लपटों में जलकर राख में तब्दील हो गया। बताते चलें कि हल्दी थाना क्षेत्र के रामगढ़ निवासी लल्लू प्रसाद गुप्ता की रामगढ़ ढाले पर जनरल स्टोर की दुकान है और इसी दुकान से उनके पूरे परिवार का खर्चा चलता है। हर दिन की तरह लल्लू गुप्ता मंगलवार की शाम को अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। इसी बीच करीब रात में 3 बजे के आस-पास लल्लू प्रसाद गुप्ता की दुकान से आग की लपटें उठने लगी थी। व्हिच ढाले पर सो रहे लोगों की नींद खुल गई तो अचानक आग की लपटों को देखकर अवाक रह गए अभी वह कुछ समझ पाते कि आग ने विकराल रूप धारण कर लिया दुकान में रखे लाखों रुपए के समान जलकर राख के ढेर बन गए। वहीं दुकान में रखा फ्रिज भी जलकर राख हो गया था। स्थानीय चट्टी पर अज्ञात कारणों से आग लगने की तीसरी घटना है।

# मोटे अनाज की उपयोगिता को लेकर शुरू हुआ पोषण पखवाड़ा

**बलिया।** जनपद में सोमवार से शुरू हुआ पोषण पखवाड़ा तीन अप्रैल तक चलेगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग के साथ मिलकर आंगनबाडी केंद्रों पर सामुदायिक सहभागिता से विभिन्न गतिविधियां होंगी। इस दौरान पोषण पंचायत, पोषण रैली, वजन दिवस व मोटा अनाज के प्रयोग को बढ़ावा देने को प्रेरित किया जायेगा। सामुदायिक स्तर पर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, किशोरियों एवं छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाया जाएगा। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के एम पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़े में मिलेट्स यानी मोटे अनाजों जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू के इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। अभी भी समाज में मोटे अनाज को गरीबों के आहार से जोड़ा जाता है। जबकि मोटे अनाजों में प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं।



### मोटा अनाज में मिलता है भरपूर पोषण

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मोटे अनाज में प्रोटीन, फाइवर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीज, फास्फोरस, पोटैशियम और विटामिन बी कांप्लेक्स जैसे पोषक तत्व पाये जाते हैं। जो बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य के लिये बेहतर है। इसके साथ ही ब्लाक स्तरीय स्थानीय साग सब्जियों के आधार पर रेसिपी का प्रदर्शन एवं स्वास्थ्य केंद्रों तथा एएनएम सेंटर पर मोटा अनाज पर ध्यान केंद्रीत करने वाली आहार पद्धतियों पर जागरूकता शिविर के आयोजन किये जायेंगे। स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा के अंतर्गत विजेता बच्चे के माता पिता को प्रमाण पत्र व पुरस्कार दिया जाएगा। जिसमें पोषण के लिए मोटे अनाज की उपयोगिता के लिए प्रचार-प्रसार, स्वस्थ बाल बालिका स्पर्धा का आयोजन एवं सक्षम आंगनवाड़ी का प्रचार- प्रसार शामिल किया गया है। पोषण के संदेश के प्रचारद्द प्रसार के लिए आंगनबाड़ी केंद्र एवं परियोजना स्तर पर तिथिवार गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण रैली, प्रभात फेरी, बैठक, गृह भ्रमण, हैंड वाशिंग, वृद्धि निगरानी, आपदा प्रबंधन, पोषण वाटिका की स्थापना, किशोरी समूह की बैठक, प्रश्नोतरी, चित्रकारी, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षेप

### चण्डी सागर मन्दिर से निकली भव्य कलश यात्रा



**मऊ।** बुधवार को उप्र कांग्रेस कमेटी के सदस्य अनिल कुमार उर्फ बब्लू राय, दिनेश भारती, कथा वाचक महाराज श्री जी सम्पर्क, चण्डी सागर के पुजारी श्यामसुन्दर राय, चण्डी सागर मन्दिर के पुजारी मनोज के नेतृत्व में 11 बजे चण्डी सागर से भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे रथ के साथ सैकड़ों माताएं बहनें, बच्चे, बच्चियॉ, एवं मुहल्ले वासियों के साथ चण्डीसागर मन्दिर से निकलकर शीतला माता मन्दिर होते हुए अगुवान बाबा आर्य समाज होते हुए रामघाट तमसा नदी से जल लेकर औरंगाबाद मिजार्हादीपुरा से होकर चण्डी सागर मन्दिर पर कथा स्थल पर पहुंचा। अनिल कुमार राय उर्फ बब्लू राय ने बताया कि चण्डी सागर मन्दिर के प्रांगण में बुधवार से 30 मार्च तक सायं 7 बजे रात्रि 10 बजे तक कथा प्रारम्भ होगी। कलश यात्रा में सुरेन्द्र, दीपक यादव, लक्ष्मी यादव, संगीता, शीला, सोनी पटेल, सन्ध्या सोनकर, कुमकुम सोनकर, हीरा, मेटी सोनकर, गीता, दीलिप, छेदी, योगी, तपेसर, सुदामा, राजेश प्रजापति आदि सैकड़ो की संख्या में मुहल्ले के माता एवं बहने सम्मिलित रहीं।

### वैष्णवी राय के स्वागत की तैयारी अन्तिम रूप

**मऊ।** बुधवार को घोसी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजमंगल यादव उप्र कांग्रेस कमेटी की सदस्य व घोसी विधानसभ की पूर्व प्रत्याशी प्रियंका यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख जयहिन्द यादव, रामनिवास राय, सतीश चन्द, अशोक कुमार आचार्य, जनार्दन यादव शमीम अहमद, प्रवीण सिंह, जयप्रकाश रिंकू, स्वामीनाथ, अरविन्द, आफताब सिद्धिकी, चम्पा आदि कांग्रेसजनों द्वारा घोसी विस के ग्रामसभा मझवारा, ग्रमासभा जमालपुर, बनियापार, सेमरी जमालपुर, कल्यानपुर, न्याय पंचायत घोसी, न्याय पंचायत कोपागंज, आदि ग्राम पंचायतों का सघन दौरा कर कांग्रेसजनों से अपील किया कि गुरूवार को 02 बजे मऊ गाजीपुर बार्डर बढ़ुआ गोदाम स्थित दुर्गामन्दिर पहुंचकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य बनने के बाद प्रथम आगमन पर वैष्णवी की स्वागत के कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनायी गयी। उधर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनिल जायसवाल, शहर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता चुन्नू भाई, इम्तेयाज नसीम, शशिकान्त राय, ब्रम्हानन्द पाण्डेय, सुशीला श्रीवास्तव, नसीम बेलाली, तैय्यब खॉन, सुबाष गुप्ता, तौसिफ इलायी, मऊ शहर के विभिन्न मुहल्लो में पहुंचकर लोगों से स्वागत के कार्य को सफल बनाने की अपील किया।

# हाईटेंशन तार के चपेट में आने से बुनकर की मौत



जनसंदेश न्यूज

**कोपागंज, मऊ।** बुधवार को बाजीपुरा मोहल्ले में सुबह करीब 10 बजे छत के ऊपर गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 63 वर्षीय बुनकर की मौत हो गई। मौत की सूचना के बाद घर में कोहराम मच गया सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को सुबह करीब 10 बजे मोहल्ले के रफीउल्लाह पुत्र समीउल्लाह किसी काम से दो मंजिला मकान के छत पर गया था इसी दौरान ऊपर गुजर रहे हाईटेंशन के तार में बिजली का धारा प्रवाहित हो गया और टूट कर तार छत पर गिर गया इसी दौरान रफीउल्लाह हाइड्रेशन के तार में आ गया और तड़पते हुए दो मंजिले मकान के नीचे गली में धड़ाम से गिर पड़ा। आवाज सुनकर घर के लोग पहुंचे तो रफीउल्लाह के तड़पता देख उनके होश उड़ गए। थोड़ी देर बाद वहां सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और तत्काल 108 एंबुलेंस को सुचना दी। लेकिन काफी देर इंतजार के बाद भी मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंचा। जिसके बाद लोग एंबुलेंस को कोसने लगे इसी दौरान। बुनकर की थोड़ी देर बाद घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक बुनकर काफी गरीब था और लूम चलाकर किसी तरफ परिवार के साथ गुजारा करता था।

मृतक के भाई ने बताया कि छत के ऊपर गुजर रहे हाईटेंशन तार को हटाने के लिए काफी समय से बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर तार के नीचे जाली लगाए जाने की मांग किया था लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी आज तक संवेदन शून्य रहे। मृतक बुनकर के भाई ने बताया कि हाईटेंशन तार के नीचे जाली लग गया होता तो भाई की मौत देखने को नहीं मिलती। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सपा नेता अरशद रेयाज ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि घरों के ऊपर गुजर रहे जर्जर हाईटेंशन तार लोगों के जिंदगी के लिए खतरनाक बना हुआ है। बावजूद विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं उन्होंने कहा कि मृतक बुनकर काफी गरीब है उन्होंने प्रशासन से मृतक बुनकर के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की।

### दिवार गिरने से पिता-पुत्र घायल



**कोपागंज, मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के खालिसपुर गांव में पड़ोसी की बाउंड्री की दिवार गिरने से पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल, घायलों को ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से भेजवाया जिला अस्पताल, जहां डाक्टरों ने गंभीर रूप से घायल पिता पुत्र को किया ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया। सरायलखंसी थाना क्षेत्र के खालिसपुर गांव निवासी अनवार अहमद पुत्र साबीर का मकान का निर्माण कार्य हो रहा है उसी दौरान पिता अनवार अहमद उम्र 50 वर्ष और अनवार का लड़का मोहम्मद आमिर उम्र 15 वर्ष गली से ईट ढोह रहे थे तभी पड़ोसी हाजी इतेखार की बाउंड्री की दिवार अचानक गिर गई जिसमें अनवार और आमिर दब गए। परिजनों की चिख पुकार पर ग्रामीणों ने अनवार और आमिर को बाहर निकाला और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। जहां डाक्टरों ने गंभीर रूप से घायल पिता पुत्र को गम्भीर रूप से घायल होने पर रेफर कर दिया। मौके पर पहुची 112 नम्बर की पुलिस खालिसपुर गांव पहुंचकर इस मामले में छानबीन कर रही है। वही अनवार की पत्नी राबिया का रोते रोते बुरा है।

# श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर निर्धारित समय से पूरा करें कार्य : डीएम



**मऊ।** बुधवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत संचालित पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि जनपद मऊ में कुल 1268 राजस्व ग्रामों की डीपीआर तैयार की जानी थी, जिन्हें पूर्ण कर लिया गया है।

हर घर नल योजना फेज 2 के अंतर्गत जनपद मऊ हेतु नामित कार्यदाई संस्था मेसर्स एलसी इंफ्रा द्वारा अब तक 218 नग पेयजल योजनाओं का डीपीआर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को जिला पेयजल योजना एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से प्रेषित किया गया है, जिनमें से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा 213 नग डीपीआर को स्वीकृति भी मिल चुकी है। संस्था द्वारा वर्तमान में 152 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। डीएम ने कार्यदाई संस्था द्वारा स्वीकृत 213 नग डीपीआर के सापेक्ष अभी तक मात्र 152 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारंभ करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 1 हफ्ते के अंदर श्रमिकों की संख्या बढ़ाने तथा रिग मशीन, ओपी यूनिट, कंप्रेसर की संख्या को बढ़ाते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

अन्यथा की स्थिति में कार्यदाई संस्था पर पेनाल्टी लगाने के भी निर्देश डीएम द्वारा दिए गए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को टीपीआई से रिपोर्ट लेकर संबंधित संस्था के खिलाफ नोटिस भेजने के भी निर्देश दिए। कार्यदाई संस्था केएलएसआर ने निर्धारित समय से पूर्ण होने ना होने पर उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। अन्य कार्यदाई संस्थाओं जीए विश्वनाथ तथा दो अन्य संस्थाओं के कार्यों की प्रगति संतोषजनक पाई गई।

फिर भी जिलाधिकारी ने इस प्रगति को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान टीपीआई द्वारा परियोजनाओं के जांच के संबंध में असंतोष प्रकट करते हुए जिलाधिकारी ने टीपीआई के प्रत्येक निरीक्षण कर्ता की तिथि वार फोटोयुक्त प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में तेजी लाएं अन्यथा अन्य एजेंसियों को शेष कार्यों को सौंपने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम एमए किदवई, कार्यदाई संस्था में मेसर्स एलसी इंफ्रा, मैसर्स जीए विश्वनाथ, मेसर्स केएलएसआर, डीपीएमयू, टीपीआई तथा आईएसए के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बेहतर कार्य योजना तैयार कर संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को बनायें सफल : डीएम

**मऊ।** बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के साथ ही जिला कार्यक्रम विभाग को भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाना है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बेहतर कार्य योजना तैयार कर इस अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई हेतु नपा/नगर पंचायते, पंचायती राज विभाग को विशेष निर्देश दिए। डीएम ने विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं अभिभावकों को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर रोगों, जल जनित रोगों तथा गर्म मौसम से संबंधित रोगों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। डीएम ने नगर पालिका/ नगर पंचायतों को क्षेत्रों में नालियों/ कचरो की सफाई करवाना, फागिंग, लार्विसाइडल स्प्रे तथा साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए।

# मातेश्वरी महाधाम में नौ दिवसीय आदिशक्ति अखंड महायज्ञ प्रारंभ



**दोहरीघाट, मऊ।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महा धाम पर हजारों मातृभक्तों ने मातेश्वरी परिवार के संस्थापक व सदगुरु महाराज के निर्देशानुसार सरजू नदी से कलश में जल भरकर अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महा धाम में बने हवन कुंड की परिक्रमा कर अपना-अपना कलश स्थापित किया। इसी के साथ नौ दिवसीय आदिशक्ति अखंड महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। सदगुरु ने कहा कि नौ दिवसीय आदिशक्ति अखंड महायज्ञ में बारी बारी से आचार्यों द्वारा हवन चलता रहेगा तथा 31 मार्च को सुबह 7 बजे भंडारे के साथ कलश विसर्जन व यज्ञ पूणार्हुति के साथ समापन होगा वही शक्तिपीठ की आचार्य अत्री ने बताया कि इन नौ दिवसीय आदिशक्ति अखंड महायज्ञ के दौरान सदगुरु द्वारा सुबह शाम ध्यान योग रेकी प्रवचन किया जाएगा।

### चैत्र रामनवमी के प्रथम दिन मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का लगा रहा तांता

**दोहरीघाट, मऊ।** चैत्र रामनवमी के प्रथम दिन कस्बे में राम जानकी घाट पर स्थित दुर्गा मंदिर पर सुबह से ही महिलाओं पुरुष बच्चों बुजुर्गों का रेला उमड़ा रहा सुबह से ही घंटों शंखों के मधुर स्वर से पूरा नगर गुंजायमान रहा। वही इस पावन अवसर पर लोगो दवाई अपने घरों में कलश स्थापना भी की। मंदिरों के शहर के नाम से विख्यात यह नगर पूरी तरह से भक्ति सागर में गोते लगा रहा है।

# वासंतिक नवरात्र : या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता...

## मंत्रों के साथ शक्ति का आह्वान, घरों में कलश स्थापित


करहिया स्थित मां कामाख्या का दर्शन करते श्रद्धालु।


मुहम्मदाबाद में देवी मंदिर में पूजन-अर्चन करती महिलाएं।

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** ' या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमोनमः।' वासंतिक नवरात्र के पहले दिन बुधवार को इन्हीं मंत्रों के साथ शक्ति का आहवान किया गया। घरों में कलश की स्थापना के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू हो गया। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी शक्ति की आराधना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों के आसपास मेले जैसी स्थिति रही।

शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन करने के लिए पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। यह क्रम देर शाम तक बना रहा। बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों ने देवी मां के चरणों में शीश नवाकर उनसे आशीर्वाद लिया। शहर के मिश्रबाजार एवं हमीद सेतु स्थित काली मंदिर और नवाबगंज स्थित मां शीतला माता मंदिर के साथ ही अन्य मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में शीश नवाकर उनसे मंगल की कामना की। पूजा सामग्री की दुकानों से नारियल, चुनरी, फूल-माला की खरीदारी कर मां के चरणों में अर्पित किया और मन्नतें मांगी।

**वासंतिक नवरात्र**

### दर्शन करने आते हैं दूर-दूर से श्रद्धालु, नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़

### शैलपुत्री की उपासना

**मुहम्मदाबाद।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन पर्वतराज हिमालय की पुत्री मां शैलपुत्री की उपासना की जाती है। इसी क्रम में नगर क्षेत्र में चार माता के मंदिर हैं जिसमें शाहनिंदा में माता महाकाली मंदिर, तहसील में माता मनोकामना देवी का मंदिर, यूसुफपुर में दुर्गा मंदिर तथा हाटा स्थित माता महाकाली मंदिर है। सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ मंदिरों पर उमड़ पड़ी। स्त्री पुरुष सभी माता के जयकारे लगा रहे थे। माता के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। हाटा स्थित माता महाकाली मंदिर के पुजारी सत्य प्रकाश उर्फ मुकेश जी ने बताया कि सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही। नवरात्र के दौरान पूजा करने व व्रत रखने से मां भक्तों के सभी कष्टों को दूर करती हैं। संध्या समय प्रत्येक माता के मंदिर पर विशेष आरती पूजा होगी। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

### सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

**मरदह।** क्षेत्र के बोगना बड़का गांव में ब्रम्ह बाबा के स्थान पर चैत नवरात्र के शुभ अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बोगना बड़कागांव से होते हुए तिवारी के पूरा दासा का पूरा,नवापुरा काली माता के मंदिर पर पहुंची।जहां महिलाओं ने घड़ा में जल भरा,यात्रा गांव की परिक्रमा कर वापस कथा स्थल पर पहुंची और सभी कलश को स्थापित किया गया। श्री धाम अयोध्या से आए कथावाचक अजीत दास जी महाराज ने विधि मंत्रोचार के साथ भागवत की पूजा अर्चना की। कलश यात्रा में सत्यनारायण सिंह,मनीष सिंह,प्रवीण कुमार पांडेय, आशीष गोंड, जितेंद्र मिश्रा,घनश्याम सिंह, शुभम सिंह, रामकृत गोंड, अमन, अरुण सिंह, प्रेमप्रकाश सिंह, राघवेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों महिलाएं एवं बूढ़े बुजुर्ग,नौजवान उपस्थित रहे।


जखनियां स्थित देवी मंदिर पर हवन-पूजन करती महिलाएं।


बोगना बड़का गांव में कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर भक्तों ने टेका मत्था

**जखनिया।** चैत्र नवरात्रि पर सिद्ध पीठ हथियाराम मठ स्थित मां सिद्धिदात्री धाम व वृद्धिका मां के दरबार मे दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। मां का दर्शन पाने के लिए दूरदराज सहित मऊ, बलिया, आजमगढ़ जनपद के भी आस्थावानों की भीड़ लगी रही। मां के नाम जयकारे से पूरा क्षेत्र ही मां की भक्तिमय हो गया था। मंदिर के पुजारी पंडित सर्वेश चंद्र पांडे ने बताया कि चैत नवरात्रि में पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर महंत भवानी नंदन यति महाराज सिद्ध पीठ हरिहरपुर मठ स्थित दक्षिणेश्वर महाकाली के मंदिर में वैदिक विद्वानों द्वारा शतचंडी पाठ किया जा रहा है।

### पर्व पर मार्गों पर रही चहल-पहल

नवरात्र के पहले दिन शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिर की ओर जाने वाली सड़कों पर श्रद्धालुओं के दिन भर आने-जाने का सिलसिला बना रहा। गहमर स्थित मां कामाख्या धाम पर जहां आसपास के लोग पैदल पहुंचे थे, वहीं दूर-दराज के लोगों ने निजी साधनों से पहुंचकर मां का पूजन- अर्चन किया। यही स्थिति जिले के अन्य देवी मंदिरों की भी रही।

### दुकानदारों की रही चांदी

गहमर में मां कामाख्या धाम और करीमुद्दीनपुर स्थित मां कष्टहरणी मंदिर परिसर में प्रसाद एवं फूल माला की दुकानें सजी थीं, जिस पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। इसके अलावा चाय-नाश्ता, खिलौना, गुब्बारे सहित अन्य सामानों की दुकानें लगाई गई थी। प्रसाद और फूल-माला की खरीद करने के बाद भक्तों ने दर्शन-पूजन किया। बाद में जलपान करने के साथ ही पूजा सामग्री की दुकानों से शेरावाली की तस्वीर, उनकी फोटो लगी लाकेट, अंगूठी सहित अन्य सामानों की खरीदारी की, जिससे दुकानदारों की चांदी रही।

### कामाख्या धाम पर श्रद्धालुओं ने लगायी हाजिरी


**सेवराई।** गहमर स्थित मां कामाख्या धाम पर भक्तों द्वारा मां कामाख्या के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। वहीं श्रद्धालुओं का मां के दर्शन पूजन के लिए आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। अलसुबह से भक्तों के आने का जो क्रम शुरू हुआ वो देर शाम तक चलता रहा। मंदिर परिसर स्थित नारियल,प्रसाद चुनरी की दुकानों पर भक्तों ने जमकर खरीदारी की वहीं चाट-पकौड़ी की दुकानों पर महिलाओं की काफी भीड़ दिखी।सुरक्षा को देखते हुए एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद, नायब तहसीलदार विपिन चौरसिया, बीडीओ भदौरा राजेश श्रीवास्तव, कोतवाल गहमर पवन कुमार उपाध्याय सहित कई आला अधिकारी पूरे मंदिर परिसर का चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी जायजा लिया। तो वहीं मेले में आये श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के मद्देनजर सीएचसी भदौरा के प्रभारी डॉ धनंजय आनंद के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया था।

### शैक्षिक संस्थानों पर मादक द्रव्यों के सेवन पर होगा ऐक्शनः डीएम

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग एवं नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किये गये एक युद्ध नशे के विरूद्ध के अन्तर्गत बच्चों को मादक द्रव्यों के सेवन से दूर रखने के लिए डीएम आर्यका अखौरी ने एक्शन लेने के लिए निर्देशित किया है। डीएम ने कहा कि विद्यालयों कार्यालय, शैक्षिक संस्थाओं (जैसे कोचिंग सेन्टर, इन्स्टीटयूशन, छात्रावास, प्रशिक्षण केन्द्र एवं उद्यान आदि) पर मादक पदार्थो, मदिरा, बीड़ी, सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पादन की विक्री रोके जाने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने प्रतिष्ठान के अन्दर व बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करें, तथा बिना अधिकृत चिकित्सक के आदेश के किसी व्यक्ति/बच्चों को प्रतिबन्धित मादक, औषधि का विक्रय न किया जाय। उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। सीसी टीवी कैमरे की फुटेज का जनपदीय औषधि नियंत्रण प्राधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा किसी भी समय औचक निरीक्षण किया जा सकता है।

# बेमौसम बरसात से गेहूं की फसल बर्बाद, किसान मायूस


सेवराई में तेज हवा बारिश से खेत में गिरी गेंहू की फसल।


सेवराई क्षेत्र में बारिश के दौरान सड़क पर बिछी बर्फ की चादर।


बारा में टूटे खंभे और तार को उठाते बिजली कर्मी

**मौसम की मार**

### तेज हवा के साथ ओलावृष्टि से किसान मायूस

**गाजीपुर।** बेमौसम हुई बारिश से भले ही आम इंसान को गर्मी से राहत पहुंची है, लेकिन इस बरसात ने किसानों की कमर तोड़ दी है। इस बरसात ने सरसो, चना, आलू और टमाटर पर ज्यादा असर डाला है तो गेहू की फसल को बर्बाद कर दिया है। जिसमें किसानों की मेहनत तो बर्बाद हुई है ही साथ ही उन्हें आर्थिक नुकसान भी पहुंचाया है। बीते 48 घंटे के भीतर बारिश के कहर ने गेंहू की फसल को 70 प्रतिशत तक बेकार कर दिया है। जिससे किसानों को खासा नुकसान पहुंचा है। किसान अपने बर्बाद गेंहू की फसल को देखकर अपनी किस्मत को रो रहे हैं। अब उन्हें सिर्फ सरकार से उम्मीद है जो उनके चोट पर कुछ मलहम लगा सकती है।

जिले में बीते मंगलवार को गरज व चमक के साथ रात नौ बजे तेज हवा चली इससे तापमान में गिरावट आ गई। वहीं आंधी तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई जिससे क्षेत्र की कई एकड़ गेंहू की फसल बर्बाद हो गयी। आंधी पानी के कारण गेहूं की फसल लोट गयी है। सुबह जब नींद खुली तो लहलहाती व पकी गेंहू की फसल जमीन पर लोटी देख किसानों के पैरो तले से जमीन खिसक गई। सोनाडी गांव के दीपनारायण समेत अन्य किसानों ने बताया कि गेहूं पकने की स्थिति में थी। फसल लोट जाने से फसल कमजोर हो जायेगी जिसके चलते पैदावार भी कम होगी। किसानों ने बताया कि गिरे फसल को काटने के लिए मजदूर भी जल्दी तैयार नहीं होते हैं। असमय बरसात के कारण चना मटर पर भी बुरा असर पड़ा है। तेज हवा के कारण आम की बौर भी झड़ गई है।

### हाईटेंशन तार पर गिरा पेड़,आपूर्ति बाधित

**बारा।** मंगलवार रात नौ बजे के करीब तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार बारिश के बीच हाईटेंशन बिजली लाइन पर पेड़ की डाल टूटकर गिरने से बारा उपकेंद्र से जुड़े पूरे क्षेत्र की सप्लाई गुल हो गई। 11 हजार मेन लाइन में लगे कई इंसुलेटर खराब होने से विद्युत कर्मी लाइन दुरुस्त करने में जुटे रहे। बावजूद इसके बारा में आधे गांव के लोगों को बिजली नहीं मिल सकी। मंगलवार रात बारिश संग तेज हवा ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेपटरी कर दिया। इसके चलते तीन गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। कुतुबपुर, रोइनी और बारा में आधे गांव की बिजली आपूर्ति बुधवार सुबह 11 बजे बहाल हो गई, लेकिन आधे गांव में अब भी बिजली आपूर्ति बाधित है। विद्युत उपकेंद्र बारा से संचालित दो फीडर से जुड़े तीन गांवों में आपूर्ति होती है। मंगलवार रात बारिश संग तेज हवा के कारण गहमर पूर्वी पंप कैनाल के पास हाईटेंशन विद्युत लाइन पर पेड़ की डाल टूटकर गिर गया। इससे चार खंभे और तार टूटकर गिर गए। तार और खंभे टूटने से 14 घंटे बिजली आपूर्ति बंद रही। बारा में आधे गांव की बिजली आपूर्ति अब भी ठप है।

### ओलावृष्टि से किसानों की टूटी कमर

**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में बीती मंगलवार की रात जबरदस्त आंधी तूफान व ओलावृष्टि के कारण किसानों के खेत में खड़ी गेहूं ,चना, मटर ,मसूर व सरसों आदि की फसल बबार्दी के कगार पर पहुंच गई है। जिससे क्षेत्र के किसानों को वर्ष भर की खेतों में की गई कमाई अपनी आंखों के सामने चौपट होते देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिखाई दे रही है। क्षेत्रिय किसानों ने बताया कि बीती रात जबरदस्त तेज हवा के साथ भारी बरसात व ओला पड़ने से खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह से बबार्दी के कगार पर पहुंच गई है । सेवराई गांव के किसान विक्की सिंह, रामाकांत सिंह, संजय सिंह, अरविंद सिंह, टुनटुन सिंह आदि किसानों ने बताया कि बीती रात आंधी तूफान व तेज बरसात के साथ ओलावृष्टि होने के कारण खेतों में खड़ी फसल में पानी भर जाने की वजह से फसल गिरकर पानी में तैरने लगी है ।अधिकतर फसलें लाख कवायद के बावजूद भी नहीं बचाई जा सकती ।

### रात भर गुल रही शहर की बिजली

शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। हल्की बारिश में भी केबल व उपकरण फुंक जा रहे हैं। खामी दुरुस्त करने में घंटों का समय लग जाता है। खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है। मंगलवार की रात तेज हवा बारिश के बीच रौजा उपकेंद्र से नौ बजे गुल हुई बिजली पूरी रात नहीं आई, जिससे नगरवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बुधवार की सुबह करीब दस बजे बिजली आपूर्ति बहाल हुई। तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

# कारागार में मोबाइल किसी भी हाल में न हो प्रयोग : संजय कुमार

**निरीक्षण**

### जिला जज सहित डीएम-एसपी ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**


जिला कारागार को निरीक्षण करते बाहर निकलते जिला जज संजय कुमार व अन्य।

**गाजीपुर।** जिला जज संजय कुमार-7, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा संयुक्त रुप से जिला जेल का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार मे कारागार चिकित्सालय, महिला एंव पुरूष बैरक, रसोई घर, का निरीक्षण किया तथा कारागार में लगाये सी सी टी वी की संचालन व्यवस्था की जॉच की। जिलाधिकारी ने कारागार चिकित्सालय मे भर्ती कैदियों से बीमारियों के सम्बन्ध में पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गयी, इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया गयां। बैरकों में बन्दियों के कार्ड पर अगली पेशी का दिनांक को चेक किया गया। कारागार में रसोई घर के निरीक्षण में प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा में मोबाइल का प्रवेश न होने पाये इस हेतु रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जायें इसके अतिरिक्त महिला बन्दी गृह में दी जा रही सुविधाओ के बावत जानकारी ली।

### बाल सुधार गृह का किया निरीक्षण

जिला जज एवं डीएम द्वारा स्व. शिवपूजन पाठक बालिका गृह रस्तीपुर सैदपुर, पं. भोलानाथ मिश्र बालगृह (बालक) बड़ागॉव सैदपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से पूछताछ की उनके समय पर नाश्ता, खाना-पान की जानकारी ली उन्होंने रसोई भी चेक किया। निरीक्षण दौरान जिला जज ने कहा कि प्रत्येक दिन की खाने की वस्तु का चार्ट मीनू दीवार पर लगा होना चाहिए, उन्होंने शौचालय में साफ-सफाई एवं हार्पिक, साबुन, हैण्डवाश, मच्छरों के लिए छिड़काव आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करते हुए विशेष ध्यान दिया जाय। बच्चो के प्रत्येक रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपडीएम सैदपुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी अधिकारी संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीते वर्ष के प्रश्न पत्र पर परीक्षा करा रहा विभाग

**सादात।** बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित परिषदीय स्कूलों में बीते सोमवार से वार्षिक परीक्षा प्रारंभ है। जिसमें परीक्षा कराने वाले जिम्मेदारों ने बीते वर्ष के प्रश्न पत्रों से ही परीक्षा करा रहे है। जिससे परीक्षा मजाक बन कर रह गई है। वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन छात्र-छात्राओं की काबिलियत परखने के लिए होता है। लेकिन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से यह परीक्षा भी औपचारिता में ही निपटाई जा रही है। बेसिक विभाग द्वारा करायी जा रही वार्षिक परीक्षा, जिसमें वर्ष 2022 का ही पेपर 2023 में भी आया है। बस फर्क इतना है कि इस बार क्रम संख्या बदल दिया गया है। गौरतलब है कि परीषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की वार्षिक परीक्षा सोमवार 20 मार्च से शुरू हुई। जिले के 2269 स्कूलों में परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं को मिले प्रश्न पत्र का जब अवलोकन किया गया। तब पता चला कि जो पेपर वर्ष 2022 में आया था हुबहू वही पेपर इस बार भी आया है। केवल इतना हुआ है कि प्रश्नों का क्रमांक बदल दिया गया है। उदहारण के लिये कक्षा छह के इस वर्ष के संस्कृत का पेपर देखें तो कक्षा आठ संस्कृत के पेपर में इस बार के पहले प्रश्न का क पर रहने वाला प्रश्न पिछ्ले वर्ष ख पर था और जो इस बार ख पर प्रश्न है वह 2022 में क पर था। इसी तरह सभी आठ प्रश्नों में सिर्फ क्रमांक बदलने मात्र का काम किया गया है, बाकी प्रश्न सब पिछ्ले साल के ही हैं। कमोबेश यही स्थिति कक्षा तीन से आठ तक के पेपरों में देखने को मिल रहा है। हालांकि बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि जनपद स्तर पर 15 मार्च को प्रश्नपत्र तैयार कराकर 18 मार्च को समस्त बीईओ के माध्यम से विद्यालयों पर वितरण का कार्य सुनिश्चित कराया जाय। विडम्बना तो यह है कि अब तक दो दिनों में गृहशिल्प, कृषि, खेल व स्वास्थ्य के साथ ही विज्ञान व संस्कृत विषय की परीक्षा हो चुकी है। ऐसे में परीषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य कैसा होगा, इस बात का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

## संक्षेप

### पॉक्सो एक्ट के वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भांवरकोल।** स्थानीय पुलिस ने पाक्सो एक्ट के वारंटी को गिरफ्तार कर उसे सक्षम अदालत में पेश कर दिया है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि एसआई विकास सिंह अपने हमराही के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी बीच सूचना मिली कि थाने से सम्बन्धित एक वारंटी अजित ठाकुर अपने घर पर मौजूद है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। वारंटी इसी थाना क्षेत्र के बढ़नपुरा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर सम्बन्धित अदालत में पेश कर दिया है। उन्होंने बताया कि अदालत द्वारा एनबीडब्ल्यू जारी किए जाने के बावजूद वह काफी दिन से फरार चल रहा था।

### अगले आदेश तक रद्द नई रेल लाइन का निरीक्षण

**सुहवल।** पहले चरण की सोनवल से सिटी स्टेशन तक जाने वाली करीब 9.600 किमी लंबी नई रेल का आगामी 28 मार्च को कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी के द्वारा इस नये रेल लाईन का निरीक्षण अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक रद्द कर दिया है। जिसके चलते लोगों में इस लाइन पर जल्द ट्रेन संचालन की उम्मीदों धक्का लगा है। वहीं अब उम्मीद है कि इस नये लाइन का सीआरएस अप्रैल माह में हो सकता है,जिसके बाद ही पीएम नरेन्द्र मोदी इस नई परियोजना को जिले को समर्पित करने की उम्मीद है।हालाकिं 28 मार्च को सीआरएस की तारीख भी निर्धारित हो चुकी थी,मगर जैसे ही परियोजना के आधे अधूरे तैयारियों की जानकारी पीएमओ व रेल मंत्रालय को मिली तो वहाँ से इसका निरीक्षण अगले आदेश तक इलेक्ट्रिफिकेशन, सिंग्नलिंग, प्वाईंट, ट्रैक क्रासिंग सहित अन्य कामों के पूरा होने के बाद ही कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी का इस नये परियोजना के निरीक्षण की बात कही। इस संबंध में आरबीएनएल के सीपीएम विकास चंद्रा ने बताया कि 28 मार्च को इस परियोजना का होने वाला सीआरएस उच्चाधिकारियों के द्वारा रद्द कर दिया गया है।

### नेहरू युवा केंद्र ने चलाया गंगा घाट सफाई अभियान

**गाजीपुर।** नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में नमामि गंगे अभियान में युवाओं की सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड सैदपुर के पटना गंगा ग्राम में विश्व जल दिवस के अवसर पर गंगा दूतों ने गंगा ग्राम के प्राकृतिक जल स्त्रोत अथवा गंगा घाट के किनारे स्वच्छता अभियान चलाकर जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने एवं जल संरक्षण करने का संकल्प लिया। जिला परियोजना अधिकारी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हम सभी जानते हैं कि जल ही जीवन है परंतु पृथ्वी पर 71 प्रतिशत जल में से सिर्फ तीन प्रतिशत ही जल पीने योग्य है और जल का दोहन लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को जल के महत्व को बताने एवं जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व जल दिवस 2023 की थीम है जल और स्वच्छता संकट को हल करने के लिए परिर्वतन में तेजी लाना। स्वच्छता अभियान में गंगा दूत रवि कांत नागर, रतन, शिवम, आशीष, अभिषेक, प्रद्युम्न, रितेश, सूरज, प्रदीप निषाद, शिवम निषाद, आकाश आदि लोग उपस्थित रहे।

### हाल्ट स्टेशन मांग को लेकर डीआएम को सौंपा पत्रक


**सुहवल।** पूर्व प्रधान दीपक सिंह के नेतृत्व में बुधवार को मेदनीपुर व कालूपुर के मध्य हाल्ट स्टेशन की मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल वाराणसी मंडल के रेल प्रबंधक (डीआरएम) रामाश्रय पांडेय से उनके कार्यालय में मिलकर एक पत्रक सौंपा। डीआरएम को दिए गये पत्रक में लोगों ने यात्रियों की सुविधाओं खातिर एक रेलवे हाल्ट स्टेशन की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पत्रक के अलावा पूर्व में चलाए गये सात हजार से अधिक हस्ताक्षर युक्त रजिस्टर व डिजिटल बैनर सौंपा। वहीं डीआरएम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी मागों को लेकर दिए गये पत्रक को महकमें के उच्चाधिकारियों तक पहुंचा दिया जायेगा। पूर्व प्रधान दीपक सिंह व अन्य ग्रामीणों ने चेताया कि अगर उन लोगों की हाल्ट की मांग को नजरांदाज करने की कोशिश की गई। तो ग्रामीण विशाल धरना प्रदर्शन करने के साथ ही रेल चक्का जाम करने को मजबूर होगें।

### ट्रेनों के जरिए बिहार में हो रही शराब की तस्करी

**गाजीपुर।** बिहार में शराब बंदी के बाद जिले से बड़े पैमाने पर शराब तस्करी करके रेलगाड़ियों के जरिए बिहार ले जाई जा रही है। जिले से सटे विभिन्न रेलवे स्टेशनों से शराब माफिया निजी वाहन छोड़कर रेलगाड़ियों के माध्यम से तस्करी कर रहे है। शराब बैग और बोरों में भरकर बिहार जाने वाली ट्रेनों के शौचालय या सीट के नीचे छुपाकर ले जाई जा रही है।

## रमजान के लिए मस्जिदों के पास कराई सफाई

**बारा।** रमजान को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। बृहस्पतिवार को चांद दिखने के बाद शुक्रवार से रोजा शुरू हो जाएगा। रमजान के दौरान क्षेत्र की सभी मस्जिदों पर एक महीने तक रोजेदारों की भीड़ रहेगी। बारा गांव में जामा मस्जिद, हाजी साहब वाली मस्जिद, माझलीपट्टी मस्जिद, मस्तानबाग गौसिया मस्जिद, बाजार मस्जिद, गुलशन-ए-बाबर मस्जिद, रौजा मस्जिद, रकबा मस्जिद, कोट मस्जिद, टेकुरिया मस्जिद, रहमत व अन्य मस्जिदों के आसपास साफ - सफाई कराई जा रही है। रोजेदारों ने इफ्तार व सहरी के लिए खरीदारी शुरू कर दी है। दारुल उलूम अहले सुन्नत मदरसा गौसिया के प्रिंसिपल मौलाना कलीमुद्दीन शम्सी ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम रमजान का चांद देखकर शुक्रवार से रमजान का पहला रोजा रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि रमजान में की गई इबादत सीधे अल्लाह तक पहुंचती है। कहा कि रमजान का मुकद्दस महीना रोजा (उपवास) इबादत, दुआओं और हर तरह की बुराइयों से बचने के साथ आत्मनिरीक्षण का महीना है। इस महीने में की गई इबादत का सवाब (पुण्य) 70 गुना बढ़ जाता है। अल्लाह रोजेदारों के गुनाह माफ करते हैं और उनकी दुआएं कबूल की जाती है।


रमजान माह को लेकर जामा मस्जिद बारा में की गई सजावट।

## नेहरू स्टेडियम में वॉलीबॉल-दौड़ प्रतियोगिता संपन्न

**गाजीपुर।** नेहरू स्टेडियम में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के अन्तर्गत अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) की अध्यक्षता में हर आयु वर्ग की महिला/बालिकाओं द्वारा कबड्डी, खोखो, बालीबाल एवं दौड़ का प्रतियोगता समपन्न हुआ। जिसमें अपर जिलाधिकारी (वि/रा) द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। सभी महिला खिलाड़ियों को महिला कल्याण विभाग द्वारा टी-शर्ट एवं कैप वितरित किया गया तथा खेल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले महिला/बालिकाओं को शिल्ड/प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्याक्रम में संजय कुमार सोनी जिला प्रोबेशन अधिकारी, नरेन्द्र विश्वकर्मा पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, राम नगीना यादव समाज कल्याण अधिकारी एवं महिला शक्ति केन्द्र के कार्मिक उपस्थित रहे।

# पंचायत भवन का निर्माण अधूरा, कागजों में पूरा


विकास खंड के ग्राम पंचायत शाहपुर सोम्मर राय में अधूरा पड़ा पंचायत भवन।

**जखनियां।** विकास खंड में पंचायत भवनों का निर्माण शत प्रतिशत पूरा नहीं हुआ है। विभागीय अधिकारी उच्चाधिकारियों को गुमराह कर शासन को रिपोर्ट भेज रहें है। ब्लॉक अंतर्गत कुल 90 ग्राम पंचायत है। जहां अपूर्ण पंचायत भवन के सहारे कार्य कराए जा रहे हैं। जबकि, शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण होना है। सामुदायिक शौचालय का भी सभी ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार निर्माण कराना है। जहां नियमित रूप से केयरटेकर को नियुक्त करते हुए सभी पंचायत भवनों पर सचिव और पंचायत सहायक के उपस्थिति में शासन की योजनाओं का संचालन करना है। लेकिन जखनियां विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कागजों में ही सारे कार्य चल रहें है। धरातल पर ऐसे भी गांव हैं जहां पंचायत भवन ही नहीं बने हैं। फिर भी कागजों में पूर्ण दिखाते हुए सारे कार्य चल रहे है। खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने बताया कि अभी हमारी तैनाती जल्द हुई है। एडीओ पंचायत द्वारा जो रिपोर्ट दी गई है उसके आधार पर सात ग्राम पंचायतों में आवास अपूर्ण है। जिन्हें पूर्ण कराने के लिए संबंधित सचिव को निर्देशित किया गया है।

### अधूरे ग्राम पंचायत भवन

जखनियां विकास खंड के सात ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण अधूरा है। जिनमें हरदासपुर कला, चलनी, सरायधनेश, माखनपुर, रघुनाथपुर भडेवर, सदरजहांपुर और सुलतानीपुर पंचायत भवन है। यह ब्लॉक की रिपोर्ट है, लेकिन सच्चाई कुछ और ही है। बतादें, शासन से पंचायत भवनों के निर्माण के लिए 16.5 लाख रुपए की धनराशि आवंटित की गई थी। लेकिन ग्राम प्रधान चुनाव के बाद जिन ग्राम पंचायतों में पूर्व के प्रधान पराजित हो गए वहां पंचायत भवन निर्माण का कार्य लटक गया।

> अगर किसी ऐसे गांव में गलत रिपोर्टिंग की गई है। तो उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप सभी पंचायत भवनों को पूर्ण कर वहीं से सारे कार्य कराए जाएंगे।
>
> **एडीओ पंचायत**

# जब सरदार कुलतार सिंह अपने आंसू नहीं रोक पाये



संस्मरण

**सत्येन्द्र कुमार रघुवंशी**

त्याग और बलिदान - ये दो शब्द ऐसे हैं जिन्हें मैं अत्यन्त पवित्र और प्रेरणादायी पाता हूँ। इन शब्दों का इस्तेमाल हम प्रायः युग्म के रूप में करते हैं। उदाहरणार्थ, सरदार भगतसिंह त्याग और बलिदान की मूर्ति थे। इस वाक्य से मूर्तिपूजा का विरोध करने वाले लोग बिदक सकते हैं। बैलों को भड़काने वाले रंग का कपड़ा नहीं दिखाना चाहिए। बहरहाल अपने जीवन में मुझे आज तक कोई ऐसा नहीं मिला जो सरदार भगतसिंह के त्याग और बलिदान से प्रेरित और अभिभूत न हो। युवा पीढ़ी को जिन थोड़े-से लोगों ने बीते आठ-नौ दशकों में सबसे ज्यादा प्रभावित और अनुप्राणित किया है, उनमें वह सर्वोपरि हैं। मैं भी उन्हें अकम्पित भाव से एक महानायक मानता हूँ।

इस सम्बन्ध में मैं तकरीबन ढाई दशक पीछे लौटना चाहता हूँ। देश ने वर्ष 1997 में स्वतन्त्रता की स्वर्ण जयन्ती मनायी थी। उस वर्ष अप्रैल में मैं जनपद शाहजहाँपुर में एडीएम के पद पर नया-नया तैनात हुआ था। जीवेश नन्दन जो वहाँ के जिलाधिकारी थे, एक संवेदनशील और कर्मठ व्यक्ति थे। वह चाहते थे कि स्वर्ण जयंती वर्ष में जनपद में ऐसा कुछ किया जाये जिसे लोग सालों तक याद करें। राजेश कुमार जिनकी पहचान एक नाट्यकर्मी के रूप में है, उस समय वहाँ बिजली विभाग में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत थे। सुधीर विद्यार्थी के साथ 'संदर्श' पत्रिका से संपादक के रूप में जुड़े अमितेश 'अमित' ने उनसे मेरा परिचय कराया था। राजेश जी की लेखन-क्षमता, रंगमंच के लिए उनके समर्पण और समझौतों के धरातल से उठे उनके सामाजिक सरोकारों ने मुझे बहुत प्रभावित किया था। मैंने उनसे अनुरोध किया कि यदि सम्भव हो तो वह सरदार भगतसिंह को लेकर एक नाटक लिखें जिसका मंचन हम स्थानीय गाँधी सभागार में कर सकते हैं। मैं अवगत था कि यह एक कठिन, श्रमसाध्य और बेहद धैर्य वाला कार्य है जिसके लिए पर्याप्त समय आदि की जरूरत है, लेकिन राजेश की रचनात्मकता और उनके नाट्य-प्रेम ने इस चुनौती को तुरन्त स्वीकार कर लिया। परिणामतः लगभग दस दिन में उन्होंने 'अन्तिम युद्ध' नाम से एक नाटक लिख डाला। इसके बाद एक स्थानीय कॉलेज के परिसर में सायं उनके निर्देशन में इस नाटक का धुआँधार रिहर्सल शुरू हुआ। धीरे-धीरे इस नाटक से मेरा इतना भावनात्मक जुड़ाव हो गया कि लगभग दो-तीन बार मैंने रिहर्सल स्वयं जाकर देखा। जैसे अरगनी पर टँगे हुए कपड़े जब पूरी तरह से सूख जाते हैं तो गृहिणी सन्तुष्ट होकर उन्हें वहाँ से उतारकर किसी भरोसेमन्द जगह पर रख देती है, वैसे ही जब राजेश जी को नाटक की तैयारी से सन्तुष्टि हो गयी तो उन्होंने 15 अगस्त,1997 को गाँधी सभागार में उसका मंचन किया। लगभग दो घंटे तक दर्शक मंत्रमुग्ध रहे।

नाटक की सफलता और लोकप्रियता की प्रत्याशा में अमितेश 'अमित' ने सुझाव दिया था कि यदि सम्भव हो तो सरदार भगतसिंह के छोटे भाई कुलतार सिंह जो इस समय सहारनपुर में हैं, को मुख्य अतिथि के रूप में शाहजहाँपुर आमंत्रित किया जाये और उनके सामने किसी सार्वजनिक स्थान पर इस नाटक का दूसरा मंचन किया जाये। अमितेश का यह भी सुझाव था कि सरदार निर्मल सिंह जो तहसील पुवायाँ के बंडा क्षेत्र के निवासी हैं, वहाँ चल रहे सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के सर्वेसर्वा हैं जिनसे कहा जा सकता है कि वह सरदार कुलतार सिंह के जनपद आगमन पर उनसे कॉलेज के परिसर में शहीद-ए-आजम की प्रतिमा का अनावरण करायें। तहसील पुवायाँ में पंजाब से आये सरदार बहुत पहले वहाँ बड़ी संख्या में बस गये थे जिन्होंने स्थानीय लोगों को खेती करने के वैज्ञानिक और उन्नत तरीकों से अवगत कराया था और उनमें एक नयी चेतना उत्पन्न की थी। सरदार निर्मल सिंह इस बात से गौरवान्वित हुए कि सरदार भगतसिंह के छोटे भाई कुलतार सिंह का उनके कॉलेज में स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आगमन होगा। समय की कमी के बावजूद उन्होंने इधर-उधर भागदौड़ करके और काफी पैसा खर्च करके सरदार भगतसिंह की एक भव्य प्रतिमा तैयार करायी जिसे अनावरण हेतु उसे कॉलेज में एक उचित स्थान पर स्थापित कराया। इसके बाद नाटक के द्वितीय मंचन की बहुप्रतीक्षित तिथि आयी। हम उत्साह और एक अजीब-से जज्बे से छलक रहे थे। लोक निर्माण विभाग के स्थानीय निरीक्षण भवन में जब सरदार कुलतार सिंह पधारे तो हमने उनके स्वागत में पलकें बिछा दीं। अम्मा जो सरदार भगतसिंह को खास तौर पर मनोज कुमार की फिल्म 'शहीद' से जानती थीं, भी मेरे और पापा के साथ उनसे मिलने निरीक्षण भवन पहुँची। सरदार कुलतार सिंह जो लगभग सवा छह फीट लम्बे थे, के कंधे पर जब सवा पाँच फीट की अम्मा ने भावुकता से हाथ रखा तो उनकी आँखों से आँसू बह निकले। पापा भी इस मौके पर अन्दर तक भीग गये थे।

बंडा, जो तहसील पुवायाँ का एक समृद्ध इलाका है और जहाँ के राजपाल यादव नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से निकलने के बाद फिल्म अभिनेता के रूप में बॉलीवुड में अपना झंडा गाड़े हुए हैं, में चौराहे पर बने मंच पर अपरान्ह में 'अन्तिम युद्ध' का मंचन हुआ। मंचन के दौरान सरदार कुलतार सिंह जो मेरे पास बैठे थे, कई बार हिलग-हिलगकर रोये। नाटक के बाद पाँच-सात हजार की भीड़ के सामने उन्होंने बताया कि उन्होंने सरदार भगतसिंह को अन्तिम बार लाहौर जेल में तब देखा था जब वह मुश्किल से सात साल के थे। अपने बड़े भाई, जिन्होंने बीस साल की आयु में अठारह साल के क्रान्तिकारी बटुकेश्वर दत्त के साथ आठ अप्रैल, 1929 को दिल्ली की सेंट्रल असेम्बली में बम फेंककर और 'इंकलाब जिंदाबाद साम्राज्यवाद मुदार्बाद' का ऐतिहासिक नारा लगाकर ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ हुंकार भरी थी और लंदन तक गूँजने वाला वाक्य 'बहरों को सुनाने के लिए धमाके की जरूरत होती है' बोलकर भारत माता का सच्चा और निर्भीक सपूत होने का सबूत दिया था, के बारे में बात करते समय उनका गला लगातार भरार्या रहा। मैंने भी अपने जीवन में हजारों की भीड़ को एक साथ सिसकते हुए कभी नहीं देखा।

राजेश कुमार का यह प्रयोग बेहद साहसिक था। अपने नाटक को ऑडिटोरियम से बाहर ले जाकर धूल और भीषण गर्मी वाली खुली जगह पर हजारों की भीड़ के सामने उसका मंचन करना एक जोखिम-भरा काम था। यह अच्छा था कि मंच पर लगे माइक पॉवरफुल और अच्छी क्वालिटी के थे जिसकी वजह से पात्रों द्वारा बोले जा रहे संवाद जनता तक पूरे प्रभाव और भावना की गहराई के साथ पहुँच रहे थे। चौराहे के इर्द-गिर्द घरों की छतों पर और छज्जों में स्त्रियाँ, बच्चे और बूढ़े लदे हुए थे। चारों तरफ से आने वाली सड़कें भी दर्शकों से पटी पड़ी थीं। अधिकांश दर्शक सरदार या उनके परिवारों से थे जो मंच पर या तो एक बड़ी शहादत का झकझोरने वाला नाटक देख रहे थे या अपने दिलों पर राज करने वाले और 23 मार्च, 1931 को केवल 23 साल की उम्र में अपने दो अभिन्न साथियों सुखदेव और राजगुरु के साथ फाँसी के फंदे पर झूल जाने वाले शहीद-ए-आजम के सगे भाई को साक्षात देख रहे थे। उनकी भावभंगिमाएँ जोश, उत्कंठा, गर्व, देशप्रेम और विस्मय की मिली-जुली अनुभूतियाँ दर्शा रही थीं। उन्होंने अपनी स्तब्धता और सामूहिक प्रतिक्रिया से इस बात को गलत साबित कर दिया था कि जहाँ भीड़ होगी, वहाँ चिल्ल-पों और शोर-शराबे का होना लाजिमी है। ऐसा लगता था कि वे केवल देखने, सुनने और महसूस करने आये हैं और बोलना उन्होंने किसी भावना के तहत स्थगित कर दिया है। सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं तो पूरे समय स्वयं को लगभग वीआईपी समझते रहे। पत्रकारों ने जब उनमें से कुछ बच्चों से बात की तो उन्होंने बताया कि उन्हें यह विश्वास ही नहीं हो पा रहा है कि उनसे मिलने के लिए शहीद-ए-आजम के भाई उनके बीच पधारे हैं।

यहाँ उन कलाकारों के बारे में बात किया जाना भी जरूरी है जिन्होंने बहुत कम समय में खुद को इतने महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण मंचन के लिए तैयार किया और राजेश कुमार के निर्देशन में स्वयं को बड़ी लगन और तन्मयता से नाटक के पात्रों में ढाला। भूख, प्यास, थकन, तनाव, चुहचुहाते पसीने और अपनी तमाम तरह की व्यस्तताओं को दरकिनार करके वे रिहर्सल में समय से उपस्थित हो जाते थे और निर्देशक की हर बात को बेहद चाव, उत्सुकता और बारीकी से ग्रहण करते थे। साँझ के घिरते अँधेरे में भी उनकी आँखें यूँ चमकती थीं जैसे उन्हें अपनी जिंदगी की एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। रगों में बेचैनी और फख्र पैदा करने वाला एक बड़ा कथानक भी उनके चेहरों पर आ बैठा था जिसे ना-नुकुर और अनिच्छा जैसी छोटी चीजें स्वीकार नहीं थीं। भाषण के दौरान सरदार कुलतार सिंह का सार्वजनिक रूप से यह कहना कि सभी पात्रों ने बड़ा जानदार अभिनय किया है, उनका सबसे बड़ा पुरस्कार था।

मुख्यतम पात्र सरदार भगतसिंह की भूमिका को शमीम आजाद ने बखूबी जिया। उनकी संवाद अदायगी काबिले-तारीफ थी। अभिनय में समयानुरूप भावनाओं का उछाल, भंगिमाओं का प्रक्षेप और आवाज का आरोह-अवरोह था। शहीदे आजम की आजादी की तड़प उनकी आँखों में गहराई से प्रतिबिम्बत हुई। उनके अन्दर एक बड़ा कलाकार छिपा है। सुखदेव के रूप में कृष्ण कुमार श्रीवास्तव और राजगुरु की भूमिका में मोहज्जम बेग भी बेहद असरदार रहे। फाँसी का दृश्य और उससे जुड़ा घटनाक्रम राजेश कुमार की कल्पना-शक्ति और निर्देशन-क्षमता का चरम था जिसे देखकर अविरल सिसकारियाँ फूट पड़ी थीं।

इन सारी गतिविधियों और स्वर्ण जयन्ती वर्ष से जुड़े समस्त क्रिया-कलापों में जनपद के तीन स्वतंत्रता सेनानियों सर्वश्री शिव कुमार मिश्र, बसंतलाल खन्ना और श्याम सिंह 'बागी' की सक्रियता देखते ही बनती थी। आज न तो सरदार कुलतार सिंह हमारे बीच हैं और न ही ये तीनों विभूतियाँ, जिनकी उपस्थिति हर कार्यक्रम में चार चाँद लगा देती थी, इस समय हमारे बीच मौजूद हैं।

यहाँ यह उल्लेख भी अप्रासंगिक न होगा कि प्रसिद्ध क्रांतिकारी राम प्रसाद 'बिस्मिल', अशफाकुल्ला खान और रोशन सिंह जिन्हें काकोरी कांड आदि में संलिप्तता के कारण 19 दिसंबर, 1927 को क्रमशः गोरखपुर, फैजाबाद और इलाहाबाद में फाँसी दी गयी थी, शाहजहाँपुर के ही थे। इस कारण इस जनपद के लोग क्रांतिकारियों को बड़े सम्मान और कभी-कभी बड़ी भावुकता से याद करते हैं।

**(लेखक कवि एवं चिंतक हैं, प्रशासनिक सेवा से लम्बे समय तक जुड़े रहे हैं, संपर्क 99181 65747)**


जनसंपादकीय

# डा. लोहिया की दृष्टि में नारी

**रीता सिंह**



डा. लोहिया नर-नारी समानता के प्रबल पैरोकार थे। वे अक्सर स्त्रियों को पुरुष की पराधीनता के खिलाफ आवाज बुलंद करने की हिम्मत देते थे। उनका स्पष्ट कहना था कि स्त्रियों को बराबरी का दर्जा देकर ही एक स्वस्थ और सुव्यवस्थित समाज का निर्माण किया जा सकता है। वे पुरुषों द्वारा लादी गयी नारी की पराधीनता और स्त्रियों द्वारा उसकी सहज स्वीकृति के सख्त विरुद्ध थे। उन्हें कतई पसंद नहीं था कि औरतें घूंघट और पर्दे में रहें और पुरुष समाज उनका शोषण और अनादर करता रहे। वे स्त्रियों को पुरुषों की तरह मुखर व निडर देखना चाहते थे। यही वजह है कि उन्हें ऐसी स्त्रियां पसंद थी जिनमें अपने स्वाभिमान की रक्षा और दमदारी से अपनी बात कहने की ताकत थी। उनका नारी आदर्श द्रौपदी थी जिसने अपने चीरहरण के समय पांडवों की चुप्पी पर सवाल दागा और कौरवों के अत्याचार के विरुद्ध तनकर खड़ी हुई। डा. लोहिया ने तार्किकतापूर्वक स्त्री को पराधीन बनाने वाली वह हर संस्कृति, नैतिकता, परंपरा और मूल्यों पर चोट किया है जो नर-



नारी समानता के विरुद्ध है। आजादी के बाद स्त्रियों के अधिकार और सम्मान को लेकर जमकर पैरोकारी की और नारी विरोधियों को आड़े हाथ लिया। नाइंसाफी और गैर बराबरी को खत्म करने के लिए उन्होंने देश के सामने सप्तक्रांति का दर्शन प्रस्तुत किया। इस सप्तक्रांति में डा. लोहिया के वैचारिक व दार्शनिक दोनों पक्ष दिखते हैं जिसमें स्त्रियों के प्रति उनकी संवेदनशीलता स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। उन्होंने एक स्थान पर लिखा है कि 'धर्म, राजनीति, व्यापार और प्रचार सभी मिलकर उस कीचड़ को संजोकर रखने की कोशिश कर रहे हैं जिसे संस्कृति के नाम से पुकारा जाता है।' ऐसा नहीं है कि डा. लोहिया भारतीय संस्कृति और मूल्यों के विरुद्ध थे। वे नास्तिक भी नहीं थे। लेकिन ऐसे फूहड़पन के विरुद्ध थे जिन्हें नैतिकता का खोल पहनाया गया था। डा. लोहिया का भारतीय धर्म व संस्कृति में अटूट विश्वास था। वे राम, कृष्ण और शिव को भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतिनिधि मानते थे। अपने जीवन काल में वे देश के उन तमाम मंदिरों में गये जिनकी स्थापत्य कला दर्शनीय और विलक्षण है। उन्होंने भारत माता से वरदान के रुप में इच्छा प्रकट की कि हे भारत माता हमें शिव का मस्तिष्क दो, कृष्ण का हृदय और राम का कर्म और वचन दो। लेकिन उन्हें धर्म व संस्कृति की आड़ में स्त्रियों पर किया जाने वाला अत्याचार बर्दाश्त नहीं था। नर-नारी समता पर उनका निबंध 'द्रौपदी या सावित्री' सबसे अधिक प्रसिद्ध रहा लेकिन उतना ही अधिक विवादित भी। इस निबंध में उन्होंने एक स्थान पर लिखा है कि 'जब मैं कहा करता हूं कि द्रौपदी हिंदुस्तान की सच्चे माने में प्रतीक है, सावित्री उसके जितनी नहीं, तब इसी बात को देखकर कहता हूं कि वह ज्ञानी, समझदार, बहादुर, हिम्मतवाली और हाजिरजवाब थी। न सिर्फ हिंदुस्तान में बल्कि दुनिया में मुझे द्रौपदी जैसी औरत नहीं मिली।' उन्होंने इस निबंध में एक स्थान पर सीता और सावित्री के पतिव्रत धर्म का महिमामंडन करने वालों से सवाल किया है कि क्यों हमारे समूचे इतिहास में पत्नीव्रत का उदाहरण नहीं मिलता? दरअसल वे यह कहना चाहते हैं कि जब एक स्त्री पतिव्रत धर्म का पालन कर सकती है तो एक पुरुष क्यों नहीं? उन्होंने 'जाति और योनि के कटघरे' में एक स्थान पर समाज से सवाल पूछा है कि 'एक औरत जिसने तीन बार तलाक दिया और चौथी बार फिर शादी करती है और एक मर्द जो चौथी बार इसलिए शादी करता है कि उसकी एक के बाद एक पत्नियां मर गयी तो इन दोनों में कौन ज्यादा शिष्ट और नैतिक है? उन्हें पद्मिनी का जौहर पसंद नहीं था बल्कि वे रजिया बेगम की बहादुरी के कायल थे। एक सभा में उन्होंने श्रोताओं से प्रश्न भी किया कि तुम्हें कैसी स्त्रियां अच्छी लगती हैं? क्या वे जो पति के मरने के बाद जौहर कर लेती हैं या वे जो जीवित रहकर सारे कष्टों को उठाते हुए अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करती हैं? डा. लोहिया को राजमहलों में रहने वाली रानियां भी पसंद नहीं थी। वह उस रुसी स्त्री नटाली के बेहद प्रशंसक थे जो जर्मन सेना के बीच सफाई का कार्य करते हुए अपने देश की जीत के लिए जान को जोखिम में डालकर जासूसी की और हजारों जर्मन सैनिकों की मौत सुनिश्चित की। वे चंद्रगुप्त मौर्य कालीन विषकन्याओं के भी प्रशंसक थे जो राष्ट्र के निमित्त अपने प्राणों का उत्सर्ग करने से तनिक भी नहीं हिचकती थी। डा. लोहिया स्त्रियों के सामाजिक-राजनीतिक अधिकारों के प्रति भी संवेदनशील थे। उन्हें कतई पसंद नहीं था कि स्त्रियां गुलामों की तरह पुरुषों के सामने लाचार नजर आएं। वे सभी जाति की स्त्रियों को शैक्षिक और सामाजिक रुप से पिछड़ा मानते थे।

**( लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# भगत सिंह की शहादत के सवाल



स्मरण


**डॉ.चित्रा माली**



'मैं नास्तिक क्यों हूं' यह लेख भगत सिंह ने लाहौर जेल में लिखा था जो 27 सितंबर 1931 को लाहौर के समाचार पत्र 'द पीपल' में प्रकाशित हुआ था । यह लेख स्वतंत्रता सेनानी बाबा रणधीर सिंह के द्वारा लगाए गए आरोपों का प्रतिउत्तर था । रणधीर सिंह भी उस समय लाहौर जेल में कैद थे और वे भगत सिंह के नास्तिक होने की खबर से काफी आहत थे । बड़ी मशक्कत के बाद एक दिन वे भगत सिंह से मिले और ईश्वर के अस्तित्व के लिए तथा ईश्वर को मानने संबंधी तर्क देने लगे । भगत सिंह ने जब इन तर्कों को सिरे से नकार दिया तो उन्होंने भगत सिंह से कहा कि ₹प्रसिद्धि से तुम्हारा दिमाग खराब हो गया है और तुम अहंकारी बन गए हो जो कि एक काले पर्दे की दीवार की तरह तुम्हारे और ईश्वर के बीच खड़ी है₹ । भगत सिंह अपने इस लेख में कई प्रश्नों को उठाते हैं जो ईश्वर की उपस्थिति,संसार के निर्माण और मनुष्य के जन्म, पुनर्जन्म और कर्म के सिद्धान्त पर आधारित थे । भगत सिंह ईश्वर की उपस्थिति पर प्रश्न करते हुए कहते हैं कि अगर ईश्वर है तो वह पाप और अपराध करते हुए लोगों को क्यों नहीं रोकता ? अंग्रेजों के मस्तिष्क में भारत को स्वतंत्र कर देने की भावना को क्यों पैदा नहीं किया ? पूंजीपतियों के हृदय में परोपकारी भावना का संचार कर उन्हें उत्पादन के साधनों पर अपने व्यक्तिगत संपत्ति के अधिकार को क्यों नहीं त्याग देते जिससे श्रमिक वर्ग और संपूर्ण समुदाय पूंजीवाद से मुक्त हो जाए । गरीबी,भुखमरी,शोषण,अत्याचार असमानता और गैरबराबरी को पूर्वजन्म के कर्मों के फल मानने के भगत सिंह सख्त खिलाफ थे । भगत सिंह कहते है कि ₹ईश्वर में विश्वास और रोज ब रोज की प्रार्थना को मैं मनुष्य के लिए सबसे स्वार्थी और गिरा हुआ काम मानता हूं । मैंने उन नास्तिकों के बारे में पढ़ा है जिन्होंने सभी विपदाओं का बहादुरी से मुकाबला किया है₹। अगर सभी स्त्री और पुरुष अपने जीवन को मनुष्य की सेवा और पीड़ित मानवता के उद्धार के लिए समर्पित कर दें तो उसी दिन से मुक्ति के युग का शुभारंभ होगा । ईश्वर के अस्तित्व संबंधी रहस्यवाद और अंधविश्वास के बरअक्स भगत सिंह यथार्थवाद को महत्व देते हैं जो इस लेख में वर्णित है । साथ ही वे विरोधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए तर्कों का सामना करने के लिए व अपने मत के पक्ष में तर्क देने के लिए अध्ययन पर जोर देते हैं । भगत सिंह कहते है ₹मैंने जब से पढ़ना शुरू किया तब से मेरे पुराने विचार और विश्वास अद्भुत रूप से परिष्कृत हुए है₹। भगत सिंह और 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा दोनों एक दूसरे के पर्याय हैं । जैसे ही 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा लगाया जाता है उसमें भगत सिंह की मौजूदगी को महसूस किया जा सकता है । भगत सिंह के क्रांतिकारी आंदोलन से जुड़ने के पूर्व क्रांति का मतलब प्रमुखतया पिस्तौल,बम,हत्या,षडयंत्र और अंततः कुबार्नी ही था । भगत सिंह और उनके क्रांतिकारी साथियों ने दो महत्वपूर्ण संगठनों 'नौजवान भारत सभा' और 'हिंदुस्तान समाजवादी प्रजातांत्रिक एसोसिएशन' का गठन किया जिसने क्रांति की पूर्व स्थापित समझ में दो परिवर्तन किए । पहला परिवर्तन के तहत हिंसक कार्यवाही जारी रखी तथा क्रांतिकारियों की नयी पीढ़ी ने उसके बुनियादी नारों को और अधिक सेकुलर और जनोन्मुखी बनाया । 'वंदे मातरम' की जगह 'इंकलाब जिंदाबाद' और 'डाउन विद इम्पीरियलिज्म' जैसे नारों ने ले ली । दूसरा महत्वपूर्ण परिवर्तन था इन संगठनों से किसानों,मजदूरों और छात्रों को जोड़ने का प्रयास किया । नौजवान भारत सभा का एजेंडा राजनीति के साथ साथ सामाजिक भी था । वह पूरे भारत में किसानों और मेहनतकशों का पूरी तरह से स्वतंत्र गणराज्य स्थापित करना चाहती थी । इसके लिए सभा ने किसानों और मजदूरों को लामबंद करने के कार्यक्रम भी दिए । इसके अतिरिक्त सभा का उद्देश्य जीवन में सादगीपूर्ण आदर्शों का समावेश,नियमित व्यायाम,भाईचारे की भावना का विकास तथा स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार प्रसार करना था । सभा का दृष्टिकोण सेकुलर था । वह किसी भी किस्म की धार्मिक गोलबंदी को अच्छी नहीं नहीं मानती थी । जब गर्मदली राष्ट्रवाद के प्रमुख नेता लाला लाजपतराय ने हिंदू महासभा के साथ समझौता किया तो नौजवान भारत सभा ने लाला जी की कड़ी आलोचना की थी । 1922 में गोरखपुर के चौरी चौरा की हिंसा के बाद गांधी जी के असहयोग आंदोलन को वापस लेने के निर्णय ने कई आदर्शवादी और देशप्रेमी युवाओं को आहत कर दिया था जो ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ कुछ कर गुजरने के लिए बेकरार थे । असहयोग आंदोलन में भाग लेने वाले कई युवकों ने क्रांतिकारी राष्ट्रवाद का मार्ग चुन लिया था । चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव,यशपाल, भगवती चरण वोहरा,शिव वर्मा,जतिन दास, मन्मथनाथ गुप्ता चौरी चौरा के बाद असहयोग आंदोलन के असहयोगी या कहें सत्याग्रही नहीं रहे थे । भगत सिंह के राष्ट्रवादी विचारों, गतिविधियों तथा शहादत ने उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन की समानांतर धारा के रूप में एक विशिष्ट पहचान दिलाई जो आज भी कायम है । भगत सिंह ने क्रांति को स्पष्ट करते हुए कहा था कि ₹क्रांति का मतलब बम और पिस्तौल न होकर सामाजिक रूपांतरण है जिसका अंतिम लक्ष्य मजदूर वर्ग का शासन ही हो सकता हैढ़ । भगत सिंह ने सारी दुनिया के क्रांतिकारी आंदोलनों का अध्ययन किया था । सोवियत अनुभव के आधार पर वे दो नतीजों पर पहुंचे थे । पहला भारत की मुक्ति साम्राज्यवाद से मुक्ति के साथ अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है और दूसरा केवल अंग्रेजों को भगाना ही काफी नहीं है बल्कि आवश्यकता एक समाजवादी एजेंडे की है । भगत सिंह हिंदी,पंजाबी और अंग्रेजी भाषा में लिखते थे । उनकी रचनाओं के शीर्षक ही उनकी विचारधारा और बौद्धिक दृष्टिकोण को रेखांकित करते थे । जिनमें से महत्वपूर्ण 'द आइडियल ऑफ सोशलिज्म' हिस्ट्री ऑफ रेवोल्यूशनरी मूवमेंट्स इन इंडिया,एट द डोर ऑफ डेथ,रिलीजन एंड अवर फ्रीडम स्ट्रगल,कम्युनलिज्म एंड इटस सोल्यूशन, प्रॉब्लम ऑफ अनटचेबिलिटी,विश्व प्रेम,व्हाई आई एम एन.एथीस्ट । भगत सिंह यूथ आइकन है वे भारत ही नहीं पाकिस्तान के युवाओं के दिलों में भी बसते हैं । भारतीय स्वाधीनता संग्राम में भगत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका है,महज 23 वर्षों की अपनी जिंदगी में वे क्रांतिकारी आंदोलन के मुख्य सिद्धांतकार बनकर उभरे हैं । भारत युवाओं का देश है और युवाओं के आइकन भगत सिंह हैं जिन पर कई फिल्में भी बनीं है । सांडर्स हत्याकांड और अप्रैल 1929 को सेंट्रल लेजिस्लेटिव एसेंबली में जिस समय ट्रेड डिस्प्यूट बिल पर चर्चा हो रही थी,भगत सिंह और उनके साथी बटुकेश्वर दत्त ने दर्शक दीर्घा से नीचे हाल में दो क्षतिरहित बम फेंके जिनसे जबरदस्त धमाके की आवाजें हुई । दोनों युवक 'इंकलाब जिंदाबाद' और 'डाउन विद इम्पीरियलिज्म' के नारे लगाते रहे । साथ ही दोनों ने पर्चे भी फेंके जिसमें फ्रांसीसी क्रांतिकारी वेला का फिकरा 'बहरों को सुनाने के लिए धमाके की जरूरत होती है' दर्ज था । एसेंबली बम केस में भगत सिंह को उम्र कैद की सजा हुई और सांडर्स हत्याकांड व लाहौर षडयंत्र केस के तहत उन्हें राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी की सजा सुनाई गई । भगत सिंह चाहते तो आसानी से फरार हो सकते थे लेकिन उन्होंने अदालत के कठघरे से बयान दिया कि भारतवासियों को क्यों पूर्ण स्वतंत्रता और समाजवाद की आवश्यकता है । भगत सिंह ऐसे अनोखे क्रांतिकारी है जिन्होंने खुद अपनी शहादत को पूरी जिम्मेदारी के साथ चुना था । भगत सिंह और उनके साथियों ने राजनीतिक कैदियों का दर्जा पाने के लिए 64 दिनों की भूख हड़ताल की जिसमें यतींद्र दास ने 64 दिनों के अनशन के बाद अपने प्राण त्याग दिए । 23 मार्च 1931 के दिन भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव सिंह को फाँसी पर चढ़ा दिया गया । जिससे पूरे देश में रोष व्याप्त हो गया । भगत सिंह की लोकप्रियता भारत में गांधी से कम नहीं थी और आज भी वे युवाओं के नायक हैं और रहेंगे ।

गांधी और भगत सिंह का साध्य एक था देश की आजादी, लेकिन साधन अलग अलग थे,गांधी अहिंसक साधनों का इस्तेमाल अपने साध्य की प्राप्ति के लिए कर रहे थे तो वहीं भगत सिंह हिंसक साधनों का प्रयोग बहरों को सुनाने के लिए धमाके कर कर रहे थे । भिन्नता के बाद भी समानता की अवधारणा,भाईचारे की भावना,अंतिम व्यक्ति के लिए संघर्ष,जाति, धर्म,नस्ल,रंग के आधार पर भेदभाव का अंत गांधी और भगत सिंह के समाजवादी दर्शन में समान रूप से देखे जा सकते हैं ।

## नागार्जुन की नजर में 'भगत सिंह'



अच्छा किया तुमने / भगतसिंह/ गुजर गये तुम्हारी शहादत के/ वर्ष पचास
मगर बहुजन समाज की/ अब तक पूरी हुई न आस
तुमने कितना भला चाहा था/ तुमने किनका संग-साथ निबाहा था
क्या वे यही लोग थे–/ गद्दार, जनद्वेषी अहसान फरामोश ?/ हुकूमत की पीनक में बदहोश ?
क्या वे यही लोग थे/ तुमने इन्हीं का भला चाहा था ?
भगतसिंह/ तुम्हारे वे कामरेड क्या लुच्चे थे, लवार थे ?
इन्हीं की तरह क्या वे आप पब्लिक की गर्दन पे सवार थे ?
अपनी कुर्सी बचाने की खातिर/ अपनी जान माल की हिफाजत में
क्या तुम्हारे कामरेड/ इन्हीं की तरह/ कातिलों से समझौता करते ?
क्या वे इन्हीं की तरह/ अपना थूक चाट-चाट कर मरते ?
हमने तुम्हारी वर्षगाँठ को भी/ धंधा बना लिया है, भगतसिंह
हमने तुम्हारी प्रतिमा को भी/ कुबार्नी का प्रमाण पत्र थामे रहने के लिए/ भली भाँति मना लिया है !
भगतसिंह, दर-असल, हम बड़े पाजी हैं
तुम्हारी यादों के एक-एक निशान/ हम तानाशाहों के हाथ बेचने को राजी हैं
दस-पाँच ही बुजुर्ग शेष बचे हैं/ वे तुम्हारे नाम का कीर्तन करते हुए/ यहाँ वहाँ दिखाई दे जाते हैं
वे उनके साथ शहीद स्मारक/ समारोहों के अगल-बगल मंचस्थ/ होते हैं उन्हीं के साथ
जिनकी जेलों के अन्दर हजार-हजार/ तरुण विप्लवी नरक यातना भोग रहे हैं
और वे उनके साथ भी/ शहीद-स्मारक-समारोहों में अगल-बगल/ मंचस्थ होते हैं
जिनकी फैक्टरियों के अन्दर-बाहर/ श्रमिकों का निरंतर वध होता है
भगतसिंह, क्या वे सचमुच तुम्हारे साथी थे ?
नहीं, नहीं, प्यारे भगतसिंह, यह झूठ है / ऐसा हो ही नहीं सकता
कि तुम्हारा कोई साथी इन/ मिनिस्टरों से, इन धनकुबेरों से/ हाथ मिलाये !
दरअसल वे कोई और लोग हैं/ उनरी जर्जर काया के अन्दर
निश्चय ही देश-द्रोही-जनद्रोही/ दुष्टात्मा प्रवेश कर गयी है
भगतसिंह, अच्छा हुआ तुम न रहे / अच्छा हुआ, फाँसी के फन्दे पर झूल गये तुम ?/ ठीक वक्त पर शहीद हो गये
अच्छा किया तुमने/ बहोऽऽत अच्छा ! बहोऽऽत अच्छा ! !

भगत सिंह फांसी पर चढ़ने से पहले तक पढ़ रहे थे उन्होंने देश विदेश की सभी क्रांतियों का गहन और सूक्ष्म अध्ययन किया था । अध्ययन के आधार पर ही उन्होंने भारत के लिए नीतियों का निर्माण किया था । आज युवाओं से भी यही उम्मीद की जाती है कि वे भी गहन व सूक्ष्म अध्ययन करें ताकि उन्हें कोई बरगला न सके और वे अंधविश्वास से मुक्त हो जीवनयापन कर सकें । सरकारी तौर पर शहीद दिवस 30 जनवरी गांधी की हत्या के दिन को कहा जाता है लेकिन आम जनता के मानस में शहीद शब्द सुनते ही केवल एक चेहरा उभरता है और वह है भगत सिंह का इसीलिए उन्हें शहीद ए आजम भगतसिंह कहा जाता है । भगत सिंह और उनके साथियों की शहादत जाया न जाए इसके लिए आवश्यक है कि हम जाति विहीन,वर्ग विहीन,धर्म विहीन,सांप्रदायिक हिंसा विहीन,शोषण विहीन समाज की उनकी अवधारणा को फलीभूत करने का प्रयास करें ।

**(सहायक प्रोफेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता )**

# पाश: सपने हर किसी को नहीं आते

शहादत दिवस पर

**कौशल किशोर**



'भगत सिंह ने पहली बार पंजाब/जंगलीपन, पहलवानी व जहालत से/बुद्धिवाद की ओर मोड़ा था/जिस दिन फांसी दी गई/उनकी कोठरी में लेनिन की किताब मिली/जिसका एक पन्ना मुड़ा हुआ था/पंजाब की जवानी को/उसके आखिरी दिन से/इस मुड़े पन्ने से बढ़ना है आगे, चलना है आगे'

ये काव्य पंक्तियां पंजाबी के क्रांतिकारी कवि अवतार सिंह पाश की हैं। भगत सिंह को जब फांसी के लिए ले जाया जा रहा था, उस वक्त वे अपनी काल कोठरी में लेनिन की किताब पढ़ रहे थे। फांसी के लिए जाने से पहले उन्होंने किताब के उस पन्ने को, जहां वे पढ़ रहे थे, मोड़ दिया था। पाश ने इस परिघटना को आजादी के संघर्ष को जारी रखने की प्रेरणा के रूप में लिया और अपनी कविता में इसे व्यक्त किया।

23 मार्च शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का शहीदी दिवस है। इन तीन नौजवान क्रांतिकारियों को अंग्रेजों ने फांसी दी थी। इस घटना के 57 साल बाद 23 मार्च 1988 को पंजाब के प्रसिद्ध क्रांतिकारी कवि अवतार सिंह पाश को आतंकवादियों ने अपनी गोलियों का निशाना बनाया। उनका असली नाम अवतार सिंह संधू था। पाश का जन्म नौ सितम्बर 1950 को जालंधर जिले की नकोदर तहसील में तलबंडी सलेम गांव में हुआ था। पाश के पिता भारतीय सेना में सेवा करते हुए मेजर के पद से रिटायर हुए थे। बीए की डिग्री लेकर पाश ने अपने ही गांव में स्कूल खोला और पत्रकारिता भी करते रहे। 1967 में पाश भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े, बाद में क्रांतिकारी विचारधारा के सम्पर्क में आये और नागी रेडडी गुट के समर्थक रहे, लेकिन हिंसा की राजनीति से अलग रहे। 1978 में पाश का विवाह हुआ। 1985 में वह अमेरिका गये और वहां से 'एंटी.47' का संपादन किया। इस पत्रिका के जरिये पाश ने खालिस्तान का जबरदस्त विरोध किया। मार्च 1988 में पाश अमेरिका से छुट्टियां बिताने अपने गांव आये हुए थे। 23 मार्च के दिन खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों ने नहाते समय पाश की हत्या कर दी।

यह महज संयोग है, ऐतिहासिक संयोग कि पंजाब की धरती से पैदा हुए क्रांतिकारी भगत सिंह के शहीदी दिवस के दिन ही पाश भी शहीद होते हैं। लेकिन इन दोनों क्रांतिकारियों के उद्देश्य व विचारों की एकता कोई संयोग नहीं है। यह वास्तव में भारतीय जनता की सच्ची आजादी के संघर्ष की परंपरा का न सिर्फ सबसे बेहतरीन विकास है बल्कि राजनीति और संस्कृति की एकता का सबसे अनूठा उदाहरण भी है।

पाश की पहली कविता 1967 में छपी थी। अर्थात पाश ने पंजाबी साहित्य के क्षेत्र में एक ऐसे दौर में प्रवेश किया जो दूसरी आजादी के क्रांतिकारी राजनीतिक संघर्ष का ही नहीं अपितु नये जनवादी.क्रांतिकारी सांस्कृतिक आंदोलन का भी प्रस्थान बिन्दु था। अमरजीत चंदन के संपादन में निकली भूमिगत पत्रिका 'दस्तावेज' के चौथे अंक में परिचय सहित पाश की कविताओं का प्रकाशन तो पंजाबी साहित्य के क्षेत्र में धमाके की तरह था। पाश की इन कविताओं की पंजाब के साहित्य.हलके में काफी चर्चा रही। उन दिनों पंजाब में क्रांतिकारी संघर्ष अपने उभार पर था। पाश का गांव तथा उनका इलाका इस संघर्ष के केन्द्र में था। इस संघर्ष की गतिविधियों ने पंजाब के साहित्यिक माहौल में नयी ऊर्जा व नया जोश भर दिया था। पाश ने इसी संघर्ष की जमीन पर कविताएं रची और इसके 'जुर्म' में गिरफ्तार हुए और करीब दो वर्षों तक जेल में रहे। सत्ता के दमन का मुकाबला करते हुए जेल में ढेरों कविताएं लिखीं और जेल में रहते उनका पहला कविता संग्रह 'लोककथा' प्रकाशित हुआ। इस संग्रह ने पाश को पंजाबी कविता में उनकी पहचान दर्ज करा दी।

1972 में जेल से रिहा होने के बाद पाश ने 'सियाड' नाम से साहित्यिक पत्रिका निकालनी शुरू की। नक्सलबाड़ी आंदोलन पंजाब में बिखरने लगा था। साहित्य के क्षेत्र में भी पस्ती व हताशा का दौर शुरू हो गया था। ऐसे वक्त में पाश ने आत्मसंघर्ष करते हुए पस्ती व निराशा से उबरने की कोशिश की तथा सरकारी दमन के खिलाफ व जन आंदोलनों के पक्ष में रचनाएं की। चर्चित कविता 'युद्ध और शांति' पाश ने इसी दौर में लिखी। 1974 में उनका दूसरा कविता संग्रह 'उडदे बाजां मगर' छपा जिसमें उनकी 38 कविताएं संकलित हैं। पाश का तीसरा संग्रह 'साडे समियाँ विच' 1978 में प्रकाशित हुआ। इसमें अपेक्षाकृत कुछ लम्बी कविताएं भी संग्रहित हैं। उनकी मृत्यु के बाद 'लड़ेंगे साथी' शीर्षक से उनका चौथा संग्रह सामने आया जिसमें उनकी प्रकाशित व अप्रकाशित कविताएँ संकलित हैं।

पाश की कविताओं का मूल स्वर राजनीतिक-सामाजिक बदलाव का अर्थात क्रांति और विद्रोह का है। इनकी कविताएं धारदार हैं। जहां एक तरफ सामंतों.उत्पीड़कों के प्रति जबरदस्त गुस्सा व नफरत का भाव है, वहीं अपने जन के प्रति अथाह प्यार है। नाजिम हिकमत और ब्रतोल्त ब्रेख्त की तरह इनकी कविताओं में राजनीति व विचार की स्पष्टता व तीखापन है। चाहे सरकारी जेलें हों या आतंकवादियों की बंदूकें, पाश ने कभी झुकना स्वीकार नहीं किया बल्कि हजारों शोषित कंठों से निकली आवाज को अपनी कविता में पिरोते रहें, रचते रहे, उनका गीत गाते रहे और अपने प्रिय शहीद भगत सिंह की राह पर चलते हुए शहीद हो गये। 23 मार्च के दिन ही अपना खून बहाकर पाश ने राजनीति और संस्कृति के बीच खड़ी की जाने वाली दीवार को ढहाते हुए यह साबित कर दिया कि बेहतर जीवन मूल्यों व शोषण उत्पीड़न से मुक्त मानव समाज की रचना के संघर्ष में कवि व कलाकार भी उसी तरह का योद्धा है जिस तरह एक राजनीतिक कार्यकर्ता।



पाश की कविता में स्वप्न और संघर्ष का स्थाई भाव है। वे सपनों को जिलाए रखते हैं। पाश के शब्दों में कहें 'सबसे खतरनाक होता है सपनों का मर जाना', पर यह दौर तो इस तरह का है कि सपनों का देखना और उसे पालना खतरनाक हो गया है। इन्हें पालने वालों के लिए आज दमन व उत्पीड़न है, उनके लिए जेल की काल कोठरी है। भगत सिंह और पाश की शहादत के बीच 57 वर्षों का अंतर है फिर भी ये दोनों क्रांतिकारी योद्धा हमारे अन्दर न सिर्फ सच्ची आजादी के सपने को जिलाये रखते हैं बल्कि राजनीति और संस्कृति की दुनिया को बहुत गहरे प्रभावित करते हैं। पाश के शब्दों में कहें -

'हर किसी को नहीं आते/बेजान बारूद के कणों में/सोई आग के सपने नहीं आते.......शेल्फ में पड़े/इतिहास के ग्रंथों को सपने नहीं आते/सपनों के लिए लाजमी है/झेलने वाले दिलों का होना/नींद की नजर होनी लाजमी है/सपने इसलिए हर किसी को नहीं आते'

**(लेखक कवि एवं चिंतक हैं, संपर्कः 8400208031)**

# पहले दिन श्रद्धा के साथ पूजी गयी मां शैलपुत्री

## मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़



चैक स्थित दक्षिणमुखी देवी मंदिर में पूजन अर्चन करते श्रद्धालु



अतरौलिया में स्थित एक मंदिर पर पूजन करते श्रद्धालु

**आजमगढ़।** जनपद में चैत्र नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना की। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भोर से देवी पूजन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के चैक स्थित दक्षिण मुखी देवी मंदिर में सुबह से महिलाओं समेत भारी संख्या में श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी को नारियल चुनरी चढ़ाकर मन्नत मांगी और पूजा अर्चना की।

नवरात्रि के प्रथम दिन शहर के चैक स्थित दक्षिणमुखी देवी मंदिर, रैदोपुर स्थित दुर्गा मंदिर, कालीचैरा, बड़ादेव, रामायन मार्केट आदि जगहों पर स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। मंदिरों में भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की थी। एक दिन पूर्व शाम से ही नवरात्रि की पूजन सामग्री लोग खरीदते नजर आए। बुधवार को सवेरे ही कलश स्थापना कर कर पूजा अर्चना की और मंदिर में जाकर



चैक स्थित मंदिर में स्थापित दक्षिणमुखी देवी मां की प्रतिमा

नारियल चुनरी चढ़ाया। विद्वान पंडितों ने बताया कि नवरात्र हिंदू धर्म का एक खास और महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। मान्यता है कि जगत जननी को इनका भोग लगाने से मनोकामना की पूर्ति होती है। साथ ही बुद्धि व धन-संपदा की भी वृद्धि होती है। नवरात्र के पहले दिन मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा होती है। इस दिन मां को गाय के घी से भोग लगाना चाहिए। इससे आरोग्य लाभ की प्राप्ति होती है। नवरात्र के दूसरे दिन मां के द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है। इस दिन जगत जननी को शक्कर का भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से चिरायु का वरदान मिलता है।

नवरात्र के तीसरे दिन मां के तृतीय स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। इस दिन माता को दूध का भोग चढ़ाएं और उसे जरूरतमंद को दान कर देना चाहिए। ऐसा करने से ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। नवरात्र के चैथे दिन मां के चतुर्थ स्वरूप कुष्मांडा की पूजा की जाती है। इस दिन माता को मालपुआ का नैवेध अर्पण करना चाहिए और उसे जरूरतमंद को दान कर देना चाहिए। ऐसा करने से मनोबल बढ़ता है। नवरात्र के पांचवे दिन मां के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की पूजा होती है। इस दिन जगत जननी को केले का भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से बुद्धि का विकास होता है। नवरात्र के छठवें दिन मां के षष्टम स्वरूप कात्यायनी की पूजा होती है। इस दिन मां भवानी को शहद का भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से सौंदर्य की प्राप्ति होती है। नवरात्र के सातवें दिन मां के सप्तम स्वरूप कालरात्रि की पूजा होती है। इस दिन मां भवानी को गुड़ से निर्मित भोग अर्पित करना चाहिए। ऐसा करने से शोक से मुक्ति मिलती है। नवरात्र के आठवें दिन मां के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा की जाती है। इस दिन माता को नारियल का भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से मनुष्य की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। नवरात्र के नौवें दिन मां के नवम् स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। इस दिन माता को घर में बने हुए हलवा-पूड़ी और खीर का भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से मनुष्य के जीवन में सुख-शांति मिलती है।

रानी की सराय प्रतिनिधि के अनुसार नवरात्र के पहले दिन कस्बे के रानी पोखरा स्थित दुर्गा मंदिर में प्रातः ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। यहां प्रतिदिन देर शाम महिलाएं भक्ति गीत पचरा गाती है जो पूरे नवरात्र भर चलेगा। अवंतिकापुरी स्थित मंदिर में भी लोगो ने पूजन अर्चन किया। देवी मंदिरों के साथ घरों में भी कलश स्थापना के साथ पूजन किये गये। पूजन के साथ ही सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में घंटे घडियाल गूंजते रहे। नवरात्र मे सूदूर देवी मंदिरों मे दर्शन के लिए भी जत्था रवाना होता रहा।

**अतरौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय नगर पंचायत के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर व ग्रामीण मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन बुधवार सुबह से ही माता के मंदिरों के बाहर भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंज उठे। नवरात्रि के अवसर पर प्रमुख मंदिरों तथा धार्मिक स्थल पर भव्य सजावट की गई थी। वही मंदिर परिसर के बाहर फूल माला तथा फल की दुकानें सजी हुई थी। नवरात्रि का पहला दिन होने के प्रमुख मंदिरों पर पुलिस बल भी तैनात रहा।

**फरिहां प्रतिनिधि** के अनुसार फरिहा चैक सहित क्षेत्र के ऊम्मा के पूरा गांव में स्थित माता दुर्गा के मन्दिर में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पहले दिन माता शैलपुत्री की भक्तों ने आराधना किया। लोगों ने शुभ मुहूर्त देखकर अपने घरों में कलश की स्थापना किया। ऐसी मान्यता है कि माता शैलपुत्री नवदुगाओं में से एक है और भाग्य और समृद्धि की प्रदाता है। भक्त उन्हें मां प्रकृति के रूप में मानते हैं और उनके आध्यात्मिक जागरण के लिए प्रार्थना करते हैं। इसकी अतिरिक्त देवी सभी भाग्य के प्रदाता चंद्रमा को नियंत्रित करती हैं ऐसा माना जाता है कि इनकी आराधना करने से चंद्रमा का कोई भी बुरा प्रभाव दूर हो सकता है।

**लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार नवरात्रि के प्रथम दिन शुभंकरी मां काली तिलखरा पर भक्तों ने पूजा अर्चना के बाद मां का जयकारा लगाया। ओम प्रकाश सिंह पूर्व प्रधानाचार्य एवं पूर्व प्रधान धनंजय सिंह ने कहा कि मां की आराधना से मन की मुराद पूरी होती है। मां के दरबार में जो भी हाजिरी लगाता है उसको अभीष्ट फल अवश्य मिलता है। मां काली सृष्टि की आदि देवी हैं। उन्हीं से सृष्टि की उत्पत्ति माना जाता है। इस अवसर पर अरुण सिंह उर्फ पप्पू सिंह, राहुल सिंह, मुन्ना सिंह, सोनू कश्यप, विवेक पाण्डेय, हरिओम सिंह, प्रिंस सिंह, बब्बू, गोलू, राकेश, अवधेश, आदर्श, अमन, नमन, सूरज कनौजिया आदि उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक ने जहानागंज थाने का किया औचक निरीक्षण



अभिलेखों का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा थाना जहानागंज का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, सीसीटीएन आफिस, मालखाना, बैरक, मेस, शौचालय, हवालात को चेक किया गया व कई दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य जहानागंज थाने का औचक निरीक्षण किये।

इस दौरान उन्होने थाना परिसर का बारिकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, सीसीटीएन आफिस, मालखाना, बैरक, मेस, शौचालय, हवालात को चेक किया गया। इसके बाद उन्होने कई दिशा निर्देश दिये। थाना परिसर में बने नालियों व चेम्बर की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। थाना परिसर में खड़े वाहनों को अपराध शीर्षकवार खड़ी कर नियमानुसार निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। थाना परिसर के जिस हिस्से में बाउन्ड्री नही है उसकों शीघ्र बाउन्ड्री कराने हेतु निर्देशित किया गया। शौचालय व छतों (दीवालो) पर लगे छोटे पौधे को काटने के लिए निर्देशित किया गया। मेस में लगें खिड़कियों में शीघ्र जाली लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने का निरीक्षण किया गया तथा मालखाने का चार्ज शीघ्र स्थानान्तरण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय में अभिलेखो का अवलोकन किया गया, जनसुनवाई रजिस्टर को चेक किया गया तथा उसका फीड बैक भी लिया गया लम्बित शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

## निःशुल्क कैंप में 450 लोगों की हुई जांच

**सरायमीर (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बे के नन्दांव मोड़ मेन रोड पर स्थित चशमा महल पर मेदांता हास्पिटल लखनऊ के सहयोग से फ्री मेडिकल कैम्प लगाया गया जिसमें 450 लोगों की फ्री में ईसीजी, सुगर जांच, वीपी व अन्य जांचों के साथ लखनऊ से आई डाक्टरों की टीम ने मेदांता हास्पिटल के पर्चे पर मरीजों को दवाइयां व प्रामर्श दिया। हृदय रोग, पेट रोग, स्पाइन, आंख आदि के विशेषज्ञ डाक्टरो टीम मौजूद रही।

मेदांता हास्पिटल के अभिषेक मिश्रा ने बताया कि इस तरह के कैम्प लगाने का उद्देश्य यह है कि दूर दराज क्षेत्रों को सुविधाओं को आम व गरीब जनता तक पहुंचा है। इतना ही नही बड़े और खचीर्ले आपरेशन गरीबो को भारत सरकार 70 प्रतिशत प्रतिशत सहायता भी दी जाती है। आज जिन मरीजो ने पर्चा बनवाया अगर वह लखनऊ एक माह के अन्दर आते हैं उन्हे बिना किसी फीस के फ्री में दिखाने की सुविधाओं के साथ दूसरी सुविधाएं भी मिलेगी। संचालक उजैर आलम ने सभी का आभार प्रकट किया।

## फर्जी मुकदमे को लेकर पत्रकार संघ का धरना



अम्बेडकर पार्क में धरना देते पत्रकार

**आजमगढ़।** पुलिस द्वारा पत्रकारों व उनके परिवार के ऊपर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे को वापस लिए जाने सहित पांच सूत्री मांगो को लेकर राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के तत्वाधान में बुधवार को अंबेडकर पार्क में पत्रकारों ने एक दिवसीय धरना दिया और काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत का समूह काली पट्टी बांधकर मौन जुलूस निकाला जो रैदोपुर से कलेक्ट्रेट चैराहा, एसपी ऑफिस होते हुए अंबेडकर पार्क में आकर पुनः धरने पर बैठ गए। धरना करीब 3 घंटे तक चला। इस दौरान कोई भी सक्षम अधिकारी ज्ञापन लेने धरना स्थल पर नहीं पहुंचा। 4 घंटे बीतने के बाद सीओ सिटी और कोतवाल धरना स्थल पर पहुंचे। पत्रकारों से ज्ञापन प्राप्त किया। अधिकारियों ने पत्रकारों और उनके परिवार पर दर्ज फर्जी मुकदमे को वापस लिए जाने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय पत्रकार संघ ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर 27 मार्च तक पत्रकारों व उनके परिवार के ऊपर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे को वापस नहीं लिया गया तो 27 मार्च को विधानसभा के सामने काली पट्टी बांधकर अनिश्चित कालीन धरना देने के लिए बाध्य होंगे। पत्रकारों द्वारा किए गए इस धरने का समर्थन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हरिवंश मिश्रा ऑटो यूनियन के अध्यक्ष कृपाशंकर पाठक शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नजम शमीम और विश्व हिंदू परिषद के हलधर दुबे एवं मदरसा मिनी आईटीआई एसोसिएशन की महासचिव एवं प्रांतीय कर्मचारी महासंघ चतुर्थ श्रेणी की प्रांतीय महामंत्री सुफिया बानो ने भी किया। मौके पर जिला अध्यक्ष कमल सिंह यादव, प्रदेश संगठन मंत्री विनोद सिंह, डॉ.अशोक चैहान, डॉ.वीरेंद्र, शाहनेवाज, दीपक, डॉ.शशि भूषण, राजेश राजेश चैबे, उबेद खान, रामेश्वर विश्वकर्मा, सबलू राजभर, जितेंद्र मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### किसानों को बताया गया जल का महत्व



**लालगंज (आजमगढ़)।** किसान मार्गदर्शी सेवा केंद्र आजमगढ़ एवं ग्राम बघौरा इनामपुर में फार्म स्कूल परियोजना अंतर्गत डॉ.रेड्डीज फाउंडेशन और कोटेर्वा एग्री साइंस के तत्वाधान में विश्व जल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत खेती में जल के महत्व पर चर्चा की गई। उपस्थित किसानो को बताया गया कि धान की सीधी बुवाई करने पर हम काफी कम पानी में भी धान की अच्छी पैदावार ले सकते हैं। कार्यक्रम में संजय, उमराज, रामानुज, अखिलेश, संजय, अमरनाथ, आदि किसान उपस्थित रहे।

### आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**फुलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय बिद्युत उपखण्ड कार्यालय स्थित बिद्युत उपकेंद्र फूलपुर अंतर्गत आने वाले गावों में 23 मार्च गुरुवार को प्रातः दस बजे से शाम चार बजे तक बिद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त आशय की जानकारी अवर अभियन्ता बिद्युत ग्रामीण फूलपुर मनीष कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि बिद्युत उपकेन्द्र से छः फीडर स्थापित हैं। सभी फीडरों की बारी-बारी फीडर मेंटीनेंस का कार्य कराया जाएगा जिसके कारण बृहस्पतिवार 23 मार्च को दिन में दस बजे से शाम चार बजे तक बिद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। फीडर मेंटिनेंस का कार्य पूर्ण करके पुनः समयानुसार बिद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### कम्प्यूटर सेंटर का हुआ उद्घाटन



**फरिहा (आजमगढ़)।** स्थानीय बाजार के निजामाबाद रोड पर स्थित यूनिक्स इंस्टीट्यूट ऑफ हार्डवेयर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कंप्यूटर सेंटर का भव्य उद्घाटन हुआ। फरिहा बाजार स्थित निजामाबाद रोड पर कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को यूनिक्स इंस्टीट्यूट का उद्घाटन वीरेन्द्र नाथ मिश्र प्रतिनिधि इफको सहकारी समिति लिमिटेड व क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिलाध्यक्ष भारतीय पत्रकार संघ ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इंस्टीट्यूट के प्रबंधक राहुल पाठक ने बताया कि क्षेत्र में कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बेसिक शिक्षा से लेकर यूनिवर्सिटी कोर्सेज तक की शिक्षा इस इंस्टीट्यूट में छात्रों को दी जाएगी। इस अवसर पर ओम प्रकाश मिश्र, पंकज पांडेय, शाह आलम फराही, अबुजर आजमी, अभिषेक उपाध्याय, श्याम जी उपाध्याय, विजय विश्वकर्मा, कपिलदेव, वीरेन्द्र, अरुण कुमार, हेमन्त कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्रबंधक राहुल पाठक ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

### नये प्रतिष्ठान का ईजा महासचिव ने किया उदघाटन



**आजमगढ़।** सरायमीर स्थित मवेशी खाना मेन रोड न्यू फुट वियर जोन का उदघाटन आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रमुख महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पाण्डेय एवं वसीम उर्फ.पप्पू पेजर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर साहित्यकार संजय कुमार पाण्डेय ने प्रोपराइटर अभिषेक राय एवं नदीम शेख को नवरात्र एवं रमजान के पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी और कहा कि इस प्रतिष्ठान के खुलने से क्षेत्र वासियों को उचित मूल्य पर सामान मिलेगा। मौके पर आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पूर्वांचल महामंत्री नूरुलऐन फिरोजी, आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष विवेकानंद पाण्डेय, आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन जिला कोषाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, मोहम्मद यासिर, भोला, अहमद, नईम अहमद, अबु बकर, अफाक अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

### कल लगेगा पटवध कौतुक पोस्ट आफिस पर कैंप

**पटवध (आजमगढ़)।** केंद्र सरकार द्वारा इंडिया पोस्ट ऑफिस बैंक की सुविधा तथा बाल आधार कार्ड एवं संशोधन को गांव-गांव तक आसानी से पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। मुख्य डाकघर आजमगढ़ द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाता खुलवाने एवं आधार कार्ड संशोधन कराने के लिए पटवध कौतुक पोस्ट ऑफिस पर पुनः कैम्प का आयोजन आगामी 24 मार्च शुक्रवार को किया जा रहा है जिसमें बाल आधार कार्ड, आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बदलवाना एवम् इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में एकाउंट खोलने का काम किया जाएगा। उक्त मौके पर इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक आजमगढ़ के शाखा प्रबंधक विकास रंजन, पोस्टमैन पटवध कौतुक पंकज कुमार, व अन्य कर्मचारी दिनेश, अभिषेक, मनीष, रजनीश, शाहिद आदि लोग उपस्थित रहेगें।

## पुलिस ने किया गैंगस्टरों के घर नोटिस चस्पा



एक अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा करती पुलिस

**तरवां (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार 2 गैंगेस्टरों के घर पर डुगडुगी बजवाकर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा की। न्यायालय गैंगेस्टर कोर्ट आजमगढ़ के आदेश पर यह नोटिस चस्पा की गयी। यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना बरदह की विवेचना थानाध्यक्ष तरवां बसन्त लाल द्वारा सम्पादित की जा रही थी।

मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तों अमित कुमार उर्फ भैया लाल निषाद पुत्र रामबधाई उर्फ बैजू निवासी पटना थाना खानपुर जनपद गाजीपुर व रूदलराम पुत्र शिवमुनी राम निवासी हरिदासपुर काशी थाना सादियाबाद जनपद गाजीपुर के घर व मिलने वाले स्थानों पर कई बार दबिश दी गयी लेकिन नहीं मिले। तत्पश्चात न्यायालय गैगेस्टर कोर्ट आजमगढ़ के आदेशनुसार सर्वविदित स्थानों पर डुगडुगी बजवा कर व्यापक प्रचार प्रसार व मुनादी के पश्चात धारा 82 की नोटिस चस्पा किया गया।


### अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा



अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा करती पुलिस

**फरिहा (आजमगढ़)।** थाना गंभीरपुर अंतर्गत गैंगस्टर एक्ट के न्यायालय के आदेश पर धारा 82 की नोटिस चस्पा की गई। सलमान अहमद पुत्र रिजवान निवासी मोहम्मदपुर थाना गंभीरपुर के विरूद्ध यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत था। आरोपी न्यायालय में न पेश होने पर बुधवार को निजामाबाद पुलिस उसके घर पहुंच कर डुगडुगी पिटवाकर घर पर पुलिस बल द्वारा कुर्की की नोटिस चस्पा की गई।

### तमंचा के साथ मोटर साइकिल चोर गिरफ्तार



पवई थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

**आजमगढ़।** थाना पवई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोटर साइकिल चोर को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते 15 फरवरी को कमर अब्बास पुत्र शब्बीर निवासी चकमकुदन थाना पवई ने थाना स्थानीय पर शिकायत किया था कि धर्मेन्द्र यादव उर्फ झुलई पुत्र पारस यादव ने मेरी गाड़ी सुपर स्पलेण्डर मोटर साइकिल चुरा लिया है। शिकायत के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। बुधवार को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव पुत्र पारस नाथ यादव निवासी बलईपुर थाना पवई को हमीरपुर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक अदद तमंचा देशी 32 बोर तथा एक खोखा कारतूस 32 बोर बरामद हुआ।

## सब्र का महीना है रमजान : मो.अब्दुल बारी



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** रमजान रहमत और बरकत वाला महीना है। इसी महीना में कुरान पाक उतारा गया। इसी में शबे कद्र है. इसके दिन में रोजा फर्ज किया गया और रात में तरावीह की नमाज। जो इसमें नेकी का कोई काम करे तो ऐसा है जैसे और किसी महीने में फर्ज अदा किया और इसमें जिसने फर्ज अदा किया तो ऐसा है जैसे और दिनों में 70 फर्ज अदा की। उक्त बातें मौलाना मोहम्मद अब्दुल बारी नईमी पेश इमाम जामा मस्जिद अतरौलिया एवं उस्ताद मदरसा अरबिया प्रिंम नईमी सरैया पहाड़ी ने कही। उन्होंने कहा कि यह महीना सब्र का है और सब्र का सवाब जन्नत है। इस महीना में लोगों की रोजी बढ़ा दी जाती है। यह महीना हमदर्दी और खैर खाही है जो इसमें किसी रोजादार को इफ्तार कराए तो उसके गुनाहों के लिए बख्शीश है और उसकी गर्दन जहन्नम की आग से आजाद कर दी जाएगी। रोजा इफ्तार कराने वाले को वैसा ही सवाब मिलेगा जैसा रोजा रखने वाले को मिलेगा। जिसने रोजादार को पेट भर खाना खिलाया उसको अल्लाह ताला आबे कौसर से पिलाएगा कि कभी प्यासा न होगा। यहां तक की जन्नत में दाखिल हो जाएगा। इसका पहला अशरा रहमत और दूसरा मगफिरत और तीसरा जहन्नम से आजादी का है। इसलिए इस महीना में छोटे-बड़े तमाम तरह के गुनाहों से बचते हुए ज्यादा से ज्यादा इबादत कर-के अपने रब को राजी करने वाला काम करना चाहिए।

## बच्चे के इलाज के लिए दर-दर भटक रहा पिता

**गुहार**

### बच्चे के इलाज में आयेगा 12 लाख खर्च



बच्चे के साथ माता-पिता

**आजमगढ़।** अपने साथियों के साथ खेलते वक्त पैर फिसल जाने से एक बालक का हाथ इस कदर फैक्चर हो गया कि उसे कई डाक्टरों को दिखाने के बाद भी आराम नहीं मिल रहा है। थक हार के पीजीआई पहुंचे पिता को डाक्टरों ने बताया कि बालक के हाथ में सड़न हो रही है इसके इलाज के लिए 12 लाख खर्च होगें। यह सूचने ही पिता के पैरों तले जमीन खिसक गयी।

अतरौलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गोविन्दपुर निवासी वीरेन्द्र मौर्य का एकलौता सात वर्षीय पुत्र राज बहादुर मौर्य जो कक्षा दो का छात्र है। बालक पिछले वर्ष 23 नवम्बर को अपने साथियों के साथ खेल रहा था कि उसी दौरान उसके दाहिने हाथ में चोट लगने से फैक्चर हो गया। अपने बच्चे का हाथ टूटने की सूचना मिलते ही माता पिता परेशान हो गये और बालक को लेकर अतरौलिया स्थित जय गुरुदेव अस्पताल ले गये। जहां डाक्टरों ने बताया कि बच्चे के हाथ में फैक्चर हो गया है और बच्चे के हाथ में प्लास्टर लगा दिया। कुछ दिन इलाज करने के बाद भी बच्चे को आराम नहीं हुआ घाव बढ़ता गया। बच्चे के माता पिता लछिरामपुर स्थित हड्डी अस्पताल में डा. आरबी त्रिपाठी को दिखाया बच्चे को वहां भी आराम नहीं मिला। बच्चे के दर्द से माता पिता काफी परेशान हो गये थें और थक हार कर अपने बच्चे के इलाज के लिए लखनऊ स्थित पीजीआई में दिखाये। रिपोर्ट देखने के बाद पीजीआई के चिकित्सकों ने दवा इलाज में 12 लाख रुपये खर्च बताया। डाक्टरों ने बताया कि बच्चे के हाथ की कई बार प्लास्टिक सर्जरी होगी तब जाकर इसका हाथ सही होगा नहीं तो बच्चे का हाथ काटकर निकालना पड़ेगा। यह सुनकर बच्चे के माता पिता के पैरों तले जमीन खिसक गयी। गरीबी हालत में जीवन यापन कर रहे दम्पत्ति को कुछ भी सूझ नही रहा था। धन के अभाव में लाचार पिता अपने कलेजे के टुकड़े को लेकर घर वापस आ गया। वीरेन्द्र की माली हालत ठीक नहीं है वह किसी तरह से मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं उनके पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है खेती के नाम पर मात्र 10 विस्वा जमीन है गरीब असहाय पिता ने अपने कलेजे के टुकड़े के इलाज के लिए जनप्रतिनिधि एवं जनता से मदद की गुहार लगाया है।

### अतरौलिया की धरती पर करूंगा भिक्षाटनःरामकुंवर

**आजमगढ़।** अतरौलिया ग्राम पंचायत गोविन्दपुर निवासी वीरेन्द्र को जानकारी मिली कि सामाजिक कार्यकर्ता रामकुंवर यादव गरीब असहायों की मदद करते हैं उनसे उन्होने फोन से सम्पर्क किया तो रामकुंवर यादव ने कहा कि अगर सरकारी सुविधा नहीं मिली तो मैं बच्चे के इलाज के लिए हर संम्भव मदद करुगा। बालक के जीवन को बचाने के लिए पूरा प्रयास किया जायेगा। जरुरत पड़ी तो अतरौलिया की धरती पर भिक्षाटन करुंगा।

## सोनल श्रीवास्तव को मिला मिसेज यूपी क्वीन का खिताब



**आजमगढ।** नगर के बड़ादेव मोहल्ले की रहने वाली बहू सोनल श्रीवास्तव ने मिसेज यूपी क्वीन का खिताब जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। बुधवार को नगर के रोडवेज स्थित एक होटल के सभागार में सोनल श्रीवास्तव का स्वागत किया गया। अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन उत्तर प्रदेश के आजमगढ मंडल अध्यक्ष विवेक अग्रवाल के नेतृत्व में सामाजिक संगठन नारी शक्ति संस्थान वेदांता ग्रुप के डायरेक्टर ऋत्विक जायसवाल प्रमुख कथावाचक आकाश पांडे की मौजूदगी में मिसेज यूपी क्वीन सोनल को मोमेंटो बुके देकर स्वागत किया गया। नगर के बड़ादेव मोहल्ले के रहने वाले अमित श्रीवास्तव की पत्नी सोनल श्रीवास्तव ने मिस 4 मिस यूपी क्वीन प्रतियोगिता 2023 के सीजन-2 में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में यूपी के विभिन्न जनपदो की करीब तीन सौ महिलाओं ने प्रतिभाग किया था। उसमें से दस लोगों का सलेक्शन हुआ जिसमें जनपद की सोनल श्रीवास्तव भी शामिल थी। 19 मार्च को जौनपुर जिले में आयोजित फाइनल प्रतियोगिता में सोनल श्रीवास्तव को मिसेज यूपी क्वीन का खिताब मिला। मिसेज यूपी क्वीन चुने जाने के बाद सोनल श्रीवास्तव काफी खुश है। उनका कहना है कि उन्होने ऐसी प्रतियोगिता में पहली बार भाग लिया। भाग लेने से पहले ही उनका एक्सीडेंट भी हुआ था उसके बावजूद भी उन्होने हार नही मानी और प्रतियोगिता में भाग लिया और मिसेस यूपी क्वीन बनी। उन्होन अन्य महिलाओं को भी ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अमित सिन्हा, विजय सिंह विशेन, पूनम सिंह, उमेश सिंह, राहुल सोनकर, सीनू, पूनम तिवारी, ममता बर्नवाल, सारिका सिंह, निरूपमा पांडेय आदि उपस्थित रहीं।

## जनपद में कामर्शियल ट्रेड आईटीआई कॉलेज की मांग

**मांग**

### लोकसभा अध्यक्ष को लालगंज सांसद ने सौंपा ज्ञापन



लोकसभा अध्यक्ष ओमबिरला को पत्रक सौपती सांसद संगीता आजाद

**ठेकमा आजमगढ़।** सांसद ने सदन में उठाया विधानसभा लालगंज फूलपुर निजामाबाद दीदारगंज सरकारी आई टी आई कॉलेज की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्थापना की मांग लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं केंद्रीय श्रम एवं रोजगार वन पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के समक्ष अपनी मांग रखते हुए ज्ञापन सौंपा। लालगंज सांसद संगीता आजाद ने जनपद के लोकसभा लालगंज के अंतर्गत दीदारगंज अतरौलिया निजामाबाद फूलपुर में नई शिक्षा नीति के तहत नवीन कामर्शियल ट्रेड की आई टी आई कॉलेज की लोकसभा में नियम 377 के तहत स्थापना की मांग की और लालगंज में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की भी मांग की उन्होंने कहा कि आजमगढ़ पूर्वांचल का केंद्र है यहां कृषि विकास की अपार संभावनाएं हैं इस जिले से आजमगढ़ मऊ बलिया गाजीपुर गोरखपुर देवरिया कुशीनगर आदि जिले जुड़ते हैं इसलिए सरकार आजमगढ़ कृषि महाविद्यालय को केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के रूप में परिवर्तित कर संचालन करें केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय बन जाने से किसानों को उन्नत सब्जी फल एवं तिलहनी दलहनी फसलों तथा मोटे अनाज की उन्नत खेती करने का किसानों को प्रशिक्षण का अवसर प्राप्त होगा जिससे किसानों की आय दोगुनी की जा सकती है और युवा वर्ग कृषि प्रशिक्षण लेकर रोजगार परक खेती कर सकते हैं सांसद ने कहा कि निजामाबाद मे ब्लैक पॉटरी उद्योग को सरकार ने आरंभ तो करा दिया है किंतु उसकी दयनीय स्थिति बनी हुई है उसे तत्काल वित्त पोषित कर और अनुदान देकर केंद्र सरकार ब्लैक पॉटरी उद्योग को आगे बढ़ाएं जिसमें लगे श्रमिकों को लाभ मिल सके जिससे ब्लैक पॉटरी उद्योग को संजीवनी मिल सके। इसी के साथ सांसद संगीता आजाद ने मांग किया कि कांशी राम का 15 मार्च को जन्म दिवस मनाया जाता है उन्होंने भारतीय वर्ण व्यवस्था मे बहुजनों के हित एवं राजनीतिक एकीकरण के लिए अपने जीवन की कुबार्नी देश के लिए किया है ऐसे महापुरुष का लोकसभा के सेंट्रल हाल में उनका स्टेच्यू प्रतिमा स्थापित करवाई जाय।

# नवरात्र के प्रथम दिन 3 लाख भक्तों ने किया मां का दर्शन





मेला क्षेत्र का निरीक्षण करतीं डीएम साथ में हैं एडीएम, मेला में पहुंचे डीआईजी व दर्शन को लाइन में लगे भक्त

**आस्था**

## मां के जयकारे से गूंजा विन्ध्य धाम

### सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन बुधवार को आस्था धाम विंध्याचल भक्तों से पटा रहा। पहले दिन करीब तीन लाख से अधिक भक्तों ने मां विंध्यवासिनी का दर्शन और पूजन किया। मंगला आरती से पहले गर्भ गृह की ओर से जाने वाले मार्ग भक्तों से पटा रहा। विभिन्न प्रकार के फूलों और रत्न जड़ित आभूषणों से माता का श्रृंगार किया गया था। भव्य स्वरूप देखकर भक्त निहाल हो रहे थे।

मंगला आरती के बाद मंदिर का कपाट खुलते ही एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु बेताब हो उठे। भोर से ही विन्ध्य धाम के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का रुख रहा। गंगा स्नान करने के बाद विभिन्न गलियों से रास्ते मंदिर की ओर भक्त हाथों में नारियल चुनरी माला फूल एवं माता का प्रसाद लिए गर्भ गृह की ओर जाने वाले मार्ग पर भक्त कतार में खड़े रहे। माता के जयकारे से धाम की समस्त गलियां गुंजायमान रहे। किसी ने गर्भ गृह तो किसी ने झांकी से ही मां विंध्यवासिनी माता की एक झलक प्राप्त किया। मंदिर के छत पर भी भारी संख्या में बैठे साधक चैत्र नवरात्र के पहले दिन माता के ध्यान में लगे रहे। मां के दर्शन पूजन अनुष्ठान एवं परिक्रमा कर श्रद्धालु मंदिर परिसर में विराजमान देवी और देवताओं का दर्शन और पूजन किया चैत्र नवरात्र के दौरान चौबीसों घंटे श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन पूजन करने का सिलसिला जारी रहा।

### त्रिकोण मार्ग रहा गुलजार, माता काली एवं अष्टभुजा देवी के किए दर्शन

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन त्रिकोण मार्ग भक्तों से गुलजार रहा। मां विंध्यवासिनी माता के दर्शन के बाद अधिकांश भक्तों ने माता काली एवं मां अष्टभुजा देवी का भी दर्शन और पूजन किया। कोई पैदल तो कोई किसी वाहन से काली खोह स्थित मंदिर पहुंचकर माता काली का दर्शन पूजन किया। मंदिर के पीछे स्थित चिढ़ियों के रास्ते पहाड़ पर चढ़कर पैदल ही श्रद्धालु अष्टभुजा देवी मंदिर पहुंचकर मां अष्टभुजा देवी के दर्शन किया। भोर से शुरू हुआ दर्शन पूजन का दौर दिन-रात चलता रहा।

### पुरोहितों का श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी माता का दर्शन एवं पूजन कर अधिकांश श्रद्धालु अपने अपने पूर्वजों के पास भी पहुंचे दान पुण्य कर नवरात्र के प्रथम दिन पर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विंध्याचल धाम क्षेत्र के विभिन्न होटल धर्मशाला व आश्रम ने श्रद्धालु डेरा जमाए हुए थे। सुबह भोर होते ही गंगा घाट पर पहुंचकर स्नान करने के बाद अपने-अपने पुरोहित के पास पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन एवं पूजन किया। दर्शन पूजन करने के उपरांत श्रद्धालुओं ने पुरोहित के चरण स्पर्श कर चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन पर आशीर्वाद लिया।

### भक्तों ने पहाड़ पर लगाया बाटी चोखा

नव वर्ष के प्रथम दिन बुधवार के दिन मां अष्टभुजा पहाड़ पर जगह-जगह श्रद्धालु वृक्ष के नीचे बाटी चोखा लगाया। अपने अपने परिजनों के संग पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाटी चोखा का आनंद लिया। पहाड़ी पर महाकाली मंदिर से लेकर आज पुल पहाड़ी पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पहाड़ पर अद्भुत नजारा दिख रहा था। उमड़ी भीड़ के चलते सुरक्षा व्यवस्था प्रयास रहे।

### पंडा समाज व पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं को कराया दर्शन पूजन

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन आगमन पर मां विंध्यवासिनी माता के दरबार में लाखों श्रद्धालु दर्शन पूजन करने के लिए पहुंचे थे। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने अपनी अपनी तैयारियां पूरी कर ली थीं। मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में पुलिस प्रशासन के साथ-साथ श्री विन्ध्य पंडा समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगण दो 2 घंटे की ड्यूटी निर्धारित किए गए हैं। पुलिस प्रशासन पंडा समाज के सहयोग से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम सुलभ दर्शन पूजन कर सके। पंडा समाज अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने बताया कि चैत्र नवरात्र के आगमन पर लाखों श्रद्धालु दर्शन पूजन करने के लिए पहुंच रहे हैं। पंडा समाज एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम सुलभ दर्शन मुहैया कराया जा रहा है।

### 22 से 30 मार्च तक प्रतिदिन 24 घंटे होगा दुर्गा सप्तशती पाठ

विन्ध्य धाम तीर्थ विकास परिषद की ओर से नव दिवसीय दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन मां विंध्यवासिनी माता मंदिर के छत पर किए गए नवरात्र के प्रथम दिन नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पंडा समाज अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने मां विंध्यवासिनी माता के चित्र पर विधि-विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर दुर्गा सप्तशती पाठ का शुभारंभ किया। 22 से 30 मार्च तक प्रतिदिन 24 घंटे दुर्गा सप्तशती पाठ किए जाएंगे। ब्राह्मण विनय महाराज के नेतृत्व में इक्कीस ब्राह्मणों द्वारा पाठ किए जाएंगे। इस दौरान डीएम दिव्या मित्तल, अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह नवीन कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं की पहली पसंद

विंध्य तीर्थ विकास परिषद की ओर से निःशुल्क इलेक्ट्रिक बस एवं गोल्फ कार्ट श्रद्धालुओं के लिए पहली पसंद बन गई है। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिर्जापुर दौरे के दौरान मां विंध्यवासिनी माता का दर्शन पूजन करने के उपरांत गोल्फ कार्ट का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। चैत्र नवरात्र मेले के दौरान त्रिकोण पथ पर इलेक्ट्रिक बस चलायी जाएगी। जिसका संचालन रोडवेज परिसर से सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक किया जायेगा। दो 2 घंटे के अंतराल में सुविधाएं दी गई। वहीं पुरानी वीआईपी गेट से लेकर मां विंध्यवासिनी मंदिर तक वृद्ध श्रद्धालुओं को भी गोल्फ कार्ट की सवारी की गई जिसमें श्रद्धालुओं की पहली पसंद बन गया है। भक्तों ने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से विंध्याचल धाम में जो सुविधाएं दी जा रही है वह काम नहीं है। धाम में श्रद्धालुओं की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है।

### हजारों श्रद्धालुओं ने किया मां चंडिका का दर्शन पूजन

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन बुधवार को पड़री क्षेत्र के चंडिका धाम स्थित भगवती माँ चंडिका के धाम में पहुँचकर हजारों श्रद्धालुओं ने मां चंडिका के दर्शन पूजन किया। तत्पश्चात कुछ श्रद्धालु भगौती माँ चंडिका के धाम में अखण्ड ज्योति जलाकर पूजन अर्चन किया। मंदिर परिसर में बने स्थापित अन्य देवी देवताओं का भी लोगों ने पूजन अर्चन किया मंदिर परिसर में शान्ति व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष पड़री अजीत कुमार श्रीवास्तव दल बल के साथ मौजूद रहे ताकि दर्शनार्थियों को कोई दिक्कत न हो सके।

## जयकारों से गूंजायमान रहा शीतला माता का दरबार

जनसंदेश न्यूज



दर्शन को लाइन में लगे भक्त

**हलिया।** विकास खंड क्षेत्र के प्रसिद्ध माता का मंदिर गड़बड़ा शीतला धाम में बुधवार को चैत्र नवरात्रि का पहला दिन कलश स्थापना होने के कारण भोर से ही गड़बड़ाधाम शीतला माता के दर्शन करने के लिए जनपद सहित अन्य राज्यों से आए भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। मां शीतला के पूजन के लिए 50 हजार भक्तों ने मां के चरणों में हाजिरी लगायी। सुबह से ही मौसम समान्य होने पर माता के दर्शन करने के लिए महिलाओं तथा बच्चों की ज्यादा भीड़ रही। भक्तों ने सुख, शांति व समृद्धि के साथ ही संतान प्राप्ति के लिए माता से कामना की। भक्तों ने फल फूल, माला, प्रसाद, हलवा, पूड़ी ,नारियल, चुनरी, सोना, चादी चढ़ाकर अपनी अपनी मन्नतें पूरी करने की कामना की। वहीं भीड़ को देखते हुए पुलिस कर्मी अपने दल बल के साथ कतारबद्ध होकर श्रद्धालुओं को दर्शन करने में जुटे रहे जिससे लोगों को परेशानी न हो।

### एक लाख भक्तों ने माता के दरबार में लगाई हाजिरी

**चुनार।** क्षेत्र के अदलपुरा शीतला धाम में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन एक लाख भक्तो ने बड़ी शीतला माता के दरबार में हाजिरी लगाई। मौसम खराब होने के बावजूद भक्तों की आस्था नहीं डिगी। नवरात्रि से एक दिन पूर्व ही दर्शनार्थियों का मंगलवार सांयकाल से ही आने की सिलसिला शुरू हो गया। महिला श्रद्धालु ने भोर में गंगा स्नान के पश्चात मंदिर क्षेत्र में कढ़ाई चढ़ा कर पूड़ी हलुआ गुलगुला आदि प्रसाद बनाकर नारियल चुनरी लाचीदाना बतासा आदि को लेकर देवी पचरा गाते हुए मंदिर में देवढ़ी पर शीश झुका कर मां को प्रसाद चढ़ा कर भोग लगाया। इस दौरान मंदिर परिसर में मुंडन संस्कार आदि खूब हुआ। पुजारी अनिल, सोनू आदि ने बारी बारी से मां को दर्शन कराते रहें। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर मां के जयकारे से गुंजायमान रहा। मंदिर समिति द्वारा शीतला मंदिर को झालर बत्तियों आदि से खूब सजाया गया था। मेला प्रभारी अदलपुरा पुलिस चौकी प्रभारी एसआई जयदीप सिंह ने मय पुलिस बल के साथ स्वयं ही सुरक्षा व्यवस्था में मंदिर पर डटे रहे।

### मां भंडारी देवी के दर्शन के लिए लगा श्रद्धालुओं का ताता

**अहरौरा।** पवित्र चैत्र नवरात्र माह के पहले ही दिन से अहरौरा नगर के उत्तर तरफ ऊंचे पर्वत पर विराजमान आदिशक्ति मां भंडारी देवी के धाम पर दिनभर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। लगभग हजारों से अधिक भक्तों ने मां को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनका दर्शन पूजन किया। बताते है कि नवरात्र माह में मां भंडारी देवी मंदिर पर मेले जैसा दृश्य रहता है। पहाड़ के नीचे भी सैकड़ों की संख्या में दुकानें सजी हुई है। पहाड़ के नीचे झूले एवं मनोरंजन के अन्य साधन भी लगे हुए हैं जिसका आनंद दूर-दूर से आने वाली महिलाएं एवं पुरुष तथा छोटे-छोटे बच्चे उठाते है। बुधवार को मां भंडारी देवी धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता को नारियल चुनरी चढ़ाया वही सैकड़ों की संख्या में मुंडन संस्कार भी संपन्न हुआ।

# रोक के बावजूद धड़ल्ले से ट्रैक्टर ट्राली से ढो रहे सवारियां



ट्रैक्टर से दर्शन को पहुंचे भक्त

**जीवन से खिलवाड़**

### हादसे को न्योता दे रहे सवारियों से भरे ट्रैक्टर ट्राली

**हलिया।** बीते वर्ष कानपुर के साढ़ थाना क्षेत्र में दर्शनार्थियों से भरी ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे तालाब में पलटने से महिलाओं बच्चों सहित दो दर्जन से अधिक दर्शनार्थियों की मौत हो गई थी। इस बड़े हादसे के बाद सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रैक्टर ट्राली तथा अन्य मालवाहक वाहनों पर सवारियों को लेकर आने जाने पर रोक लगाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया था।

हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि लोग मालवाहक वाहनों का इस्तेमाल सवारियों को लाने व ले जाने में नही करें। इसके बाद यातायात निदेशालय की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया कि अगर कोई नियम का उलंघन करते पाया गया तो कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपए का जुमार्ना लगाया जाएगा। इसके बाद भी बुधवार को नवरात्रि के पहले दिन हलिया ड्रमंडगंज मार्ग से ट्रैक्टर ट्राली पर दर्शनार्थियों को बैठाकर गड़बड़ा धाम ले जाया गया। इसके बाद भी स्थानीय पुलिस द्वारा ट्रैक्टर ट्राली से सवारियों को लेकर जाने पर कोई कार्रवाई नही की गई। गड़बड़ा धाम मेला में ग्रामीण इलाकों से अक्सर लोग ट्रैक्टर ट्राली से दर्शन पूजन करने के लिए समूह में आते हैं। ट्रैक्टर ट्राली पर सवारियों को ढोने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है नही तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में सीओ लालगंज दीक्षांत राज ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली तथा अन्य मालवाहक वाहनों से दर्शनार्थियों व सवारियों को ढोने पर रोक लगाई गई है। इसके लिए मेला क्षेत्र में एलांउस करवाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। ट्रैक्टर ट्राली से दर्शनार्थियों व सवारियों को ढोते हुए पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से निकाली गई कलश शोभायात्रा



कलश यात्रा निकालते भक्त

**हलिया।** क्षेत्र के रतेह चौराहा स्थित वैष्णो देवी मंदिर पर चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन बुधवार से आयोजित होने वाले शतचंडी महायज्ञ के लिए गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई।

कलश शोभायात्रा यात्रा वैष्णो देवी मंदिर से प्रारंभ होकर सेमरा कलां होते हुए गड़बड़ा धाम पहुंची जहां सेवटी नदी के पावन जल को कलश में भरकर 151 महिलाओं, कन्याओं तथा बच्चों ने सेमरा कलां गांव से होते हुए पुनः रतेह चौराहा स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंचे जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से कलश स्थापित किया गया। सप्त दिवसीय शतचंडी महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा की आयोजक साध्वी रेखा ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए वैष्णो धाम मंदिर परिसर रतेह चौराहा पर शतचंडी महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

श्रीधाम वृन्दावन से पधारे श्रीमद्भागवत कथावाचक पंडित मयंक तिवारी 23 मार्च से 29 मार्च तक दोपहर तीन बजे से सायं 7 बजे तक भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराएंगे। 30 मार्च को यज्ञ पूर्णाहुति के बाद भंडारा का आयोजन किया गया है।

कलश शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज वीरेंद्र सिंह, एसआई कोमल सिंह, अखिलेश प्रजापति, संतोष पटेल, साध्वी, रेखा, राकेश तिवारी, अरूण सिंह, घनश्याम श्रीवास्तव, रामलली चौरसिया, भेष नारायण चौरसिया विनोद चौरसिया सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# बेमौसम बरसात होने से किसानों को हो रहा भारी नुकसान

**किसानों में चिंता**

### दलहन तिलहन के उत्पादन पर पड़ सकता है असर

### मौसम में बदलाव होने से ठंड का दिखाई दे रहा असर

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र में बेमौसम बरसात होने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं फसलों को भी भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

आसमान में लगातार बादलों की आवाजाही लगी हुई है जिसके बाद लगभग 5 बजे तेज गरज चमक के साथ करीब आधे घंटे तक भारी बरसात हुई और ओले पड़े। मौसम विभाग की ओर से जारी सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए किसानों ने खेतों में तैयार फसलों की कटाई मड़ाई कर लिया था लेकिन दलहन और तिलहन की फसलों पर इस बरसात से भारी नुक्सान पहुंचा है। बेमौसम बरसात होने से गढ़वा गांव में गेहूं तथा अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा वहीं हवा के झोंके से फसल धराशाई हो गए। ऐसे में किसानों पर पड़े प्रकृति की मार से किसानों की पूंजी टूट गई और कर्ज के बोझ से दब कर बेमौत मरने पर विवश हैं। तेजी से बदलते मौसम की वजह से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं अगर तेज बरसात होता है तो खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो सकती हैं। क्षेत्र में सूखे के असर से धान का पैदावार काफी कम हुआ था। वहीं अब गेहूं तथा अन्य फसलों के लिए यह बरसात काफी नुकसानदायक साबित हो रहा है।



बेमौसम हुई बारिश से बर्बाद हुई फसल

## दो भाइयों के बीच चले लाठी-डंडे, सात लोग घायल

**हलिया।** क्षेत्र के पंवारी खुर्द गांव में बुधवार की सुबह भाईयों में भूमि विवाद को लेकर कहासुनी के बाद लाठी डंडे से मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। मौके पर पंहुची पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज घायलों को उपचार के लिए पीएचसी पर भेज दिया जंहा पर चिकित्सक ने हालत गंभीर देखकर एक पक्ष से चार लोगों को जिल चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। पंवारी खुर्द के गांव निवासी यूसुफ व यूनूस भाइयों के बीच भूमि विवाद चला आ रहा है कि बुधवार की सुबह दोनों पक्ष में कहासुनी के बाद जमकर लाठी डंडे चलने लगे जिससे यूनूस की ओर से 33 वर्षीय अमीना बेगम व 45 वर्षीय यूनूस व 47 वर्षीय हकीकुन व 21 वर्षीय हकरुन को चिकित्सक ने गंभीर चोटिलों को जिला हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया है। प्रथम पक्ष की अमीना पुत्री यूनूस की तहरीर पर यूसुफ व निजामुद्दीन व यासुदीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से यासुदीन की तहरीर पर यूनूस व अमीना व साजिया व सितारा भूमि विवाद को लेकर गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे जिससे यासुदीन व भाई निजामुद्दीन को भी मारे पीटे है जिससे चोटे आई है।

## महिला सशक्तीकरण रैली को दिखाई हरी झण्डी

**मीरजापुर।** शक्ति की उपासना के पर्व चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा महिला सशक्तिकरण रैली निकाली गयी। उक्त महिला सशक्तिकरण रैली बुधवार से प्रारम्भ होकर 29 मार्च तक निर्धारित जनपदो से होते हुए निश्चित स्थान पर पहुंचकर समाप्त होगी। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण रैली 02 मार्गो पूरब से पश्चिम विन्ध्याचल धाम से प्रारम्भ होकर जनपद गौतमबुद्धनगर तक तथा उत्तर से दक्षिण देवीपाटन धाम जनपद बलरामपुर से प्रारम्भ होकर जनपद ललितपुर में समाप्त होगी। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह, विधायक रत्नाकर मिश्र, अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी राम कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र राकेश प्रकाश सिंह, एसपी संतोष कुमार मिश्रा, डीएम दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक वूमेन एण्ड चाइल्ड सिक्योरिटी विंग 1090 रूचिता चौधरी मौजूद रहे।

# बघेड़ा कला गांव में पहुंचा भालू कई लोगों को किया घायल



भालू को देखने को उमड़े ग्रामीण

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत बघेड़ा कला गांव के कर्णावती नदी के किनारे बसे गांव में तेजू बिंद के घर में बुधवार को दोपहर में जंगली भालू घुस गया। गांव वाले उसको घर में ही बंद कर दिए। वन दरोगा व वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर लाचारी व्यक्त कर रही हैं। मकान मालिक का परिवार अगल-बगल के कमरों में है और परिजनों के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी है। लोगों का कहना है कि भालू गौरा नेगुरा बान सिंह, यादवपुर होते हुए यहां पर पहुंचा है। यह बीच में कम से कम 7 लोगों को घायल कर चुका है। जिसमें सोनू और विकास का उपचार सरोई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार चल रहा है और बघेड़ाकला में 5 लोगों को घायल किया। तमाशबीनो की भीड़ जुटी हुई थी। वहीं मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बताया कि उनके पास भालू पकड़ने का कोई यंत्र नहीं है।

## संक्षेप

### भक्तों के लिए नौ दिन तक चलेगा भण्डारा



भण्डारे में पूजन करतीं डीएम, प्रमुख व अनिल सिंह

**मीरजापुर।** चील्ह मीरजापुर चौराहे पर कोन विकास खंड प्रमुख मीनाक्षी सिंह एवं समाजसेवी अनिल कुमार सिंह द्वारा विगत वर्षों की भांति इस बार भी नवरात्र पर्व पर नौ दिवसीय प्रसाद वितरण शिविर का आयोजन देवी भक्तों के लिए किया गया है। जिसका शुभारंभ बुधवार बासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा किया गया। मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि यह बड़ा ही पुण्य का काम है। भक्तों के लिए 9 दिन तक भंडारा का आयोजन किया जा रहा है इसके लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं। बताते चलें कि यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से आयोजित किया जाता रहा है। जिसके क्रम में इस वर्ष भी आयोजन किया गया है और यह नवरात्र तक चलता रहेगा। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी अनिल सिंह ने बताया कि मां की कृपा से भक्तों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। दूरदराज से आने वाले भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर बीडीओ राकेश कुमार शुक्ला तथा क्षेत्र के तमाम गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### नाबालिग को भगाने वाले पर दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में दी गई तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को देर शाम मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 8 मार्च को घर पर मौजूद 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को सेमरी कला गांव निवासी एक युवक उसे वहला फुसलाकर भगा ले गया था। गांव के कुछ लोगों ने नाबालिग के साथ देखा था परिजनों का आरोप है कि नाबालिग को वापस लाने की बात करते रहे लेकिन अभी तक वह घर नहीं पहुंची है। मंगलवार को देर शाम मुकदमा दर्ज कर बरौंधा पुलिस चौकी प्रभारी धर्मनाथ भार्गव को विवेचना मिली है। मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू प्रिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोड़ 72 हजार उड़ाए

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेडा गांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा से संचालित ग्राहक सेवा केंद्र का मंगलवार की रात दरवाजा में लगे ताले को चटकाकर ग्राहक सेवा केंद्र में घुसे अज्ञात चोरों ने काउंटर में रखा 72 650 रुपए पर हाथ फेर दिया। सुबह पहुंचे ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी लवलेश पाल ने देखा कि ताला टूटा हुआ है। काउंटर में रखे रुपए गायब थे। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर मिलने के बाद जांच पडताल में जुट गई है।

### सड़क बनाने को लेकर डीएम को दिया पत्रक

**मीरजापुर।** सड़क खराब होने को लेकर स्थानीय लोगों ने डीएम को पत्रक देकर बनवाने की मांग किया है। बुधवार को जिला पंचायत सदस्य फूलमती देवी ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर बताया कि लोहदी खुर्द, बेरमउवा सम्पर्क मार्ग एकदम से ध्वस्त और खराब होने के कारण आये दिन दुर्घटनायें होती रहती है और यह सम्पर्क मार्ग रीवां रोड मुख्य मार्ग से जुड़ा होने के कारण कई गांव के लोग अत्यन्त ही प्रभावित हो रहे हैं। ये सम्पर्क मार्ग विगत 25 वर्षो से पीडब्लूडी अधिन होने के बावजूद इस पर कोई काम नही कराया जा रहा हैं। इस सम्पर्क मार्ग पर यदि जल्द से जल्द कार्य नही हुआ तो सम्पर्क मार्ग के किनारे आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर वंदे मातरम ग्रुप संगठन प्रमुख संपूणार्नंद सहित स्थानीय लोग मौके पर मौजूद रहे।

### चुनाव के बाद समिति के सचिव को मिली धमकी

**लालगंज।** साधन सहकारी समिति उसरी पांडेय के हुए चुनाव के बाद समिति के सचिव को धमकी मिली। सचिव श्याम धर सिंह ने मंगलवार को सायंकाल थाने में तहरीर देकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और जानमाल की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए एक के खिलाफ तहरीर दिए है। तहरीर में बताया गया है कि सोनबरसा गांव के निवासी एक युवक द्वारा मोबाइल पर धमकी दी गई है कि समिति पर आओगे तो गोली मार दूंगा। कहा गया कि समिति के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में सचिव के वजह से हमारा कैंडिडेट हार गया है। सचिव ने कहा है कि धमकी के डर से सचिव साधन सहकारी समिति नहीं जा रहे हैं। जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू प्रिया ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### अबूझ हालत में मिली विवाहिता की लाश, मृतका के पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खिरौड़ी गांव में बुधवार को सुबह कमरे में विवाहिता की लाश पुलिस ने बरामद की है। मृतका के पिता द्वारा अपनी तहरीर में दहेज के कारण ससुरालियों द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलाब शंकर यादव पुत्र स्वर्गीय फागू यादव निवासी ग्राम फतेहपुर थाना सहाबगंज जनपद चंदौली की पुत्री प्रीती देवी 25 वर्ष की शादी थाना क्षेत्र के खिरौड़ी गांव निवासी दीपक यादव पुत्र रामबृक्ष यादव के साथ अप्रैल माह सन 2018 में हुई थी। वादी तहरीर के अनुसार जब से ससुराल आई थी शादी में कम दहेज पाने के कारण ससुरालियों द्वारा उसे सताया जा रहा था। जब मैके में आती थी तो परिजनों से अपनी यातना का इजहार करते हुए ससुरालियों द्वारा कभी भी अपनी हत्या कर दिए जाने की आशंका व्यक्त करती रही। मृतका के पिता गुलाब शंकर यादव की तहरीर पर पुलिस ने पति दीपक श्वसुर रामवृक्ष सास जीरा देवी देवर जितेंद्र यादव ननद गुड्डी देवी स्त्री स्व. विमल यादव भांजी रिशु पुत्री स्वर्गीय विमल यादव के खिलाफ दहेज हत्या की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मुकदमा कायम करते हुए शव को परीक्षण हेतु भेज दिया।

### पोस्ट आफिस में जमा पैसे पर कर्मचारी ने किया हाथ साफ पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक महिला ने डाक विभाग के पोस्ट आफिस में कार्यरत कर्मचारी पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बातचीत से मामला न सुलझने पर पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामपुर 38 गांव के दूबेपुर बस्ती निवासी दुधनी पत्नी स्व भोला ने आरोप लगाया कि रामपुर 38 के डाकघर पर पासबुक लेकर खाता चेक कराने पहुंची तो स्थानीय पोस्ट आफिस में कार्यरत पोस्ट मैन अरूण कुमार पाण्डेय पुत्र स्व शालिक राम पाण्डेय एवं उसके पुत्र ने अंगूठा लगाकर 1200 रुपए निकाल लिए और कहा कि अभी खाते में पैसा नहीं है। दूसरे दिन महिला ने बैंक जाकर अपना खाता चेक कराया तो बैंककर्मियों ने बताया कि अभी दो दिन पहले ही तुम्हारे खाते से 1200 रुपया निकला है उसके बाद महिला दूसरे दिन पोस्ट मैन के घर पहुंची तो डांट कर भगा दिया गया। इस घटना से आहत महिला ने राजगढ़ थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### पारिवारिक विवाद पहुंचा पुलिस अधीक्षक कार्यालय

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव निवासिनी एक महिला ने अपने ससुर के अत्याचार से तंग आकर पुलिस अधीक्षक से अपने जाल माल के रक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा को दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया कि वह अपने पति व बच्चों के साथ अलग रहती है। उसका पति चेन्नई में रहकर मजदूरी करता है। महिला का ससुर रामनाथ जो पूर्व में प्रधान भी रह चुका है अक्सर मेरे परिवार को परेशान करता है। बहाने बनाकर लड़ाई झगड़ा करता है। इस मामले में थाना राजगढ़ की ओर से कई बार आवश्यक कार्रवाई किया जा चुका है। लेकिन इसके बावजूद रंजिश बस रामनाथ 20 मार्च की रात मुझे अकेला पाकर घर में गलत नियत से बदतमीजी करने लगा। शोर मचाने पर वहां से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। शराब के नशे में अक्सर मेरे ऊपर गलत निगाह रखता है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### जनता के घरों में घुस रहा है नगरपालिका का गंदा पानी

**मीरजापुर।** कहने को तो नगरपालिका क्षेत्र में जनता की सुविाओं के लिए बहुत विकास कररही है लेकिल हल्की बारिश ने नपा के दावे की पोल खोल रहा है। वेमौसम हुई बरसात का गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंचे गया है। जिससे लोग अपने ही घरों में जाने से कतरा रहे हैं। यह हाल शबरी मोहल्ला स्थित कुछ घरों का है जहां नाला इस तरह जाम है कि एक छोटी सी बरसात में ही घरों के अंदर नाले का गंदा घरों में जाकर इकट्ठा हो गया है। जहां एक तरफ सरकार द्वारा साफ-सफाई की योजनाएं चलाई जा रही हैं लेकिन साफ सफाई को लेकर नगर पालिका के अधिकारी कितने सजग हैं। नगर पालिका ईओ को इसकी जानकारी कई महीनों से है लेकिन वह आजकल आजकल करके कई महीने से टहाला बहाली कर रहे हैं। आखिर सबरी मोहल्ले की इस दुर्दशा का कारण कौन है। पालिका अधिकारी कर्मचारी या कोई और। कई बार लोगों के द्वारा नगरपालिका में जानकारी देने के बाद भी सबरी मोहल्ले में नाले पर लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है लेकिन ना ही अतिक्रमण हटा है ना ही नाले की सफाई कराई जाती है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन नाले का गंदा पानी भरने से लोग बीमार हो रहे हैं।

# वासंतिक नवरात्र: प्रथम दिवस पूजी गई माता शौलपुत्री, जयकारों से गूंजे मंदिर

आस्था

## कलश स्थापना के साथ ही नौ दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ, हो रहा दुर्गा सप्तशती का पाठ

**सोनभद्र।** बासंतिक नवरात्र का बुधवार से शुभारंभ हो गया। आज से ही हिन्दू नववर्ष का भी प्रारंभ हो रहा है। नवरात्र के प्रथम दिवस माता आदि शक्ति के प्रथम विग्रह शैलपुत्री की पूजा की गई। नगर सहित आसपास के देवी मंदिरों में नवरात्रि के प्रथम दिन भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली जहाँ नारियल चुनरी हांथों में लिए लोग कतारबद्ध होकर दर्शन किये। कलश स्थापना के साथ आज से ही नौ दिनों का अनुष्ठान भी शुरू हो गया।
रावर्ट्सगंज नगर स्थित मां शीतला मंदिर, मां काली मंदिर के अलावा कोन क्षेत्र में स्थित मां अमिला धाम, कुड़ारी धाम, जिरही भवानी मंदिर और डाला स्थित माता वैष्णो मंदिर में तड़के मंगला आरती के बाद जैसे ही कपाट खोले गए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां की एक झलक पाने को भोर से ही भक्त पूजन सामग्री नारियल, चुनरी, लाल फूल, रोरी, रक्षा आदि लेकर कतार में लग गए थे। इस दौरान भक्तों द्वारा किए जा रहे माता रानी के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया।
चोपन संवाददाता के अनुसार नगर के काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, कैलाश मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव परांबा शक्ति पीठ, हनुमान मंदिर सहित जुगैल थाना क्षेत्र के जुगैल खास में जीरही माता मंदिर पर दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही तो वहीं सोननदी के तट पर अवस्थित अति प्राचीन कुंडवासिनी धाम पर भोर से ही दर्शनार्थियों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया जहाँ बारह बजते बजते पूरा मंदिर प्रांगण खचाखच भर गया। जुगैल पुलिस के साथ मंदिर समिति के सहयोग से सभी दर्शनार्थियों को कतारबद्ध तरिके से दर्शन करवाया गया वहीं लोगों ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन ही इतनी भारी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचेंगे इसकी कल्पना नहीं थी। इस दौरान मंदिर में भक्तों का उत्साह पूरे चरम पर दिखा। मंदिर मां के जयकारे से गूंज रहा था। भक्तों ने जगत जननी के दर्शन कर परिवार कल्याण तथा सुख समृद्धि की कामना की। वहीं ओबरा पुलिस क्षेत्राधिकारी चारू द्विवेदी ने मंदिर पर पहुँच कर सुरक्षा संबंधित व्यवस्था का जायजा लिया। माँ कुण्डवासिनी मंदिर प्रांगण में मौजूद आचार्य पण्डित जितेन्द्र पाठक ने बताया कि सनातन परंपरा में नवरात्रि के 9 दिनों में माता के नौ विग्रहों की विशेष पूजा का विधान है।


मां शीतला मंदिर


डाला स्थित मां वैष्णो मंदिर

### बीजपुर क्षेत्र के देवी मंदिरों पर लगा भक्तों का तांता

**बीजपुर।** चैत नवरात्र के प्रथम दिन मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना करने के लिए इलाके के मंदिरों में बुद्धवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। प्रथम दिन व नव दिन के ब्रत धारण करने वाले श्रद्धालु भक्त कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तशती के पाठ करने के लिए जुट गए। बेड़िया हनुमान मंदिर के महंत मदन गोपाल दास ने बताया कि जो भी भक्त श्रद्धा, भक्ति के साथ नवरात्रि में कलश स्थापित कर दुर्गा सप्तशती का पाठ करता है तो माँ जगदम्बा निश्चित ही भक्त के मन की मुराद पूरी करती है। बुद्धवार की सुबह से ही एनटीपीसी, सिरसोती, बीजपुर, जरहा, इंजानी, बकरिहवा के मां दुर्गा मन्दिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह मय फोर्स क्षेत्र के मन्दिरों का चक्रमण करते नजर आए।

### वैष्णो मंदिर में पिंडी का दर्शन कर भक्त हुए निहाल

**डाला।** वासतिंक नवरात्रि के प्रतिपदा में वैष्णों मंदिर शक्ति पीठ धाम पर हवन पूजन कर पूंजी गयी। माँ शैल पुत्री नवरात्र के प्रथम दिन बुधवार की सुबह साढे पांच बजे मॉ के श्रृंगार के पश्चात पट को खोल कर भव्य आरती की गयी। वैष्णों शक्ति पीठ धाम के पूजारी श्री कांत तिवारी ने बताया की प्रथम दिन मॉ शैल पुत्री का पूजन हवन कर गाय। मॉ के दरबार सच्चे मन से पूजन हवन करने वाले को मॉ कभी निराश नही करती उनकी मनोकामना पूर्ण करती हैं। दूर दराज से आये श्रद्धालुओं ने मंदिर के महत्व को बताया। मंदिर समिति के अध्यक्ष मुकेश गर्ग ने बताया कि सुरक्षा के लिये प्राइवेट सुरक्षा कर्मी लगाए गये हैं। मेन गेट पर मेटल डिडेक्टर द्वारा तलाशी ली जा रही है। डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता द्वारा पुलिस सुरक्षा को देखते हुए मंदिर परिक्षेत्र में महिला पुलिस व पुलिस बल तैनाती करके निगरानी करने में जूटी है।

### मां ज्वालामुखी के दर्शन को उमड़ी भारी भीड़

**शक्तिनगर।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन शक्तिपीठ माँ ज्वालामुखी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस हलकान रही। बुधवार को मंदिर की साफ सफाई के साथ मंगला आरती के बाद भोर में जैसे ही मंदिर का कपाट खुला बाहर खड़े पुरूष, महिला श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गूँज उठा लाइन में लगे भक्तों ने अपनी बारी आने पर नारियल, चुनरी,पूजन सामग्री अर्पित करने के उपरांत अपने मनोकामना पूर्ति के लिए माँ से आशीर्वाद मांगा। विदित हो कि नवरात्र पर महीना भर मेला लगता है जहां उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड प्रदेश लोग भी आते हैं यहाँ के आदिवासी क्षेत्रों में ज्वालामुखी माँ के प्रति अपार श्रद्धा है।


शक्तिनगर स्थित ज्वालामुखी मंदिर

## संक्षेप

### सुकृत के जंगल में मिला युवक का शव

**सोनभद्र।** सुकृत पुलिस चौकी क्षेत्र के जंगल में बुधवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुकृत के जंगल में एक युवक का शव लटका देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस लटके शव के शिनाख्त के लिए जुट गई। इस बीच किसी ने इसका शिनाख्त राजेश कुमार मिश्रा पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा निवासी रेलवे स्टेशन रोड चुर्क थाना रॉबर्ट्सगंज के रूप में किया। बताया गया कि पिछले दो दिनों से घर से लापता था। परिवार के लोग खोजबीन में जुटे थे। इस बीच उसका शव सुकृत के जंगल में मिला। परिवार के लोगों का कहना है कि वह किन परिस्थितियों में सुकृत के जंगल में पहुंचा। इसको लेकर तरह तरह की चर्चा रही। हालांकि पुलिस जाँच पड़ताल में जुट गई है।

### सड़क हादसे में अधेड़ घायल

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के इंडियन बैंक के समीप बुधवार की दोपहर साढे तीन बजे मोटरसाइकिल ने सड़क के किनारे पैदल चल रहे पूर्व प्रधान को धक्का मार दिया। जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय मुद्रिका सिंह निवासी डाला इंडियन बैंक से काम करके सर्विस लेन में पैदल ही चल रहे थे की विपरीत दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल ने सीधा टक्कर मार दिया। टक्कर लगने की वजह पूर्व प्रधान का जांघ टूट गया। अधेड़ मुद्रिका पड़रछ ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान भी रह चुके है। दुर्घटना होने के बाद मौके पर एकत्र लोगों ने आनन फानन में डाला स्थिति एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक जांघ टूटने की वजह से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दो बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**डाला।** स्थानीय डाला उपकेन्द्र से निर्गत 33 केवी विद्युत सप्लाई ओबरा, चोपन, जवारीडाड़, कचनरवा और कोन फीडर की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार की सुबह दस बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक बाधित रहेगा। अधिशासी अभियन्ता अशोक कुमार ने बताया विद्युत बाधित के दौरान ओबरा-डाला लाईन के तारो का ऊंचाई बढाई जाएगी।

### ट्रक के धक्के से युवक घायल

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र स्थित झूलन ट्राली के पास मंगलवार की देर रात्रि एक ट्रक ने बाइक सवार एक युवक को धक्का मार दिया। इसमें एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी जखनागडई कोटा खनन क्षेत्र से मजदूरी करके अपने घर लौट रहा था कि अचानक एक ट्रक ने पिछे से मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दिया। टक्कर लगने की वजह से बाइक सवार युवक कुछ दूर जाकर गिर गया। उसे उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### अवैध बालू के परिवहन में पकड़े गए ट्रकों पर 3 लाख का जुर्माना

**दुद्धी।** गत दिनों बालू साइट से बिना परमिट लिए दुद्धी-हाथीनाला मार्ग पर परिवहन कर रहे एक हाइबा व ट्रक को दुद्धी रेंजर ने जांच के दौरान पकड़ कर सीज कर दिया था। पकड़े गए ट्रकों पर कुल तीन लाख का जुर्माना वन विभाग ने लगाया है। वन क्षेत्राधिकारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि डीएफओ ने दोनों ट्रकों पर तीन लाख का जुर्माना तय किया। जिसे मोटर स्वामी भरवाने के बाद दोनों वाहनों को छोड़ दिया गया।

### विश्व जल दिवस पर स्कूली बच्चे हुए सम्मानित

**दुद्धी।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर नल जल योजना की कार्यदाई संस्था एल एण्ड टी कंस्ट्रक्सन के द्वारा सेंट मैरी स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान निबन्ध, चित्र कला, भाषण व प्रश्नोत्तरी में बच्चो ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर उनके सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यदाई संस्था के पंकज कुमार सिंह मधुरेश जोशी सेंट मैरी के फादर वेलेरियन डिसूजा, सीनियर मैरी जनाई, अनूप कुमार, जेनिस पीटर, समाजसेवी डॉक्टर गौरव सिंह उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### नम आंखों से दी गई सेवानिवृत हो रहे शिक्षक की विदाई

**दुद्धी।** ब्लॉक क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षक शकील अहमद खान को कंपोजिट विद्यालय शाहपुर में भावपूर्ण कार्यक्रम के द्वारा विदाई दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक एवं पूर्व बीआरसी शकील अहमद ने अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि वे मूलतः मिजार्पुर के निवासी हैं लेकिन दुद्धी में अपना पूरा सेवाकाल बिताते हुए उन्हें कहीं से भी यहां पराया नहीं महसूस हुआ। एक शिक्षक को सबसे ज्यादा खुशी तब मिलती है जब उसके पढ़ाए बच्चें उच्च पदों पर आसीन होकर देश की सेवा करते हैं। इस अवसर पर शैलेश मोहन, सुनील पाण्डेय, जयंत त्रिपाठी, सदानंद मिश्र, जितेंद्र चौबे, श्रवण कुमार, रामरक्षा, मो आजम, रवि रंजन, रिशांत श्रीवास्तव, आशीष सिंह, मो. यूसुफ, परमेश्वर, स्वाति निषाद, आराधना, पूजा, मीरा आदि उपस्थित थे।

### दुर्गा सप्तशती के नियमित पाठ से रहे निरोगी व धनवान

**सोनभद्र।** जनपद के तहसीलों व विकास खण्डों में स्थित प्रसिद्ध मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। दुर्गा सप्तशती का पाठ जनपद स्तर पर मां मॉ वैष्णो देवी डाला, ज्वालामुखी मंदिर शक्तिनगर सहित प्रसिद्ध मंन्दिरों में किया गया। मां वैष्णों देवी माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की तथा पूर्ण विधि विधान के साथ पूजन किया गया। वहां उपस्थित दर्शनार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया इस प्रकार के आयोजन से जैसा सनातन धर्म में विदित है कि जिस परिवार में अथवा जिस किसी के द्वारा भी यह दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है वह धन संपदा से परिपूर्ण रहता है तथा निरोगी भी रहता है।

### पुलिस अधिकारियों संग नक्सल समन्वय गोष्ठी सम्पन्न

**सोनभद्र।** पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद के सीमावर्ती जनपदों से आये अधिकारीगण के साथ नक्सली संचरण के दृष्टिगत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अधिक सतर्कता बरतने व आपस में लगातार समन्वय स्थापित कर नियमित काम्बिंग करने तथा काम्बिंग के दौरान स्थानीय ग्रामीणों को समस्याओं को सुनने व उनका हरसम्भव निराकरण कराये जाने व स्थानीय लोगों के साथ वार्ता कर उन्हे मुख्य धारा में रहकर किसी के बहकावे मे न आने व संदिग्ध गतिविधि होने पर उसकी जानकारी स्थानीय पुलिस व प्रशासन को देने के बारे में जागरुक करने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार व जनपद मीरजापुर व चन्दौली से आये हुए अधिकारीगण सहित जनपद के समस्त नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## आईसीएच के दो कर्मियों का आवास में फंदे से लटका मिला शव

दुखद

### एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के आवासीय परिसर विद्युत विहार कालोनी का मामला



**शक्तिनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के आवासीय परिसर विद्युत विहार कालोनी में दो आईसीएच कर्मियों ने अबूझ हालत में फंदे से लटका शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्ट्म के लिए भेज दिया।
बताया गया कि मंगलवार की देर रात गिरीश पुत्र बेनुगोपालन निवासी ग्राम टीवी पुरम थाना वैक्यूम जिला कोट मय केरला एवं वर्गीश मैथ्यू पुत्र केवल मैथ्यू निवासी एडवागा थाना महानंदवानी जिला वायनाड केरला विद्युत विहार कालोनी में रहते थे। बुधवार की सुबह जब दोनों ड्यूटी नहीं पहुंचे तो साथ में रह रहे सहकर्मियों ने आवास जाकर देखा तब पता चला कि दोनों का शव पंखे के सहारे लटका रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत परियोजना के गेस्ट हाउस में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत अनिल कुमार के आग्रह पर की दोनों लोगों के शव को वह मूल निवास ले जाना चाहता है पुलिस ने उसको सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का लग रहा है पीएम रिपोर्ट मिलने पर ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

### मार्च में ही सूख गए नदी नाले, पानी की तलाश में भटक रहे वन्य जीव

**म्योरपुर।** म्योरपुर रेंज के अंतर्गत आने वाले वन क्षेत्रों में बहने वाले नदी नाले मार्च महीने में ही सूख गए हैं जिससे वन्य जीव पानी की तलाश में भटक कर रिहायसी इलाको में आने को मजबूर हो रहे हैं। रिहायसी इलाको में आ जाने के बाद कुछ ही जंगली जानवर वापस लौट पाते है क्योंकि अधिकांश जानवर आवारा कुत्तों के शिकार हो जाते है। अभी हाल में ही एक चित्तल पानी की तलाश में भटक कर पड़री गांव के समीप आ गया। आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। कुछ ग्रामीणों की नजर जब उस चित्तल पर पड़ी तो किसी तरह उसकी जान बचाई गयी। इसी तरह से प्रतिवर्ष कई जंगली जानवर आवारा कुत्तों का शिकार हो जाते है, लेकिन वन महकमा जंगली वन्य जीवों के लिए पेयजल की व्यवस्था नही कर पाता। जंगलों में वाटर टैंक तो बनाये गए है परंतु उनमें पानी नही भरा जाता मजबूरन वन्य जीव गांवो की तरफ अपना रुख कर लेते है। गांवो में स्थित तलाव व पोखरे भी सूखने के कगार पर है। ग्रामीणों की माने तो वन विभाग वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नही रहता और न ही वन्त कर्मी अपने अपने क्षेत्रों में गश्त ही करते है रेंज कार्यालय का चक्कर लगाकर अपनी ड्यूटी निभाते है।

## प्रादेशिक तीरंदाजी व प्राइजमनी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

खेल

### 32 जिलों के 310 खिलाड़ी कर रहे प्रतिभाग

**सोनभद्र।** प्रादेशिक तीरंदाजी एवं प्राइजमनी प्रतियोगिता का राज्य सभा सांसद राम सकल एवं जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर व गुब्बारे को आसमान में छोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आनलाईन माध्यम से जुड़कर भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री हरिदीप सिंह पुरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह जनपद के बहुत सौभाग्य की बात है कि दो साल के अन्दर ही दूसरी बार प्रादेशिक तीरंदाजी एवं प्राइजमनी प्रतियोगिता का आयोजन जनपद के विशिष्ट स्टेडियम तियरा में हो रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश के 32 जिलों के प्रतिभाशील खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में 310 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिसमें 74 महिलाएं हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि खेलेगा इण्डिया तो बढ़ेगा इण्डिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगें। इस अवसर पर डीएम चन्द्र विजय सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रादेशिक तीरंदाजी एवं प्राइजमनी प्रतियोगिता के माध्यम से इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का बहुत सुनहरा मौका है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करके खिलाड़ी अपने जनपद का नाम राष्ट्रीय,अन्तर्राष्ट्रीय व ओलम्पिक जैसे प्रतियोगिता में शामिल होकर देश का नाम रौशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता 4 दिवस तक चलेगी, प्रतियोगिता का सामापन 25 मार्च को कैबिनेट मंत्री भारत सरकार हरिदीप सिंह पुरी द्वारा किया जायेगा। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर निखिल कुमार यादव, जिला क्रीड़ाधिकारी डीपी सिंह सहित अन्य सम्मानितगण उपस्थित रहे।


निशाना साधकर तीरंदाजी प्रतियोगिता का उद्घाटन करते डीएम

## बघाडू महाविद्यालय के 29 छात्रों को दस्तार बंदी से नवाजा

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** दारुल उलूम कादरिया नुरिया अरबी महाविद्यालय कादरी नगर बघाडू में मंगलवार को जश्ने दस्तार /दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया इस मौके पर आए हुए शोअरा व ओलमा द्वारा खूबसूरत नातिया शायरी व तकरीर उपस्थित आवाम को पेश किया गया। कार्यक्रम पूरी रात चलता रहा। इस दौरान काजी शहर प्रयागराज से हजरत अल्लाम मौलाना मुफ्ती मोजाहिद हुसैन रिज्वी द्वारा तालीम के उपर तकरीर किया गया।
उन्होंने कहा कि इस्लाम के पैगम्बर ने तालीम को बहुत जरूरी बताया, इसके बगैर इंसान अधूरा है। घोसी के मुफ्ती शमशाद साहब मसलके आला हजरत पर चलने का आह्वान किया और बताया कि यही तरीका निजात का तरीका है। बरेली से आए मुफ्ती हनिफुल कादरी साहब ने संस्कारो के बारे में बताया और उसे युवा पीढ़ी में अपनाने की बात बताई। उन्होंने कहा कि आज का पीढ़ी संस्कारो से दूर जा रहा है उन्हें अपने मां बाप की हुक्म की तामील करनी चाहिए और अच्छी बाते सीखनी चाहिए। आजमगढ़ से आए शायरे इस्लाम गयासुद्दीन, झारखंड के अख्तर कासिम व फैजान रजा पलामनी ने एक से बढ़कर एक नातीया कलमा पेश किया। इस मौके पर हजरत अजीजे मिल्लत, नसिरे मिल्लत व सम्मानित ओलमा के द्वारा सफा बांधकर 29 छात्रों को दस्तार बन्दी से नवाजा गया। इसमें 7 आलिम, 8 हाफिज और 14 कारी शामिल रहे। इस मौके पर कादरिया पब्लिक स्कूल की संगे बुनियाद भी रखी गयी। कार्यक्रम के द्वारा हुजूर नसीरे मिल्लत हजरत अजिजे मिल्लत द्वारा हजरत मौलाना मसूद रजा को खिलाफत दिया गया। इस मौके पर प्रबन्धक मो हसनैन अध्यक्ष फकीर अली मुफ्ती, महमूद आलम, मो नजिरुल कादरी, कौनैन अली, सईद अनवर, मो अब्दु रशीद, हाजी पीर मोहम्मद, नेमाजुद्दिन, अनवर अहमद, सादिक हुसैन, इरशाद अली, मो इब्राहिम खान सहित चौकी प्रभारी चन्द्रशेखर सिंह सहित हजारों की संख्या में पुरुष महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे।

### रखी गई कादरिया इंग्लिश मीडियम स्कूल की आधारशिला

**दुद्धी।** कस्बे में हजूर नसीर ए मिल्लत की सरपरस्ती में मुबारकपुर से तशरीफ लाए हुजूर अजीज ए मिल्लत के मुबारकपुर के हाथों से कादरिया इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल की आधारशिला रखी गई। इस स्कूल में दुनियावी तालीम के साथ साथ अखलाकी तालीम से कस्बे के नौनिहालों को आरस्ता किया जाएगा। यह स्कूल इस इलाके का अपने अंदाज की इकलौती शैक्षणिक संस्था होगी अजीज ए मिल्लत और नसीर ए मिल्लत ने इस दायरे कयाम पर मुल्क और मिल्लत के लिए खुसिशी दुआएं फरमाए। इस मौके पर मुफ्ती मुजाहिद हुसैन, मौलाना नईम उद्दीन, मोहम्मद प्रिंसिपल दारुल उलूम कादरिया बधाडू हाफिज मसूद, हाजी कारी उस्मान, हसनैन, मौलाना गुलाम सरवर, मौलाना नजीर कादरी, हाजी मोहम्मद हुसैन, हाजी पीर मोहम्मद, राजा जामा मस्जिद दुद्धी के सदर कलम खान फतेह मोहम्मद खान, रिजवान अहमद, हाजी अशफाक, हाजी निजामुद्दीन, मंसूर, खलीफा आदि उपस्थित रहे।



## हड़ताल में शामिल बिजली कर्मियों का स्थानांतरण होने से आक्रोश

जनसंदेश न्यूज



**ओबरा।** संघर्ष समिति के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर ओबरा तापीय परियोजना के बिजली कर्मियों द्वारा 16 मार्च की रात्रि 10 बजे से हड़ताल किया गया था। वहीं केंद्रीय नेतृत्व तथा ऊर्जा मंत्री के साथ हुई वार्ता के दौरान 65 घंटे पश्चात हड़ताल समाप्त कर दी गई थी। हड़ताल समाप्त हो जाने के पश्चात बिजली कर्मियों द्वारा अथक प्रयास कर विद्युत उत्पादन प्रारंभ कर दिया गया था, ताकि किसी भी उपभोक्ता अथवा आम जनमानस को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। द्विपक्षीय वार्ता में ऊर्जा मंत्री द्वारा आश्वस्त किया गया था कि हड़ताल के दौरान की गई समस्त कार्यवाही को वापस लिया जाएगा।बावजूद इसके ओबरा कोतवाली में जिन बिजली कर्मियों के ऊपर मुकदमा पंजीकृत हुए थे उन्हें ओबरा से बाहर स्थानांतरण कर दिए जाने से बिजली कर्मियों में भारी नाराजगी व्याप्त है।जानकारी के अनुसार इं नित्यानंद सिंह, इं आनंद कुमार, इं अभय प्रताप सिंह, दीपक कुमार सिंह, विनोद सिंह यादव, सतीश कुमार, दिनेश सिंह, प्रभात कुमार पांडेय, विंध्याचल, ऋषिकेश तथा शाहिद अख्तर का स्थानांतरण जवाहरपुर परियोजना के लिए किया गया है।साथ ही इं आर जी सिंह, इं मनीष कुमार मिश्रा, इं अंकित प्रकाश, प्रहलाद शर्मा, शशि कांत पांडे, शशि कांत श्रीवास्तव, रमेश राय, उमेश चंद्र, योगेंद्र प्रसाद, उमेश कुमार, सत्य प्रकाश सिंह तथा विजय कुमार सिंह का स्थानांतरण पनकी कानपुर के लिए कर दिया गया है। यह बिजली कर्मियों के साथ धोखा है।

## दलितों व ओबीसी का आरक्षण खत्म कर रही भाजपा

जनसंदेश न्यूज

**कोन।** समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के बैनर तले बुधवार को रावट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के

बोले मिठाई लाल भारती

### समाजवादी पार्टी के प्रशिक्षण व चिंतन शिविर में उमड़ा जनसैलाब

रामगढ़ कोन मे समाजवादी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण व चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा सरकार में लोकतंत्र खतरे मे है, वर्तमान केंद्र व प्रदेश की सरकार संविधान के साथ छेडछाड़ कर देश को बेचने का काम रही है दलितों व पिछडो का हक छिनने का काम कर रही है। आयोजक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि समाजवादी मिलकर संविधान को बचाने का काम करते रहेंगे जब संविधान बचेगा तभी सभी को आरक्षण का हक मिल पायेगा। इसके अलावा आज की कमरतोड़ महंगाई से जनता त्रस्त है। शिक्षा के नाम महज छलावा किया जा रहा है।
समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निंरतर जातीय जनगणना कराकर जिसका जितना भागेदारी उतना हिस्सेदारी की मांग को लेकर सडक से सदन तक लड़ रहे है। अपने हक के लिए हम सभी को एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव मे समाजवादी पार्टी के पक्ष मे मतदान कर बीजेपी की सरकार को हराने का संकल्प लें। हम सभी को संविधान बचाने का संकल्प लेना चाहिए। पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान बीजेपी की सरकार लोकतंत्र के साथ छेडछाड़ कर देश की तमाम संस्थान को पूजीपतियों के हाथों बेचने का काम कर रही है ताकि ओबीसी एसी एसटी को मिलने वाला आरक्षण खत्म किया जा सके।
इस मौके पर नि. जिलाध्यक्ष विजय यादव, संजय यादव, जितेंद्र प्रसाद, प्रदीप कन्नौजिया, आनंद खरवार, छबिंद्र चेरो, राजू भारती, संतोष पासवान, लक्ष्मी कुमार जायसवाल, विजयशंकर जायसवाल, अशोक निराला, मूकेश यादव, अशोक गोड, बाबूलाल यादव, इं. बचरुराम आदि रहे।


मुख्य अतिथि का स्वागत करते सपाई

## हिंदू नव वर्ष पर आरएसएस ने किया पथ संचलन, निकाली गई बाइक रैली

रैली

### घरों पर लहराया केशरिया ध्वज, मंदिरों में की गई पूजा-अर्चना

**सोनभद्र।** हिन्दू नवसंवत्सर का बुधवार से शुभारंभ हो गया। इसे हिन्दू नववर्ष भी कहा जाता है। इस अवसर पर हिन्दू संगठनों, आरएसएस व बजरंग दल ने पथ संचलन व बाइक रैली निकाला। घरों पर केशरिया ध्वज लगाया गया तो वहीं मंदिरों में पूजन-अर्चन हुआ। आज से ही बासंतिक नवरात्र शुरू होने से नववर्ष की भव्यता और बढ़ गई।
राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ की तरफ से रावर्ट्सगंज नगर के रामलीला मैदान से पथ संचलन शुरू किया गया जो पूरे नगर का भ्रमण किया। आगे खुली जीप चल रही थी पीछे गणवेशधारी स्वंसेवक हाथ में लाठी लेकर चल रहे थे। नगर भ्रमण के दौरान लोगों ने पुष्पवर्षा किया। पथ संचलन के मद्देनजर नगर की सड़कों की साफ-सफाई की गई थी तो वहीं भवनों पर केशरिया ध्वज लगाया गया था। नगर भ्रमण के उपरांत पुनः रामलीला मैदान में पहुंचकर पथ संचलन संपन्न हुआ। पथ संचलन में जिला प्रचारक के अलावा आरएसए के तमाम पदाधिकारी, स्वंसेवक शामिल थे। इस मौके पर नगर संघ चालक आलोक सिंह, महेश शुक्ला, हर्ष अग्रवाल, कुलदीप, नीरज सिंह, पंकज पांडेय, बृजेश सिंह, भोला नाथ मिश्र, सुरेश, सुरज आदि रहे।
बीजपुर संवाददाता के अनुसार विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के नेतृत्व में बुद्धवार को हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर बाइक रैली निकाली गई। रैली के दौरान वन्दे मातरम, भारत माता की जय, जय श्रीराम के जोशीले नारो से हिन्दू नव वर्ष मनाने का संदेश दिया। रैली में कार्यकर्ताओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रैली एनटीपीसी स्वागत गेट से चलकर बीजपुर बाजार, नेमना, चेतवा, जरहा, सेवकाडाड़ होते बभनी के लिए रवाना हुई। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओ का यह संदेश था कि हर हिन्दू अपने चैत नवरात्र के शुरू होने वाले हिंदी माह से नव वर्ष मनाए। बाइक रैली में काफी उत्साह रहा सभी हाथ मे ध्वज पताका लेकर नव वर्ष को जीवंत कर दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपेंद्र प्रताप सिंह, सन्दीप गुप्ता, चन्दन, अनिल त्रिपाठी, बिका रावत, संजय गुप्ता समेत भारी संख्या में कार्य कर्ता मौजद रहे।


रावर्ट्सगंज शहर में पथ संचलन करते आरएसएस कार्यकर्ता

# अल्ट्रा मॉडल मत्स्य मंडी का डॉ. संजय निषाद ने लिया जायजा

**निरीक्षण**

## बोले मछुआ समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही केंद्र व प्रदेश सरकार

जनसंदेश न्यूज



नवीन मंडी में बन रहे मत्स्य मंडी का निरीक्षण करते मंत्री डा. संजय कुमार निषाद।

**चंदौली।** मंत्री मत्स्य डॉ. संजय कुमार निषाद ने बुधवार को जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर रहे। इस दौरान नवीन मंडी परिषद में बन रही स्टेट आफ आर्ट होल सेल फिश मार्केट का निरीक्षण किया गया। कहा कि जनपद में अल्ट्रा माडल स्टेट आफ आर्ट मत्स्य मण्डी के बनने से पूर्वांचल में बड़े पैमाने पर मत्स्य पालन करने वाले किसानों को लाभ मिलेगा। साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन मत्स्य मण्डी की कुल लागत रुपए 61.87 करोड़ होगी, जिसमें 30 करोड़ केन्द्रांश, 20 करोड़ राज्यांश तथा 11.87 करोड़ मण्डी परिषद का अंश होगा स्वीकृत है। मण्डी में विभिन्न श्रेणी की 111 दुकाने, प्रशासनिक भवन, कोल्ड रूम एवं अन्य बहुउद्देशीय अवसंरचनाओं का निर्माण होगा। इस मण्डी में मत्स्य से संबंधित सभी घटक यथा थोक एवं फुटकर व्यापार, रंगीन मछलियों का व्यापार, मत्स्य बीज एवं मत्स्य पूरक आहार के लिये आउटलेट के साथ मत्स्य रोग निवारक उत्पादों की उपलब्धता एक छत के नीचे संगठित रूप से किया जा सकेगा। मण्डी के निर्माण से वाराणसी मण्डल के साथ पूर्वांचल के समस्त जनपदों में मात्स्यिकी विकास से खाद्य सुरक्षा, मत्स्य पालकों के मत्स्य उत्पादों का उचित मूल्य एवं रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। मत्स्य विकास हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत संचालित योजनाओं के बारे बताया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में मछुआ समाज हेतु विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही है, जिससे मछुआ समाज का कल्याण हुआ है। आगे भी निरंतर उत्थान हेतु सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। मत्स्य मंत्री के जनपद में भ्रमण के समय सहायक निदेशक मत्स्य ने विभागीय योजनाओं के संबंध में अवगत कराया। कार्यक्रम में उप निदेशक मत्स्य वाराणसी मण्डल वाराणसी अनिल कुमार सहित मत्स्य विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## होनी चाहिए जातीय आधारित जनगणना : डॉ. संजय निषाद



**सैयदराजा।** मत्स्य मंत्री डॉ संजय निषाद चन्दौली दौरे पर रहे। इस दौरान सैयदराजा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मलेन में शिरकत कर मिशन 2024 का नारा बुलंद किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा सुंदर कांड पाठ कराए जाने को लेकर दिए बयान पर संजय निषाद ने हमला बोला। कहा कि स्वामी प्रसाद 5 साल मलाई चाटने के लिए सरकार में थे। जिस चौपाई का सपा विरोध कर रही है उनके विधायक खुद ही इसके समर्थन में है। सीएम योगी ने इस बाबत माकूल जवाब सदन में ही दे दिया है। वहीं जातीय जनगणना को लेकर डॉ संजय निषाद ने बड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जातीय जनगणना होनी चाहिए, लेकिन यह जनगणना हमें मारने वाला नहीं बल्कि जिंदा करने वाला होना चाहिए। ओमप्रकाश राजभर की बीजेपी से बढ़ी नजदीकियों पर मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने चुटकी लेते हुए कहा कि ओमप्रकाश राजभर विपक्ष के लिए खतरा है। समाजवादी पार्टी के बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन पर चुटकी लेते हुए कहा कि जनता ने 2014, 2017, 2019 और 2022 में नकार दिया है। 2024 में तो वैसे ही खत्म है. जिसे जनता लगातार नकार रही हो उनके बारे क्या कहा जाए।

# नवरात्रि: श्रद्धालुओं ने लगायी गंगा नदी में आस्था की डुबकी

**चहनियां।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन बुधवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगायी। नवरात्रि व्रत रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिरों देवालयों में देवी देवताओं का दर्शन पूजन कर दान दक्षिणा दिया। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर बलुआ स्थित मां भागीरथी पश्चिम वाहिनी मां गंगा नदी तट पर भोर से ही निजी साधनों द्वारा श्रद्धालु गंगा नदी में स्नान करने के बाद मंदिरों में दर्शन पुजन कर दान दक्षिणा दिया। क्षेत्र के महड़ौरा गंगा नदी में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी महड़ौरी देवी का पुजन दर्शन किया। टांडा घाट स्थित मां खटवारी देवी, चकिया बिहारी मिश्र गांव स्थित मां बंगला भगवती देवी, मटियरा में मां खखरा देवी, मथेला में मां काली देवी, रामपुर गांव स्थित मां राजराजेश्वरी देवी, खड़वारी में मां खंडवारी देवी, चहनियां गांव में मां चाहन देवी व कस्बा स्थित मां दुर्गा मंदिर पर श्रद्धालुओं ने दर्शन पुजन अर्चन किया। वहीं बाजारों में भी काफी चहल पहल देखी गयी।



बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु।

## आदिशक्ति की आराधना का महापर्व है चैत्र नवरात्र : पद्माकर

**डीडीयू नगर।** चैत्र नवरात्र आज से प्रारंभ हो गई है। सभी नवरात्र में चौत्र नवरात्र का विशेष महत्व है। पंडित पद्माकर चौबे ने बताया कि इस साल चौत्र नवरात्रि के कलश स्थापना का मुहूर्त सुबह में ही है। क्योंकि दोपहर में अभिजित मुहूर्त नहीं होने के कारण दोपहर का समय प्राप्त नहीं है। वैसे अभिजित मुहूर्त को कलश स्थापना के लिए अच्छा माना जाता है। इस साल कलश स्थापना 22 मार्च को सुबह 06 बजकर 23 मिनट से सुबह 07 बजकर 32 मिनट के मध्य तक किया जाना उचित है। दरअसल यह चारों नवरात्रि ऋतु चक्र पर आधारति हैं और सभी ऋतुओं के संधिकाल में मनाए जाते हैं। माना जाता है कि हमारे ऋषि मुनियों ने न सिर्फ धार्मिक दृष्टि को ध्यान में रखकर नवरात्र में व्रत और हवन पूजन करने के लिए कहा है बल्कि इसका वैज्ञानकि आधार भी है। नवरात्र के दौरान व्रत और हवन पूजन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही बढ़िया है। इसका कारण यह है कि चारों नवरात्र ऋतुओं के संधकिाल में होते हैं यानी इस समय मौसम में बदलाव होता है जसिसे शारीरकि और मानसकि बल की कमी आती है। पंडित पद्माकर चौबे ने बताया कि देवी भागवत पुराण के अनुसार पूरे वर्ष में चार नवरात्र मनाए जाते हैं जिनमें दो गुप्त नवरात्रि सहित शारदीय नवरात्र और बासंती नवरात्र जिसे चैत्र नवरात्र कहते हैं। चैत्र नवरात्र से नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है।

# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर की चर्चा

**चंदौली।** मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें आगामी एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर चर्चा की गई। सीडीओ ने सभी विभागों को समन्वय बनाते हुए उच्च प्राथमिकता पर कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया गया। चेताया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. वाईके राय ने बताया कि जनपद में कुल 1901 कार्यरत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की दो सदस्यीय टीम माइक्रोप्लान के अनुसार घर-घर जाकर लोगो को संचारी रोग से बचाव के बारे में जागरूक करेंगी। साथ ही बुखार रोगियों, क्षय रोगियों, कुपोषित बच्चों का चिन्हिकरण करते हुए लाइन लिस्ट तैयार करेंगी। टीकाकरण, डायरिया से बचाव के लिए जिंक टैबलेट, ओआरएस पैकेट, पानी के विसंक्रमण के लिए क्लोरिन टैबलेट भ्रमण के दौरान वितरण करेंगी। मच्छरो के प्रजनन श्रोतो को नष्ट करायेगी। प्रचार प्रसार हेतु बैनर, पोस्टर, पम्पलेट, स्टीकर का गांवो में प्रयोग करेंगी। कहा कि अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों और उष्ण मौसम से संबंधित रोगों के रोकथाम एवं नियंत्रण गतिविधियों के लिए राज्य, जनपद, ब्लाक, पंचायत एवं ग्राम स्तरों पर विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिए नोडल विभाग का कार्य करेगा। इस मौके पर डीआईओएस जय प्रकाश, बीएसए सत्येंद्र कुमार सिंह, डीपीआरओ ब्रह्मचारी दुबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी जया त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी बसंत कुमार दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बोलेरो ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**कंदवा।** धीना-जमानियां मार्ग पर बुधवार को अज्ञात बोलेरों के धक्का से साइकिल सवार घायल हो गया। राहगीरों द्वारा घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजवाया गया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद युवक की स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सिकठा गांव निवासी दिलीप 25 वर्ष जमानियां से गंगा जल लेकर साइकिल से अपने गांव सिकठा के लिए जा रहा था, तभी सिकठा गांव से कुछ दूर पहले ही पीछे से तेज गति से आ रहे बोलेरो सवार द्वारा धक्का मार दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घायल साइकिल सवार को राहगीरों द्वारा सरकारी एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए पीएचसी बरहनी भेजवाया गया। तत्पश्चात चिकित्सकों द्वारा प्रारंभिक उपचार के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल चंदौली के लिए रेफर कर दिया गया। युवक के सिर व पैर मे गंभीर चोट बताया जा रहा था।

# माह-ए-रमजान रहमत व बरकत का महीना: खान

जनसंदेश न्यूज

**धानापुर।** रहमत और बरकतों का महीना रमजान शुरू होने वाला है। इस माह का मुस्लिम बंधु बेसब्री से पूरे साल इंतजार करते हैं। इस पाक और मुकद्दस महीने में मुस्लिम बंधु रोजा रखते हैं नमाजे पढ़ने हैं और गरीबों व जरूरतमंदों के बीच जकात दान करते हैं और पूरे माह के रोजे के बाद ईद की नमाज अदा कर एक-दूसरे से सुखियां साझा करते हैं।

टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया उत्तर प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी फैयाज खान मिस्बाही ने बताया कि माह ए रमजान को कुल तीन हिस्सों में बांटा गया है। रमजान के पहले अशरे में मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा दान करके गरीबों की मदद करनी चाहिए। हर एक इंसान से प्यार और नरमी का व्यवहार करना चाहिए। यूं तो रमजान का पूरा महीना मोमिनों के लिए खुदा की तरफ से अजमत, रहमत और बरकतों से लबरेज है। लेकिन अल्लाह ने इस मुबारक महीने को तीन अशरों में तक्सीम किया है।



फैयाज खान।

पहला अशरा खुदा की रहमत वाला है। पहले अशरे में 10 दिनों तक अल्लाह की रहमत से सभी सराबोर होते रहेंगे। एक से 10 रमजान यानी पहले अशरे में खुदा की रहमत नाजिल होती है। रमजान का पहला अशरा बेशुमार रहमत वाला है। नेक काम के सवाब में 70 गुना इजाफा कर दिया जाता है।

रमजान का महीना रहमत व बरकत वाला है। हर मर्द, बच्चे, औरत और बूढे. रोजे का साथ नमाज-तरावीह में मशगूल रहते हैं।

रमजान के 11वें रोजे से 20वें रोजे तक दूसरा अशरा चलता है। यह अशरा माफी का होता है। इस अशरे में लोग इबादत कर के अपने गुनाहों से माफी पा सकते हैं। इस्लामिक मान्यता के मुताबिक अगर कोई इंसान रमजान के दूसरे अशरे में अपने गुनाहों से माफी मांगता है तो दूसरे दिनों के मुकाबले इस समय अल्लाह अपने बंदों को जल्दी माफ करता है। रमजान का तीसरा और आखिरी अशरा 21वें रोजे से शुरू होकर चांद के हिसाब से 29वें या 30वें रोजे तक चलता है। ये अशरा सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

तीसरे अशरे का उद्देश्य जहन्नम की आग से खुद को सुरक्षित रखना है। इस दौरान हर मुसलमान को जहन्नम से बचने के लिए अल्लाह से दुआ करनी चाहिए। रमजान के आखिरी अशरे में कई मुस्लिम एतकाफ में बैठते हैं। एतकाफ में मुस्लिम मस्जिद में 10 दिनों तक एक जगह बैठकर अल्लाह की इबादत करते हैं।

## संक्षेप

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत से कोहराम

**सकलडीहा।** सकलडीहा रेलवे स्टेशन पर सुबह साढ़े नौ बजे करीब टेज्न से गिरकर 19 वर्षीय राजू कुमार सिंह की दर्दनाक मौत हो गयी। युवक दिल्ली से बक्सर अपने घर जा रहा था। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम को परिजनों ने सकलडीहा रेलवे स्टेशन से जीआरपी दिलदारनगर चौकी पुलिस के साथ शव का पीएम कराने के लिये ले गयी। युवक का शव करीब पांच घंटा तक रेलवे लाइन पर पड़ा रहा। बिहार के बक्सर थाना क्षेत्र के संग्राम गांव निवासी जवाहिर सिंह के तीन पुत्र गोबिंद सिंह, राजू सिंह और रानू सिंह व दो पुत्री रानी सिंह और रेखा सिंह है। 19 वर्षीय राजू दिल्ली में कपड़ा ड्राईंग कंपनी में डिजाइन बनाने का काम करता था। सरस्वती पूजा के करीब घर से दिल्ली गया हुआ था। मंगलवार को दिल्ली से घर के लिये आनंद बिहार टेज्न का टिकट लेकर घर वापस लौट रहा था। रेलवे स्टेशन से पूर्व अचानक टेज्न से गिर जाने से युवक की मौत होगयी। ट्रेन में सवार यात्रियों ने बक्सर जीआरपी को युवक का बैग देकर घटना से अवगत कराया। जीआरपी पुलिस ने बैग में रखे टेलीफोन नंबर से परिजनों को सूचित किया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम को टेज्न से पहुंचे परिजनों ने शव को जीआरपी पुलिस के साथ पीएम के लिये अपने साथ ले गयी।

### प्रदेश सचिव को दी श्रद्धांजलि

**नियामताबाद।** एसएफआई की राज्य छात्रा संयोजन समिति की सदस्य विभा की स्मृति में उसके पैतृक घर बुधवार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। दिवंगत विभा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण किया गया। इस मौके पर एसएफआई के प्रदेश सचिव विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि आज की इस शोक में हम संकल्प लेते हैं कि विभा द्वारा छोड़े गए अधूरे कामों को हम आगे ले जायेंगे। उन्होंने इस मौके पर यह भी घोषणा की कि विभा की स्मृति में प्रतिवर्ष कम से कम पांच छात्राओं को चिंहित कर छात्रवृत्ति दी जायेगी। श्रद्धांजलि सभा में लालमणि, राजेंद्र यादव, लालचंद यादव, अरविंद श्रीवास्तव आदि ने भी अपने विचार रखे। संचालन शंभू नाथ यादव और अध्यक्षता जोखूराम ने की।

### बीमा कम्पनी को 72 घंटे में दें फसल क्षतिपूर्ति की सूचना

**चंदौली।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वर्तमान रबी सत्र में जिन कृषकों के द्वारा अपनी फसल का बीमा कराया गया है। उन समस्त किसान भाइयों को अवगत कराना है कि असामयिक वर्षा होने के कारण यदि बीमित फसल की क्षति हुई है तो संबंधित किसान भाई 72 घंटे के अंदर बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 18008896868 एवं 18002660700 पर कॉल करके ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं। यदि किन्ही कारणों से उपरोक्त दोनों नंबरों पर संपर्क नहीं स्थापित हो रहा है तो संबंधित किसान जिस बैंक से बीमा कराया है उससे या कृषि विभाग के विकास खंड स्तरीय राजकीय बीज गोदाम अथवा जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में लिखित रूप से भी अपना प्रार्थना पत्र प्राप्त करा सकते हैं। किसानों द्वारा फसल क्षति की सूचना 72 घण्टे के अंदर टोल फ्री नंबर अथवा लिखित रूप से कार्यालय में नही दिया जाता है तो उनको क्षतिपूर्ति देना संभव नही होगा।

### जिलाधिकारी से किसानों की क्षतिपूर्ति की मांग

**चंदौली।** सदर विकास खंड के सेक्टर नंबर-4 जिला पंचायत सदस्य व सपा नेता रमेश यादव ने कई गांव का भ्रमण कर बारिश से हुई क्षति का जायजा लिया। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया कि किसानों के हुए नुकसान की भरपाई जिला प्रशासन की ओर से कराई जाए जिससे किसानों को राहत मिल सके। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने बारिश से नुकसान के गांव का भ्रमण किया। जिसमें भदलपुरा, फतेपुर, नरायनपुर,विजयपुर, सोहदवार,ऐलही गावों के किसान सुदर्शन यादव, चंद्रबली, रामराज, उदित कुमार, लक्ष्मीना देवी, गुलाब चौहान, रामलाल यादव से मुलाकात की। जहां किसानों ने कहा कि गेहूं की फसल के साथ तिलहनी फसल भी बर्बाद हुई है। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से मांग किया कि क्षेत्र के समस्त गावों का संबंधित राजस्व अधिकारियों से सर्वे कराकर पीड़ित किसानों को मुवावजा दिया। जिससे किसानों को राहत मिल सके और उनके फसल के क्षतिपूर्ति मिले।

### पुलिस ने 6 गोवंशों को कराया मुक्त

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के कुसहीं गांव के काली मंदिर पोखरे के पास मंगलवार की रात पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर घेराबंदी कर स्कॉर्पियो में लादकर बिहार भेजे जा रहे 6 गोवंशों को पुलिस ने तस्करों से मुक्त करा लिया। पुलिस की कार्यवाही के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि मिर्जापुर से कुसहीं के रास्ते पशु तस्कर स्कॉर्पियो में पशुओं को लादकर बिहार ले जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर कुसहीं गांव के काली मंदिर पोखरे के पास मंगलवार की रात 12:30 बजे के आसपास पुलिस की 2 टीम के साथ घेराबंदी की गई। पुलिस की घेराबंदी देख स्कार्पियो सवार अंधेरे का फायदा उठाकर पशु तस्कर गाड़ी को सड़क पर ही खड़ा करके फरार हो गए। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो में बेतरतीब ढंग से 6 गोवंश बैठाए मिले। थानाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने बताया कि गोवंश को पशु आश्रय केंद्र में भेजने के साथ ही गाड़ी को सीज कर दिया गया है। अज्ञात पशु तस्करों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम और गोवध निवारण अधिनियम एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस दौरान शिकारगंज चौकी इंचार्ज जनक, हेड कांस्टेबल विनय पांडेय, कांस्टेबल शिवांशु, वीरबहादुर सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# ओलावृष्टि से हुए नुकसान का किसानों को मुआवजा दे सरकार



फसलों के नुकसान के बाबत डीएम को ज्ञापन सौंपते सपाई।

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जनपद में रुक-रुक कर हो रही बारिश से किसानों को नुकसान की आशंका है। बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है, वहीं आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है। जिसको लेकर बुधवार को सपा का एक प्रतिनिधिमंडल मंडल सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण के नेतृत्व में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से किसानों की समस्या के लिए पत्रक सौपा और फसलों के क्षतिपूर्ति की मांग की।

इस दौरान उन्होंने ने कहा की तेज आंधी ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई हैं वहीं खेतों में सुखाने के लिए रखी गई फसल भी जलमग्न हो गई हैं। सबसे ज्यादा नुकसान की संभावना गेहूं की फसल को है। सरसों, चना अरहर समेत रबी की दलहनी और तिलहनी फसलें भी बर्बाद हुई हैं। किसानों पर आफत बनकर बरसे इन बादलों ने किसानों की पूरे सीजन की मेहनत पर पानी फेर दिया है। जिला प्रशासन गांव-गांव पहुंच कर किसानों के खेत का आंकलन करे, जिससे किसानों का कितना फसल बर्बाद हुआ है उसके हिसाब से किसानों को उचित मुआवजा मुहैया कराए। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, नफीस अहमद गुड्डू ,छोटू तिवारी, निरंजन कनौजिया, अवधेश प्रधान उपस्थित रहे।

## अरंगी में बारिश में मड़ई गिरी, महिला घायल



बारिश व तूफान में गिरा करकटनुमा मकान।

**कन्दवा।** मंगलवार की रात आयी काली आंधी और तूफानी बारिश मे अरंगी गांव निवासी पिंटू बिंद का कराकटनुमा घर मंगलवार की रात बारिश से भरभरा कर गिर पड़ा। इस दौरान घर में सो रही सरोज देवी पत्नी पिंटू 24 वर्ष मलबे मे दबकर गंभीर रुप से घायल हो गयी। मौके पर जुटे ग्रामीणों द्वारा कडी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर घायल महिला को बाहर निकालकर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर भेजवाया गया। जानकारी के अनुसार अरंगी गांव निवासी पिंटू बिंद का करकट नुमा रियायशी मकान है। मकान में पिंटू की पत्नी सरोज गहरी नींद मे सो रही थी। बताया जा रहा है कि रात में तेज बारिश आंधी से मकान धराशायी हो गया। इसी दौरान मलबे में दबकर सरोज घायल हो गयी।

## धानापुर प्रमुख ने एसडीएम के साथ देखी गेहूं की बर्बादी



**धानापुर।** बिन मौसम हुए बरसात और हवा से बर्बाद हुई फसल का ब्लाक प्रमुख ने उपजिलाधिकारी के साथ मुआयना किया। एसडीएम ने सर्वे कराकर किसानों को नुकसान का मुआवजा देने की बात कही। उन्होंने क्षेत्र में सर्वे के लिए टीमें लगी होने की जानकारी दी। तहसील क्षेत्र में दो दिन तक हुई बरसात ने खेतों में तैयार हो चुके गेहूं को चटाई की तरह बिछा दिया है। किसान फसल को देखकर काफी चितित हैं। जिस प्रकार से उत्पादन होना चाहिए था उस प्रकार से अब उत्पादन नहीं हो सकेगा। इसके चलते किसान अपनी फसलों को लेकर चिंतित है। बर्बाद हुई गेहूं की फसल का ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने उपजिलाधिकारी मनोज पाठक के साथ मुआयना किया। उन्होंने अमादपुर, नगवां, पंचगंगापुर, सरकारी, डबरियां, प्रह्लादपुर सहित लगभग दर्जन भर गांवों में किसानों की फसलों को देखा। उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ने ग्राम प्रधानों से कहा कि अपने अपने क्षेत्र के लेखपालों से मिलकर उनसे किसानों के बर्बाद हुई फसलों की रिपोर्ट तैयार करा कर उपलब्ध कराएं जिससे किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई भी इस कार्य में लापरवाही करता है तो उसकी सूचना देने के साथ ही अपने ब्लाक कार्यालय में इसकी सूचना दें। शीघ्र ही नष्ट फसलों की सूची शासन स्तर पर भेजी जाएगी। इस दौरान खंड विकास अधिकारी विजय कुमार, राजेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, विमल सिंह, बाबू खान, गुलाब खान आदि किसान मौजूद रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का होली मिलन सम्पन्न



श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के होली मिलन समारोह में कविता पाठ करती कवित्री।

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश डीडीयू नगर मुगलसराय इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन नगर पालिका सभासद सभागार में हुआ। जिसमें आजमगढ़, मिजार्पुर, बनारस व जनपद चंदौली के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध कवि व शायर शिरकत कर लोगों को अपने मधुर आवाज से मोहित कर दिया।

इस अवसर पर गंगा जमुनी-तहजीब की बयार भी बही जिसका लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहना किया। मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल, विशिष्ट अतिथि आरपीएफ डीडीयू पोस्ट निरीक्षक संजीव कुमार, अधिशासी अधिकारी कृष्णचंद्र, वरिष्ठ समाजसेवी महेश जयसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के पूर्वी उत्तर प्रदेश के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार करुणापति तिवारी, संचालन मंडल महासचिव अखलाक अहमद एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, केके गुप्ता, जिला महामंत्री निजाम बाबू, फैयाज अंसारी, सुरेंद्र सिंह, प्रीतम, मानवेंद्र, सुनील, सरदार संता सिंह, सूर्यप्रकाश सिंह, अमिय पाण्डेय, भानु आदि उपस्थित रहे।

# बारिश से रबी की फसल को 10 फीसदी नुकसान का अनुमान

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जनपद बारिश के रबी की फसलों को लेकर हुए नुकसान और किसानों को नुकसान के बदले मुआवजे को लेकर जनपद का कृषि महकमा गंभीर और सक्रिय नजर आ रहा है। कृषि विभाग का अनुमान है कि जनपद में हुई बारिश से लगभग 10 प्रतिशत नुकसान होने की आशंका है। जनपद में लगभग 115000 हेक्टेयर में रवि की बुआई हुई है।

इस बाबत जिला कृषि अधिकारी बसंत दुबे ने बताया कि 2 लाख 65 हजार किसान है। इसमें जनपद के 5426 किसानों ने बीमा कराया है। इसमें 3397 हेक्टेयर किसानों का फसल बीमा हुआ है, जिसमें 4792 किसानों ने फसल बीमा कराया है। इसमें 3341 हेक्टेयर शामिल है। वही 634 प्रोत्साहित किसान फसल बीमा कराया है। इसमें 56 हेक्टेयर से अधिक फसल का बीमा है।

### ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को नुकसान

**धानापुर।** क्षेत्र के गौसपुर ढोढ़िया, इनायतपुर, कमालपुर, जमुर्खा जनौली, बहेरी, रैथा असवरिया, अहिकौरा, बसगांवा, माधोपुर, बरहन सहित गांवों में मंगलवार की रात्रि में हुई ओलावृष्टि से गेहूं की फसल बर्बाद हो गयी है। किसानों ने सरकार से किसानों की नुकसान हुई फसल के मुआवजा की मांग की है।



बारिश के बाद गेहूं की फसल को देखता किसान।

## तेज आंधी तूफान व पानी के कारण सैकड़ों गांव अंधेरे में डूबा

**सकलडीहा।** आंधी पानी के कहर से मंगलवार की देर रात से तहसील मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की सैकड़ों गांव में 15 घंटे से आपूर्ति ठप रहा। इस दौरान उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सरकारी कार्यालय से लेकर कस्बा में पेयजल के लिये हाहाकार मचा रहा। देर शाम को विद्युत आपूर्ति बहालह होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया। सकलडीहा विद्युत उपकेन्द्र से दो सबस्टेशन संचालित है। एक सब स्टेशन से ग्रामीण अंचल को चंदौली से विद्युत आपूर्ति होती है। दूसरे सब स्टेशन पर तहसील मुख्यालय को धानापुर से विद्युत आपूर्ति होती है। मंगलवार की देर रात आंधी पानी के कारण ग्रामीण क्षेत्र से लेकर तहसील मुख्यालय की सैकड़ों गांव में घंटों देर तक आपूर्ति ठप रहा। चौत नवरात्र के पहले दिन व्रती महिलाओ को पानी के अभाव में काफी परेशानी झेलनी पड़ी। दोपहर बाद ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत बहाल होने से राहत मिला। लेकिन तहसील मुख्यालय फीडर से संचालित एक दर्जन से अधिक गांवों को देर शाम आठ बजे तक आपूर्ति बाधित होने पर परेशानी हुई। इस बाबत एसडीओ संजय कुमार ने बताया कि सभी फीडरों की आपूर्ति बहाल कर दिया गया है। थोड़ी देर में तहसील मुख्यालय पर विद्युत आपूर्ति बहाल हो जायेगा।

# स्पोर्ट्स

## डिनर के लिए रेस्तरां पहुंचे लियोनेल मेस्सी, प्रशंसकों ने घेरा

**ब्यूनस आयर्स।** यहां पालेरमो में हजारों फुटबॉल प्रेमियों ने एक रेस्तरां को घेर लिया जब उन्हें पता लगा कि स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी उसमें डिनर कर रहे हैं। मेस्सी की एक झलक पाने के लिये लोग डॉन जूलियो रेस्त्रां के पास पहुंच गए। मेस्सी को बाहर निकलने के लिये पुलिस की मदद लेनी पड़ी। सड़क पर खड़े प्रशंसक छमेस्सी मेस्सीछ चिल्ला रहे थे। कतर में हुए विश्व कप में मेस्सी ने अर्जेंटीना को तीसरा खिताब दिलाया। विश्व कप जीतने से मेस्सी का अर्जेंटीना में वह दर्जा मिल गया जो सिर्फ माराडोना को हासिल था। लेकिन विश्व कप से पहले हालात दीगर थे और टीम की नाकामी के लिये उन्हें ही कसूरवार ठहराया जा रहा था। वह 2016 में लगभग संन्यास ले चुके थे लेकिन फिर अपना फैसला बदला। अब आलम यह है कि मेस्सी का खुमार अर्जेंटीना के फुटबॉल प्रेमियों के सर चढ़कर बोल रहा है। वह जहां भी जाते हैं, भीड़ उनके पीछे खिंची चली आती है।



# सिराज अब नंबर-1 वनडे गेंदबाज नहीं, जोश ने छीना शीर्ष स्थान, शमी-राहुल और रोहित को फायदा

## ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने पहले पायदान से हटा दिया, सिराज अब तीसरे स्थान पर



**मुंबई।** भारत के युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अब दुनिया के नंबर-1 वनडे गेंदबाज नहीं हैं। बुधवार (22 मार्च) को जारी ताजा रैंकिंग में वह शीर्ष स्थान पर नहीं हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने पहले पायदान से हटा दिया है। सिराज अब तीसरे स्थान पर लुढ़क गए हैं। सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 29 रन देकर तीन विकेट लिए थे। वहीं, दूसरे वनडे में उन्होंने तीन ओवर में 37 रन लुटा दिए थे। इस कारण उन्हें पहला स्थान गंवाना पड़ा।

सिराज ने पिछले साल वनडे में शानदार प्रदर्शन किया था। इसका फायदा उन्हें इस साल जनवरी में मिला। वह पहली बार आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पहले दो वनडे मैचों में खतरनाक गेंदबाजी की थी। उन्होंने पहले वनडे में तीन और दूसरे में पांच विकेट लिए थे। शीर्ष पर पहुंचने वाले हेजलवुड भारत दौरे पर एक भी मैच नहीं खेल सके। वह पहली बार वनडे में नंबर-1 गेंदबाज बने हैं।

**शमी को हुआ फायदा**

आईसीसी ने अपने बयान में कहा, "हेजलवुड ने करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान जून 2017 में पहली बार हासिल किया था। इसे उन्होंने अगस्त 2022 से बरकरार रखा था। वह पहली बार वनडे में नंबर-1 गेंदबाज बने हैं।" आईसीसी रैंकिंग में मोहम्मद शमी को भी फायदा हुआ है। वह पांच स्थान की छलांग लगाकर 28वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

**केएल राहुल और रोहित शर्मा रैंकिंग में ऊपर चढ़े**

**भारत का स्कोर दो विकेट पर 100 रन के पार, विराट और राहुल ने संभाली पारी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों टीमें चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आमने-सामने हैं। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 270 रन का लक्ष्य रखा है। भारत की नजर सीरीज जीतने पर है। उसने मुंबई में पहला वनडे पांच विकेट से जीता था। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने विशाखापट्टनम में दूसरा वनडे 10 विकेट से अपने नाम किया था। इस तरह सीरीज 1-1 की बराबरी पर है।

मुंबई में खेले गए पहले वनडे में नाबाद 75 रन बनाने वाले केएल राहुल को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। तीन स्थान की छलांग लगाकर 39वें नंबर पर पहुंच गए। भारत के कप्तान रोहित शर्मा को एक स्थान का फायदा हुआ। वह नौवें नंबर पर आ गए हैं। वहीं, शुभमन गिल पांचवें और विराट कोहली सातवें नंबर पर कायम हैं।

**टेस्ट में केन विलियम्सन को फायदा**

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में एक शतक और एक दोहरा शतक लगाने वाले केन विलियम्सन टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मार्नश लाबुशेन अभी भी शीर्ष पर कायम हैं। वेलिंग्टन टेस्ट में नाबाद 200 रन बनाने वाले हेनरी निकोल्स को 20 स्थान का फायदा हुआ। वह 27वें नंबर पर आ गए हैं। श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने 10वें नंबर पर काबिज हैं।

## बॉलीवुड न्यूज

### वरुण धवन और जान्हवी कपूर की 'बवाल' होगी रिलीज



**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर बवाल को लेकर लगातार दर्शकों के बीच बातें हो रही है। ये 'छिछोरे' (जिसने बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता) के साथ सफल पारी दर्ज करा चुके फिल्म निर्माता साजिद नाडियाडवाला और नितेश तिवारी का साथ में अगला प्रोजेक्ट है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों के एक्साइटमेंट लेवल को बरकरार रखते हुए अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान कर दिया है। ये फिल्म 6 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के साथ पुरस्कार विजेता निर्माता-निर्देशक की जोड़ी फिर से साथ आई है, जिसमें वरुण और जान्हवी की नई जोड़ी पहली बार एक दूसरे के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेगी। जनता का भरपूर मनोरंजन करने वाली यह फिल्म अपने शानदार कंटेंट के साथ दर्शकों को सिनेमाघरों की तरफ खींचने का वादा करती है। 'बवाल' का निर्माण नाडियाडवाला ग्रैंडसन के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला द्वारा किया गया है और यह अर्थस्काई पिक्चर्स द्वारा सह-निर्मित है।

### नेवर बैक डाउन :अपराध की रोमांचक दुनिया की दिलचस्प दास्तान




इंदौर। एंड पिक्चर्स पर 23 मार्च को रात 10 बजे नेवर बैक डाउन : रिवोल्ट के हिंदी टेलीविजन प्रीमियर के साथ मार्शल आर्ट्स क्राइम ड्रामा का रोमांच महसूस करने के लिए तैयार हो जाइए, जिसमें नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अहम भूमिका निभाई है। केली मैडिसन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में ओलिविया पॉपिका, माइकल बिस्पिंग और ब्रूक जॉनस्टन भी लीड रोल्स में हैं। इतने दमदार और टैलेंटेड एक्टर्स के साथ यह फिल्म यकीनन आपके रोंगटे खड़े कर देगी। यह फिल्म एक भाई-बहन की कहानी है, जो चेचन्या से बाहर निकलकर लंदन आते हैं। जहां भाई किसी दिन एक एमएमए चैंपियन बनना चाहता है, वहीं उसकी बहन छोटे-मोटे काम करके घर का ख्याल रखती है। जब उस लड़की को एक अंडरग्राउंड फाइट में शामिल होने के लिए रोम बुलाया जाता है, तब उसे पता चलता है कि चीजें इतनी आसान नहीं है, जैसी कि उसे बताई जाती हैं। जहां वो अपहरण और सेक्स ट्रैफिकिंग की काली दुनिया के जाल में फंस जाती है, वहीं इससे बाहर निकलने के लिए उसके सामने एक ही रास्ता है कि वो अपनी आजादी के लिए लड़े। एनर्जी की पावर हाउस और मार्शल आर्ट्स स्पेशलिस्ट नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने इसमें जया का रोल निभाया है। अपने जबर्दस्त टैलेंट और दमदार एक्शन स्टंट्स के साथ उन्होंने अपने रोल को बखूबी निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने कहा, मैं एक प्रशिक्षित मार्शल आर्ट्स स्टार हूं और मुझे एक मुकम्मल एक्शन फिल्म करने का इंतजार था। ऐसे में नेवर बैक डाउन : रिवोल्ट मेरे लिए एक रोमांचक प्रोजेक्ट साबित हुआ। अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म में काम करना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा है।

## वनडे वर्ल्ड कप के शेड्यूल का खुलासा, पांच अक्तूबर से शुरू हो सकता टूर्नामेंट, अहमदाबाद में फाइनल!



भारत की मेजबानी में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के शेड्यूल का खुलासा हो गया है। यह पहली बार होगा जब भारत अकेले इस टूनार्मेंट की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट की शुरूआत पांच अक्तूबर से हो सकती है। वहीं, फाइनल 19 नवंबर को खेला जा सकता है। खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा सकता है, जो कि दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम भी है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बड़े क्रिकेट आयोजन के लिए कम से कम एक दर्जन स्थानों को चुना है, जिसमें बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, धर्मशाला, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर और राजकोट जैसे शहर शामिल हैं। मुंबई। टूर्नामेंट में 46 दिनों में कुल 48 मैच होंगे। बीसीसीआई ने हालांकि, मैचों के लिए अभी तक कोई विशेष स्थान का चुनाव नहीं किया है और न ही वार्म अप मैचों को लेकर शहर चुने हैं। यह देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग समय पर मानसून के मौसम की वजह से है। आमतौर पर आईसीसी विश्व कप के कार्यक्रमों की घोषणा कम से कम एक साल पहले कर देता है, लेकिन बीसीसीआई भी भारत सरकार से आवश्यक मंजूरी का इंतजार कर रहा है। इनमें पाकिस्तान टीम के लिए कर में छूट और वीजा मंजूरी लेना शामिल है। भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। तब से दोनों टीमें केवल आईसीसी प्रतियोगिताओं में या एशियन क्रिकेट काउंसिल के टूर्नामेंट्स में ही एक-दूसरे के खिलाफ खेली हैं।

# चेन्नई में टीम इंडिया के डग आउट में पहुंचे धोनी, सीएसके ने शेयर किया फोटो

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला आज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला टीम इंडिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस मैच में जीत या हार सीरीज का भविष्य तय करेगी।

चिदंबरम स्टेडियम आईपीएल की टीम चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड भी है। सीएसके की टीम भी इस स्टेडियम में ट्रेनिंग कर रही है। सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी सीएसके की ट्रेनिंग सेशन के लिए चेन्नई में ही मौजूद हैं। ऐसे में टीम इंडिया के ट्रेनिंग सेशन को देखने के लिए वह चिदंबरम स्टेडियम पहुंचे। चेन्नई सुपर किंग्स ने उनकी तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह टीम इंडिया के

### फैंस हुए भावुक



डग आउट में बैठे नजर आ रहे हैं।

सीएसके ने इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा- मैं पल दो पल का शायर हूं....। दरअसल यह वही गाना है जो धोनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के समय अपनी वीडियो में लगाया था। यह गाना उन्होंने खुद गाकर वीडियो में लगाया था। धोनी की इस तस्वीर को देखकर फैंस भी भावुक हो गए और सोशल मीडिया पर इस तस्वीर को खूब शेयर कर रहे हैं।

तस्वीर में धोनी सीएसके की जर्सी में नजर आ रहे हैं और दाईं तरफ घूमकर मुस्कुरा रहे हैं। 13 घंटे के अंदर इस तस्वीर को करीब आठ लाख लाइक्स मिल चुके हैं। फिलहाल टीम इंडिया चेन्नई में तीसरे वनडे की तैयारी में जुटी हुई है। पहला वनडे भारत ने पांच विकेट से जीता था। वहीं, दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करते हुए 10 विकेट से जीत हासिल की थी।

भारतीय टीम अपनी जमीन पर 2019 के बाद से कोई वनडे सीरीज नहीं हारी है। ऐसे में रोहित एंड कंपनी इस मैच को जीतकर अपने रिकॉर्ड को बरकरार रखना चाहेगी।

# सरबजोत सिंह ने जीता स्वर्ण पदक, भारत ने पदकों में खाता खोला

## भारत के वरूण तोमर को भी कांस्य पदक मिला



**भोपाल।** भारत के सरबजोत सिंह ने आईएसएसएफ पिस्टल राइफल विश्व कप में पुरूषों के एयर पिस्टल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों का खाता खोला।

भारत के वरूण तोमर को भी कांस्य पदक मिला। दो साल पहले टीम और मिश्रित टीम वर्ग में जूनियर विश्व चैम्पियन रहे सरबजोत ने अजरबैजान के रूस्लान लुनेव को 16.0 से हराया। उन्होंने इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में 585 अंक बनाये थे।

सरबजोत ने क्वालीफिकेशन सीरिज में 98, 97, 99, 97, 97, 97 का स्कोर किया। चीन के लियु जिनयाओ दूसरे स्थान पर रहे। रैंकिंग या एलिमिनेशन दौर में सरबजोत ने 253 . 2 और रूस्लान ने 251 . 9 अंक बनाये। वरूण 250 . 3 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे।

### नीतू ने सुनिश्चित किया भारत के लिये पहला पदक बोली- हमारी पूरी टीम का लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना



**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2022 की गोल्ड मेडलिस्ट नीतू घंघास ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में बुधवार को जापान की मदोका वाडा को हराकर भारत का पहला पदक सुनिश्चित कर लिया। नीतू ने 48 किग्रा वर्ग के मुकाबले में मदोका को आरएससी (रेफरी द्वारा मैच रोका जाना) पद्धति से मात दी। उन्होंने अपने पिछले दो मुकाबलों में भी विपक्षी मुक्केबाज को आरएससी से ही परास्त किया था। इस जीत के साथ नीतू ने सेमीफाइनल में पहुंचते हुए भारत के लिये कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया है। नीतू ने मदोका को हराने के बाद कहा, अभी तक जो भी मुकाबले हुए हैं उनमें मैं अच्छी तरह तकनीक का इस्तेमाल कर सकी हूं। मैंने तीनों मैच आरएससी से जीते हैं। अगले मुक्केबाज पर इससे दबाव बनेगा और मुझे फायदा होगा।" उन्होंने कहा, "हमारी पूरी टीम स्वर्ण पदक का लक्ष्य लेकर आयी है। हम अपना 100 प्रतिशत देकर स्वर्ण लेकर जायेंगे। पिछली बार मैं स्वर्ण से चूक गयी थी लेकिन इस बार मैं बेहतर तैयारी करके आयी हूं। भारत में घरेलू दर्शक होने से भी फायदा है इसलिये मैं स्वर्ण को हाथ से नहीं जाने दूंगी।

## बिजली कटने ही ध्वस्त हो जाता है बीएसएनएल

**चहनियां।** कस्बा स्थित कस्बा में लगा भारत संचार निगम लिमिटेड का नेटवर्क बिजली कटते ही ध्वस्त हो जाता है। कभी कभी बिजली रहने पर भी नेटवर्क काम नहीं करता है। लोग दूसरे कंपनी का सिम लेने पर मजबूर हो रहे है। बीएसएनएल के कर्मियों की लापरवाही से लोगों मे आक्रोश व्याप्त है। भारत सरकार द्वारा दूरसंचार माध्यम को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, किंतु चहनियां कस्बा में लगा भारत संचार निगम लिमिटेड का नेटवर्क हमेशा खराब रहता है। वैसे बिजली कटने पर तो ऐसे ही नेटवर्क गायब हो जाती है। जब भी फोन लगाओ नाटरिचेबल मोबाइल पर बोलता है। इधर विगत कई दिनों से बिजली रहने पर भी कभी कभी नेटवर्क गायब रहता है। बीएसएनएल सिम उपयोग करने वालों का मोबाइल शो पीस बनकर रह गया है। यहां बिद्युत उपकेंद्र, थाना आदि विभागों के ज्यादातर सरकारी नम्बर बीएसएनएल कम्पनी के है जो किसी प्रकार का घटना होने पर जानकारी देने के लिए लोगों को कठिनाई की सामना करना पड़ता है।

## संक्षेप

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण पा रहे युवा



विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करते अभ्यर्थी।

**चंदौली।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को तनुज कुमार सेन, डीडीएम नाबार्ड द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को नाबार्ड की चलाई जा रही स्वरोजगार के लिए विभिन्न योजनाएं तथा स्वरोजगार व उद्यमिता से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह से संबंधित जानकारी तथा नाबार्ड की स्वरोजगार में भूमिका की भी जानकारी प्रदान की गई, जिससे स्वरोजगार में वृद्धि की जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूपीआई डीआर लखनऊ की ओर से डिजाइनर व ट्रेनर गजेंद्र सिंह, अमित कुमार, शत्रुघ्न शर्मा, सोनू मौर्या तथा अनुराग द्वारा दर्जी, हलवाई, लोहार, कुम्हार, नाई, राजमिस्त्री तथा बढ़ई ट्रेड में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही तकनीकी तथा सैद्धांतिक रूप से दिया जा रहा है जिससे प्रशिक्षणार्थियों के अंदर योजनाओं की जानकारी तथा तकनीकी प्रशिक्षण से उत्सुकता तथा आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है। प्रशिक्षण में शंभू सिंह, धर्मवीर कुमार द्वारा उद्योग विभाग स्वरोजगार के लिए विभिन्न प्रकार की चलाई जा रही योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी प्रशिक्षण तथा टूलकिट योजना तथा अन्य विभाग की रोजगार के लिए चलाई जा रही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### तथाकथित प्रबंधक व दो सहयोगियों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**धानापुर।** न्यायालय के आदेश पर धानापुर पुलिस ने मदरसा के तथाकथित प्रबंधक इब्रारुल हक सहित दो अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते हैं कि धानापुर कस्बा स्थित मदरसा मिस्बाहुल ओलूम धानापुर के प्रधानाचार्य मुहम्मद खालिद ने न्यायालय में गुहार लगाते हुए आरोप लगाया कि धानापुर कस्बा निवासी इब्रारूल हक पुत्र स्वर्गीय मुमताज खान जो की अपने को मदरसा मिस्बाहुल उलूम का कथित प्रबंधक बताकर प्रधानाचार्य के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर अवैध आदेश दिया है। बिना प्रबंधक का अनुमोदन प्राप्त हुए प्रबंधक पद की सील मुहर का प्रयोग किया और अनाधिकार कूटरचित प्रपत्र तैयार कर विभिन्न शासकीय कार्यालयों में प्रस्तुत कर गलत आदेश प्राप्त करने एवं प्रधानाचार्य मुहम्मद खालिद की वैध सेवा को समाप्त किये जाने विषयक कार्यवाही किया है। मदरसा के काम अवरोध डालने के साथ ही संस्था में तथाकथित रिक्त पदों पर नियुक्ति के नाम पर धन उगाही का प्रयास करने का आरोप लगाया है। मदरसा में अधिकार विहीन गतिविधियों को संचालित कराते रहने का भी आरोप लगाया गया। प्रधानाचार्य द्वारा इस बाबत प्रार्थना पत्र प्रभारी निरीक्षक धानापुर को दिया गया था परन्तु कोई प्राथमिकी पंजीकृत नहीं हुई। मजबूरन प्रधानाचार्य द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट चंदौली के न्यायालय में न्याय की गुहार लगाई। न्यायालय ने धारा-156(3) के तहत आदेश आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का धानापुर पुलिस को आदेश दिया, जिसे संज्ञान में लेते हुए धानापुर पुलिस ने इब्रारूलहक एवं दो सहयोगियों सुफियान खान और शाहनाज खान के विरूद्ध धारा 467, 468, 471, 419, 420 का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गयी है।

# छेड़खानी का किया विरोध तो युवती को मारी गोली

जनसंदेश न्यूज



**केराकत।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पसेवा में बुधवार को शाम लगभग साढ़े छह बजे छेड़खानी का विरोध करने पर बदमाशों ने युवती के पैर में गोली मार दी और फरार हो गए। गौरतलब है कि साक्षी 18 वषीर्या पुत्री सुरेन्द्र यादव अपने घर से लगभग दो सौ मीटर दूर स्थित नाले पर पोतनी मिट्टी निकालने गयी थी।

जहां पहले से अंकुर यादव पुत्र अशोक यादव निवासी पसेवाबारी और उसका एक साथी मौजूद था। युवती के अनुसार बदमाशों ने गमछे से मुंह ढक रखा था। और उसके साथ छेड़छाड़ करना चाहा तो साक्षी विरोध करने लगी। अपने मकसद में कामयाब न होने पर अंकुर ने साक्षी के बाए पैर में तमन्चे से गोली मारकर साथी संग फरार हो गया।

साक्षी ने पुलिस को बताया कि जब अंकुर छेड़छाड़ कर रहा था। उसी दौरान हाथापाई में अंकुर को पहचान लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों और ग्रामीणों ने साक्षी को निजी वाहन से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।

जहां चिकित्सकों ने स्थिति गम्भीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वही पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।

## सम्पत्ति को छोड़कर माता-पिता को अपनाएं : संत सुंदर राज

**चहनियां।** क्षेत्र के महुआरी खास गांव में मां गंगा के तट पर पैतालीस दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में बुधवार को सातवें दिन सन्त सुन्दर राज स्वामी ने कथा सुनाते हुए कहा कि लोग अपने पुराने दायित्यों को भूलते जा रहे है। हम अपने संस्कार को भूल जाते है। संस्कार कही दुकान या बाजार में नहीं मिलता है वह माता पिता से मिलता है। सुयोग्य पुत्र वही है जो सम्पत्ति को छोड़कर माता पिता को अपनाये वही असली संस्कार है। एक संस्कार राम को अपने पिता दशरथ से मिला और एक संस्कार रावण को मिला। आज राम को पूजा जाता है। कंस ने भी भगवान के माता-पिता को बंधक बनाकर कृष्ण भगवान को मारने की चेष्टा किया था। किंतु क्या हुआ अंत भगवान की माया के आगे टिक नहीं पाया। आयोजक ग्राम प्रधान सत्येंद्र सिंह मिन्टू व क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेंद्र गुप्ता द्वारा सभी कथा श्रोताओं को प्रसाद का वितरण करवाया। इस दौरान दीपक सिंह, सोपाल सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, बिंध्याचल तिवारी, अभय सिंह, ओम नारायण, तारा प्रसाद, रमेश सिंह, छोटू यादव आदि उपस्थित थे।

# धानापुर थाने पर हुई शांति समिति की बैठक

**धानापुर।** नवरात्रि व रमजान को लेकर बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी मनोज पाठक लोगो से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार ही पर्व मनाने की बात कहीं। चैत्र नवरात्र (रामनवमी) और मुस्लिमों के प्रमुख त्यौहार रमजान को देखते हुए पुलिस प्रशासन सक्रिय है।

इस मौके पर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए और अपेक्षित सुझाव मांगे। क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने कहा शांति व्यवस्था बनाते हुए पर्व त्यौहार का आनंद लें, सभी पर्व आपस में मिलजुल कर मनाएं। किसी भी तरह के अफवाह से बचें तथा शांतिपूर्ण तरीके से पर्व त्योहार मनाएं। अगर कहीं भी कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसकी सूचना फौरन थाना पुलिस को दें। सभी धर्म को ध्यान में रखते हुए पर्व मनाने की जरूरत है। सभी लोग आपसी भाईचारे, सदभाव और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व को मनाएं। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक अमित सिंह, शाहआलम खान, मनीष सिंह, मोहित रस्तोगी, मुकुंद रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।



# विद्यार्थी स्वास्थ्य के प्रति रहे सचेत : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**आयोजन**

### श्रीनिवास रामानुजन अनुसंधान भवन और विश्वकर्मा छात्रावास के व्यायामशाला का उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज


व्यायामशाला का फीता काटकर उद्घाटन करती प्रो. निर्मला एस. मौर्य


उपकरणों का अवलोकन करती कुलपति

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्रीनिवास रामानुजन अनुसंधान भवन और विश्वकर्मा छात्रावास में मंगलवार को नवनिर्मित व्यायामशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. मौर्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। जिम के माध्यम से युवाओं को व्यायाम करने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संतुलित शरीर के लिए जिम की उपयोगिता वर्तमान समय में काफी बढ़ गई है। छात्रावास में क्रॉस ओवर जो कि चेस्ट के मध्य तक की एक्सरसाइज कराता है।

मस्कुलर मेकर पूरे बॉडी के मसल को ठीक करता है। इसी तरह पेक-डेक फ्लाई समेत दर्जनों उपकरण जिम में लाए गए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित भी किया। समारोह का संचालन वार्डेन सुशील कुमार और धन्यवाद ज्ञापन संचालन डा. नीतेश जायसवाल ने किया। चीफ वार्डेन प्रो. रजनीश भास्कर ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। इस अवसर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. राम नारायण, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो एके श्रीवास्तव, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. रसिकेश, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, अजीत सिंह, बबिता, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, दिव्येद् मिश्र समेत शिक्षक उपस्थित थे।

### विश्व कविता दिवस पर हुई गोष्ठी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विश्व कविता दिवस और विश्व वानिकी दिवस पर आयोजन किया गया। मौके पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने अपने काव्य का वाचन किया। प्रो. वीबी तिवारी ने बचपन में लिखी कविता को सुनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी काव्य पाठ किया। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि परिसर की हरियाली के लिए विश्वविद्यालय प्रयासरत है। इस कार्य में सभी शिक्षक और विद्यार्थी सहयोग करें। इस अवसर पर प्रो. अविनाश पार्थीडेकर, डा. आशुतोष सिंह, डा. रसिकेश, डा. अमित वत्स, डा. मंगला प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# दहेज हत्या के आरोपी सास, श्वसुर गिरफ्तार



जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

### पोस्टमार्टम में आयी हैंगिग की रिपोर्ट

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत सेमरिया गांव निवासी सत्येन्द्र गौतम की पत्नी पूनम गौतम (24) की सोमवार की रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी।

घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह, नायब तहसीलदार सन्तोष कुमार यादव मयफोर्स पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में हैंगिग की रिपोर्ट आयी है। वहीं मृतका के मायके वालों ने शादी में कम दहेज मिलने को लेकर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने व जान से मारने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मृतका के दादा रामजीत की तहरीर के आधार पर श्वसुर कमलेश गौतम, सास नगीना देवी, पति सतेन्द्र कुमार व ननद सीमा देवी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर बुधवार की सुबह पवांरा नहर पुलिया से सास नगीना उर्फ राजकुमारी, श्वसुर कमलेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, पिता-पुत्र घायल

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** आजमगढ़-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुसहा मोरखा गांव के सामने ट्रक की चपेट में आने से जहां एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई वहीं पिता-पुत्र घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उक्त कस्बा निवासी 42 वर्षीय संतोष कुमार कसौंधन अपने 30 वर्षीय भतीजे निखिल व पुत्र 18 वर्षीय आलोक के साथ बाइक से आजमगढ़ के बिंद्रा बाजार बहन के घर बर्थडे में सम्मिलित होने एक दिन पहले गए थे जहां से बुधवार सुबह वापस घर आ रहे थे। बाइक निखिल चला रहा था। राजमार्ग पर कुसहा गांव के सामने पहुंचे ही थे कि कुत्ते से टकरा गए। संतोष व आलोक जहां खाई में गिरे वहीं निखिल सड़क पर गिर पड़ा। पीछे से आ रही ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां निखिल की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

### दो डिजायर कार में टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर पलटी पिकअप

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के मरगूपुर फोरलेन पर दो डिजायर कार में टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर एक पिकअप फोरलेन पर ही पलट गई। वहीं कार में सवार एक मासूम बच्चा मामूली रूप घायल हो गया बाकी सभी लोग बाल-बाल बच गए। डिजायर कार सवार डॉ. आशीष कुमार अपने परिजनों के साथ वाराणसी से चलकर लखनऊ जा रहे थे जो मरगूपुर फोरलेन किनारे एक ढ़ाबे पर चाय पीने के लिए उतरे इसी दौरान पीछे से पिकअप चालक अनिल सिंह मिजार्पुर से परीक्षा का पेपर लेकर अयोध्या जा रहे थे जो अनियंत्रित होकर दो डिजायर कार में टक्कर मारते हुए फोरलेन पर ही पिकअप लेकर पलट गए। हालांकि किसी को चोटें नहीं आई लेकिन डिजायर कार और पिकअप वाहन क्षत्रिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी रही।



### मारपीट में एक युवक घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बद्दोपुर गांव में जमीनी विवाद में हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दे इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। उक्त गांव निवासी 28 वर्षीय संतराम पुत्र सीताराम को पट्टीदारों ने जमीनी विवाद के चलते लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया वहीं पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# नवरात्र की प्रतिपदा को निकली कलशयात्रा

जनसंदेश न्यूज


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं

**खेतासराय।** नगर के गोलाबाजार में वासंतिक नवरात्र पर आयोजित रामचरित मानस कथा प्रारम्भ होने से पूर्व बुधवार को कस्बा में कलश यात्रा निकाली गयी। ब्रह्मांड स्वरूप कलश को सिर पर धारण किए भारी संख्या में महिलाएं व युवतियां कलशयात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

गोलाबाजार के रामलीला मैदान में महिलाएं कलश के साथ उपस्थित हुई। यहां कथा वाचिका मानस कोकिला राधे किशोरी के कलश पूजन से कलशयात्रा का शुभारम्भ हुआ। मेनरोड, खुटहन रोड, दुर्गा मंदिर, पुरानी बाजार, काली मंदिर होते कलश यात्रा डोभी मोड़ पहुंचा। यहां से वापस होकर मेनरोड होते हुए मानस कथा यज्ञ स्थल पहुंच कर संपन्न हुआ। कलशयात्रा में भव्य रथ पर विराजमान भगवान राम, लक्ष्मण और मां सीता की झांकी शामिल थी।

आगे आगे युवकों की टोली हाथों में केशरिया ध्वज लेकर चल रही थी। साथ में मानस कथा के यजमान राधेश्याम जायसवाल सिर पर रामचरित मानस ग्रंथ धारण किए चल रहे थे। सहयोग में रुपेश गुप्ता मोनू, रवि बरनवाल, भृगुनाथ जायसवाल, विनोद कुमार गुप्ता, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय, शांतिभूषण मिश्र, कपूरचंद जायसवाल, संजय विश्वकर्मा, संजीव गुप्ता अनिल, प्रजापति आदि रहे।

### पशु आरोग्य शिविर में साढ़े 4 सौ से अधिक पशुओं का कराया गया उपचार

**जफराबाद।** सिरकोनी विकास खण्ड के परियाव गांव में बुधवार को पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चार सौ 83 पशुओं का पंजीकरण, चिकित्सा आदि किया गया। इस दौरान उन्हें कृमि नाशक दवाएं दी गईं। शिविर का शुभारंभ पूर्व प्रधान चंदू यादव ने किया। शिविर में पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विजय सिंह ने पशुओं के टीकाकरण के फायदे और हरे चारे की महत्ता, बांझपन कारण और निवारण पर प्रकाश डाला। शिविर में पशु चिकित्सक डॉ. नरेंद्र प्रताप डींग, डॉ. आलोक चौधरी, सुजान सिंह आदि मौजूद रहे। आयुर्वेट कम्पनी द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को दवाओं की जानकारी दिया गया। लोगों के पशुओं को थनैला, भूख न लगने, घाव, गर्भाधान आदि की दवाएं निःशुल्क दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानवेंद्र सिंह, अनिल सिंह शेखर श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही।

# बाबा की मजार पर चादर पोशी कर मांगी मन्नतें



**मुंगराबादशाहपुर।** मादरडीह गांव में हजरत सैय्यद जान शहीद बाबा का उर्स का जलसा बड़ी ही अकीदत और शानो शौकत के साथ मनाया गया। जायरिनों ने हजरत सैय्यद जान शहीद बाबा की मजार पर चादर पोशी कर मन्नतें भी मांगी। इस दौरान गुड़हाई मोहल्ला स्थित हजरत सैयद बूढ़े बाबा की मजार से डीजे सहित गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया जिसमें बाबा कद्रदान सिर पर दाग लेकर चल रहे थे जो अपने कदीमी रास्ते से होकर बाबा की मजार पर पहुंचा जहां पर जायरीनों ने बाबा की मजार पर चादर चढ़ाई और मन्नतें भी मांगी। जुलूस की शक्ल में शामिल लोग बाबा की शान में नातिया कलाम पढ़ते हुए चल रहे थे। बाबा को इत्र से नहला कर गुलपोशी किया गया। अंजुमन सदर तहसीमुलहक बन्ने, मकसूद बस, मो. सुवैब व खालिद अंसारी ने अमन चैन के लिए दुआ किया। मछलीशहर से आये कव्वाल बेलाल चिश्ती द्वारा पेश किए गए नामचीन नातिया कलाम ने जलसे में समा बांध दिया। बेलाल चिश्ती मछलीशहर द्वारा मेरे ख्वाजा पूरे भारत का राजा है, कव्वाल मंडली द्वारा बाबा के स्थान में पेश कव्वाली का देर रात तक लोगों ने लुफ्त उठाया। मौके पर मकसूद बाबा, बन्ने भाई, मोहम्मद जमालुद्दीन, निजाम, नफीस, मो. शोएब मंसूरी, फंटू कुमार, शिवम गुप्ता, शादाब मंसूरी, बबलू ठठेर, अफाक यार खान व विक्की गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 14.70 लाख की ठगी

जनसंदेश न्यूज

**धोखाधड़ी**

### पीड़िता को दिया गया नियुक्ति पत्र निकला फर्जी

### पिता ने थाने में तहरीर देकर न्याय की लगाई गुहार

**खेतासराय।** क्षेत्र की एक युवती से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। नगर के एक व्यक्ति ने अपने दो साथियों पूर्व प्रधान के साथ मिलकर एचएएल में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी दिलाने के नाम पर 14.70 लाख रुपये ठग लिए। पिता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। गोरारी खलीलपुर निवासी राजेश राय के मुताबिक उनकी पुत्री गरिमा राय वर्ष 2018 में इंटर करने के बाद कंप्यूटर की शिक्षा ली थी। इसी दौरान उसकी नगर के सोंधी निवासी एक व्यक्ति से मुलाकात हुई।

राजेश राय ने तथाकथित उस व्यक्ति से बताया कि वह अपनी पुत्री गरिमा के लिए कोशिश कर रहा हूं। उस व्यक्ति ने एचएएल कंपनी में उसकी पकड़ है। कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर उसकी नौकरी लगवा देगा। इस बीच उसने अहिरोपरशुरामपुर निवासी अपने सहयोगी पूर्व प्रधान से मुलाकात कराया। दोनों जालसाजों ने मिलकर लखनऊ के कल्यानी विहार चिन्हट निवासी अपने तीसरे सहयोगी के बैंक एकाउंट में पैसा भेजने को कहा।

भुक्तभोगी ने दोनों व्यक्तियों पर विश्वास करके 14.70 लाख रुपए अलग अलग तिथियों में तीनों व्यक्तियों को नकद और खाते में भुगतान कर दिया। भुगतान के बाद उनकी पुत्री गरिमा को लखनऊ बुलवाया गया। जहां उसे एचएएल कंपनी का नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र लेकर वह एचएएल कंपनी के कार्यालय पहुंची तो नियुक्ति पत्र फर्जी निकला। हालांकि पुलिस ने इस मामले से अनभिज्ञता जाहिर की है।

### घर में घुसकर महिलाओं के साथ बर्बरता

**खेतासराय।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोधना गांव में रंजिश के चलते सोमवार की रात दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ बर्बरता की। मारपीट कर कई लोगों को जख्मी कर दिया। भुक्तभोगी ने थाने पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मुकदमा दर्ज किए बिना छानबीन कर रही है।उक्त गांव निवासी फिरतू ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार की रात वह अपने परिवार के साथ खाना खाकर बाहर छप्पर में सो रहा था। उनकी बहू और बेटियां मकान में चैनल गेट बंद कर सो रही थी। मध्य रात्रि फूलचंद परिवार के आधा दर्जन लोगों के साथ घर पर चढ़कर भद्दी-भद्दी गाली देते हुए एक तरफ से महिला-पुरुषों को लाठी डंडा से पीटने लगा। परिवार के कुछ सदस्य मकान के अंदर घुसकर चैनल गेट बंद कर लिया। दबंग घर का चैनल तोड़ने लगे और महिलाओं को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। दबंग घर पर चढ़कर घंटों तांडव करते रहे जिसकी सूचना उसने किसी तरह डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर वे सभी भाग निकले। फिरतू राम ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई और सुरक्षा मुहैया कराए जाने की मांग किया है। एसओ यजुवेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, जाँच की जा रही है।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय महिला किक बॉक्सिंग में बना विजेता



**करंजाकला।** अन्तर विश्वविद्यालयीय किक बाक्सिंग महिला प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय चैंपियन बना। तीसरे दिन बुधवार चैंपियन विजेता घोषित हुआ। तीसरे दिन लो किक प्वाइन्ट फाइट के 70 किलोग्राम भार वर्ग में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक की तमन्ना ने स्वर्ण पदक, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की प्रियंका ने रजत पदक तथा अविनाश लिंगम विश्वविद्यालय की देवी एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की प्रियंका चन्द ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्राप्त किया।

50 किलो ग्राम भार वर्ग में महर्षि दयानन्द विवि रोहतक की रचना ने स्वर्ण पदक, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी की कोमल भारद्वाज ने रजत पदक तथा अटल बिहारी वाजपेयी विवि बिलासपुर की लौकिता चौहान एवं काजी नजरूल विवि पं0 बंगाल की रिया करमाकर ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्राप्त किया। प्वाइन्ट फाइट के 55 किलो ग्राम भार वर्ग में महर्षि दयानन्द विवि रोहतक की प्रीती ने स्वर्ण पदक, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी की प्रियंका कुशवाहा ने रजत पदक तथा एसएनडीटी विवि मुम्बई की क्लोरा जेम्स डीकोस्टा एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय की संजना सिंह कुशवाहा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्वाइन्ट फाइट के 60 किलो ग्राम भार वर्ग में पंजाबी विवि, पटियाला की भारगवी ने स्वर्ण पदक, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विवि की अंजली ने रजत पदक तथा महर्षि दयान्द विवि, रोहतक की तन्नू एवं उत्कल विवि, उड़ीसा की रोशनी बेगम ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्राप्त किया। अन्तर विवि किक बाक्सिंग महिला प्रतियोगिता 2022-2023 वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि ने 104 अंक प्राप्त कर विजेता घोषित हुआ। महर्षि दयानन्द विवि रोहतक ने 91 अंक प्राप्त कर उपविजेता, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी ने 57 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान एवं अविनाश लिंगम विवि तमिलनाडू 42 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि कुलसचिव महेन्द्र कुमार तथा विशिष्ट अतिथि वित्त अधिकारी संजय कुमार राय एवं परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह ने पुरस्कार वितरण किया और ट्राफी प्रदान की।

## संक्षेप

### जल प्राणियों के लिए ईश्वर का उपहार है : फादर



**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण हेतु विचार विमर्श किया गया। विद्यार्थियों ने जल के महत्त्व एवं जल संरक्षण पर प्रकाश डाला। जल के महत्त्व को बताते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने कहा कि जल प्राणियों के लिए ईश्वर का उपहार है। खासकर उत्तर प्रदेश को सदानीरा नदियों का उपहार प्राप्त है। अतः हम लोग बड़े जल संकट से नहीं गुजर रहे जबकि हमारे ही देश के अनेक राज्यों में पेय जल का संकट बना हुआ है। अतः ईश्वर प्रदत्त प्राकृतिक उपहारों का सदुपयोग एवं संरक्षण करना ईश्वराधना से कम नहीं। भोजन के बिना मनुष्य 21 दिनों तक जीवित रह सकता है पर जल के बिना नहीं। भोजन की उपज के लिए भी जल की महती उपयोगिता है। जल समस्त प्राणियों के जीवन के लिए अनिवार्य तत्त्व है। विश्व की चौथाई आबादी जल संकट से गुजर रही है इसको देखकर जल संरक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र द्वारा 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

### वैदिक मंत्रोचार से मां अन्नपूर्णा व लक्ष्मी नारायण भगवान की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के भंडरियाटोला मोहल्ले में स्थित शिवाला मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण व माता अन्नपूर्णा की मूर्ति का नगर भ्रमण कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। आचार्यों द्वारा पूरे वैदिक वैदिक रीत रिवाज से प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। मुख्य यजमान के रूप में विनोद निगम सपत्नीक शामिल हुए। पंडित राजेंद्र पाठक की देखरेख में आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन कर यज्ञ की पूर्णाहुती की गई। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं गाजे बाजे के साथ मूर्ति का नगर भ्रमण कराया गया। यज्ञशाला की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ मौजूद रही। भंडारे का आयोजन गुरुवार को किया गया है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भोजन कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विवेक निगम, संतोष गुप्ता, विनोद जायसवाल, चंदन केसरी, चंद्रेश निगम, राजेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के गणमान्य मौजूद रहे।

### पशु कैम्प में 300 गाय भैंस, 1250 भेड़ बकरी का हुआ इलाज



**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय पशुपालन विभाग की टीम द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन सतहरिया गांव में आयोजित किया गया जिसमें 1550 गाय, भैंस, भेड़, बकरी का इलाज किया गया। इस बहुउद्देशीय चिकित्सा कैम्प में पशुपालकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मौजूद पशुपालकों को पशुओं को चारा प्रबंधन, टीकाकरण, रोग बचाव, पशुधन बीमा योजना, कुकुट पालन, बकरी पालन, भेड़ प्रबंधन तथा अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में पशुपालकों को विस्तृत जानकारी दी गई। बतौर मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद जिला महामंत्री विशंभर दूबे के द्वारा गौवंश का माल्यार्पण कर एवं कैंप का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान रामअवध यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशांत यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी, डा. संजय सिंह पैरावेट, समर बहादुर यादव पैरावेट, नीरज यादव, अमित पटेल, रवि प्रताप सिंह, आकाश कुमार, अंकित यादव, अमलेश मिश्र, सूरज अवनीश सिंह, उदय प्रताप आदि लोग मौजूद रहे। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुशांत यादव ने बताया कि इस कैम्प में कुल 1250 भेड़ बकरी, 300 गाय भैंस की चिकित्सा दवा के साथ ही उपचार किया गया।

### नुक्कड़ नाटक के जरिए डायरिया के प्रति किया जागरूक



**नौपेड़वा।** रेकिट इंडिया और जागरण पहल के संयुक्त तत्वाधान में संचालित परियोजना डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के अंतर्गत डायरिया नेटजीरो एवं हार्पिक सेफर टॉयलेट फॉर आल बड़े पैमाने पर दस्त प्रबंधन पर जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समुदाय को दस्त प्रबंधन के बारे में जागरूक किया जा रहा है जो विश्व स्वास्थ्य संघटन के सात विंदू पर आधारित है। सुलतानपुर प्राथमिक विद्यालय में मंडल अध्यक्ष बद्रीश दुबे व प्रभारी भाजपा ने हरी झंडी दिखा कर किया। महेंद्र दुबे प्रधान अध्यापक उपस्थित रहे और संस्था के इस कार्य की सराहना की। इस अवसर पर जागरण पहल जिला समन्वक विशाल सिंह और बक्शा ब्लॉक क्वार्डिनेटर राजेश दुबे उपस्थित रहे।

### असलम बनाए गए अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव



**खेतासराय।** कस्बा स्थित भटियारीसराय वार्ड निवासी मो. असलम खान को समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान मिला है जिससे शुभ चिंतकों में खुशी की लहर छा गयी। बता दे कि उक्त सपा नेता को अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मो. इकबाल खां कादरी ने राष्ट्रीय सचिव नामित करते हुए एक नई जिम्मेदारी दी है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद मीडियाकर्मी से बातचीत में असलम ने बताया कि पार्टी हमेशा मेरे कर्तव्यों का फल देती रही है। जिस आशय के साथ यह जिम्मेदारी मिली है उसका बखूबी निर्वहन करूंगा। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि हम कार्यकर्ताओं के साथ जेल भरो आंदोलन, साइकिल यात्रा, किसान आंदोलन सहित तमाम आंदोलनों में प्रतिभाग कर चुके है और पार्टी की नीतियों को हमेशा आगे बढ़ाता रहूंगा। उन्होंने पार्टी के शीर्ष क्रम के नेताओं का शुक्रिया अदा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। बधाई देने वालों में अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आजम खान एडवोकेट, सफर शेख, गुड्डू यादव, राकेश यादव लाला सभासद, सतीश त्रिदेव, गुड्डू, हिसामुद्दीन त्रिभुवन यादव आदि लोगों ने नव निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी।

### जलसा सीरत पाक में जुटे अकीदतमंद



**गौराबादशाहपुर।** कस्बे के दक्खिन मुहल्ले में जलसा सीरत पाक का आयोजन किया गया। जलसे में इलाके से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत किया। जलसे को खेताब करते हुए मौलाना सुहेल अहमद चतुर्वेदी ने कहा कि दूसरों के साथ अच्छा सलूक करने का नाम मुसलमान है। उन्होंने कुरान, महाभारत व रामायण का हवाला देते हुए कहा कि इस्लाम के साथ ही हर धर्मों ने भेदभाव, ऊंच नीच न करने और आपसी भाईचारे का संदेश दिया है। मौलाना वसीम अहमद शेरवानी ने आने वाले पवित्र रमजान महीने की विशेषता पर विस्तार से तकरीर किया। जलसे का शुभारंभ हाफिज मोहम्मद खालिद कासमी के तेलावते कलाम पाक से हुआ। एहसान खैराबादी व राशिद ने नात पाक पेश किया। जलसे की अध्यक्षता मौलाना अलीहसन नोमानी व संचालन हाफिज अशहद ने किया। आयोजक कमेटी की तरफ से शाहिद, सरफुद्दीन, अमीक अन्य ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सरपंच तौफीक अहमद, मौलाना दाऊद आलम, राहिल अहमद, हाफिज खुर्शीद, हाफिज कमालुद्दीन, अब्दुल मन्नान आदि मौजूद रहे।

# पहले दिन जयकारे से गूंजा मां का दरबार

**चैत्र नवरात्र**

## शीतला धाम चौकिया व मैहर मंदिर में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

### नारियल, चुनरी, प्रसाद चढ़ाकर किया दर्शन-पूजन

**जनसंदेश न्यूज**



मां शीतला का दर्शन करते श्रद्धालुगण



दर्शन के लिए लगी भक्तों की लम्बी कतार

**जौनपुर।** चैत्र नवरात्र का पहले दिन शीतला धाम चौकिया धाम व परमानतपुर स्थिम मैहर देवी मन्दिर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा रहा। नवरात्रि के पहले दिन हजारों भक्तों ने मातारानी के दरबार में मत्था टेका।

बुधवार के तड़के 4 बजे मन्दिर के कपाट खुलने के बाद मातारानी का आरती पूजन होने के पश्चात भक्तजनों ने मातारानी के दरबार में नारियल, चुनरी प्रसाद फूल चढ़ाकर दर्शन पूजन किया। आस्था का केन्द्र शीतला मन्दिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा। एक दिन पहले से ही दर्शन को पहुँचे लोगों की भीड़ बढ़ती ही गई।

मंदिर के प्रबंधक ने बताया कि चैत्र नवरात्र में मां की विशेष पूजा होती है। यहां से दर्शन करने के बाद लोग विंध्याचल जाते हैं। चौकी इंचार्ज चंदन राय ने मंदिर के चारों तरफ महिला कांस्टेबल और पुलिस के जवानों को तैनात कर व्यवस्थाओं के चाक-चौबन्द होने का पूरा ख्याल रखा। यज्ञ हवन पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण मातारानी के जयकारों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। मातारानी के दर्शन पूजन के लिए दूर-दराज से आने वाले दर्शनार्थियों की लम्बी कतार लगी रही। भक्ति गीतों व घण्ट-घड़ियाल की आवाज से वातावरण देवीमय हो गया। व्रती महिलाओं ने पूजन कर मां को कहाड़ी चढ़ाया। पूर्वांचल के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने मत्था टेका। भीड़ को देखते हुए मंदिर के तीनों कपाट खोल दिए गए। धाम परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित कर लगातार भीड़ को नियंत्रित करने की अपील होती रही। बड़ी संख्या में लोग दर्शन के बाद विंध्याचल धाम को रवाना हुए।

मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मैहर देवी परमानतपुर में सुबह पौ फटने से पूर्व ही श्रद्धालु हाथ में माला, फूल, चुनरी, नारियल, अगरबत्ती, धूपबत्ती आदि लेकर कतारबद्ध हो गए थे। महिलाओं ने सिंदूर भी माता के चरणों में अर्पित किया। उधर लोगों ने अपने-अपने घरों पर कलश स्थापना कर नौ दिवसीय देवी पूजा शुरू कर दिया। प्रातः उठकर स्नान आदि कर-के तमाम लोगों ने दुर्गा मंदिरों में जल चढ़ाया।

ताड़तला निवासी व्रती सरोज सोनी के बताया कि चैत्र नवरात्र से हिन्दी नववर्ष की शुरूआत होती है। रामनवमी के पूर्व पड़ने वाले इस नवरात्र में नौ दिन नौ दुर्गा के सभी रूपों की उपासना की जाती है। इस दिन घरों से लेकर मन्दिरों तक कलश रखकर विधि-विधान से पूजन अर्चन कर आस्था ज्योति जलाई जाती है।

## तहसील क्षेत्र में नहीं है फायर स्टेशन

**शाहगंज।** काशी अयोध्या के मध्य स्थित शाहगंज चार जनपदों की सीमा पर स्थित है। भीषण गर्मी के दिनों में शार्ट सर्किट से आग लगना हर वर्ष होता है। अग्नि काण्ड के बाद दमकल की मारामारी मचती है। तब जिला मुख्यालय स्थित फायर स्टेशन से गाड़ियों को भेजा जाता है लेकिन तब तक सब कुछ स्वाहा हो चुका है। जनता दशकों से स्थानीय स्तर पर फायर स्टेशन की मांग कर रही है लेकिन यह मांग हमेशा अनसुनी रही। फिलहाल नयी सरकार व सत्ता पक्ष के विधायक चुने जाने पर एक बार जनता की उम्मीदों की किरण जगी है। तहसील क्षेत्र के खुटहन, शाहगंज, सुईथाकलां ब्लाक में प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये की संपत्ति आग के हवाले हो जाती है खास कर गेहूं के सीजन में। वहीं यदा-कदा जनहानि भी हुई है। नगर क्षेत्र में पन्नालाल साहू के मकान में 6 जून 2004 में भीषण आग लगा थी जिसमें इनकी 20 वर्षीय पुत्री रश्मि साहू एवं 8 वर्षीय पौत्र छोटू काल के गाल में समा गया था। नगर वासियों ने मेहनत कर आग पर काबू पाया था। सब कुछ जल कर तबाह हो गया। वहीं एक क्लाथ स्टोर की दुकान में 18 दिसम्बर 2016 को जबरदस्त आग लग गयी थी जिसमें करोड़ों का नुकसान हुआ। वहीं वर्ष 2007 में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार टप्पू की दुकान में भीषण आग लगी थी।

## संक्षेप

### वेंकटेश हुण्डई में लांच हुई वरना कार



**जौनपुर।** नवरात्रि के प्रथम दिन पचहटियां स्थित वेंकटेश हुण्डई में वरना कार की लांचिंग यूनियन बैंक के एजीएम शैलेन्द्र कुमार व अनिल बिहारी द्वारा फीता काटकर किया गया। बुधवार को हुण्डई के पचहटियां शोरूम पर आल न्यू वरना कार की लांचिंग के अवसर पर केक काटकर सेलिब्रेट किया गया। शोरूम के मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया कि न्यू वरना के नये फीचर ग्राहकों के अनुभव को नई उचाई देंगे। यह कार नये सिरे से परिभाषित करने वाली टेक्नोलॉजी आरामदायक सीटें और प्रदर्शन के साथ मानकों को ऊपर उठाने का कार्य करेगी। लक्ष्य गुप्ता ने बताया कि नई वरना के साथ हम एक नये सफर की शुभारंभ कर रहे हैं। हमे उम्मीद है कि यह कार ग्राहकों की आशाओं को पूर्ण करेगी। उक्त अवसर पर शोरूम के जनरल मैनेजर एसपी शुक्ला, मैनेजर विजय मिश्रा सहित तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बस्तों का रख-रखाव अच्छे से करें : अनुज झा



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के द्वारा तहसील सदर के विभिन्न पटलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अभिलेखागार भूलेख के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रजिस्ट्रार कानूनगो अशोक श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि बस्तों का रख-रखाव अच्छे से करें। खतौनी कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा जानकारी ली गई कि प्रतिदिन कितनी खतौनी यहां निकाली जा रही है और प्रतिदिन जमा की जाने वाली धनराशि के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिया कि जो भी पैसा जमा किया जाता है उसका रजिस्टर प्रतिदिन मेंटेन किया जाए। जिलाधिकारी ने इसके संबंध में निर्देश दिया कि नायब तहसीलदार मॉनिटरिंग करें। कार्यालय नजारत तहसील सदर के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर नंबर 4 का अवलोकन किया और पाया कि रजिस्टर अपडेट नहीं किया गया है इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। नायब नाजिर सदर सदानंद प्रजापति को सभी प्रकार की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के लिए निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। न्यायालय तहसीलदार के निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक ढंग से नहीं पाया गया जिस पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि पत्रावलियों के साथ ही आदेश पारित होना चाहिए। कोर्ट की पत्रावलियां जिस डेट पर आर्डर होती है उसी डेट पर आदेश हो जाना चाहिए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में निमार्णाधीन प्रेक्षागृह एवं मीटिंग हॉल का निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण करते हुए ससमय में कार्य पूर्ण कराएं। न्यायालय तहसीलदार के निरीक्षण के दौरान अपर न्यायिक तहसीलदार के पेशकार हर्षित, रजिस्ट्रार कानूनगो पारसनाथ अनुपस्थित मिले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मानव जीवन में पानी का महत्व सबसे बड़ा : ब्लॉक प्रमुख

**जनसंदेश न्यूज**



**भदोही।** विश्व जल दिवस के अवसर पर वाटर एड इंडिया के गठित टीम द्वारा जल गुणवत्ता जांच समूह के सदस्यों के साथ पानी की समस्या एवं उनके संभावित निशानों पर चर्चा की गई। जिसमें प्रमुख रुप से ब्लाक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

विश्व जल दिवस के अवसर पर ब्लाक प्रमुख ने बताया कि मानव जीवन में पानी का महत्व प्रातः उठने से लेकर रात्रि को सोने से पहले तक हर गतिविधि में है। इसीलिए हम सभी को बुद्धिमत्ता पूर्वक इसका इस्तेमाल करना चाहिए एवं इसके संचयन की व्यवस्था करनी चाहिए। भारत सरकार के द्वारा वर्षा जल संचयन के लिए अनेकों प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक गांव में नल से जल उपलब्ध कराए जाने के लिए सरकार का संकल्प है। जिला समन्वयक वॉटर एड इंडिया कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भदोही विकासखंड की 15 ग्राम पंचायतों में जल गुणवत्ता समूहों का निर्माण किया गया है जो कि वर्षा से पूर्व समस्त पेयजल श्रोतों के पानी की जांच करते हैं एवं वर्षा के उपरांत भी पानी की जांच कर लोगों को उसकी रिपोर्ट से अवगत कराते हैं। इस अवसर पर नायब, बंदना पाल, रेनू, प्रार्थना, धीरज, विकास, भोले आदि उपस्थित रहे।

## रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली कार्य का डीएम ने किया अवलोकन

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत संचालित रूफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कार्य का जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा अवलोकन किया गया। जिसमें लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा तत्काल कार्य को पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता लघु सिचाई को निर्देशित किया गया। अधिशासी अभियन्ता लघु सिचाई द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 25 भवनों पर इस प्रणाली की स्थापना की जा रही है। लगातार गिरते भू-जल स्तर में वृद्धि करने हेतु इस प्रणाली की स्थापना की जा रही है, जिससे वर्षा का जल भवनों के छत पर एकत्र होकर पाइपों के द्वारा सीधे अवसादन टंकी में गिरेगा। तदोपरान्त जल फिल्टर टंकी में प्रयुक्त विभिन्न फिल्टर की परतों से होते हुए बोरिंग पाइप के द्वारा भूमि के अन्दर प्रथम स्ट्रेटा पर जाकर मिल जायेगा। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव एवं सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई आदित्य नारायण पाण्डेय मौजूद रहे।

# 44वें प्रादेशिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां पूर्ण, समागम 24 से

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** संत निरंकारी मिशन के संरक्षक सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की पावन उपस्थिति में आगामी 24 से 26 मार्च को होने वाले 44वें प्रादेशिक संत समागम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जैसे-जैसे समागम का दिन नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे सेवादल के लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। सेवा कार्य में श्रद्धालु भक्त भी बड़ी संख्या में पहुंचकर हाथ बंटा रहे हैं।

जिले से लगभग 20 हजार भक्त संत समागम में जाएंगे और हजारों की संख्या में सेवादल के लोग व संगत के संत महात्मा समागम स्थल पर पहुंचकर सेवा में भरपूर योगदान दे रहे हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने देते हुए आगे बताया कि उत्तर प्रदेश का 44वां वार्षिक निरंकारी संत समागम अनेकता में एकता तथा रूहानियत और इंसानियत संग-संग की अद्भुत छवि को प्रदर्शित कर रहा है जिसमें केवल निरंकारी भक्त ही नहीं अपितु परमात्मा में आस्था रखने वाला हर एक मानव सम्मिलित होकर सद्गुरु की शिक्षाओं से निरंतर प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं। यह समागम विभिन्न संस्कृतियों एवं सभ्यताओं का अनूठा संगम दृश्य मान होगा। जिसमें सभी भक्त सम्मिलित होकर अलौकिक आनंद की अनुभूति प्राप्त करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि समागम में आने वाले भक्तों की संभावित संख्या 5 लाख से भी अधिक होगी।

भक्तों की सुविधाओं के लिए आवास, लंगर, कैंटीन, प्याऊ, शौचालय, स्नानघर, डिस्पेंसरी, खोया-पाया, प्रकाशन, सेवा दल कार्यालय, फायर पोस्ट, ब्रह्म ज्ञान कक्ष, पार्किंग आदि व्यवस्था को बृहद रुप दिया गया। समागम का मुख्य आकर्षण प्रतिदिन सत्संग, सामूहिक विवाह, सेवादल रैली, निरंकारी प्रदर्शनी, बहुभाषी कवि दरबार व सतगुरु माता के प्रवचन होंगे।

## संक्षेप

### नवरात्र के प्रथम दिन दुर्गा मंदिर पर दर्शनार्थियों की लगी कतार

**घरों में कलश स्थापना के साथ दिन भर किया गया पूजा पाठ अनुष्ठान**

**गोपीगंज।** नगर के सदर मोहाल स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में बुधवार को नवरात्र के प्रथम दिन मेले जैसा माहौल रहा। देवी दर्शन के लिए भोर से ही पहुंचे भक्तों ने दुर्गा मंदिर पर दर्शन पूजन कर मत्था टेका और खुशहाली की कामना की। प्राचीन दुर्गा माता के दरबार में जहां हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ रही, वही नगर के चौरा माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, काली देवी मंदिर, मुंबा देवी मंदिर सहित ग्रामीण अंचलों के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। जहां भक्तों ने विधिवत पूजा अर्चना की और मन्नत के लिए झंडे भी मातारानी के दरबार में चढ़ाए। मंदिर परिसर से लेकर मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते में भक्तों की भीड़ भरे रहे। वहीं मंदिर परिसर में दिनभर दर्शन पूजन और हवन का आयोजन किया गया।

### तीन साल से फरार आरोपी को कोइरौना पुलिस ने दबोचा

**ज्ञानपुर।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार द्वारा अपराधियों के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रभावी पुलिस कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष कोइरौना मय पुलिस टीम ने प्रयागराज जनपद के थाना सोरांव पर पंजीकृत गैंगस्टर व धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराध में तीन वर्ष से लगातार फरार चल रहे आरोपी मायापति दुबे पुत्र काशी प्रसाद दुबे निवासी बारीपुर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। गिरफ्तारशुदा आरोपी धोखाधड़ी व धमकी देने वाले गिरोह का शातिर सदस्य है, जो थाना सोरांव में गैंगस्टर एक्ट में वर्ष 2020 से वांछित चल रहा था। आरोपी के विरुद्ध जनपद भदोही व प्रयागराज में गैंगस्टर सहित गैर इरादतन हत्या, धोखाधड़ी व धमकी देने जैसे गंभीर अपराधों के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

### आवास नहीं बनाए जाने के मामले में थाने के सामने भिड़े दो पक्ष

**गोपीगंज।** प्रधानमंत्री आवास को नहीं बनाए दिए जाने को लेकर दो पक्षों में बुधवार को गोपीगंज कोतवाली के सामने वाद विवाद शुरू हो गया। जिसे देखने के लिए भारी संख्या भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है की गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव निवासी नंदलाल पाल पुत्र मानिका पाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसके सगे पाटीदार उसके सरकारी आवास को नहीं बनाने दे रहे, और जबरजस्ती तीन लाख 30 हजार की मांग कर रहे हैं, कह रहे है कि तुम्हारे पिता को दिया है। नही देने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे है। आरोप है कि उक्त रुपए उनके पिता को उधार स्वरूप दिया गया है, जबकि पैसा नहीं दिया गया है ऐसा आरोप लगाया गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के एकत्रित लोग कोतवाली परिसर के सामने आपस में जमकर कहा सुनी करने लगे। मामले में पुलिस दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल करने में लगी है। वही नंदलाल पाल के द्वारा कोतवाली में मंगलवार को पिता के अपहरण किए जाने की सूचना भी दी गई थी, मामले में पुलिस छानबीन करने में लगी है।

### बसपा की बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया गया बल

**ज्ञानपुर।** गांव चलो अभियान के तहत बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों की बैठक सेक्टर नंबर दस कौलापुर व धनश्यामपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य जोन इन्चार्ज मीरजापुर मण्डल गुड्डू राम चमार साहब रहे। मुख्य अतिथि ने कार्यकताओं को संबोधित करते संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता नन्दलाल बिन्द ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लल्लू प्रसाद गौतम जिला सचिव पूर्व जिलाध्यक्ष, गुलाब चंद मौर्य, डाक्टर महेश कुमार गौतम, राजेश प्रसाद, भास्कर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानपुर, शेषधर गौतम, पवन कुमार गौतम, डाक्टर महेश प्रसाद भास्कर, कमलाशंकर गौतम, डाक्टर ताराचंद, रामलाल गौतम, आशिष कुमार गौतम, सरजू प्रसाद गौतम, रामकुमार वर्मा पूर्व अध्यक्ष, मनोज कुमार गौतम, अजीत कुमार गौतम, कल्लू राम गौतम आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जय प्रकाश चौधरी जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी भदोही ने किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# पैंतीस की बत्ती गुल, नौ लाख पचास हजार रुपये की वसूली

**कार्रवाई**

### विद्युत विभाग की छापेमारी से अवैध कनेक्शनधारको में मचा हड़कंप

**जनसंदेश न्यूज**



जेई संत कुमार गुप्ता अपने सहयोगियों के साथ वसूली, चेकिंग अभियान चलाते हुए

**गोपीगंज।** नगरीय क्षेत्र में बिजली चोरी तथा बिजली बिल बकायेदारो के खिलाफ विद्युत उपखंड अधिकारी एसडीओ ईश्वर शरण सिंह के नेतृत्व में लगातार छापेमारी का कार्यक्रम चल रहा है, जिससे कटिया मारो में हड़कंप मचा हुआ हैं।

बिजली विभाग की टीम ने नगर के सदर मोहाल, पश्चिम मोहाल में औचक छापेमारी कर पैंतीस अवैध कनेक्शन काटे तथा बड़े बकाएदारों से नौ लाख पचास हजार रुपये भी वसूल किया। टीम ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अवैध कनेक्शन लगाए हुए पाया गया तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी।

विद्युत उपकेंद्र गोपीगंज के अवर अभियंता ने बताया कि बुधवार को गोपीगंज नगर में औचक छोपमारी की गई। जिसमें पैंतीस लोग अवैध कनेक्शन लगाए हुए पाए गए। उनका कनेक्शन काट दिया गया। बड़े बकाएदारों से भी बिल वसूला गया है। जेई संत कुमार गुप्ता ने कहा कि मार्च महीने में क्लोजिंग साल चलता है, जिसमे ज्यादा वसूली की जाती है।

यह अभियान बराबर चलता रहेगा। जिसके ऊपर दस हजार से ज्यादा बकाया है, उनसे बकाया जमा कराया जा रहा है अन्यथा उनका विच्छेदन कर दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो रात को भी यह अभियान चलाया जाएगा। और अवैध कनेक्शन पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अगर किसी भी सम्मानित उपभोक्ता को कोई परेशानी हो तो वह विभागीय अधिकारियों से मिलकर उसकी जानकारी ले सकते है। टीम में विनोद शुक्ला, कमलेश सिंह, महीप सिंह, विश्राम, कल्लू, लाल बहादुर मौर्य, अयोध्या पाल, अभिषेक सहित अन्य विद्युतकर्मी मौजूद रहे।

# शॉर्ट-सर्किट से गेंहू की खड़ी फसल में लगी आग, फसल जलकर खाक



शॉर्ट सर्किट से जली फसल

**जनसंदेश न्यूज**

**गोपीगंज।** पूरे झम्मनपुर में चार विस्वा खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। जहा एक तरफ आधी तूफान बारिश से किसान परेशान है, वही बिजली विभाग के तारों से शार्ट सर्किट की वजह से गोपीगंज क्षेत्र के जमालपुर गांव में चार विस्वा गेहूं का फसल जल कर खाक हो गया है।

बताया जाता है कि गांव की विमला देवी पिता स्वर्गीय राधेश्याम बिंद निवासी पूरे झम्मनपुर का पूरा रकबा 15 बिस्वा का था, पर पूरा गेहूं जलते जलते बच गया।

खेत में आग लगाने की सूचना मालिक को दी गयी। फसल मालिक के साथ अगल बगल के लोग बाल्टी, ड्रम के साथ बगल से पाईप लगा कर गेहूं के खेत में पानी छोडने लगे, जिससे बाकी का फसल बचाया गया। मौके पर राधेश्याम बिंद, दिलीप कुमार, अर्जुन बिंद, गुलाब मौर्या, ऊमा बिंद, कमलेश बिंद के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# जूनियर अभियंता की जांच में खुली पोल डीपीआर आने के बाद दूसरे गांव में की बोरिंग

**लापरवाही**

### जल जीवन मिशन पर ग्राम प्रधान ने लगाया गंभीर आरोप



महजूदा में सभी पक्ष के लोगो को बुलाकर वार्ता करते जल निगम के जूनियर अभियंता रिजवान खान

**ज्ञानपुर।** सुरियावां क्षेत्र के महजूदा गांव में हर घर नल योजना के तहत पानी टंकी स्वीकृत हुई थी।डीपीआर आने के बाद महजूदा के बजाय बहरैची गांव में कार्य प्रारम्भ करा दिया गया। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर कार्यदाई संस्था पर रिश्वत देकर मनमानी करने का आरोप लगाया था।मामलें की जांच करने पहुंचे जूनियर अभियंता रिजवान खान के सामने सच्चाई आ गयी।

ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने शिकायत किया था कि हर घर नल योजना के तहत महजूदा में पानी टंकी स्वीकृत हुई थी। ग्राम सभा द्वारा जमीन भी हैंडओवर कर दी गयी थी। उक्त जमीन पर कुछ लोग अवैध तरीके से अतिक्रमण किये हुए थे, इस जमीन वह लोग पानी की टंकी का निर्माण नही होने देना चाहते थे। जल जीवन मिशन की कार्यदाई संस्था द्वारा अवैध कब्जा धारको से मोटी रकम लेकर महजूदा गांव की उपेक्षा कर दी गयी।

बुधवार को जल निगम के जूनियर अभियंता ने महजूदा में सभी पक्ष के लोगो को बुलाकर वार्ता की। जिसमें तत्कालीन लेखपाल राकेश तिवारी ने बताया कि महजूदा में जो जमीन जल जीवन मिशन के लिए दी गयी थी उस जमीन पर कोई विवाद नही था। अवैध कब्जा धारको से मिलीभगत करके जल जीवन मिशन द्वारा निर्माण कार्य के लिए कोई प्रयास नही किया गया। कार्यदाई संस्था के लोग लेखपाल की बातों का उत्तर नही दे पाए। इस सम्बन्ध में जूनियर अभियंता रिजवान खान से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मामलें की गहनता से जांच की जा रही हैं, इस मामलें में जो भी दोषी होगा उसकी रिपोर्ट डीएम को की जाएगी।

# महिला सशक्तिकरण के प्रति महिला पुलिस ने रैली निकालकर किया जागरूक

**आयोजन**

### पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को प्रयागराज किया रवाना



महिला सशक्तिकरण के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के लिए निकली रैली का स्वागत करते एसपी

**गोपीगंज।** महिला सशक्तीकरण के प्रति आम लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए जनपद मिजार्पुर की महिला पुलिस की ओर से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने के लिए डीआईजी मिजार्पुर ने प्रयागराज के लिए रवाना किया। भदोही बार्डर पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर शशिकांत यादव ने पहुंचकर उन्हें रिसीव किया। थाना गोपीगंज पहुंचने पर मौजूद पुलिस अधीक्षक भदोही डॉक्टर अनिल कुमार ने गर्मजोशी से रैली में शामिल महिलाओं का फूल मालाओं से स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने रैली में शामिल महिलाओं को शुभकानाएं दी साथ ही उद्देश्य का वर्णन करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा 'मिशन शक्ति' मिशन मोड में एक योजना है जिसका उद्देश्य महिला सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए समर्थन को मजबूत बनाना है। यह योजना संपूर्ण जीवन चक्र में महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर विचार करने और उनके जीवन में बदलाव लाएगी तथा उन्हें नागरिक-स्वामित्व के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण में समान भागीदार बनाएगी। संबोधन के बाद रैली को प्रयागराज के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से क्षेत्राधिकारी प्रभात राय सहित प्रभारी सदानंद सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वंदना दुबे, आरती सिंह, सविता गौतम, रेखा दुबे, श्रीकांत जायसवाल, गुड्डू चौधरी, दीपक, दिनेश उमर, सानू सिंह, राजेंद्र पुष्पकार सहित मिजार्पुर से क्षेत्राधिकारी सहित काफी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहे।

# इबादत का पाक माह है माह-ए-रमजान

साल के बारह महीनों में रमजान का महीना मुसलमानों के लिए खास मायने रखता है। यह महीना संयम और समर्पण के साथ खुदा की इबादत का महीना माना जाता है, जिसमें हर आदमी अपनी रूह को पवित्र करने के साथ अपनी दुनियादारी की हर हरकत को पूरी तत्परता के साथ वश में रखते हुए केवल अल्लाह की इबादत में समर्पित हो जाता है।

**रमजान पर विशेष**

### रोजा के बाद अल्लाह की ओर से खुशी का पैगाम है ईद

### रमजान में खजूर से रोजा खोलना रोजेदारों के लिए सुन्नत

माह-ए-रमजान को को अल्लाह की रहमतों का महीना कहा जाता है, पूरी साल शिद्दत के साथ हर मुसलमान इस पाक महीने का इंतजार करता है। माह-ए-रमजान में पूरे एक माह तक कड़े नियमों का पालन करते हुए रोजे रखे जाते हैं, और अल्लाह की इबादत की जाती है। पूरे महीने को 10-10 दिनों के तीन हिस्सों में बांट इन्हें पहला अशरा, दूसरा अशरा और तीसरा अशरा कहा जाता है, हर अशरे का अलग महत्व माना गया है। पहला अशरा अल्लाह की रहमत का माना गया है, दूसरा अशरा गुनाहों की माफी का, और तीसरा अशरा जहन्नम की आग से खुद को बचाने के लिए होता है।

### माह-ए-रमजान है पाक महीना



मुफ्ती-ए-बनारस मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी ने बताया कि अल्लाह का पाक महीना माह-ए-रमजान है, रमजान प्रत्येक मुसलमान को रखना चाहिए, रोजा ऊपर वाले की ओर से बख्शा गया ऐसा फर्ज है जिससे कई गुनाहों की माफी होती है।

### हर साल माह-ए-रमजान देखना एक सौगात



मुस्लिम बुजुर्ग महिला कैसर जहां बताती हैं कि जीवन की सबसे बड़ी सौगात है हर साल माह-ए-रमजान दीदार करना, यह अल्लाह का करम है कि उन्होंने हमें इस जीवन को बख्शा जिससे हर साल रोजा रखते हुए ईद मनाने की सौगात मिली।

### रोजा रखना अल्लाह के करीब




नाहिद सिद्दीकी बतातीं हैं कि माह-ए-रमजान खुदा के करीब रहने का महीना है, नाहिद बताती हैं कि इस माह में पूरे दिन अल्लाह पाक की इबादत में गुजरता है इसलिए उनके करीब ही रहना हुआ, बताती हैं कि रोजा रखना जीवन में अनजाने में किये गये गुनाहों की माफी मांगना है।

### बड़ों से ईदी पाकर होते हैं खुश




नन्हें रोजेदार अशद खान बताते हैं कि रोजा रखना उन्हें भी बहुत अच्छा लगता हैं लेकिन अम्मी अब्बू छोटे कहकर कुछ ही रोजा रख पाते हैं। बताया कि इस ईद तो खुशियों वाला दिन है जब सबसे ईदी मिलती है औश्र खूब मजे करते हैं।

### पूरा महीना खुशियों का



मीनू खान बताती हैं कि रमजान एक पाक महीना होने के साथ ही खुशियों के पैगाम भी महीना है, इसके लिए साल भर इंतजार होता है, अल्लाह का करम है कि रोजा रखने का मौका मिला।

### अम्मी कहती हैं, अभी छोटी हो, पर कुछ रोजा रख लो



नन्हीं मायरा खान बताती हैं कि माह-ए-रमजान को उन्होंने बचपन से सुना है, इसलिए अब यह महीना खुशियों से भरा लगता है, बताती हैं कि इस महीने में पूरे घर में एक उत्सव सा माहौल रहता है। पकवान की बात छोड़िये, पूरे महीने रोजा रखने का तो मन करता है लेकिन अम्मी अभी छोटी कर कुछ रोजे ही रखवाती हैं।

### बाजार में खजूर की हैं 20 वैराइटी




अलमदीना सेवा खजूर नाज सेवई ट्रेडर्स के मोहम्मद नाज का कहना है कि ये पहला मौका नहीं है जब बाजार में खजूर की तमाम वैराइटी मौजूद है, सबसे महंगे अजवा के अलावा सफवी, कलमी, अल रोजा, अलिफ रेहान, फरद, याकूत, अलमदीना, मरीयमी, कीमिया, बूमन, बट, इनसमूर, अलमदीना, किम तमूर, क्राउन, फेलकॉन, डेसर्ट किंग, मस्कट, अरेबियन, सीडलेस आदि पैक्ड खजूर बाजार में बिक रहे हैं। अजवा खजूर एक रेट 26 सौ रुपये किलो बिक रहा है. अजवा के 250 ग्राम पैकेट की कीमत 645 रुपये है।



### रमजान में सुन्नत है खजूर

ऐसा माना जाता है कि इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब को खजूर बहुत पसंद था है. ये उनका सबसे पसंदीदा फल था. वे भी खजूर खाकर ही रोजा खोलते थे. इसके बाद से ही मुस्लिम इस परंपरा को निभा रहे हैं, रमजान में खजूर खाकर रोजा खोलना सुन्नत माना जाता है। इसके साथ ही स्वाथ्य की दृष्टि से भी खजूर को महत्व दिया जाता है, बताया जाता है कि दिनभर रोजा रखने से एनर्जी का लेवल कम होता है। ऐसे में रोजा खोलते ही खजूर खाने से बॉडी को तुरंत एनर्जी मिलती है। इसके अलावा इफ्तार के दौरान खाई जाने वाली अन्य चीजों को डाइजेस्ट करने में भी खजूर मदद करती है।

### एतकाफ की भी खास एहमियत



बुजुर्ग मोहम्मद अहमद बताते हैं कि वह बचपन से ही रोजा रख रहें हैं, समय के साथ ही उन्होंने एतकाफ भी शुरू कर दिया। इस दौरान वे मस्जिद के किसी कोने में बैठकर अल्लाह की इबादत करते हैं, और खुद को परिवार व दुनिया से अलग कर 10 दिनों तक अल्लाह पाक की इबादत में मशगूल रहते हैं। रमजान के आखिरी 10 दिनों यानी तीसरे अशरे के दौरान एतकाफ की रवायत है, कहा जाता है कि मोहम्मद पैगम्बर भी रमजान के आखिरी दिनों में एतकाफ में बैठा करते थे। तमाम मुसलमान एतकाफ में बैठते हैं,

### नन्हे रोजेदार को भी माह-ए-रमजान का इंतजार

नन्हें रोजेदार भी माह-ए-रमजान की बड़ी बेसब्री से सालभर से इंतजार करते हैं, उन्हें रोजा रखना सूकून भरा लगता है। हां यह बात दिगर है कि कुछ रोजा रख पातें है तो कुछ के लिए घरवाले मना कर देते हैं कि अभी आप सब छोटे हैं।

# कैंट विधायक सौरभ ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रामनगर।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे नगर के नई बस्ती स्थित गंगा किनारे अंबेडकर पार्क के समीप बृहद स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान विधायक ने खुद अपने हाथों से कूड़ा उठाकर उसे कूड़ा गाड़ी में डालकर लोगों को स्वच्छता अभियान के तहत संकल्प दिलाया और लोगों से गंदगी न करने की अपील की। सौरभ ने आसपास सफाई करने के बाद संत शिरोमणि रविदास और अंबेडकर के प्रतिमा को स्नान कराने के बाद माल्यार्पण कर नमन किया। विधायक के साथ भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। विधायक ने भाजपा कार्यकताओं को भी स्वच्छता अभियान के तहत संकल्प दिलाया। सफाई अभियान के दौरान महानगर भाजपा उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी संतोष द्विवेदी, निवर्तमान भाजपा सभासद मनोज यादव, नंदलाल चौहान, सृजन श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह, रितेश पाल गौतम, अजय कुमार, सुनील गुप्ता, मंजू देवी, अशोक कुमार, विनोद पटेल, संजय बाल्मीकि, राहुल गुप्ता, दुर्गा साहनी, हंसराज प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।



अंबेडकर प्रतिमा को स्नान कराकर माल्यार्पण करते विधायक सौरभ

# जल संरक्षण को बनाई मानव शृंखला

**कार्यक्रम**

### मां गंगा के लिए बनना होगा संवेदनशील -प्रो विश्वम्भर नाथ मिश्र

### विश्व जल दिवस पर संकट मोचन फाउंडेशन की ओर से तुलसीघाट पर जनसभा

**वाराणसी।** विश्व जल दिवस पर संकट मोचन फाउंडेशन एवं मदर फॉर मदर्स के संयुक्त तत्वावधान में तुलसीघाट पर बुधवार को गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाने के लिए एक जनसभा एवं मानव श्रृंखला बनाकर गंगा को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर प्रो विश्वम्भर नाथ मिश्र ने कहा कि मां गंगा के प्रति हमें संवेदनशील बनना होग, तभी मां गंगा प्रदूषण मुक्त होंगी। आज मां गंगा का पानी आचमन योग्य नहीं है। मुख्य अतिथि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरे राम त्रिपाठी ने कहा कि जल ही जीवन है। तुलसीदास लिखते है कि पंचतत्व में जल भी महत्वपूर्ण है। मदर फॉर मदर्स के संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती आभा मिश्रा ने कहा कि मां गंगा के स्वच्छता एवं निर्मलता के लिए माताओं को भी अपने घरों से निकलना होगा तभी मां गंगा स्वच्छ एवं निर्मल होंगी। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डा. जितेन्द्रनाथ मिश्र ने कहा कि हमारा दायित्व है कि हम स्वयं जल संरक्षण करें। गंगा मैली नहीं है आज हम मैले हो गए हैं। कांची कोटि पीठ के शंकराचार्य के प्रतिनिधि सुब्रह्मण्यम मणि ने कहा कि यह दिवस यह बताने के लिए है कि यदि हम आज जल संरक्षण नहीं करेंगे तो हमारी आगे की पीढ़ियों को कष्ट भुगतना होगा। प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी सलमान हैदर ने कहा है कि मालिक ने गंगा को मां के रूप में हमें दिया है। फादर डेनिस ने कहा कि हम अपने घर में जल का दुरुपयोग बंद करें। संचालन राजेंद्र दुबे एवं रामयश मिश्र ने किया। आभार बीएचयू बॉटनी विभाग के प्रो. एनके दुबे ने किया। स्वागत डीएवी डिग्री कालेज अर्थ शास्त्र विभाग के प्रो. अनूप मिश्र ने किया।



जल संरक्षण को गंगा घाट पर बनाई गई मानव शृंखला

### शंख वादन से गूंजा विश्वनाथ धाम,101 शंखों का हुआ वादन

**वाराणसी।** हिंदू नववर्ष के अवसर पर बुधवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में विविध आयोजन किए गए। सबसे पहला कार्यक्रम शंख वादन का हुआ, जिसमें 101 बटुकों और बालिकाओं ने शंख वादन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण और स्वस्तिवाचन से हुआ। मंदिर के पुजारी और शास्त्री ने मंगलाचरण करके कार्यक्रम की शुरूआत की और बाबा श्री काशी विश्वनाथ से सुखमय जीवन की मंगल कामना की। इसके पश्चात पाणिनि कन्या महाविद्यालय की कन्याओं ने शंख वादन किया। इस कार्यक्रम में मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा, ट्रस्टी प्रो ब्रजभूषण ओझा, एसडीएम शंभू शरण, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निलेश कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गुरुजन व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# टेंट सिटी नहीं झेल सकी हवा-बारिश का दबाव



आंधी में उड़ गए टेंट सिटी के तम्बू



नजारा किसी बड़े तूफान में उजड़ने जैसा

**वाराणसी।** शहर में मंगलवार को तेज हवाओं और बारिश के चलते जहां एक ओर आम जन जीवन अस्त व्यवस्त हो गया। वहीं किसानों को भी भारी तबाही झेलनी पड़ी। इसके साथ ही प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना टेंट सिटी भी बारिश और तेज हवाओं का दबाव झेल नहीं पाई। जिससे गंगा पार रेत पर बनाई गई टेंट सिटी का हाल खराब हो गया। यहां बसाई गई लक्जरी विला तेज आंधी में धड़ाम से गिर पड़े। इसके अलावा सुरक्षा में तैनात कर्मियों के टेंट भी हवा में उड़ गए। तूफानी हवा और मूसलाधार बारिश में टेंट सिटी के एक कॉटेज में ठहरा हुआ परिवार घायल हो गया। जिससे टेंट सिटी की देखरेख करने वाली संस्था की एक महिला और एक पुरुष भी घायल हो गये। जिन्हें रामनगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया, लेकिन स्थिति को देखते हुए डॉक्टर्स ने उन्हें ट्रामा सेंटर भेज दिया। हालांकि इस संबंध में जिम्मेदारों ने कुछ भी कहने से किनारा कर लिया।

**धराशाई**

### गिरा टेंट सिटी का विला मरम्मत कार्य जारी

बारिश थमने के बाद टेंट सिटी में मौजूद मेहमानों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए उन्हें होटल में ठहराया गया। बुधवार की सुबह से मरम्मत कार्य जारी है। बुकिंग को भी बंद रखा गया है।

# उद्यमियों ने मनाया नव संवत्सर आनंदोत्सव

**स्वागतम**

### रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन की ओर से सभी ने नव संवत्सर का किया स्वागत

**वाराणसी।** रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन की ओर से बुधवार को सुंदरपुर स्थित एसोसिएशन के सभागार में नव संवत्सर का स्वागत करते हुए आनंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने भारतीय परम्परा व संस्कृति के आनंदोत्सव में आये सभी का स्वागत किया। इसके साथ ही सभी ने प्रचार प्रसार का संकल्प लिया व उद्यमियों से आह्वान किया कि वह अपने संस्कृति के प्रति अपने बच्चों को भी जानकारी दें, बच्चों को अपने नव संवत्सर के बारे में भी बताएं। आनंदोत्सव के बातौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह डॉ वीरेन्द्र जायसवाल ने सभी को नव संवत्सर की बधाई दी। कहा कि भारतीय नव संवत्सर कालगणना की दृष्टि से वैज्ञानिकता पर आधारित है, हमें अपने संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। और इसके बारे में आने वाली पीढ़ी को भी बताना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के कई तत्व ऐसे हैं, जिन्हें हम अब तक दैनिक जीवन में अंगीकार नहीं कर सकते हैं ऐसे तत्वों को जीवन में उतारने की जरूरत है व बच्चों युवाओं में संस्कृत भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के साथ अपनी परंपराओं के प्रति सम्मान को बढ़ाना चाहिए चीन और जापान जैसे देश अपनी परंपराओं का सम्मान कर आगे बढ़ने के बड़े उदाहरण हैं। चकिया विधायक कैलाश खरवार ने कहा की भारतीय परंपरा एवं मूल्यों के सिद्धांत मूल्यों के संरक्षण में हम सभी को योगदान देना चाहिए। संयोजक राजेश रंजन ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा ही हमारा नववर्ष है,और इसका आरंभ सनातन काल से से चला आ रहा है, इसकी पहचान आने वाली पीढ़ीयों को होता रहे, इसलिए इस तरह नववर्ष आनंदोत्सव के कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

संचालन चंद्रेश्वर जयसवाल और हरिवंश सिंह ने किया। सतीश गुप्ता, जितेन्द्र सिंह व पंकज बिजलानी ने धन्यवाद किया। इस दौरान उद्यमियों में अमित गुप्ता, राकेश जायसवाल, अजय राय, जितेन्द्र पांडेय, श्याम केजरीवाल, श्याम अग्रवाल, पंकज सिंह, वीरेन्द्र यादव, परेश सिंह, जय प्रकाश पांडेय, अनूप साहू, सुनील यादव, शिवपूजन जायसवाल, विजय सिंह, राम सागर,जितेन्द्र जैन आदि थे।



व्यापारियों ने मनाया नव संकत्सर

# डोनाल्ड ट्रंप को क्यों है गिरफ्तारी की आशंका

## पोर्न एक्सट्रेस के साथ अफेयर की खबर लीक होने से फंसा है मामला

**लग रहा है डर**

### चुप रहने के लिए दिए थे एक करोड़ रुपए

गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान 60 साल के अमीर और 27 साल की पोर्न एक्ट्रेस की मुलाकात होती है। टूर्नामेंट के बाद अमीर उस एक्ट्रेस को अपने होटल रूम में बुलाता है। अमीर उस एक्ट्रेस को टेलीविजन शो में काम दिलाने का वादा करता है और एक्ट्रेस का दावा है कि दोनों के बीच शारीरिक संबंध बनता है। बाद में वो अमीर राष्ट्रपति का चुनाव लड़ता है तो अफेयर दबाने के लिए एक्ट्रेस को करीब 1 करोड़ रुपए का भुगतान करता है। पांच लाइन की ये ब्रीफ अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गले की फांस बन चुकी है। ट्रंप को आशंका थी कि 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। लेकिन अभी सुनवाई पूरी नहीं हुई है। अमेरिकी इतिहास में ऐसा पहली बार होगा जब किसी पूर्व राष्ट्रपति पर क्रिमिनल केस के आरोप तय होंगे। मामला यह है जब 2006 में डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी टीवी चैनल एनबीसी के एक शो से काफी फेमस हो चुके थे। उसी साल 27 जुलाई को नेवादा के सेलिब्रिटी गोल्फ स्पर्धा में उन्होंने पहली बार पोर्न एक्ट्रेस स्टॉर्मी डेनियल्स को देखा। उस वक्त ट्रंप साठ के थे और स्टॉर्मी 27 साल की थीं। टूर्नामेंट खत्म हुआ और ट्रंप ने स्टॉर्मी को अपने होटल रूम में बुलाया। एक्ट्रेस कमरे में पहुंची तो ट्रंप ने उन्हें टीवी पर शो में लाने का वादा किया। उनका कहना था कि ट्रंप सोफे पर पसरे हुए थे और पाजामा पहन रखा था। इसके बाद दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। यह सारी बातें स्टॉर्मी डेनियल ने 2018 के एक इंटरव्यू में बताईं। डेनियल्स का कहना है कि 2006 के बाद भी डोनाल्ड ट्रंप उन्हें अलग-अलग मौकों पर इनवाइट करते रहे। पहली मुलाकात के एक साल बाद 2007 में ट्रंप ने लॉस एंजिलिस के बेवरली हिल्स होटल में अपने बंगले में मिलने के लिए बुलाया। ट्रंप ने रियलिटी शो में काम दिलाने के लिए यह मीटिंग की थी। इस बार उन्होंने शारीरिक संबंध नहीं बनाए। फिर अगस्त महीने में ट्रंप ने कॉल किया और कहा कि वह उन्हें सेलेब्रिटी अपरेंटिस शो में नहीं ले पाएंगे। इसके बाद दोनों के बीच मुलाकात नहीं हुई और एक-दूसरे से बात करना भी बंद कर दिया। साल 2011 में डेनियल्स ने इन टच मैग्जीन को दिए इंटरव्यू में बताया कि करीब 12 लाख रुपए के बदले उसकी मुलाकात ट्रंप से कराई गई थी। लेकिन बाद में उस मैगजीन के दो कर्मचारियों ने सीबीएस न्यूज को बताया कि ये इंटरव्यू कभी बाहर नहीं आ सका। यहां पर एंट्री होती है ट्रंप के अटॉर्नी माइकल कोहेन की। उन्होंने ही ये इंटरव्यू बाहर नहीं आने दिया। कर्मचारियों ने बताया कि जब मैग्जीन ने ट्रंप से उनके कंमेंट के लिए संपर्क किया तो उनके अटॉर्नी मिशेल कोहेन ने मुकदमा करने की धमकी दी। डेनियल्स ने इसके कुछ ही हफ्ते बाद बताया कि लास वेगस में उससे एक आदमी ने संपर्क किया और उसे ट्रंप को अकेला छोड़ देने और इंटरव्यू के बारे में भूल जाने के लिए कहा था।



### किसी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति पर पहली बार आरोप तय होंगे

ट्रंप पर आरोप तय हो जाते हैं तो 234 साल के अमेरिकी इतिहास में पहली बार किसी पूर्व राष्ट्रपति के साथ ऐसा होगा। 1990 में राष्ट्रपति बिल क्लिंटन पर सेक्सुअल असॉल्ट का आरोप लगा था। उनके खिलाफ महाभियोग भी चलने वाला था, लेकिन उससे पहले ही उन्होंने इन आरोपों को स्वीकार कर लिया और मामला अदालत तक नहीं पहुंचा था। ऐसे में, डोनाल्ड ट्रंप 1789 से लेकर अब तक के इतिहास में पहले राष्ट्रपति होंगे जिन पर आरोप तय होंगे।

### चुनाव कैंपेन के पैसों से 'हश मनी'भुगतान का आरोप

ट्रंप ने खुद ही अपनी गिरफ्तारी को लेकर आशंका जारी की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने दावा किया है कि 21 या 22 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। पोस्ट में उन्होंने कहा है कि न्यूयॉर्क के मैनहटन में हश मनी के मामले में उन्हें आरोपी बनाने की तैयारी है। यहां 'हश मनी' से मतलब है कि किसी को चुप कराने के लिए दी गई राशि। दरअसल ट्रंप पर आरोप है कि स्टॉर्मी डेनियल्स से अपने अफेयर को छिपाने के लिए उन्होंने उसे एक करोड़ रुपए का भुगतान किया था। हालांकि ट्रंप पर आरोप पैसे देने को लेकर नहीं बल्कि पैसा किस माध्यम से दिया गया है, इसे लेकर है। चूंकि ट्रंप के वकील की तरफ से ये पेमेंट 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले किए गए थे। ऐसे में, आरोप है कि चुनाव के कैंपेन की राशि से ये भुगतान किया गया था। उधर अमेरिका के कानूनी विशेषज्ञों की माने तो ट्रंप पर आरोप तय होने की पूरी संभावना है। इस मामले में ट्रंप को जेल जाना पड़ सकता है। उनकी परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें बॉन्ड पर छोड़ा जा सकता है।

### 2018 में कोहेन ने स्टॉर्मी को पैसे देने की बात मानी

2018 में वॉल स्ट्रीट जर्नल में स्टॉर्नी को कोहेन की तरफ से पैसों की पेमेंट की बात सामने आई। पहले तो कोहेन ने इस रिपोर्ट को नकार दिया। लेकिन फरवरी 2018 में उसने कबूल किया कि स्टॉर्मी को उसने अपने फंड से पैसे दिए थे। इस समय तक ट्रंप या उनका कैंपेन इसमें किसी भी तरह से शामिल नहीं है। लेकिन अगस्त 2018 में कोहेन ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि चुनाव से कुछ दिनों पहले ट्रंप ने ही उसे डेनियल्स को चुप रहने के बदले एक करोड़ रुपए पेमेंट करने को कहा था। इसके बाद ही न्यूयॉर्क में मैनहटन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी ने स्टॉर्मी केस में जांच शुरू की।

### स्टॉर्मी को मुंह बंद रखने के लिए एक करोड़ दिए गए

2011 में स्टॉर्मी का इंटरव्यू मिशेल कोहेन की धमकियों की वजह से पब्लिश नहीं हुआ। लेकिन 2018 में मैगजीन ने आखिरकार यह इंटरव्यू पब्लिश किया। इसी बीच 2018 में स्टोरी पब्लिश होने से कुछ हफ्तों पहले स्टॉर्मी ने सीबीएस न्यूज के प्रोग्राम में बताया कि लाग वेगस में मिली धमकियों के बाद उन्होंने अपना मुंह बंद रखने के लिए कोहेन से एक करोड़ रुपए लिए। पैसे लेने की वजह बताते हुए कहा कि इसके कुछ ही महीनों बाद 2016 में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले थे और वह अपने परिवार को सुरक्षित रखना चाहती थीं। स्टॉर्मी ने बाद में कोर्ट में एक अपील दायर कर कहा कि ट्रंप के साथ 2016 में हुई उसकी सीक्रेट डील रद्द कर दी जाए।